नए नियम की खोज

डॉ. रैंनडाल मेकएल्विन
द्वारा तैयार

shepherds
GLOBAL CLASSROOM

नए नियम की खोज
डॉ. रैंनडाल मेकएल्विन
EXPLORING THE NEW TESTAMENT
Dr. Randall McElwain

कॉपीराइट • 2015 शेपर्डस ग्लोबल क्लासरूम

सभी अधिकार सुरक्षित। परीक्षा के पृष्ठों को छोड़कर, इस पुस्तक का कोई भी भाग किसी भी रूप जैसे - इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग द्वारा एसजीसी (SGC) से लिखित अनुमति के बिना प्रेषित या प्रसारित न किया जाए। हमारे एसजीसी अंग्रेजी पाठ्यक्रम की हर खरीद हमें अनुवाद करने और फिर दुनिया भर के मसीही अगुओं तक इस पाठ्यक्रम को पहुंचाने में सक्षम बनाती है। एसजीसी से संपर्क करने के लिए, या इसके सम्मोहक भविष्य दर्शन के लिए दान करने के लिए, इस वेबसाईट पर जाएंः Shepherds Global Classroom.org.

जब तक इंगित न किया गया हो, तब तक सभी पवित्रशास्त्र उद्धरण पवित्र बाइबिल हिंदी-बीएसआई ओ.वी पुनः संपादित संस्करण (HINDI-BSI O.V. re-edited version) से हैं। अनुमति द्वारा उपयोग किया जाता है। सर्वाधिकार सुरक्षित।

ISBN: 978-81-961252-0-2

All rights reserved. No portion of this book may be translated or reproduced in whole or in part in any form without the written permission of the publishers.

Originally published by Shepherds Global Classroom (SGC), USA. Translated, published and printed in India with permission.

This edition is Published by

Cleft Rock Enterprises Pvt. Ltd, India in arrangement with Shepherds Global Classroom (SGC), USA

Printed by:
Cleft Rock Enterprises Pvt. Ltd
Mumbai | India
www.cleftrockindia.com

Price: ₹ 100/-

विषय सूची

कक्षा के अगुओं के लिए दिशा-निर्देश 6

1. नए नियम का समय 7

नए नियम के इतिहास और भूगोल का महत्व

नए नियम का भौगोलिक स्थान

नए नियम का ऐतिहासिक स्थान

नए नियम का सांस्कृतिक स्थान

नए नियम के समय के रीति-रिवाज़

2. सिनॉप्टिक सुसमाचार: मसीह का जीवन 27

सिनॉप्टिक सुसमाचार:

मत्ती: राजा का सुसमाचार

मरकुस: दास का सुसमाचार

लूका: मनुष्य के पुत्र का सुसमाचार

3. यूहन्ना: विश्वास का सुसमाचार 47

यूहन्ना के सुसमाचार की पृष्ठभूमि

यूहन्ना के सुसमाचार की विषय वस्तु

आज की कलीसिया में यूहन्ना का सुसमाचार

4. प्रेरितों के काम और प्रारंभिक कलीसिया 59

प्रारंभिक कलीसिया का समय

प्रेरितों के काम की पुस्तक की पृष्ठभूमि

प्रेरितों के काम की पुस्तक की विषय वस्तु

आज की कलीसिया में प्रेरितों के काम की पुस्तक

5. रोमियों: परमेश्वर की धार्मिकता 77

रोमियों की पृष्ठभूमि

रोमियों की विषय वस्तु

आज की कलीसिया में रोमियों की पत्री

6. कुरिन्थियों और गलातियों: परेशानी में पड़ी कलीसियाओं को पत्र... 91
1 कुरिन्थियों
2 कुरिन्थियों
गलातियों
आज की कलीसिया में कुरिन्थियों और गलातियों की पत्रियां

7. इफिसियों, फिलिप्पियों, कुलुस्सियों और फिलेमोन: जेल से पत्र.... 111
इफिसियों
फिलिप्पियों
कुलुस्सियों
फिलेमोन
आज की कलीसिया में जेल की पत्रियां

8. 1 और 2 थिस्सलुनीकियों: मसीह की वापसी 133
1 और 2 थिस्सलुनीकियों की पृष्ठभूमि
1 थिस्सलुनीकियों: मसीह वापस आएगा
2 थिस्सलुनीकियों: मसीह की वापसी के विषय में गलतफहमियां
आज की कलीसिया में 1 और 2 थिस्सलुनीकियों

9. तीमुथियुस और तितुस: पासबानों को पत्र..... 145
पासबानी पत्रियों का लेखक और तारीख
1 तीमुथियुस
तितुस
2 तीमुथियुस
आज की कलीसियाओं में पासबानी पत्रियां

10. इब्रानियों और याकूब: सामान्य प्रत्रियां, भाग 1 159
इब्रियों को पत्र: एक बेहतर मार्ग
याकूब: विश्वास जो कार्य करता है

11. पतरस, यूहन्ना और यहूदाः सामान्य प्रत्रियां, भाग 2 177

पतरस के पत्रः मुश्किल समयों में विश्वासयोग्यता

यूहन्ना के पत्रः परमेश्वर के साथ संगति

यहूदाः झूठे शिक्षकों के खिलाफ चेतावनी

आज की कलीसिया में सामान्य पत्रियां

12. प्रकाशितवाक्यः यीशु प्रभु है 191

प्रकाशितवाक्य की पृष्ठभूमि

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक पढ़ना

आज की कलीसिया में प्रकाशितवाक्य

कक्षा के अगुओं के लिए दिशा-निर्देश

(1) छात्र समूह के रूप में इस पाठ का अध्ययन करने *से पहले* बाइबल की उस पुस्तक या उन पुस्तकों को पढ़े जिनका पाठ में अध्ययन किया जाएगा। प्रत्येक पाठ के अंत में, कृपया छात्रों को अगले पाठ के लिए दिये गये असाइनमेंट, जो पढ़ने के लिये हैं, के विषय में स्मरण करायें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि छात्र अध्ययन से पहले पुस्तक की मूल विषय-वस्तु को जानते हैं।

(2) प्रत्येक पाठ पवित्रशास्त्र के एक छोटे लेख को स्मरण करने के असाइनमेंट से शुरू होगा। इसमें अध्ययन की जाने वाली पुस्तकों के प्रमुख वचन शामिल हैं।

(3) यदि आप एक समूह के रूप में अध्ययन कर रहे हैं, तो आप इस विषय वस्तु को बारी-बारी पढ़ सकते हैं। आपको इस विषय-वस्तु पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर रुकना चाहिए। कक्षा के अगुए होने के तौर पर आपकी यह ज़िम्मेदारी है कि आप अध्ययन की जा रही सामग्री से चर्चा को भटकने न दें। प्रत्येक चर्चा की अवधि के लिए समय-सीमा निर्धारित करना सहायक है।

(4) जब भी आप इस ►, चिन्ह पर आयें तो प्रश्न पूछें और छात्रों को उत्तर पर चर्चा करने की अनुमति दें।

(5) कई पाद लेख पवित्रशास्त्र के किसी संदर्भ को संदर्भित करते हैं। कृपया एक छात्र को प्रत्येक पद को देखने और उसे समूह में पढ़ने के लिए कहें।

(6) प्रत्येक पाठ में एक असाइनमेंट शामिल होगा। समूह व्याख्यानों के मामले में, छात्रों को अगली कक्षा की शुरूआत में व्याख्यानों के लिए समय दें।

(7) प्रत्येक पाठ में परीक्षा के प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक कक्षा के अंत में, कक्षा का अगुआ छात्रों के साथ इन सवालों की समीक्षा कर सकता है। अगले कक्षा सत्र की शुरुआत इन प्रश्नों की एक छोटी परीक्षा से होनी चाहिए। यह परीक्षा मौखिक या लिखित रूप में ली जा सकती है।

पाठ 1

नए नियम का समय

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) पलिश्तीन के भूगोल और नए नियम के लिए इसके महत्व को जानें।

(2) नए नियम के ऐतिहासिक स्थान को समझें।

(3) नए नियम पर रोमन, यूनानी और यहूदी प्रभावों को पहचानें।

(4) नये नियम के प्राचीन रीति रिवाजों की सराहना करें।

पाठ

मत्ती 1:1-7; लूका 1:1-5; 2:1-5 को पढ़िए।
गलातियों 4:4-5 को याद कीजिए।

नए नियम के इतिहास और भूगोल का महत्व

► क्या बाइबल का ऐतिहासिक सत्य मसीही विश्वास के लिए महत्वपूर्ण है? क्यों?

मसीहत का विश्वास मानव इतिहास में और यीशु के जीवन में परमेश्वर के कार्यों पर आधारित है, जो ''देहधारी हुआ और हमारे बीच डेरा किया...'' [1] इसी कारण हमें मसीहत के इतिहासिक स्थान को जानने से नए नियम को समझने में मदद मिलती है। इस पाठ की शुरुआत में मत्ती और लूका की पुस्तकों के उद्धरण लेखकों द्वारा यीशु के जीवन के ऐतिहासिक स्थान पर दिये गये ज़ोर को दर्शाते हैं।

मसीहत विश्व के कई धर्मों की तुलना में बहुत अलग है। पूर्वी धर्मों के छात्रों ने यह दर्शाया है कि बौद्ध धर्म बुद्ध के बिना भी एक सा ही है; हिंदू धर्म अपने कई देवताओं के बिना काफी हद तक एक जैसा ही है। परन्तु मसीहत नासरत के यीशु के जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान के बिना खाली है। ''और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो हमारा प्रचार करना भी व्यर्थ है; और तुम्हारा विश्वास भी व्यर्थ है।''[2]

---

[1] यूहन्ना 1:14।

[2] 1 कुरिन्थियों 15:14।

मसीहत एक ऐतिहासिक विश्वास है; बाइबल एक ऐतिहासिक पुस्तक है। यह पौराणिक कथाओं और मिथकों से संबंधित नहीं है; यह ऐतिहासिक घटनाओं का एक अभिलेख है। कुछ विद्वान यह दावा करते हैं कि बाइबल पूर्व-वैज्ञानिक मिथकों द्वारा चित्रित महान नैतिक शिक्षाओं का एक संग्रह है। हालाँकि, बाइबल हमें यह विकल्प नहीं देती; पवित्रशास्त्र स्वयं ऐतिहासिक सत्य होने की गवाही देता है।

नया नियम एक विशेष समय, स्थान और संस्कृति की घटनाओं पर आधारित है। यह समय पहली शताब्दी ईसा पश्चात का है; जगह पलिश्तीन है और रोमन सम्राज्य का समय है; संस्कृति यहूदी, यूनानी और रोमन है। इस ऐतिहासिक और भौगोलिक स्थान के महत्व के कारण, हम अपना अध्ययन यीशु और प्रारंभिक कलीसिया के समय के अवलोकन के साथ शुरू करेंगे।

नए नियम का भौगोलिक स्थान

पलिश्तीन का देश इस्राएल के इतिहास और यीशु के सांसारिक सेवकाई का केंद्र है। यहां तक कि ''नासरत का यीशु'' शीर्षक भी उसके जीवन में एक विशेष स्थान के महत्व का संकेत देता है।

पलिश्तीन लगभग 75 किलोमीटर चौड़ा है और 235 किलोमीटर लंबा है।[3] इतना छोटा देश होने पर भी यह क्षेत्र प्राचीन इतिहास की घटनाओं के लिए एक रणनीतिक स्थान था। मिस्र के दक्षिण-पश्चिम में इसका स्थान, उत्तर में सीरिया, उत्तर-पूर्व में असीरिया और पूर्व में बेबीलोन ने इसे व्यापार के लिए एक चौराहा और युद्धनीति बनानें के महत्व का स्थान बना दिया।

पश्चिमी-पूर्वी क्षेत्र की विशेषताएं

पश्चिम से पूर्व की ओर (भूमध्य सागर से यरदन नदी तक) चलते हुए, पलिश्तीन से होकर जाने वाला व्यक्ति तीन अलग-अलग इलाकों से होकर जाता था। भूमध्य सागर के साथ तटीय मैदान से, भूमि मध्य के पहाड़ी इलाक़े से होकर समुद्र तल से लगभग 800 [4]मीटर की ऊंचाई पर है। यरूशलेम इस्राएल का आत्मिक और भौगोलिक रूप से उच्च बिंदु था।

इसके पूर्व में यहूदिया का जंगल है। पहाड़ों और बीहड़ इलाकों का यह क्षेत्र यात्रियों के लिए खतरनाक था और रहने के लिए एक कठिन स्थान था।

---

[3] 145 मील लंबा 45 मील चौड़ा।

[4] 2,600 फीट।

इस पहाड़ी क्षेत्र से, यरदन घाटी समुद्र तल से केवल 415 मीटर तक[5] रह जाती है, जो हमारी धरती पर भूमी का सबसे निचला बिंदु है। यरदन नदी दक्षिण में गलील सागर के उत्तर में पहाड़ों से लेकर दक्षिण में मृत सागर तक 100 [6]किलोमीटर की दूरी तय करती है।

यीशु की अधिकांश सेवकाई में यरदन नदी उसकी यात्राओं की सबसे पूर्व की सीमा थी। परन्तु उसने कई बार यरदन क्षेत्र में (''यरदन के पार,'' यरदन नदी के पूर्व का क्षेत्र) यात्रा करने के लिए गलील सागर को भी पार किया। इस क्षेत्र में *दिकापुलिस* (यूनानी शासन के समय में स्थापित हुए ''दस शहर'') और पेरिया थे। यीशु इस क्षेत्र में अन्यजातियों की सेवा करना चाहता था, जिसके कारण उसके अनुयायी आश्चर्यचकित थे। दिकापुलिस और पेरिया में, यीशु के शिष्यों ने ''यरूशलेम में, और सभी यहूदिया और सामरिया और पृथ्वी के अंत तक'' प्रचार करने की उसकी आज्ञा के संकेतों का अनुभव किया था।[7]

उत्तर-दक्षिण की भूमि की विशेषताएं

उत्तर से दक्षिण की ओर बढ़ते हुए, एक यात्री गलील से चलकर सामरिया के रास्ते यहूदिया जाता था जो पलिश्तीन का धार्मिक और राजनीतिक केंद्र था। गलील, मीठे पानी की झील गलील के सागर के चारों ओर का एक वाणिज्यिक क्षेत्र था। इस खूबसूरत इलाके में नासरत कई छोटे गाँवों में से एक था। गलीलवासी गलील के सागर की मछलियों की बहुतायत और गन्नेसरत के मैदानी इलाकों में उगने वाले फल और सब्जियों का लाभ उठाते थे, जो गलील सागर के उत्तर-पश्चिमी किनारे के पास एक हल्का गरम क्षेत्र था।

---

[5] 1,370 फीट।

[6] 65 मील।

[7] प्रेरितों के काम 1:8।

सामरिया का क्षेत्र उत्तर के यहूदियों को यरूशलेम के मंदिर से अलग करता था। सामरी लोग यहूदियों के वंशज थे जिन्होंने 722 ईसा पूर्व में असीरियन आक्रमण के बाद अंतर्जातीय विवाह किया था। सामरी लोग पुराने नियम को मानते थे, खतना करते थे, सभी उत्सवों को मनाते थे और भविष्य में आने वाले मसीहा की बाट जोहते थे। परन्तु गिरिज्जीम पर्वत पर सामरियों का अपना उपासना स्थल था और उन्हें यहूदियों द्वारा अशुद्ध माना जाता था। कई यहूदी सामरिया से होकर यात्रा करने के बजाय यरदन नदी को पार करके इसके पूर्वी किनारे के साथ-साथ यात्रा करते थे। हालाँकि, यीशु ने कुएँ के पास सामरी स्त्री से बात करने के लिए सामरिया से होकर यात्रा की। इस सामरी स्त्री ने यीशु मसीह के मसीहा होने के पहले स्पष्ट दावे को सुना।[8]

यहूदिया और उसका केंद्रीय शहर, यरूशलेम, दक्षिण में स्थित थे। दूर से ही दिखने वाला सियोन पर्वत यहूदियों का धार्मिक केंद्र था। हर साल फसह के समय यहूदी परिवार इस मंदिर का दौरा करते थे। यीशु के परिवार ने यह यात्रा तब की थी जब वह एक छोटा बालक था और यह उसके ठ पिता का घर ठ था जहां यीशु को शिक्षकों के बीच बैठा पाया गया।[9]

नए नियम का ऐतिहासिक स्थान

बाबुल द्वारा यरूशलेम के पतन की शुरुआत 586 ईसा पूर्व में पलिश्तीन का इतिहास कष्ट और उथल-पुथल से भरा है। यहूदा ने अपनी पहले जैसी प्रतिष्ठा को कभी दोबारा हासिल नहीं किया।

बाबुल साम्राज्य ने पलिश्तीन को तब तक नियंत्रित किया जब तक 539 ईसा पूर्व में फारस के राजा कुस्रू के इस पर कब्जा नहीं किया। कुस्रू ने यहूदियों को यरूशलेम लौटने दिया। अगली सदी के दौरान, एज्रा, ज़ेरूबबेल और नहेमायाह के नेतृत्व में इस शहर का पुनर्निर्माण हुआ। हालाँकि, यरूशलेम अभी भी फारस के अधीन में था। इस फ़ारसी प्रभाव के कारण, यीशु के समय में आम लोग फ़ारसी साम्राज्य की भाषा अरामिक बोलते थे।

334 ईसा पूर्व में, सिकंदर महान ने फारस को पराजित कर दिया। पलिश्तीन यूनानी साम्राज्य का हिस्सा बन गया। 323 ईसा पूर्व में सिकंदर के मरने के बाद, उसका साम्राज्य चार सेनापतियों में बंट गया। पलिश्तीन इनमें से दो सेनापतियों

---

[8] यूहन्ना 4:26.

[9] लूका 2:41-52।

और उनके अनुयायियों, टॉलेमीज़ और सेल्यूकिड्स के बीच युद्ध का मैदान बन गया। यह समय यहूदी इतिहास के सबसे अंधकारमय समयों में से एक था। इस समय के दौरान, एंटिओकस एपिफेन्स (एक यूनानी सेल्यूलाइड शासक) ने मंदिर को उजाड़ दिया और इसमे यूनानी देवता ज़ीउस के लिए एक वेदी बनायी।

एंटिओकस एपिफेन्स के अत्याचार ने मैकाबीज़ द्वारा, एक यहूदी परिवार, विद्रोह को प्रेरित किया। मैकाबीज़ के गोत्र ने यहूदिया को अपने नियंत्रण में लिया और हसोमैन राजवंश की स्थापना की। 166 से 63 ईसा पूर्व तक पलिश्तीन पर मैकाबीज़ के गोत्र ने शासन किया। दुर्भाग्य से, इस गोत्र के बीच झगड़ों और धार्मिक धर्मत्याग के कारण राष्ट्रीय अस्थिरता का समय था। 67 ईसा पूर्व तक, पूरा गोत्र गृह युद्ध में पड़ गया था।

रोम ने यहूदी अगुओं के बीच विभाजन का फायदा उठाते हुए तुरन्त पलिश्तीन की सत्ता को अपने अधिकार में ले लिया। 63 ईसा पूर्व में, रोमन सेनापति पोम्पियो ने यरूशलेम पर विजय प्राप्त की। पोम्पियो ने अपने प्रतिनिधि, हिरकेनस II को उच्च याजक के तौर पर नियुक्त किया और उसे यहूदिया का *वास्तविक* शासक बनाया।[10] मसीह के समय में पलिश्तीन पर रोम का शासन था।

37 ईसा पूर्व में, रोमन राज्यसभा द्वारा हेरोदेस महान को यहूदिया का राजा नियुक्त किया गया। हेरोदेस एक इदुमाईन था, जो एदोमियों का वंशज था। सदियों से, एदोमी इस्राएल के तब से दुश्मन थे जब से उन्होंने इस्राइलियों को यरूशलेम के विनाश के समय बाबुल के साथ उनके सहयोग से पलायन के दौरान कनान के रास्ते पर अपनी भूमि से गुजरने से इनकार कर दिया था।[11] एक ऐदोमी के रूप में, हेरोदेस महान को यहूदी लोगों द्वारा अविश्वास की दृष्टि से देखा जाता था।

30 ईसा पूर्व तक हेरोदेस ने अपने शत्रुओं पर विजय पा ली थी और रोम के अधिकार के तहत यहूदिया का एकमात्र शासक था। हेरोदेस सकारात्मक और नकारात्मक गुणों का एक जटिल मिश्रण था। एक तरफ, उसने यहूदियों का मंदिर का पुनर्निर्माण करने में और उनके आहार नियमों का अनुपालन करके उनका सम्मान किया। दूसरी तरफ, वह अत्यंत ईर्ष्यालु था जिसके कारण उसने अपने ही कई बेटों को मार डाला जब वे सिंहासन के लिए प्रतिद्वंद्वी होने की उम्र तक पहुंचे।

---

[10] एक वास्तविक शासक वह होता है जो किसी देश में अपनी सत्ता को थामे रखता है, भले ही किसी और के पास शासक की उपाधि ही क्यों न हो। हालांकि पोम्पी शासक था, परन्तु हिरकेनस II के पास राजनीतिक सत्ता थी।

[11] गिनती 20:14-21 ; ओबद्याह1:1-21।

4 ईसा पूर्व में हेरोदेस महान की मृत्यु के बाद, रोम ने अपने राज्य को अपने तीन बेटों में बांट दिया। इन शासकों ने सीधे नए नियम के इतिहास और यीशु की सेवकाई को प्रभावित किया।

हेरोदेस अरखिलाउस को यहूदिया का नियंत्रण दिया गया था। अरखिलाउस की क्रूरता की प्रतिष्ठा के कारण युसुफ और मरियम बेथलहम के बजाय नासरत लौट आए।[12] अरखिलाउस की क्रूरता के कारण ही यहूदी प्रतिनिधिमंडल ने रोम से छुटकारे की विनती की। अरखिलाउस को निर्वासित कर दिया गया, और यहूदिया को रोम द्वारा भेजे गए एक गवर्नर (या राज्यपाल) के शासन के अधिकार में कर दिया गया।

यीशु की परीक्षा के समय, पिलातुस रोमन राज्यपाल था जो कैसरिया में रहता था और महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान यरूशलेम की यात्रा करता था।[13] इस राज्यपाल के पास रोम और यहूदी नेतृत्व के बीच मध्यस्थता का अवांछनीय कार्य था। पीलातुस को यहूदियों को विद्रोह में धकेले बिना रोम की मांगों को लागू करना पड़ता था। इस कार्य को करने के लिए, उसने सैनहेड्रिन को खुली स्वतंत्रता दी थी। यहदियों की महासभा में यहूदी रब्बी होते थे। यह महासभा राष्ट्र के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक और न्यायिक निर्णय लेने के लिए होती थी। उच्च याजक कैफा को यह डर था कि कहीं यीशु के कार्यों से रोमी क्रोधित होकर यह स्वतंत्रता उनसे छीन न लें।[14]

हेरोदेस फिलिप्पुस हेरोदेस के बेटों में से सबसे उदार था। वह गलील के उत्तर-पूर्व के क्षेत्र पर शासन करता था। यरूशलेम में यहूदी धर्मगुरुओं द्वारा गिरफ्तारी के खतरे से बचने के लिए यीशु ने इस क्षेत्र में समय बिताया। हेरोदेस फिलिप्पी ने पनास शहर का पुनर्निर्माण किया और इसका नाम बदलकर कैसरिया फिलिप्पी रखा। यह वही स्थान है जहाँ पतरस ने अपना यह बड़ा अंगिकार किया, ''तू जीविते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।'' [15]

हेरोदेस अन्तिपास 4 ईसा पूर्व से 39 ईसा पश्चात तक गलील और पेरिया का शासक था। अन्तिपास ने यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को कैद में रखा और मार डाला।[16] क्योंकि हेरोदेस अन्तिपास का गलील पर अधिकार था, इसलिए

---

[12] मत्ती 2:22-23। बेथलेहम अरखिलाउस के नियंत्रण में था; गलील का नासरत हेरोदेस अन्तिपास के नियंत्रण में था।

[13] 26 से 36 ईसा पश्चात तक पिलातुस ने शासन किया।

[14] यूहन्ना 11:49।

[15] मत्ती 16:16।

[16] मरकुस 6:17-29।

पिलातुस ने सुनवाई के लिए उसे अन्तिपास के पास भेजकर यीशु के भाग्य की ज़िम्मेदारी से बचने की कोशिश की।[17] परन्तु हेरोदेस ने फैसला करने से इनकार कर दिया और यीशु को सज़ा के लिए पिलातुस को लौटा दिया।

नए नियम का सांस्कृतिक स्थान

नये नियम का सांस्कृतिक स्थान इसके ऐतिहासिक स्थान के समान ही महत्वपूर्ण है। परमेश्वर ने यीशु को तीन अलग-अलग संस्कृतियों से प्रभावित दुनिया में भेजा। इनमें से प्रत्येक संस्कृति का नये नियम के समय पर महत्वपूर्ण प्रभाव था।

नए नियम का यूनानी स्थान

323 ईसा पूर्व में सिंकदर की मृत्यु के बाद उसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहा। वह चाहता था कि साम्राज्य में सभी लोग एक ही भाषा बोलें। इस वजह से, यूनानी नये नियम की भाषा बन गई। अधिकांश यहूदी लोग अरमी और यूनानी दोनों बोलते थे।

नये नियम को *कोइन यूनानी* में लिखा गया था, पहली सदी में भूमध्यसागरीय युग में बोली जाने वाली ठ सामान्य यूनानी ठ । जबकि अरामी (पलिश्तीन में बोली जाने वाली भाषा) और इब्रानी (पुराने नियम की भाषा) यहूदी लोगों तक ही सीमित थी, परन्तु यूनानी भाषा पूरे रोमन साम्राज्य में बोली जाती थी। प्रेरितों ने जहां-जहां प्रचार किया, वहां-वहां उनके संदेश को लोग समझते थे।

पौलुस के पत्रों की गहरी धार्मिक अवधारणाओं के लिए यूनानी की सटीकता उपयुक्त थी। इब्रानी एक सुंदर काव्य भाषा है जो पुराने नियम के कवियों और भविष्यद्वक्ताओं की समृद्ध कल्पना के अनुकूल है। यूनानी अधिक सटीक भाषा है। इससे पौलुस को प्रभु को ग्रहण किये लोगों के औचित्य और पवित्रता के गहन सिद्धांतों को सिखाने में सहायता मिली।

सेप्टुआजेंट पुराने नियम का यूनानी अनुवाद है। तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के इस अनुवाद की सहायता से यूनानी भाषा बोलने वाले यहूदी इस धर्मग्रंथ को पढ़ सकते थे। इसके अलावा *सेप्टुआजेंट* की सहायता से पुराना नियम (प्रारंभिक कलीसिया की बाइबल) सरलता से अन्यजातियों के लिए भी उपलब्ध हो सका।

---

[17] लूका 23:6-12।

नए नियम का रोमन स्थान

सुसमाचार

यीशु के जीवन में रोमन प्रभाव उसके जन्म के समय से ही देखा जाता है। परमेश्वर ने मीका की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए एक मूर्तिपूजक सम्राट द्वारा आयोजित जनगणना का उपयोग किया कि मसीहा बेथलहम में पैदा होगा।[18] जिस प्रकार फारसी शासक कुस्रू अपने लोगों को निर्वासन से वापस लाने के लिए परमेश्वर का साधन बना, उसी प्रकार कैसर औगुस्तु नासरत से बेथलहम में यूसुफ और मरियम को लाने के लिए परमेश्वर का साधन बना।

जनगणना करने के लिए दो तरीके उपलब्ध थे। रोमन लोग शहर के सब लोगों को पंजीकृत करने के तरीके को पसंद करते थे जहां वे रहते थे। परन्तु यहूदी लोग प्रत्येक परिवार के पैतृक गाँव के जनजातीय अभिलेख रखना पसंद करते थे, इसलिए रोम ने यहूदिया को अपने पारंपरिक तरीके से जनगणना करने की अनुमति दी। इसी कारण यूसुफ और मैरियम को नासरत में अपने गृह नगर से 100 मील[19] की यात्रा करनी पड़ी।

सुसमाचार में यीशु और रोमन शासकों के बीच संघर्ष दिखता है जिन्होंने उसके नए राज्य के संदेश से खतरा महसूस किया। हालाँकि यीशु ने रोम और उसकी राजनीति का बहुत कम वर्णन किया, लेकिन परमेश्वर के राज्य का संदेश इस दुनिया के राज्यों के लिए एक चुनौती था।

प्रेरितों के काम की पुस्तक

प्रेरितों के काम से पता चलता है कि कैसे परमेश्वर ने सुसमाचार के प्रसार को सक्षम बनाने के लिए रोमन साम्राज्य का उपयोग किया। *पैक्स रोमाना* शब्द रोमन साम्राज्य की क्रूरता से लागू ''शांति'' को दर्शाता है।[20] जबकि रोम की शक्ति को अक्सर अन्यायपूर्ण तरीके से इस्तेमाल किया जाता था (जैसा कि यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने में), रोमन शक्ति ने यात्रियों को बर्बर लोगों से भी बचाया, साम्राज्य को एकीकृत किया और प्रेरितों की मिशनरी यात्रा को संभव बनाया। रोम ने 85,000 किलोमीटर[21] की सड़कों का निर्माण किया, पूर्व की यूफ्रेट्स नदी से लेकर पश्चिम में स्कॉटलैंड तक, और भूमध्य सागर में समुद्री मार्गों की स्थापना

---

[18] मीका 5:2; लूका 2:1-5।

[19] 65 मील।

[20] ''रोमन शांति।''

[21] 53,000 मील।

की। पौलुस की मिशनरी यात्राएं रोम द्वारा स्थापित सड़कों और समुद्री मार्गों के कारण बड़े पैमाने पर संभव हो पाईं।

पारंपरिक यहूदी संस्कृति के विपरीत, जो छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में पनपी थी, रोम बड़े-बड़े शहरों का साम्राज्य था। सुसमाचार के प्रसार के लिए इन शहरों का बहुत महत्व था। रोमन साम्राज्य के प्रमुख शहरों को चिह्नित करके पौलुस की यात्राओं का पता लगाया जा सकता है। प्रत्येक क्षेत्र में, पौलुस ने अधिकतर लोगों तक पहुंचने के लिए प्रमुख शहरों में सुसमाचार सुनाया। पौलुस ने रोमन साम्राज्य के प्राथमिक शहरों में सुसमाचार का प्रचार किया और रोम में ही प्रचार करने की योजना बनाई, जो पहली सदी की दुनिया का केंद्र था।[22]

पौलुस ने सुसमाचार को फैलाने के लिए रोमन नागरिकता के अधिकारों का पूरा उपयोग किया। फिलिप्पी में कानूनी सुरक्षा के अपने दावे से लेकर[23] केसर के समक्ष सुनवाई के लिए उसकी की गई विनती तक,[24] पौलुस ने मसीह के लिए अपनी नागरिकता का इस्तेमाल किया।

पौलुस के पत्र

फिलिप्पियों की पुस्तक नागरिकों की भाषा का उपयोग पाठकों को यह याद दिलाने के लिए करती है कि उनकी ''नागरिकता स्वर्ग में है।''[25] पौलुस ने अपने आग्रहके पत्र को फिलेमोन को यह जानते हुए लिखा कि रोमन व्यवस्था उनेसिमुस को जो एक भगोड़ा दास और जिसे पौलुस ने सुसमाचार सुनाया था, के लिए प्रदान करता है। रोमियों, गलातियों और इफिसियों में पौलुस रोमन कानूनी भाषा का उपयोग औचित्य और क्षमा जैसे धार्मिक अवधारणाओं को समझाने के लिए करता है।

यहां तक कि पौलुस की गोद लेने की कल्पना को रोमन लोग यहूदियों की तुलना में ज़्यादा अच्छे से समझते थे।[26] किसी को गोद लेना रोमन समाज में बहुत सामान्य बात थी। रोमन यह समझते थे कि गोद लेने के बाद पुराने ऋण रद्द हो जाते हैं, नए बेटे को विरासत के अधिकार मिलते हैं और नए जीवन की शुरुआत होती है। पौलुस ने इन रोमन कानुनों की अवधारणाओं का उपयोग उस परिवर्तन

---

22 रोमियों 1:15।

23 प्रेरितों के काम 16।

24 प्रेरितों के काम 25:11।

25 फिलिप्पियों 3:20।

26 गलातियों 4:5; इफिसियों 1:5 ।

को समझाने के लिए किया जब एक नये विश्वासी को परमेश्वर के परिवार में ग्रहण किया जाता है।

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक

रोमी सम्राज्य को स्वयं पर अन्य धार्मिक विश्वासों के प्रति सहिष्णुता के लिए गर्व था परन्तु सभी लोगों के लिए सम्राट की दिव्यता को पहचानना आवश्यक होता था। रोम तब तक यहूदी या मसीही उपदेशों की अनुमति देता है जब तक कि उपासक यह कहते थे कि ''केसर प्रभु है।'' परन्तु यह मसीही संदेश कि ''यीशु मसीह प्रभु है'' रोमन सरकार के लिए अस्वीकार्य था।[27] इसी कारण कलीसिया को रोम के साथ टकराव में आने के लिए ज़्यादा समय नहीं लगा।

हालाँकि मनुष्य ने बुराई की योजना बनाई, लेकिन परमेश्वर ने इसका इस्तेमाल भलाई के लिए किया। उत्पीड़न एक प्राथमिक साधन बन गया जिसका उपयोग परमेश्वर ने महान आज्ञा को आगे बढ़ाने के लिए किया। उत्पीड़न के कारण मसीही ''यहूदिया और सामरिया के क्षेत्रों में तितर-बितर हो गये।'' परमेश्वर की योजना में ''मगर जो तितर-बितर हुए थे, वे सुसमाचार सुनाते हुए फिरे।'' [28]

इस रोमन उत्पीड़न के संदर्भ में प्रकाशितवाक्य की पुस्तक लिखी गई थी। यूहन्ना के दर्शन ने दुख उठाते मसीहियों को आश्वासन दिया है कि रोम (या किसी भी शक्ति को जो परमेश्वर के विरोध में है) को पराजित किया जाएगा। पूरा मानव इतिहास परमेश्वर के नियंत्रण में है, न कि केसर के।

नए नियम का यहूदी स्थान

मसीही अपेक्षाएं

इब्रानी शब्द ''मसीह'' युनानी शब्द ''मसीहा'' के अनुरूप है। यीशु के पीछे-पीछे चलने वाली भीड़ मसीहा की तलाश में थी। पौलुस ने यह घोषणा की ''यही यीशु जिसकी मैं तुम्हें कथा सुनाता हूँ, मसीह है।'' [29] एक आने वाले मसीहा की उनकी उम्मीद ने यीशु के प्रचार के लिए लोगों के कानों को खोल दिया।

---

[27] फिलिपियों 2:11।

[28] प्रेरितों के काम 8:1,4।

[29] प्रेरितों के काम 17:3।

आराधनालय

586 ईसा पूर्व में मंदिर के विनाश के बाद, आराधनालय यहूदी लोगों के लिए उपासना करने का स्थान बने। दस पुरूषों वाले किसी भी समुदाय के पास एक आराधनालय होता था। आराधनालय एक उपासना स्थल, एक विद्यालय, एक धार्मिक और नागरिक अदालत और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र होता था। यीशु ने अपना पहला अभिलिखित उपदेश आराधनालय में ही दिया, आराधनालय में ही चंगाई दी और आराधनालय में ही शिक्षा दी।[30]

कुस्तु द्वारा यहूदियों को अपनी मातृभूमि में लौटने की अनुमति दिये जाने के बाद भी, कई यहूदी लोग बेबीलोन, सिकंदरिया, मिस्र और अन्य शहर जिनमें वे यरूशलेम के पतन के बाद भाग गए थे, बने रहे। यह सुसमाचार के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण हो गया। लगभग हर शहर में जिसमें प्रेरित प्रचार करते थे, उसमें स्थानीय यहूदी लोगों के लिए एक आराधनालय होता था।

जब पौलुस किसी नए शहर का दौरा करता था तो वह आराधनालय के यहूदी उपासकों, ''परमेश्वर के माननेवाले'' सच्चे भक्तों और उन अन्यजाती लोगों को, जो सत्य की तलाश में थे, वचन सुनाकर अपनी सेवा शुरू करता था।[31] ये अन्यजाति सुसमाचार के संदेश को ग्रहण करने के लिए तैयार होते थे।

यहूदी धार्मिक समूह

फरीसी यीशु के समय के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक लोग होते थे। संख्या में कम (लगभग 6,000) होने के बावजूद भी वे आम लोगों में लोकप्रिय थे। ''फरीसी'' नाम का अर्थ ''अलग किये हुए लोग'' था। मूसा की व्यवस्था का सावधानीपूर्वक पालन करने के कारण उनका सम्मान किया जाता था। फरीसियों के कई विश्वास मसीहियों के साथ मिलते जुलते थे जैसे पुनरुत्थान, स्वर्गदूत, प्रार्थना करना और पुराने नियम का आदर करना। परन्तु उन्होंने मूसा की व्यवस्था में कई मौखिक परंपराओं को जोड़ा। अंततः अधिकांश फरीसियों ने यीशु के मसीह होने के दावे को खारिज कर दिया।

---

30 लूका 4:16-30; मरकुस 3:1-5; यूहन्ना 18:20।

31 उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम 13:5।

सदूकियों के पास यीशु के समय में राजनीतिक शक्ति होती थी। रोम के साथ सहयोगी होकर सदूकियों ने उच्च याजकपन और सैनहेड्रिन पर नियंत्रण प्राप्त किया। सदूकी केवल *तोरा* को ही आधिकारिक ग्रंथ के रूप में स्वीकार करते थे।[32] उन्होंने भविष्यद्वक्ताओं की पुस्तकों और मौखिक परंपरा को अस्वीकार कर दिया। परिणामस्वरूप, उन्होंने स्वर्गदूतों, आत्माओं और पुनरुत्थान में विश्वास को खारिज कर दिया। क्योंकि उन्हें अपना अधिकार मंदिर में अपने पद से मिलता था, इसलिए सदूकी 70 ईसा पश्चात मंदिर के विनाश के बाद लुप्त हो गए।

नए नियम के समय के रीति-रिवाज़

नए नियम के समय के रीति रिवाजों को समझने से हमें नए नियम के संदेश को समझने में बेहतर मदद मिल सकती है। दो उदाहरण नये नियम के रीति रिवाजों के अध्ययन करने के मूल्य को प्रदर्शित करेंगे।

- अधिकांश यहूदी परिवार एक कमरे के घरों में रहते थे। जानवरों को चारा खिलाने के लिए अक्सर उनको घर के बाहरी कमरे में रखा जाता था। जब मरियम और युसुफ बेथलेहम आए, तो उन्हें संभवतः इस बाहरी कमरे में रहने की अनुमति दी गई, हालांकि मुख्य अतिथि कक्ष (सराय) जनगणना के दौरान भरा हुआ था। फिर भी सराय वाले ने कृपालु होकर उनका इस व्यस्त समय के दौरान सर्वोत्तम अतिथि सत्कार किया।[33]

- यहूदिया के चरवाहे अक्सर अलग-अलग भेड़ों के झुंडों को एक साथ मिलने देते थे। जब भेड़ों को अलग करने का समय होता था तो प्रत्येक चरवाहा अपनी भेड़ों को बुलाता था। भेड़ें अपने चरवाहे की आवाज़ को पहचानती थीं। यीशु ने कहा कि उसकी भेड़ें ''उसके पीछे-पीछे हो लेती हैं क्योंकि वे उसका शब्द पहचानती हैं। परन्तु वे पराये के पीछे नहीं जाएँगी, परन्तु उससे भागेंगी, क्योंकि वे परायों का शब्द नहीं पहचानती।''[34]

---

[32] *तोरा* का अर्थ है ''व्यवस्था (कानून)'' है। यह शब्द मूसा की पाँच पुस्तकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

[33] www.ancientsandals.com.

[34] यूहन्ना 10:4,5।

नये नियम के समय के रीति-रिवाज़ों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, आप ऑनलाइन उपलब्ध *Manners and Customs of the Bible (बाइबल के रीति-रिवाज़ों)* को पढ़ सकते हैं।[35]

नए नियम का अधिकार

क्या हम नए नियम के अधिकार पर भरोसा कर सकते हैं? कई झूठी शिक्षाएँ उन लोगों से आती हैं जो बाइबल की सत्यनिष्ठा को नकारते हैं या जो बाइबल के अलावा अन्य प्रकाशितवाक्य के नए स्रोतों को खोजने का दावा करते हैं। नए नियम के अधिकार को समझने के लिए दो मुद्दे महत्वपूर्ण हैं।

1. कैनन का मुद्दाः कौन सी पुस्तकें परमेश्वर की ओर से प्रेरित वचन हैं?

2. लेखों की सत्यनिष्ठा का मुद्दाः क्या हमारा लेख मूल लेखों के प्रति विश्वासयोग्य है?

कैननः कौन सी पुस्तकें परमेश्वर की ओर से प्रेरित वचन हैं?

पवित्रशास्त्र का कैनन मसीहियों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह इस सवाल का जवाब देता है, ''परमेश्वर के लोगों के लिए कौन सी किताबें परमेश्वर का वचन है?'' हम कैसे जानते हैं कि नए नियम की किताबें वास्तव में परमेश्वर का वचन हैं?

कैनन शब्द एक यूनानी शब्द से आया है जिसका अर्थ है ''नियम'' या ''मानक।'' नये नियम के कैनन में वे पुस्तकें शामिल हैं जो यह निर्धारित करने के लिए शुरुआती कलीसिया द्वारा उपयोग किए जाने वाले मानक के बराबर हैं कि कौन से लेखन वास्तव में परमेश्वर का वचन हैं। कैनन का गठन दो मुद्दों से प्रेरित हुआ था।

1. *झूठी शिक्षा।* आज की तरह शुरुआती कलीसिया में, झूठे शिक्षक बाइबल के कुछ वचनों को नहीं मानते थे। उदाहरण के लिए, दूसरी शताब्दी में मार्कियन ने कहा कि पुराने नियम का परमेश्वर दुष्ट है। अपनी शिक्षाओं का समर्थन करने के लिए, मार्कियन ने पौलुस

[35] Fred H. Wight. *Manners and Customs of the Bible* 1953. http://www.baptistbiblebelievers.com/OTStudies/MannersandCustomsInBibleLands1953/tabid/232/Default.aspx. पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

के लेखन और लूका के कुछ हिस्सों को छोड़कर बाइबल की सभी पुस्तकों को त्याग दिया। शिक्षा के लिए एक ठोस आधार प्रदान करने के लिए एक सार्वभौमिक कैनन की स्वीकृति महत्वपूर्ण थी। इससे शिक्षक यह सुनिश्चित कर सकते थे कि उनके द्वारा दी जाने वाली शिक्षा परमेश्वर के वचन पर आधारित है।

2. *सताव।* सताव के समय के दौरान, मसीही पवित्रशास्त्र को रखने के कारण मसीहियों की हत्या की जा सकती थी। उन्हें यह अवश्य मालूम होना चाहिए था कि, ''मैं किन पुस्तकों के लिए मरने को तैयार हूँ?''

चौथी शताब्दी तक, मसीही कलीसिया ईश्वरीय रूप से प्रेरित लेखों की एक सूची पर सहमत हो गयी थी। वे उन किताबों पर तीन परीक्षणों को लागू करते थे, जिन्हें पवित्रशास्त्र के रूप में देखा जाता था। नये नियम कैनन का हिस्सा माने जाने के लिए, एक पुस्तक को तीन मानकों को पूरा करना होता था।

1. *लेखक।* लेखक को एक प्रेरित होना चाहिए या किसी प्रेरित के साथ निकटता से जुड़ा होना चाहिए। सुसमाचार के मामले में, मत्ती और यूहन्ना प्रेरित थे। मरकुस ने पतरस के साथ यात्रा की, लूका ने पौलुस के साथ यात्रा की।

2. *संदेश।* पुस्तक के संदेश की पुराने नियम के वचनों के साथ मतभिन्नता नहीं होनी चाहिए। संदेश यीशु मसीह के सुसमाचार के प्रति विश्वासयोग्य होना चाहिए। पुस्तक को आत्मिक रूप से शिक्षाप्रद होना चाहिए।

3. *स्वीकृति।* कैनन का हिस्सा मानी जाने के लिए, पुस्तक को पूरी कलीसिया द्वारा स्वीकार किया जाना चाहिए। नये नियम की पुस्तकों को शुरुआती कलीसिया के जनक द्वारा व्यापक रूप से उद्धृत किया जाता था।

आधुनिक संशयवादियों का तर्क है कि कैनन को कलीसिया के अधिकारियों द्वारा सत्ता हासिल करने के साधन के रूप में रचा गया था। इस तरह के आलोचक यह पहचानने में विफल रहे कि कैनन सार्वभौमिक रूप से सहमत मानक था; यह महत्वाकांक्षी बिशपों द्वारा रचा गया कोई उत्पाद नहीं था। नये नियम कैनन को कार्थेज की सभा में आधिकारिक तौर पर 397 ईसा पश्चात में स्वीकार किया गया था। हालांकि, इस सभा में 200 साल पहले धर्मशास्त्रियों द्वारा नए नियम की पुस्तकों को सूचीबद्ध कर दिया गया था।

धर्मशास्त्री जे.आई. पैकर लिखते हैं, ''कलीसिया ने उसी प्रकार हमें नया नियम कैनन दिया, जिस प्रकार सर आइजैक न्यूटन ने हमें गुरुत्वाकर्षण बल दिया।'' [36] न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण का *आविष्कार* नहीं किया था, उन्होंने वह खोजा, जिसे परमेश्वर ने पहले से ही रचा था। उसी तरह, कलीसिया ने कैनन का आविष्कार नहीं किया, कलीसिया ने उन पुस्तकों की खोज की जिन्हें परमेश्वर ने पहले से ही प्रेरित किया था।

कार्थेज की सभा ने एक कैनन की पुष्टि की, जिसे पहले से ही विश्वास के पूरे घराने में स्वीकार किया गया था। कैनन में वे पुस्तकें शामिल हैं जिन पर सभी समयों के मसीहियों ने यह सहमति व्यक्त की है कि वे परमेश्वर की ओर से प्रेरित वचन हैं।

एपोक्रिफ़ल (अप्रामाणिक) पुस्तकें नये नियम के समय की वे पुस्तकें हैं जिन्हें पवित्र मसीही लेखन के रूप में देखा जाता था, परन्तु उन्हें शुरुआती कलीसिया द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था। दूसरी शताब्दी में, टर्टुलियन और इरेनेअस जैसे लेखकों ने विरुद्ध मतों के खिलाफ लिखा। इनमें से कुछ कार्यों को पहले से ही मुराटेरियन कैनन में झूठी पुस्तकों के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जो नए नियम की पुस्तकों की दूसरी शताब्दी की सूची थी। यहूदा की पत्री से पता चलता है कि पहली शताब्दी में भी, ''उस विश्वास के लिये पूरा यत्न करना आवश्यक था जो पवित्र लोगों को एक ही बार सौंपा गया था।'' झूठे शिक्षक पहले से ही ''चुपके से कलीसिया में आ मिले थे।''[37]

अप्रामाणिक पुस्तकों में सब प्रकार के लेख शामिल थें जैसे, रूढ़िवादी लेख, जो प्रारंभिक कलीसिया की प्रथाओं को चित्रित करने में उपयोगी हो सकते हैं, और धर्म विरोधी लेख, जिन्होंने झूठी शिक्षाओं को बढ़ावा दिया। प्रतिष्ठित अप्रामाणिक पुस्तकों में*1 क्लीमेंट , बरबनास की पत्रियां, दीदचे और हरमास का चरवाहा जैसी पुस्तकें शामिल हैं।* ये लेख उनकी शिक्षा में रूढ़िवादी हैं परन्तु ये पुस्तकें कैनन में शामिल होने के लिए कलीसिया के शुरुआती मानकों को पूरा नहीं कर पायीं।

धर्म विरोधी अप्रामाणिक पुस्तकों में *थोमा का सुसमाचार,* जो दूसरी सदी का एक रहस्यवादी है, जिसे कपटपूर्वक प्रेरित थोमा से संबंधित किया गया; लौदीकियों *को लिखी गयीं पत्रियां और पतरस की विनाश की भविष्यद्वाणी* शामिल हैं। इस तरह के लेख कलीसिया द्वारा स्वीकार नहीं किए गए क्योंकि उनका पहले से स्थापित मसीही सत्यों के साथ मतभेद था। कार्थेज की सभा द्वारा अस्वीकार किए

---

[36] J.I. Packer, *God Speaks to Man.* Westminster Press, 1965, 81।

[37] यहूदा 1:3-4।

जाने के बजाय, यह कहना अधिक सटीक होगा कि इन पुस्तकों को कलीसिया के *किसी* भी विशेष अंश द्वारा पवित्रशास्त्र नहीं समझा गया।

अप्रामाणिक लेख मसीही विश्वासियों के लिए सत्य का वैध स्रोत नहीं है। हमारा विश्वास ''उस विश्वास पर स्थापित है जो पवित्र लोगों को सौंपा गया था।''[38] यह विश्वास नहीं बदला है और न ही बदलेगा। हमारा विश्वास परमेश्वर के वचन की दृढ़ नींव पर टिका है।

लेखों की सत्यनिष्ठा: क्या हमारा लेख मूल लेख के प्रति विश्वासयोग्य है?

संशयवादी अक्सर कहते हैं कि नये नियम के लेख पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वे यह तर्क देते हैं कि वचनों की प्रतियां बनाते समय गलतियां हुई होंगी। ये आलोचक इस बात पर ज़ोर देते हैं कि भले ही मूल लेख परमेश्वर की ओर से प्रेरित हो, परन्तु हमारे पास यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि आज हमारे पास जो बाइबल है वह सटीक है या नहीं।

क्या हम अपनी बाइबल के लेखों की सत्यनिष्ठा पर भरोसा कर सकते हैं? इस प्रश्न का उत्तर ठ हां ठ है! यह सच है कि नए नियम की पुस्तकों को हस्तलिखित रूप में नहीं सौंपा गया था और हाथ से उनकी प्रतियां बनाते समय गलतियां हो सकती हैं। परन्तु क्योंकि यह परमेश्वर की ओर से प्रेरित वचन था, इसलिए प्रतिलिपिक अपने काम को बड़े ध्यान से करते थे। विद्वानों ने अपने जीवन को यथासंभव नए नियम की प्रतिलिपियां बनाने के लिए समर्पित किया।

5,000 से अधिक हस्तलिपियों के साथ, जिसमें नए नियम के सभी या कुछ भाग शामिल हैं, हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं कि हमारे पास परमेश्वर के वचन का लेख सबसे पुरानी हस्तलिपियो के अनुरूप है। नये नियम को छोड़कर जो हस्तलिपियों का सबसे सहयोगी लेख है, और कोई अन्य प्राचीन लेख नहीं है।

[38] यहूदा 1: 3।

दो प्राचीन लेखों की तुलना	
नया नियम	होमर का *इलियद*
5,000 से अधिक हस्तलिपियां	643 हस्तलिपियां
लिखी जाने के बाद जीवित हस्तलिपियां 100 साल से कम पुरानी होती हैं	मूल रचना के 500 साल बाद सबसे पुरानी जीवित हस्तलिपियां है
1% से कम शब्दों में भी कोई प्रश्न नहीं उठता।[39]	5% शब्द अनिश्चित हैं
आप किस लेख पर भरोसा करेंगे?	

परन्तु जब समय पूरा हुआ ...

> ''परन्तु जब समय पूरा हुआ तो परमेश्वर ने अपने पुत्र को भेजा जो स्त्री से जन्मा और व्यवस्था के अधीन उत्पन्न हुआ...।''
> - (गलातियों 4:4)

पौलुस के वाक्यांश से पता चलता है कि एक गर्भवती माँ को जन्म के क्षण का इंतज़ार था। ठीक समय पर परमेश्वर ने अपने पुत्र को एक ऐसी दुनिया में भेज दिया जो दिव्य रूप से तैयार की गई थी। दुनिया...

भौगोलिक रूप से तैयार थी। प्राचीन संस्कृतियों के चौराहे पर पलिश्तीन एक छोटा सा देश था। यह दुनिया भर में सुसमाचार के प्रसार के लिए शुरुआत का स्थान बना।

ऐतिहासिक रूप से। रोमन साम्राज्य ने सुसमाचार के प्रसार के लिए एक तैयार वातावरण प्रदान किया।

सांस्कृतिक रूप से। यूनानी भाषा, रोमन राजनीतिक प्रणाली और यहूदी धार्मिक परंपराओं के मिश्रण ने मसीह कलीसिया की स्थापना में बड़ी भूमिका निभाई।

[39] इनमें से कोई भी शब्द सैद्धांतिक मुद्दों या ऐतिहासिक तथ्य को प्रभावित नहीं करता। हस्तलिपियों के बीच अंतर को लूका 10:1 जैसी आयतों में देखा जाता है। कुछ हस्तलिपियां सत्तर कार्यकर्ताओं को इंगित करती हैं जबकि अन्य बहत्तर कार्यकर्ताओं को इंगित करती हैं। सटीकता का ऐसा कोई भी प्रश्न नहीं उठता, जो सुसमाचार के संदेश या मसीही शिक्षा से संबंधित हो।

परमेश्वर ने पहली सदी में सुसमाचार के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए कोई प्रयास नहीं छोड़ा। आज, वह लोगों को सुसमाचार के लिए तैयार करने के लिए इसी प्रकार काम करता है। अब जब आप इस पाठ को समाप्त करते हैं यह प्रार्थना करें, ''परमेश्वर, आपने मुझे जो सेवकाई सौंपी है, उसको पूरा करने के लिए आप *मेरी दुनिया* को कैसे तैयार करेंगे?''

पाठ का असाइनमेंट

इस पाठ पर आधारित एक परीक्षा लें। परीक्षा में स्मरण करने के लिए पवित्रशास्त्र के वचन शामिल होंगे।

गहराई से खोदना

नए नियम के समय के बारे में अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें:

मुद्रित स्रोत

Beitzel, Barry. *The Moody Atlas of the Bible.* Illinois: Moody Press, 2009.

Elwell, Walter A. and Robert W. Yarbrough. *Encountering the New Testament (नए नियम से मुलाकात).* Grand Rapids, Michigan: Baker Academic, 2013.

Ferguson, Everett. *Backgrounds of Early Christianity (प्रारंभिक मसीहत की पृष्ठभूमि)।* Michigan: Eerdmans, 2003.

Jensen, Irving. *Jensen's Survey of the New Testament (जेन्सन द्वारा नए नियम का अवलोकन).* Illinois: Moody Press, 1981.

McDowell, Josh. *The New Evidence That Demands a Verdict (नया साक्ष्य जो एक फैसले की मांग करता है)।* Thomas Nelson, 1999

Tenney, Merrill C. *New Testament Survey (नए नियम का अवलोकन).* Michigan: Eerdmans, 1994.

ऑनलाइन स्रोत

McDowell, Josh. *Bible: Fact, Fiction, or Fallacy (बाइबल: तथ्य, कल्पना या झूठी धारणा)।* ऑनलाइन वीडियो सीरीज़

http://www.josh.org/video-2/bible-fact-fiction-or-fallacy/

Smith, Dr. Randall. ''They Thought You Knew'' (उन्होंने सोचा था कि आप जानते थे) at http://www.youtube.com

''Why Bible Background Matters'' (बाइबल की पृष्ठभूमि क्यों महत्त्व रखती है) at http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/

Wight, Fred H. *Manners and Customs of the Bible (बाइबल के रीति-रिवाज़).* Moody Bible Institute, 1953. http://www.baptistbiblebelievers.com/OTStudies/MannersandCustomsInBibleLands1953/tabid/232/Default.aspx

New Testament Gateway. http://www.ntgateway.com/tools-and-resources/maps/

The Works of Josephus (जोसेफस के काम). http://www.ccel.org/j/josephus/works/JOSEPHUS.HTM

पाठ 1 के परीक्षा प्रश्न

(1) पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए, पलिश्तीन के तीन भौगोलिक क्षेत्रों को सूचीबद्ध करें।

(2) यीशु की सेवकाई के लिए सामरिया का क्या महत्व है?

(3) प्रारंभिक कलीसिया में यूनानी भाषा के तीन योगदानों को सूचीबद्ध करें।

(4) *पैक्स रोमाना* को परिभाषित करें।

(5) यहूदी समुदाय में आराधनालय की चार भूमिकाओं को सूचीबद्ध करें।

(6) फरीसियों और मसीहियों की शिक्षाओं में कौन सी बातें मिलती-जुलती थीं?

(7) फरीसी और सदूकियों के बीच प्राथमिक सैद्धांतिक मतभेद क्या थे?

(8) नये नियम कैनन के गठन के दो कारणों को सूचीबद्ध करें।

(9) नये नियम कैनन की स्थापना में उपयोग किए गए तीन मानकों को सूचीबद्ध करें।

(10) शब्द ''लेखों की सत्यनिष्ठा'' नए नियम से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है?

पाठ 2

सिनॉप्टिक सुसमाचार : मसीह का जीवन

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) चार सुसमाचार होने के कारण को समझें।

(2) प्रत्येक सिनॉप्टिक सुसमाचार के लेखक, संभावित तिथि और ऐतिहासिक स्थान को जानें।

(3) प्रत्येक सिनॉप्टिक सुसमाचार में महत्वपूर्ण विषयों को पहचानें।

(4) आज की दुनिया की आवश्यक्ताओं से सिनॉप्टिक सुसमाचारों को जोड़ें।

पाठ

लूका के माध्यम से मत्ती पढ़ें।

मत्ती 5:48; मरकुस 10:45; लूका 19:10 को याद करें।

सिनॉप्टिक सुसमाचार:

► हमारे पास यीशु के जीवन के विषय में एक से अधिक विवरण क्यों है?

यीशु के स्वर्ग पर चढ़ने के बाद, प्रेरितों ने नए विश्वासियों को शिक्षा देने के लिए और ताकि कोई यीशु के जीवन के विवरणों को तोड़ मरोड़ कर न पेश करने पाये, इसलिए उन्होंने उसके जीवन के विषय में विवरणों को लिखा। जब कलीसिया का रोमन साम्राज्य में विस्तार होने लगा तब पासबानों और शिक्षकों को यीशु के जीवन और सेवकाई के आधिकारिक लिखित विवरणों की आवश्यकता पड़ने लगी। सुसमाचारों के लेखन के ये महत्वपूर्ण कारण थे।

पहले तीन सुसमाचारों को सिनॉप्टिक सुसमाचार कहा जाता है क्योंकि वे अनेक एक जैसी घटनाओं के विभिन्न दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।[40] जबकि यूहन्ना के सुसमाचार में काफ़ी अद्वितीय तथ्य शामिल हैं जो किसी अन्य सुसमाचार की पुस्तक में नहीं है, मत्ती, मरकुस और लूका में बहुत से तथ्य मिलते-जुलते हैं।

[40] *सिनॉप्टिक सुसमाचार* शब्द का अर्थ है ''एक साथ देखे गये'' सुसमाचार।

सुसमाचार के लेखक, जिन्हें अक्सर सुसमाचार सुनाने वाले भी कहा जाता है, उन्होंने केवल शब्दों को सुनकर उनकी प्रतिलिपियां तैयार नहीं कीं। इसके बजाय, पवित्र आत्मा ने चमत्कारिक रूप से प्रत्येक सुसमाचार सुनाने वाले के व्यक्तित्व के माध्यम से बिना किसी त्रुटि के परमेश्वर के संदेश को संप्रेषित करने का कार्य किया।

एक उदाहरण सुसमाचारों के बीच अंतर दिखाता है। मत्ती, पतरस द्वारा यीशु के प्रभु होने की गवाही, यीशु द्वारा पतरस को आशीष और यीशु द्वारा पतरस को डांटे जाने का विस्तृत विवरण देता है।[41] मरकुस और लूका इस कहानी के केवल छोटे विवरण ही प्रदान करते हैं।[42] मरकुस, पतरस के यीशु के आशीर्वाद को छोड़ देता है जबकि लूका आशीर्वाद और यीशु द्वारा पतरस को फटकारने की कहानी दोनों को छोड़ देता है। कहानियों के बीच कोई विरोधाभास नहीं है यह तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों से प्रस्तुत एक घटना है।

मत्ती 16:13-23	मरकुस 8:27-33	लूका 9:18-22
''शमौन पतरस ने उत्तर दिया, 'तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है'।''	''पतरस ने उसे उत्तर दिया, ''तू मसीह है'।''	''और पतरस ने उत्तर दिया, 'परमेश्वर का मसीह'।''
''और यीशु ने उसे उत्तर दिया, 'हे शमौन, योना के पुत्र, तू धन्य है'।''	कोई वर्णन नहीं है	कोई वर्णन नहीं है
''और पतरस उसे एक तरफ ले गया और उसे डांटने लगा, 'हे प्रभु, परमेश्वर न करे! तुझ पर ऐसा कभी न होगा'।''	''और पतरस उसे एक तरफ ले गया और उसे डांटने लगा।''	कोई वर्णन नहीं है

कोई भी सुसमाचार यीशु के जीवन की पूरी कहानी नहीं बताता। यूहन्ना ने वास्तव में यह कहा कि उसके कार्यों का पूरा विवरण दुनिया की सभी पुस्तकों में भी नहीं समा पायेगा।[43] सुसमाचार विस्तृत आत्मकथाएँ नहीं हैं। इसके बजाय, पवित्र आत्मा ने प्रत्येक लेखक को यीशु की सेवकाई के विभिन्न पहलुओं पर ज़ोर देने

[41] मत्ती 16:13-23।

[42] मरकुस 8:27-33; लूका 9:18-22।

[43] यूहन्ना 21:25।

के लिए प्रेरित किया। प्रत्येक सुसमाचार की पृष्ठभूमि का अध्ययन करने से, हम प्रत्येक सुसमाचार के तथ्यों के चुनाव को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। प्रत्येक लेखक ने एक अलग-अलग समूह को संबोधित किया और एक अलग-अलग उद्देश्य के लिए लिखा।

मत्ती: राजा का सुसमाचार

मत्ती के सुसमाचार का परिचय

मत्ती रचित सुसमाचार सम्भवतः 50 और 70 ईसा पश्चात के बीच लिखा गया होगा। मत्ती का एक महत्वपूर्ण विषय भविष्यद्वाणी के पूरा होने के बारे में है। क्योंकि मत्ती ने मंदिर के विनाश के विषय में यीशु की भविष्यद्वाणी की पूर्ति का उल्लेख नहीं किया इसलिए यह संभावना है कि मत्ती रचित सुसमाचार को 70 ईसा पश्चात से पहले लिखा गया था।[44]

इसकी कई विशेषताएं यह सुझाव है कि मत्ती के सुसमाचार को मुख्य रूप से यहूदी लोगों को संबोधित करने के लिए लिखा गया था।

- मत्ती अपने पाठकों को यहूदी रीति-रिवाज़ों के विषय में नहीं समझाता है।
- मत्ती पुराने नियम के उद्धरणों का उपयोग अन्य सुसमाचारकों से अधिक करता है।
- मत्ती यीशु द्वारा पुराने नियम की भविष्यद्वाणी पूरी करने पर खास ध्यान देता है।
- जहां मरकुस और लूका ''परमेश्वर के राज्य'' वाक्यांश का उपयोग करते हैं वहीं मत्ती इसके तुल्यार्थक शब्द ''स्वर्ग के राज्य'' वाक्यांश का उपयोग करता है। यह यहूदियों की परमेश्वर के नाम का उपयोग करने की अनिच्छा को दर्शाता है।

[44] यह भविष्यद्वाणी (मत्ती 24:2) 70 ईसा पश्चात में पूरी हुई जब रोमन जनरल तितुस ने यरूशलेम पर विजय प्राप्त की। यरुशलेम पर रोमन विजय का जश्न मनाने का प्रतीक ''आर्क ऑफ तितुस'' अभी भी रोम में खड़ा है।

मत्ती के सुसमाचार की विषय वस्तु

► *मत्ती यीशु को राजा के रूप में कैसे चित्रित करता है?*

यीशु राजा के रूप में

मत्ती को अक्सर राजा का सुसमाचार कहा जाता है। मत्ती की पूरी पुस्तक में, यीशु को यहूदियों के राजा के रूप में चित्रित किया गया है और अंततः सभी देशों के लिए। ज्योतिषी नए राजा के जन्म को देखने पूर्व से आते हैं। हेरोदेस इस प्रतिद्वंद्वी राजा को नष्ट करना चाहता है। मत्ती में यीशु को राजा के रूप में देखा जाता है।

मत्ती ''दाऊद का पुत्र'' वाक्यांश का उपयोग किसी अन्य सुसमाचारों से अधिक करता है। यह एक राजा की उपाधि है, इससे पता चलता है कि यीशु दाऊद का वंशज है। इस नाम का उपयोग तब किया जाता है जब यीशु गधे पर सवार होकर यरूशलेम में प्रवेश करता है। यह एक शाही प्रवेश था जो जकर्याह 9:9 को पूरा करता है।[45]

यीशु ने अपने पहाड़ी उपदेश में राज्य की व्यवस्था की शिक्षा दी। वह दृष्टान्तों की एक श्रृंखला के माध्यम से स्वर्ग के राज्य की शिक्षा देता है। उसके क्रूस के ऊपर यह शिलालेख है ''यह यहूदियों का राजा यीशु है।'' मत्ती राजा का सुसमाचार है।

यीशु पुराने नियम की पूर्ति के रूप में

मत्ती यीशु के जीवन में हुई भविष्यद्वाणी की पूर्ति को ग्यारह बार संदर्भित करता है। मत्ती में उल्लिखित भविष्यद्वाणियां इस प्रकार हैं:

- एक कुंवारी से यीशु का जन्म (1:22)
- मिस्र की यात्रा (2:15)
- हेरोदेस द्वारा शिशुओं का वध (2:17)
- यीशु की चंगाई की सेवा (8:17)
- यरूशलेम में विजयी प्रवेश (21:4)
- उसको पकड़वाने के लिए चांदी के तीस सिक्कों का मूल्य (27:9)

[45] मत्ती 21:4।

यीशु के उपदेश

मत्ती ने अन्य सुसमाचार लेखकों की तुलना में यीशु के उपदेशों को अधिक संरक्षित किया। जहां मरकुस यीशु के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करता है वहीं मत्ती यीशु के शब्दों पर अधिक ध्यान देता है। मत्ती में पांच प्रमुख उपदेश हैं जो पूरे सुसमाचार को संरचना प्रदान करते हैं। शुरुआती टिप्पणीकारों ने देखा कि जिस तरह मूसा की पांच पुस्तकों ने इस्राएल के लिए नींव स्थापित की, उसी तरह ये पांच उपदेश कलीसिया की नींव स्थापित करते हैं। मत्ती में पांच प्रमुख उपदेश इस प्रकार हैं:

- पहाड़ी पर उपदेश (5-7)
- बारह चेलों की नियुक्ति (10)
- राज्य के दृष्टांत (13)
- राज्य में रिश्तों के विषय में शिक्षा (18)
- अंत के समय में जैतून का उपदेश (24-25)

आज की कलीसिया में मत्ती का सुसमाचार

मत्ती के सुसमाचार में उपदेश आज भी कलीसिया से उतने ही प्रभावशाली ढंग से बात करते हैं जिस प्रकार यीशु ने उन्हें पहली बार गलील और यहूदिया में प्रचार किया था।

> '' 'इसलिये चाहिये कि तुम सिद्ध बनो, जैसा तुम्हारा स्वर्गीय पिता सिद्ध है...' यीशु अच्छी तरह से जानता था कि हमारा अविश्वास कहगा कि यह असंभव है! और इसलिए यीशु,जिसके लिए सभी चीजें संभव हैं, उस वचन पर उसकी अपनी सारी सामर्थ्य, सच्चाई और विश्वासयोग्यता के वजह से दांव लगाता है।''
>
> - जॉन वेस्ली
>
> नए नियम पर टिप्पणियां

पहाड़ी उपदेश परमेश्वर के राज्य में जीवन का उत्कृष्ट सारांश प्रदान करता है। फरीसियों की परंपराओं और ''प्रेम के नियम'' के बीच विरोधाभास दिखाकर यीशु यह सिखाता है कि हमें स्वर्ग के राज्य के नागरिकों के रूप में कैसे जीना है। इस उपदेश का विषय है, ''इसलिये चाहिये कि तुम सिद्ध बनो जैसा तुम्हारा स्वर्गीय पिता सिद्ध है।''[46] यह आज्ञा यह दर्शाती है कि हमारा पिता प्रेम का

[46] मत्ती 5:48।

परमेश्वर है जो ''भलों और बुरों दोनो पर अपना सूर्य उदय करता है और धर्मियों और अधर्मियों दोनों पर मेंह बरसाता है।''[47] परमेश्वर के राज्य में ''सिद्ध'' होने का मतलब है कि हमारा हृदय परमेश्वर के हृदय के समान हो जो निस्वार्थ प्रेम का हृदय है। यद्यपि सिद्ध प्रेम का हृदय होना हमारी मानवीय क्षमता में असंभव है, फिर भी हमारा स्वर्गीय पिता जो हमें एक सिद्ध हृदय वाले लोग होने की आज्ञा देता है, वह परमेश्वर है जो अपनी *कृपा से* इसे संभव बनाता है।

परमेश्वर के राज्य में रिश्तों के विषय में यीशु की शिक्षा आज कलीसिया में रिश्तों के लिए एक उदाहरण प्रदान करती है।[48] मत्ती 18:15-20 बाइबल से संबंधित कलीसिया के अनुशासन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है जिसमें पाप कलीसिया के माध्यम से संबोधित किया जाता है, गपशप और अफवाहों के माध्यम से नहीं। यह अनुशासन एक ऐसे संदर्भ के भीतर होता है जो माफी और पुनर्स्थापना प्रदान करता है। यह वह सिद्धांत है जिसे क्षमा के विषय में पतरस के सवाल के दिये गये यीशु के उत्तर में देखा जाता है।[49]

महान आज्ञा हमें सभी देशों में शिष्य बनाने के लिए कहती है। यीशु की सिद्धता के लिए बुलाहट की तरह, हम इस बुलाहट को अपनी सामर्थ्य से नहीं, बल्कि उसके सामर्थ्य से पूरा करते हैं जिसने हमें यह आज्ञा दी है। जिसकी यह बुलाहट है उसी ने यह वादा किया ''मैं जगत के अन्त तक सदैव तुम्हारे संग हूँ।'' [50]

मरकुस: दास का सुसमाचार

मरकुस के सुसमाचार का परिचय

> जब पतरस ने रोम में सार्वजनिक रूप से वचन का प्रचार किया था, बहुतों ने यह निवेदन किया कि मरकुस, जिसने लंबे समय तक उसका अनुसरण किया था और उसकी बातों को याद किया था, उन्हें लिखे।
>
> - Clement of Alexandria
> Eusebius, Ecclesiastical History
> 6.14.5-7 में उद्धृत

यूहन्ना मरकुस बरनबास का चचेरा भाई था जो पौलुस और बरबनास के साथ उनकी पहली मिशनरी यात्रा में उनके साथ गया था।[51] हालाँकि उस यात्रा में उसकी विफलता के कारण पौलुस और बरनबास के बीच झगड़ा हुआ, फिर भी युहन्ना मरकुस ने बाद में पौलुस का भरोसा जीत लिया और उसकी सेवकाई में उपयोगी बन गया।[52]

---

47 मत्ती 5:45।

48 मत्ती 18।

49 मत्ती 18:21-35।

50 मत्ती 28:18-20।

51 कुलुस्सियों 4:10; प्रेरितों के काम 12:25।

52 प्रेरितों के काम 15:36-40; 2 थिमुथियुस 4:11।

शुरुआती कलीसिया के पासबानों ने शमौन पतरस को मरकुस के प्रेरिताई स्रोत के रूप में पहचाना। यूहन्ना मरकुस ने पतरस के साथ मिलकर काम किया कि उसे वह ''मेरा बेटा'' कहता था।[53] मरकुस का सुसमाचार पतरस की यीशु की सेवकाई की पहली यादों का विवरण देता है।

क्योंकि मरकुस के सुसमाचार की घटनाएँ हमेशा मत्ती और लूका के क्रम के अनुसार नहीं है, इसलिए यह जानना उपयोगी है कि एक शुरुआती कलीसिया का पासबान, बिशप पापियास ने प्रेरित युहन्ना का यह कह उल्लेख किया कि मरकुस ''पतरस का दुभाषिया बन गया और उसने वह सब कुछ सही ढंग से लिखा जो उसे याद था और *उस क्रम में नहीं लिखा जो प्रभु ने वास्तव में किया और कहा था।*''[54] मरकुस का विवरण सटीक है परन्तु उसने घटनाओं को एक सख्त क्रम में लिखने का प्रयास नहीं किया।

मरकुस रचित सुसमाचार को सम्भवतः रोम से लिखा गया था और यह मुख्य रूप से अन्यजाती लोगों को संबोधित करने के लिए था। मरकुस अक्सर यीशु द्वारा उपयोग किए गये अरमी वाक्यांशों की व्याख्या करता है।[55] इसके अलावा मरकुस अपने रोमन पाठकों को यहूदी शब्दावली समझाता है। उदाहरण के लिए मरकुस बताता है कि ''दो दमड़ियां'' (यहूदी सिक्के) ''एक अधेले के बराबर हैं'' (एक रोमन सिक्का)।[56]

मरकुस सबसे छोटा सुसमाचार है जिसमें अन्य सुसमाचारों की तुलना में बहुत कम विवरण हैं। मरकुस कार्य का सुसमाचार है, एक ऐसी विशेषता जो शमौन पतरस के प्रभाव को दर्शाती है। यह ''यीशु मसीह, परमेश्वर के पुत्र'' के जीवन और उसकी सेवकाई का स्पष्ट और सरल अभिलेख है।[57]

---

[53] 1 पतरस 5:13।

[54] यूसेबियस, कलीसिया संबंधी इतिहास में उद्धृत 3.39.14-17।

[55] पहली सदी के दौरान इब्रानी की जगह, अरमी फिलिस्तीन में इस्तेमाल की जाने वाली आम भाषा थी। अरमी शब्दों के मरकुस के स्पष्टीकरण के उदाहरणों में मरकुस 5:41, 7:11 और 14:36 शामिल हैं।

[56] मरकुस 12:42।

[57] मरकुस 1:1।

मरकुस के सुसमाचार की विषय वस्तु

► मरकुस यीशु की सेवक होने की भूमिका पर कैसे ज़ोर देता है?

सेवक यीशु

मरकुस को अक्सर सेवक का सुसमाचार कहा जाता है। मरकुस यीशु के शब्दों की तुलना में उसके कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। मत्ती के पांच प्रमुख उपदेशों के विपरीत, मरकुस में केवल एक ही उपदेश है (मरकुस 13)। मरकुस का सुसमाचार चमत्कारों पर अधिक ध्यान देता है; मरकुस सोलह अध्यायों की छोटी पुस्तक में उन्नीस चमत्कारों के विषय लिखता है।

यीशु का एक छोटे सेवक के रूप में वर्णन करके, मरकुस उसकी वंशावली और जन्म का कोई वर्णन नहीं करता। वह यीशु के उस समय की सेवकाई से शुरुआत करता है जब यीशु एक युवा पुरुष था।

मरकुस के सुसमाचार का एक प्रमुख पद यीशु की सांसारिक सेवकाई के दो पहलुओं को दर्शाता है। ''क्योंकि मनुष्य का पुत्र इसलिये नहीं आया कि उसकी सेवा टहल की जाए, पर इसलिये आया कि आप सेवा टहल करे और बहुतों की छुड़ौती के लिये अपना प्राण दे।''[58] यीशु सेवा करने और अपना जीवन बलिदान के रूप में देने के लिए आया था।

यीशु परमेश्वर का पुत्र

मरकुस की शुरुआत यीशु के प्रभु होने के कथन से होती है, ''परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के सुसमाचार का आरम्भ।''[59] क्रूस के पास खड़ा एक रोमन सूबेदार यह कबूल करता है, ''सचमुच यह मनुष्य परमेश्वर का पुत्र था''[60]

हालांकि मरकुस यह दर्शाता है कि यीशु एक सेवक था, लेकिन वह यीशु के अधिकार को परमेश्वर के पुत्र के रूप में भी दर्शाता है। एक रोमन पाठक की यह अपेक्षा होती थी कि एक दिव्य शासक अपनी सामर्थ्य से दुनिया पर राज करेगा। मरकुस उस सामर्थ्य को कई तरीकों से दिखाता है। पूरे सुसमाचार में, मरकुस यीशु के प्रभु होने के प्रमाणों को शामिल करता हैः

---

58 मरकुस 10:45।

59 मरकुस 1:1।

60 मरकुस 15: 39।

- बपतिस्मा के समय पिता यह गवाही देता है, ''तू मेरा प्रिय पुत्र है जिससे मैं अति प्रसन्न हूँ।''[61]
- दुष्टात्मा यीशु को ''पवित्र परमेश्वर के रूप में पहचानते हैं।''[62]
- जब यीशु पापों[63] को क्षमा करता है और सबत के समय अधिकार का दावा करता है तब यीशु उस अधिकार का प्रयोग करता है जो परमेश्वर का है।[64]
- यीशु के चमत्कार प्रकृति,[65] बीमारी[66] और यहां तक कि मृत्यु पर उसके अधिकार को प्रदर्शित करते हैं।[67]

मसीहाई रहस्य

यीशु के प्रभु होने पर मरकुस के ज़ोर के प्रकाश में, कुछ पाठक पूरे सुसमाचार में चुप रहने के बार-बार आदेशों से असमंजस में रहे हैं। बार-बार यह देखा जाता है कि जो लोग यीशु को मसीहा के रूप में पहचानते हैं, उन्हें इसके बारे में बोलने से मना किया जाता है। इसे ''मसीहाई रहस्य'' के रूप में जाना जाता है। ऐसी तीन परिस्थितियाँ हैं जिनमें यीशु ने मौन रहने की आज्ञा दी।

- **दुष्टात्माओं** को यीशु के दिव्य स्वभाव के बारे में बोलने से रोका गया था।[68] यीशु दुष्टात्माओं के साथ संबंध से दूर रहता था, जबकि उनकी गवाही सच थी।
- **जिन लोगों को चंगाई मिलती थी** उन्हें कभी-कभी मौन रहने की आज्ञा दी जाती थी।[69] ऐसा संभवतः भीड़ से बचने के लिए था जब यीशु की चंगाई की सेवकाई के विषय में बहुत लोगों को मालूम हो गया था। जब एक कोढ़ी ने इस आज्ञा की अवहेलना की और यीशु की सामर्थ्य के बारे में बताया, तो इतने लोगों की भीड़ इकट्ठा

---

61 मरकुस 1:11 और फिर मरकुस 9:7 में रूपांतरण के समय।
62 मरकुस 1:24, 3:11, 5:7।
63 मरकुस 2:5।
64 मरकुस 2:28।
65 मरकुस 4:39 और 6:47-48।
66 मरकुस 5:27-30 और 7:32-37, उदाहरण के लिए।
67 मरकुस 5:38-42।
68 मरकुस 1:34; 3:11-12।
69 मरकुस 1:44; 5:43; और 7:36।

हो गई कि ''यीशु आसानी से शहर में प्रवेश नहीं कर सकता था, इसके बजाय वह सुनसान स्थानों में जाया करता था।''[70] यीशु की सांसारिक सेवकाई *मुख्य रूप से* देह की चंगाई के विषय में नहीं थी। उसने चमत्कारपूर्णचंगाई को लंबे समय तक चलने वाली सेवकाई का स्थान नहीं लेने दिया, जिसके लिए वह आया था - जैसे शिष्यों को सुसमाचार फैलाना और कलीसिया के निर्माण के लिए प्रशिक्षित करना।

- जब **चेलों** को अंततः यह एहसास हुआ कि यीशु वास्तव में कौन था तो उसने उनको यह आज्ञा दी कि वे इस बात को किसी को न बताएं।[71] सबसे संभावित कारण यह था कि इससे गलतफहमी का खतरा था। पतरस के यह कहने के बाद भी कि यीशु मसीहा है, चेलों को पूरी तरह से समझ में नहीं आया कि यीशु क्या करने आया था।[72] वे उसके पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के बाद तक उसके राज्य के प्रचार के लिए तैयार नहीं थे। इस समय तक, चेलों के किसी भी बयान से भ्रम फैल सकता था।

आज की कलीसिया में मरकुस का सुसमाचार

यीशु की सेवकाई में सेवा की प्राथमिकता हमें यह स्मरण कराती है कि जब हम दुनिया की भौतिक और भावनात्मक ज़रूरतों को पूरा करते हैं, हमें दुनिया की आत्मिक ज़रूरतों को पूरा करने का अवसर प्राप्त होता है। रोमन साम्राज्य के मसीहियों ने महामारी से त्रस्त शहरों में मर रहे लोगों की देखभाल के लिए अपनी जान जोखिम में डाली। मध्य युग में मसीहियों ने कुष्ठ रोग और गरीबों की सेवा के लिए अस्पतालों की स्थापना की। मसीही संगठन आज अनाथों को पालते हैं, कैदियों से मिलते हैं, भूखों को खाना खिलाते हैं और बीमारों की देखभाल करते हैं। हमारे समाज के ज़रूरतमंद तत्वों की सेवा करना हमेशा कलीसिया के मिशन का हिस्सा होना चाहिए। ''क्योंकि मनुष्य का पुत्र इसलिये नहीं आया, कि उसकी सेवा टहल की जाए, पर इसलिये आया कि आप सेवा टहल करे।''[73]

---

[70] मरकुस 1:45।

[71] मरकुस 8:29-30।

[72] मरकुस 9:9-10, 31-32।

[73] मरकुस 10:45।

लूका: मनुष्य के पुत्र का सुसमाचार

लूका के सुसमाचार का परिचय

नए नियम के लेखक के रूप में लूका का अधिकार प्रेरित पौलुस के साथ उसके संबंध से आता है। लूका एक सुशिक्षित अन्यजाती व्यक्ति था, एक डॉक्टर था जो पौलुस के साथ यात्रा करता था और पौलुस के जीवन के अंत तक उसके साथ था। प्रेरितों के काम के कुछ भाग लूका की उपस्थिति को दर्शाते हैं। लूका ''वे'' के स्थान पर ''हम'' का इस्तेमाल करता है जब वह उन घटनाओं के विषय में लिखता है जिनके दौरान वह पौलुस के साथ था।[74]

लूका के सुसमाचार की तारीख़ काफी हद तक प्रेरितों के काम की पुस्तक के साथ इसके संबंध पर आधारित है। लूका एक कहानी की शुरुआत करता है जो प्रेरितों के काम की पुस्तक में जारी रहती है। प्रेरितों के काम के निष्कर्ष के आधार पर यह माना जा सकता है कि 64 ईसा पश्चात में नीरो के उत्पीड़न शुरू होने से कुछ समय पहले प्रेरितों के काम की पुस्तक लिखी गई थी।[75] इसका तात्पर्य है कि लूका की पुस्तक शायद 50 के दशक के अंत या 60 की शुरुआत में लिखी गई थी।

लूका का सुसमाचार किन लोगों के लिए था और इसके लिखने का क्या उद्देश्य था, इसे इसकी प्रस्तावना में ही देखा जा सकता है।[76] लूका थियुफिलुस को लिखता है जो शायद एक रोमन अधिकारी है। प्रेरितों के काम 1:4 का मतलब है कि थियुफिलुस एक नया मसीही था जिसे यीशु के जीवन के विषय में ठ शिक्षा ठ दी गई थी। नए विश्वासियों विशेष रूप से अन्यजातियों को यीशु के जीवन के विषय में, मसीही के नए जीवन और मसीही कलीसिया के सिद्धांतों के विषय में कई महीनों तक शिक्षा दी जाती थी। लूका ने थीयुफिलुस को सिखाई गई चीज़ों का ऐतिहासिक आधार बताने के लिए उसे पत्र लिखा था।

---

[74] प्रेरितों के काम के खंड जो लूका की समूह में उपस्थिति को दर्शाते हैं वे इस प्रकार हैं: 16:10-17; 20:5-21:18; 27:1-28:16।

[75] प्रेरितों के काम 28:30 में, पौलुस घर में नज़रबंद था, प्ररन्तु अभी तक उसके जीवन के लिए खतरा नहीं था।

[76] लूका 1:1-4।

लूका के सुसमाचार की विषय वस्तु

► लूका यीशु की मानवता दर्शाने के लिए किन विवरणों पर ज़ोर देता है?

यीशु परमेश्वर का पुत्र

कलीसिया की शिक्षा को मसीह की प्रकृति के विषय में स्पष्ट करने के लिए चालडोनियन के सिद्धांत की रचना 451 ईसा पश्चात में की गई थी। इस सिद्धांत में कहा गया है कि मसीह में दो व्यक्तित्व (ईश्वरीय और मानव) एक ही व्यक्ति में एकीकृत हैं: ''जो ईश्वरत्व में सिद्ध है और मनुष्यता में भी सिद्ध है; जो पूर्ण रूप से परमेश्वर है और पूर्ण रूप से मनुष्य है।''[77] लूका यीशु की मनुष्यता का विशद विवरण प्रदान करता है, ''मनुष्यता में सिद्ध''।

लूका दर्शाता है कि यीशु पूर्ण रूप से मनुष्य था। वह यीशु के जन्म की विस्तृत कहानी प्रदान करता है।[78] हालांकि उसका गर्भाधान अलौकिक था फिर भी यीशु का जन्म एक सामान्य शिशु के रूप में हुआ। वह पूरी तरह से मानव था।

मत्ती की वंशावली, जो मुख्य रूप से यहूदियों को संबोधित करती है, उससे यह पता चलता है कि यीशु अब्राहम के वंश का था। लूका की वंशावली जो एक यूनानी प्राप्तकर्ता को संबोधित करती है, वह यह दर्शाती है कि यीशु मानव का पुत्र था और आदम के वंश का था।[79]

लूका के शुरुआती अध्यायों का क्रम यीशु को ''दूसरा आदम'' के रूप में प्रदर्शित करने के लूका के इरादे को दर्शाता है। मत्ती के समान वंशावली से शुरुआत करने के बजाय, लूका वंशावली को बपतिस्मा के विवरण के बाद रखता है। वंशावली इस प्रकार समाप्त होती है ''वह आदम का पुत्र था, जो परमेश्वर का पुत्र था।'' इसके तुरंत बाद यीशु की परीक्षा का विवरण है। पहला आदम (सुंदर बगीचे में रहने वाला) परीक्षा में पड़ा। दूसरे आदम ने (भोजन के बिना चालीस दिन तक भूखा और जंगल में अकेला) परीक्षा का सामना किया। मनुष्य के रूप में यीशु ने प्रत्येक विश्वासी को परीक्षा का सामना करने का एक उदाहरण प्रदान किया। यीशु ने दर्शाया कि हमें पवित्र आत्मा के सामर्थ्य से (प्रार्थना के माध्यम से प्राप्त) और पवित्रशास्त्र से शैतान के हमलों का सामना करना चाहिए।[80]

---

[77] http://carm.org/christianity/creeds-and-confessions/chalcedonian-creed-451-ad

[78] लूका 2।

[79] लूका 3:23-38।

[80] लूका 4:1-13।

पूरे सुसमाचार में लूका पृथ्वी पर यीशु के जीवन के भौतिक पहलुओं को दर्शाता हैः भूख, नींद और गतसमनी के बगीचे में उसकी पीड़ा।[81] यीशु पूर्ण रूप से मानव था।

यीशु दुनिया का उद्धारकर्ता

लूका के सुसमाचार से पता चलता है कि यीशु *समस्त* मानव जाति के उद्धारकर्ता के रूप में आया।। शमौन ने यीशु को ''अन्यजातियों के रहस्योद्घाटन के प्रकाश'' के रूप में दर्शाया।[82]

यीशु को *सारी* दुनिया के उद्धारकर्ता के रूप में दर्शाने की लूका की इच्छा उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करती है जिनकी समाज में कोई प्रतिष्ठा नहीं थी। मत्ती पूर्व से यीशु के जन्म का सम्मान करने आये सम्मानित ज्योतिषियों का वर्णन करता है; जबकि लूका चरवाहों का वर्णन करता है।[83] गवाहों के रूप में चरवाहों की कोई विश्वसनीयता नहीं थी, उनकी गवाही को यहूदी अदालत में स्वीकार नहीं किया गया था। लूका स्वर्गदूतों द्वारा चरवाहों को की गई घोषणा को गवाही के रूप में इंगित करता है कि यीशु *सब लोगों* के लिए आया।

महिलाएं, एक अन्य समूह जिनकी यीशु के समय में समाज में बहुत कम प्रतिष्ठा थी, वे लूका के सुसमाचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हन्नाह नाम की एक भविष्यद्वक्तिन मंदिर में समर्पण के समय शमौन के साथ खड़ी होती है।[84] यीशु ने मरियम को चेलों के साथ ''उसके चरणों के पास'' बैठने दिया।[85] आश्चर्य की बात यह है कि महिलाएँ यीशु की सेवकाई की वित्तीय समर्थक थीं।[86]

लूका में निम्न सामाजिक स्थिति के कई अन्य समूहों को भी दर्शाया गया है। यीशु चुंगीलेनेवाले जक्कई नामक पुरुष के घर जाता है जो पहली सदी के पलिश्तीन के एक ऐसे समूह का हिस्सा था जिसका लोग बहुत कम सम्मान करते थे।[87] यीशु एक दृष्टांत सुनाता है जिसका नायक एक सामरी होता है।[88] क्रूस पर यीशु एक चोर पर दया दिखाता है जो दंड के योग्य था।[89]

---

81 लूका 22:44।
82 लूका 2:32।
83 लूका 2:15-20।
84 लूका 2:36-38।
85 लूका 10:39।
86 लूका 8:1-3।
87 लूका 19:1-10।
88 लूका 10:25-37।
89 लूका 23:39-43।

प्रार्थना का महत्व

लूका दर्शाता है कि यीशु के जीवन में प्रार्थना का बहुत महत्व था। सुसमाचारों में यीशु की प्रार्थनाओं के पंद्रह विशिष्ट संदर्भों में से ग्यारह संदर्भ लूका में ही पाये जाते हैं। एक महत्वपूर्ण फैसले के समय यीशु ने अपनी पूरी रात को प्रार्थना करने में बिताया।[90] प्रार्थना पर यीशु के दो महत्वपूर्ण दृष्टांत लूका 18 में हैं। ये दृष्टांत प्रार्थना में दृढ़ता और विनम्रता के बारे में सिखाते हैं।[91] लूका में प्रार्थना एक महत्वपूर्ण विषय है।

पवित्र आत्मा की भूमिका

लूका का सुसमाचार यीशु के जीवन में पवित्र आत्मा की भूमिका पर बारीकी से ध्यान देता है। यह विषय प्रेरितों के काम की पुस्तक में जारी रहेगा क्योंकि लूका प्रारंभिक कलीसिया में पवित्र आत्मा की भूमिका को दर्शाता है।

पवित्र आत्मा की भूमिका पूरे लूका रचित सुसमाचार में देखी जाती है:

- यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला, इलीशिबा और जकरयाह पवित्र आत्मा से भरे हुए थे।[92]
- यीशु के गर्भाधान के समय पवित्र आत्मा मरियम के ऊपर आया।[93]
- शमौन की पवित्र आत्मा आगवाई करता था।[94]
- पवित्र आत्मा यीशु के बपतिस्मे के समय भी आया।[95]
- पवित्र आत्मा यीशु को जंगल में ले गया ताकि उसकी परीक्षा हो।[96]
- पवित्र आत्मा यीशु के साथ था जब वह गलील में सेवकाई के लिए लौटा।[97]
- यीशु ने पवित्र आत्मा का उन लोगों से वादा किया जिन्होंने उससे पवित्र आत्मा मांगी थी।[98]

---

90 लूका 6:12।
91 लूका 18:1-8; लूका 18:9-14।
92 लूका 1:15, 41, 67।
93 लूका 1:35।
94 लूका 2:25-27।
95 लूका 3:22।
96 लूका 4:1।
97 लूका 4:14।
98 लूका 11:13।

आज की कलीसिया में लूका का सुसमाचार

आज की संदेहवादी दुनिया के लिए, लूका का **सभी विवरणों के प्रति सचेत ध्यान** पवित्रशास्त्र के सत्य की एक प्रभावशाली गवाही प्रदान करता है। लूका यीशु की सार्वजनिक सेवकाई की शुरुआत को एक ऐसे संदर्भ में रखता है जो उसके अति महत्वपूर्ण विवरण को दर्शाता है:

> तिबिरियुस कैसर के राज्य के पंद्रहवें वर्ष में जब पुन्तियुस पीलातुस यहूदिया का हाकिम था और गलील में हेरोदेस नाम चौथाई का इतूरैया और त्रखोनीतिस में, उसका भाई फिलिप्पुस और अबिलेने में लिसानियास चौथाई के राजा थेऔर जब हन्ना और कैफा महायाजक थे...[99]

जब हम मसीह को संदेहवादी संसार में प्रस्तुत करते हैं तो हम आत्मविश्वास के साथ प्रचार कर सकते हैं। हमारा कोई पौराणिक धार्मिक व्यक्ति में ''अंध विश्वास'' नहीं है। हमारा विश्वास एक ऐसे ऐतिहासिक व्यक्ति पर आधारित है जो परमेश्वर का पुत्र है जिसने हमारे बीच वास किया, हमारे पापों के लिए मर गया, तीसरे दिन जी उठा और स्वर्ग में चढ़ा जहां वह पिता के दाहिने हाथ बैठा है।

यीशु के जीवन में प्रार्थना की भूमिका प्रत्येक मसीही के लिए एक उदारहण के रूप में कार्य करती है। यदि यीशु, जिसने कभी कोई पाप नहीं किया और जिसका अपने पिता के साथ घनिष्ट संबंध था, उसने प्रार्थना के महत्व को समझा तो हम प्रार्थना को अपने जीवन में प्राथमिकता के रूप में और अधिक क्यों न समझें। सुसमाचारी लियोनार्ड रेवेनहिल ने लिखा, ''कोई भी व्यक्ति अपने प्रार्थना के जीवन से बड़ा नहीं है। जो पासबान प्रार्थना नहीं करता वह धोखा देता है ...''[100]

अंत में जैसे **पवित्र आत्मा** यीशु की सेवकाई में महत्वपूर्ण था वैसे ही पवित्र आत्मा आज की कलीसिया में महत्वपूर्ण है। कलीसिया का इतिहास पवित्र आत्मा के संबंध में दो खतरों को दर्शाता है। एक खतरा त्रिएकता के अन्य व्यक्तियों को अलग करके पवित्र आत्मा की भूमिका पर ही ज़ोर देना है।

---

[99] लूका 3:1-2।

[100] www.ravenhill.org. पर खोजें।

विपरीत खतरा कलीसिया में पवित्र आत्मा की भूमिका को कम करना है। ऐ.वी. टोज़र ने चेतावनी दी कि कलीसिया ''पवित्र आत्मा के सामर्थ्य की जगह'' पाखंड से भरे और कृत्रिम सामर्थ्य ''का उपयोग कर सकती है।''[101] हाल ही में, फ्रांसिस चान ने चेताया किः ''कलीसिया का कोई महत्व नहीं रह जाता जब यह पूर्ण रूप से मनुष्य द्वारा सृजी और चलाई जाती है। जब हमारे जीवन और कलीसियाओं में हर एक वस्तु का परमेश्वर के आत्मा के काम और उपस्थिति को छोड़कर अर्थ बताया जा सकता है तो हम वे लोग नहीं रह जाते, जिसके लिए हमें रचा गया था।[102]

प्रेरितों के काम कलीसिया में पवित्र आत्मा के महत्व को प्रदर्शित करता है। लूका एक व्यक्ति के जीवन में पवित्र आत्मा के महत्व को दर्शाता है। यीशु ने अपनी सांसारिक सेवा में पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन और सामर्थ्य पर भरोसा किया। आज हमें कलीसिया में पवित्र आत्मा की सामर्थ्य के स्थान पर ''पाखंड से भरे और कृत्रिम सामर्थ्य'' को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

निष्कर्ष

थॉमस लिनकेयर ऑक्सफोर्ड के प्रोफेसर थे और किंग हेनरी VIII के व्यक्तिगत चिकित्सक थे। पहली बार सुसमाचार पढ़ने के बाद उन्होंने अपनी डायरी में लिखा, ''या तो यह सुसमाचार नहीं है या हम मसीही नहीं हैं।'' लिनकेयर ने माना कि एक सच्चा मसीह जीवन यीशु मसीह द्वारा रूपांतरित होता है। जब उसने अपने जीवन की और अपने आसपास के मसीहियों के जीवन की तुलना सुसमाचार में यीशु के विवरण से की तो लिनकेयर को मालूम हुआ, ''हम मसीह होने का दावा करते हैं लेकिन हममें यीशु मसीह की छवि नहीं दिखती है।''

मत्ती से राज्य का सुसमाचार, मरकुस से यीशु के द्वारा ज़रूरतमंदों के सेवा का चित्र, लूका से पवित्र आत्मा पर ज़ोर सुसमाचार हमें प्रभू यीशु मसीह की सेवकाई का एक चित्र प्रदान करते हैं। इसके माध्यम से, सुसमाचार यह दर्शाते हैं कि मसीही होने का क्या अर्थ है। जब हम सुसमाचारों को पढ़ते हैं तो हमें खुद से पूछना चाहिए, ''क्या मैं एक ऐसा जीवन जी रहा हूं जो यीशु मसीह के जीवन-परिवर्तनकारी अनुग्रह को दर्शाता है?''

---

[101] A.W. Tozer. *Of God and Men (Chicago, IL: Moody Publishers, reissue edition, 2015)*

[102] Francis Chan. *Forgotten God: Reversing Our Neglect of the Holy Spirit (Colorado Springs, CO: David C Cook, 2009)*

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्नलिखित में से **दो** असाइनमेंट चुनें:

- यीशु के दृष्टान्तों में से एक दृष्टान्त पर एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। यह एक 5-6 हाथ से लिखे हुए पृष्ठ या एक रिकॉर्ड किया हुआ उपदेश या पाठ हो सकता है।
- एक मसीही के जीवन में पुनरुत्थान या क्रूस पर चढ़ाये जाने के महत्व पर एक उपदेश या कोई बाइबल पाठ तैयार करें। यह एक 5-6 हाथ से लिखे हुए पृष्ठ या एक रिकॉर्ड किया हुआ उपदेश या पाठ हो सकता है।
- पवित्र सप्ताह की एक समयरेखा तैयार करें जिसका उपयोग शिक्षण के लिए किया जा सकता है। यह एक पेपर-आधारित या कंप्यूटर-जनित व्याख्यान हो सकता है। इस समयरेखा में पवित्र सप्ताह की प्रमुख घटनाएं शामिल हों।
- निम्नलिखित क्षेत्रों और शहरों में से प्रत्येक का स्थान दिखाते हुए पलिश्तीन का नक्शा बनाएँ: यहूदिया, गलील, सामरिया, दिकापुलिस, यरुशलेम, नासरत, यरीहों और कैसरिया फिलिपी।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

सिनॉप्टिक सुसमाचारों के विषय में अधिक जानने के लिए कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें।

मुद्रित स्रोत

Bock, Darrell L. *Baker Exegetical Commentary on the New Testament: Luke (बेकर के द्वारा नए नियम की विवरणात्मक समीक्षा: लूका)* . Baker, 1996.

Garland, David E. *The NIV Application Commentary: Mark. (एन.आई.वी के द्वारा प्रायोगिक समीक्षा: मरकुस)* Zondervan, 1996.

France, R.T. *New International Commentary on the New Testament: Matthew. (नए नियम पर नई अंतर्राष्ट्रीय समीक्षाः मत्ती)* Eerdmans, 2007.

Robertson, A.T. *A Harmony of the Gospels (सुसमाचारों का सौहार्द्र).* Harper, 1932.

http://www.gutenberg.org/files/36264/36264-h/36264-h.htm पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

ऑनलाइन स्रोत

''The Gospel of Mark'' (मरकुस का सुसमाचार) http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

''Matthew and the Great Commission'' (मत्ती और महान आज्ञा) http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

Smith, Dr. Randall. ''Introduction to the Gospels'' (सुसमाचारों से परिचय) http://www.youtube.com पर

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 2 के परीक्षा प्रश्न

(1) पहले तीन सुसमाचारों को सिनॉप्टिक सुसमाचार क्यों कहते हैं?

(2) तीन प्रमाण दीजिए कि मत्ती का सुसमाचार यहूदी लोगों को संबोधित करता था।

(3) मत्ती के तीन प्रमुख विषयों की सूची बनाएं।

(4) मरकुस के तीन प्रमुख विषयों की सूची बनाएं।

(5) मरकुस के मसीहाई रहस्य से संबंधित तीन श्रोताओं की सूची बनाएं और समझाएं।

(6) थियुफिलुस के विषय में हम क्या जानते हैं? लूका के विषय में?

(7) चालडोनियन का सिद्धांत यीशु के व्यक्तित्व के विषय में क्या सिखाता है?

(8) लूका के चार प्रमुख विषयों की सूची बनाएं।

(9) लूका में निम्न सामाजिक प्रतिष्ठा वाले लोगों के प्रति यीशु की सेवकाई के तीन उदाहरणों को सूचीबद्ध करें।

(10) यीशु के सांसारिक जीवन के दौरान पवित्र आत्मा के कार्यों के तीन उदाहरणों को सूचीबद्ध करें।

पाठ 3

यूहन्ना: विश्वास का सुसमाचार

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) सिनॉप्टिक सुसमाचारों और यूहन्ना में अंतर बताएं।

(2) यूहन्ना के सुसमाचार के लेखक, तारीख और ऐतिहासिक स्थान के विषय में जानें।

(3) यूहन्ना के विषय और उद्देश्य को पहचानें।

(4) यीशु के मानव और परमेश्वर होने के महत्व की सराहना करें।

(5) यूहन्ना के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

(6) पाठ की विषय वस्तु को सेवकाई में लागू करें।

पाठ

यूहन्ना के सुसमाचार को पढ़ें।

जब आप यूहन्ना के सुसमाचार को पढ़ते हैं तब एक भक्ति की डायरी रखें और उसमें प्रत्येक अध्याय में यीशु द्वारा दी गई प्रस्तुति के जवाब में कुछ लिखें। उदाहरण के लिए, अध्याय 1 में आप यीशु की प्रस्तुति को शाश्वत ''वचन'' के रूप में लिख सकते हैं। एक मसीही होने के नाते उसका आपके लिए क्या अर्थ है? यीशु का शाश्वत स्वभाव उसकी संतान के रूप में आपके विश्वास और आत्मविश्वास को कैसे प्रभावित करता है?

यूहन्ना 20:30-31 को याद करें।

► *मसीहियों को ''विश्वासी'' कहा जाता है। ''विश्वास करने'' का क्या अर्थ है? सच्चा विश्वास हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करता है?*

> क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए। परमेश्वर ने अपने पुत्र को जगत में इसलिए नहीं भेजा, कि जगत पर दण्ड की आज्ञा दे, परन्तु इसलिए कि जगत उसके द्वारा उद्धार पाए। जो उस पर विश्वास करता है, उस पर दण्ड की आज्ञा नहीं होती, परन्तु जो उस

पर विश्वास नहीं करता, वह दोषी ठहराया जा चुका है, इसलिए कि उसने परमेश्वर के एकलौते पुत्र के नाम पर विश्वास नहीं किया।[103]

ये वचन पवित्रशास्त्र के सबसे परिचित वचनों में से हैं। ये वचन वादा करते हैं कि *जो कोई भी* यीशु में विश्वास करेगा, उसके पास अनन्त जीवन होगा। परन्तु ये वचन पवित्रशास्त्र के सबसे अधिक दुरुपयोग किए जाने वाले वचनों में से भी हैं। ''केवल विश्वास'' की अकसर गलत व्याख्या की जाती है, क्योंकि लोग अपने जीवन में कोई परिवर्तन लाये बिना इसे केवल मानसिक विश्वास समझते हैं। यूहन्ना यह दर्शाता है कि विश्वास मानसिक रूप से विश्वास करने से कहीं अधिक है। ''मुझे विश्वास है'' शब्दों को हृदय से बोलने से आपका जीवन बदल जाएगा। सच्चा विश्वास व्यक्ति की इच्छा और व्यवहार को बदल देता है।

यूहन्ना के सुसमाचार की पृष्ठभूमि

लेखक, तारीख और स्थान

जब्दी का पुत्र यूहन्ना चौथे सुसमाचार का लेखक था। एंटिओक का इगनाशियस, जस्टिन मार्टियर, पॉलीकार्प और इरेनेउस सभी ने यूहन्ना के लेखकत्व की गवाही दी।

यूहन्ना और उसका भाई याकूब और शमौन पतरस यीशू के बहुत निकट थे। जब यीशु ने एक मृतक लड़की को जिलाया तब ये शिष्य ही उसके साथ कमरे में मौजूद थे।[104] रूपांतरण के पर्वत पर और गतसमनी के बगीचे में भी ये ही यीशु के साथ थे।[105]

यूहन्ना कलीसिया का एक प्रभावशाली अगुआ था। केवल पौलुस ने ही यूहन्ना से अधिक नए नियम की पुस्तकें लिखीं। यूहन्ना ने यूहन्ना का सुसमाचार, तीन पत्रियां और प्रकाशितवाक्य की पुस्तक लिखीं।

परंपरा के अनुसार, यूहन्ना इफिसुस में रहता था। डोमिशियन के शासनकाल के दौरान यूहन्ना पतमुस में निवास करता था, जहां उसने प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को लिखा। उसके बाद वह इफिसुस लौट आया और लगभग 100 वर्ष की आयु में उसकी मृत्यु हो गई। उसने यूहन्ना के सुसमाचार को शायद इफिसुस में ही लिखा होगा। इसकी तारीख का अनुमान 85-95 ईसा पश्चात का लगाया जाता है जो सुसमाचारों की अंतिम तिथि है।

---

[103] यूहन्ना 3:16-18।

[104] मरकुस 5:37-42।

[105] मत्ती 17:1-9; मरकुस 14:32-36।

उद्देश्य

यूहन्ना का सुसमाचार सिनॉप्टिक सुसमाचारों से स्पष्ट रूप से भिन्न है। यूहन्ना में यीशु द्वारा दुष्टात्माओं को निकाले जाने के विषय में किसी घटना का वर्णन नहीं है, इसमें कोई दृष्टान्त नहीं है और मरकुस की पुस्तक के जैसे इसमें कोई ''मसीहाई रहस्य'' नहीं है।

जबकि कई लेखकों ने यूहन्ना और सिनॉप्टिक सुसमाचारों के बीच अंतर को देखा है फिर भी इनके बीच समानताओं को देखना भी महत्वपूर्ण है। यूहन्ना यीशु के जीवन का एक अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, परन्तु उसका संदेश अन्य सुसमाचारकों के समान ही है। यूहन्ना यह दर्शाता है कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है जो हमारे बीच रहा, हमारे पापों के लिए सूली पर चढ़या गया और तीसरे दिन मृतकों में से जी उठा। यूहन्ना का उद्देश्य यीशु के प्रभु होने के साक्ष्य को दर्शाना है।

यीशु से संबंधित दो शुरुआती विरुद्ध मत थे। एक ने उसके संपूर्ण मनुष्यत्व को यह दावा करते हुए नकार दिया कि यीशु केवल दिखने में मनुष्य था। लूका ने यीशु का पूर्ण रूप से मनुष्य होने का वर्णन करके इस त्रुटी का हवाला दिया। दूसरे विरुद्ध मत ने उसके परमेश्वर होने का खंडन यह दावा करते हुए किया की वह एक महान शिक्षक था परन्तु परमेश्वर का पुत्र नहीं था। यूहन्ना यीशु के प्रभुत्व पर खास ध्यान देते हुए उसके द्वारा किये गये चमत्कारों की श्रृंखला का वर्णन करता है जो उसे परमेश्वर के पुत्र के रूप में प्रकट करते हैं और ऐसे कथनों का भी उपयोग करता जो यह दर्शाते हैं कि वह वचन देहधारी बना। यूहन्ना का उद्देश्य यह है ''कि तुम विश्वास करो कि यीशु ही परमेश्वर का पुत्र मसीह है और विश्वास करके उसके नाम से जीवन पाओ।''[106]

यूहन्ना के सुसमाचार की विषय वस्तु

प्रस्तावना (यूहन्ना 1:1-18)

यीशु राजा को यहूदी लोगों के सामने पेश करते हुए, मत्ती ने यीशु को दाऊद से लेकर अब्राहम तक का वंश बताया। **यीशु सेवक** को को रोमन लोगों के सामने पेश करते हुए, मरकुस ने किसी वंशावली का वर्णन नहीं किया। **मनुष्य के पुत्र** को यूनानी लोगों के सामने पेश करते हुए, लूका ने यीशु को आदम तक का वंश बताया, जो पहला मनुष्य था। **यीशु को परमेश्वर का पुत्र** पेश करते

[106] यूहन्ना 20:31।

हुए, यूहन्ना एक ऐसी वंशावाली से शुरूआत करता है जिसे कोई भी ''ईश्वरीय वंशावली'' कह सकते हैं। ''आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। यही आदि में परमेश्वर के साथ था। सब कुछ उसी के द्वारा उत्पन्न हुआ और जो कुछ उत्पन्न हुआ है, उसमें से कोई भी वस्तु उसके बिना उत्पन्न न हुई।'' [107]

यूहन्ना का सुसमाचार इस प्रभावशाली दावे के साथ शुरू होता है कि यीशु ''वचन'' था और ''वचन परमेश्वर था।'' वह लिखता है, ''और वचन देहधारी हुआ, और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण होकर हमारे बीच में डेरा किया, और हम ने उसकी ऐसी महिमा देखी, जैसी पिता के एकलौते की महिमा, जो अनुग्रह और सत्य से परिपूर्ण है।''[108] बाकी का सुसमाचार इस दावे के समर्थन में प्रमाण पेश करता है।

चिन्हों की पुस्तक (यूहन्ना 1-12)

यूहन्ना की पुस्तक के पहले भाग को अक्सर ''चिन्हों की पुस्तक'' कहा जाता है। इस खंड में यूहन्ना सात चमत्कारों का वर्णन करता है जो यीशु की ईश्वरीय सामर्थ्य को दर्शाते हैं। जब उसने काना में हो रही एक शादी में पानी को दाखरस में बदल दिया तब यीशु ने अपने चेलों के सामने खुद को प्रकट किया। ''यह उसका पहला चिन्ह था जो यीशु ने गलील के काना में दिखाया और अपनी महिमा प्रकट की। और उसके चेलों ने उस पर विश्वास किया।''[109]

> कोई भी चमत्कार एक घटना से बढ़कर है जिसे हम समझा नहीं सकते। एक चमत्कार में ''प्रकृति के साथ अलौकिक हस्तक्षेप या घटनाओं का क्रम शामिल होता है। कलीसिया के इतिहास में चमत्कारों को न केवल परमेश्वर की कृपा की असाधारण अभिव्यक्तियों के रूप में देखा गया है, बल्कि चमत्कार करने वाले व्यक्ति की ईश्वरीय साक्षी या उसकी शिक्षा के रूप में भी देखा गया है।'' यही कारण है कि यूहन्ना यीशु के चमत्कारों का वर्णन करने के लिए ''चिन्ह'' शब्द का उपयोग करता है।
>
> - Sinclair B. Ferguson और J.I. Packer, New Dictionary of Theology, 1988 से परिभाषा।

काना में यह चिन्ह यूहन्ना 1-12 में वर्णित सात चमत्कारी चिन्हों की श्रृंखला में पहला चिन्ह था। अन्य छह चिन्ह इस प्रकार हैं:

---

[107] यूहन्ना 1:1-3।

[108] यूहन्ना 1:14।

[109] यूहन्ना 2:11।

- कफरनहूम में एक अधिकारी के बेटे को चंगा करना (4:46-54)
- बेतहसदा में लकवाग्रस्त व्यक्ति को चंगा करना (5:1-18)
- 5,000 लोगों को भोजन कराना (6:5-14)[110]
- पानी पर चलना (6:16-24)
- जन्म से अंधे व्यक्ति को चंगा करना (9:1-7)
- लाजर को मृतकों में से जिलाना (11:1-45)

प्रत्येक चमत्कार ने यीशु को परमेश्वर के पुत्र के रूप में प्रकट किया। यूहन्ना यीशु के चमत्कारों का वर्णन करने के लिए ''चिन्ह'' शब्द का उपयोग करता है। ये चमत्कार यीशु के परमेश्वर के पुत्र होने के चिन्ह थे। जैसे हम सड़क या हवाई अड्डे को खोजने के लिए चिन्हों का पालन करते हैं वैसे ही यूहन्ना हमें यीशु के चमत्कारों के चिन्हों का पालन करके उसके ईश्वरत्व को खोजने के लिए कहता है।[111] लाजर को जिलाने का यीशु का अंतिम चमत्कार केवल यूहन्ना की पुस्तक में ही है और यह सुसमाचार के पहले भाग का चरम बिंदु था। यह चमत्कार यीशु और धर्म गुरूओं के बीच सीधे टकराव का कारण बना। क्योंकि कई यहूदी इस निर्विवाद चमत्कार के परिणामस्वरूप यीशु की ओर मुड़ रहे थे, इसी कारण इन धर्म गुरुओं ने यीशु और लाजर दोनों को मारने का फैसला किया।[112]

सात चमत्कारों के अलावा, यूहन्ना यीशु के कथनों की श्रृंखला लिखता जो उसके ईश्वरत्व की गवाही देती है। जहाँ मरकुस ने ऐसे अवसरों का उल्लेख किया है जिनमें यीशु ने चेलों को इस बात की गवाही देने के लिए मना किया कि वह मसीहा है, वहीं यूहन्ना ऐसे अवसरों का वर्णन करता हैं जिनमें यीशु ने अन्य लोगों के सामने अपने स्वभाव को प्रकट किया। यूहन्ना में वर्णित गवाहियां इस प्रकार हैं:

- नीकुदेमुस को यीशु की गवाही (3:1-21)
- सामरी स्त्री को यीशु की गवाही (4:1-41)[113]

---

[110] यही एक चमत्कार है जिसका चारों सुसमाचारों में वर्णन है।

[111] http://www.probe.org/site/c.fdKEIMNsEoG/b.4222629/k.EE2A/What_is_a_Biblical_Definition_of_Miracle.htm.

[112] यूहन्ना 11:45-53, 12:9-11।

[113] विशेष रूप से यूहन्ना 4:25-26 देखें।

- बेतहसदा में एक आदमी को चंगाई देने के बाद यीशु की गवाही (5:17-18)
- 5000 लोगों को खिलाने के बाद यीशु की गवाही (6:24-59)
- झोपड़ी के पर्व के समय यीशु की गवाही (7:14-44)
- यीशु की गवाही है कि ''पहले इसके कि अब्राहम उत्पन्न हुआ, मैं हूँ'' (8:52-59)
- समर्पण के पर्व के समय यीशु की गवाही (10:22-38)

संशयवादियों ने तर्क दिया है कि यीशु ने परमेश्वर होने का दावा नहीं किया था। यूहन्ना दर्शाता है कि यीशु ने बार-बार स्वयं के परमेश्वर होने की गवाही दी। यीशु के सुननेवालों को अच्छी तरह से पता था कि उसका क्या अर्थ था जब उसने यह कहा ''इससे पहले कि अब्राहम था, मैं हूं।''[114] ये परमेश्वर द्वारा मूसा के सामने खुद को प्रकट करने के शब्द हैं, ''मैं जो हूं सो हूं।''[115] यीशु को सुनने वालों को पता था कि उसका क्या मतलब है; उन्होंने उसे पत्थर मारने की कोशिश की जो परमेश्वर की निंदा की सजा थी।[116] वे यीशु को इसलिए नहीं मारना नहीं चाहते थे क्योंकि वह एक महान शिक्षक और चंगा करनेवाला था। वे यीशु को इसलिए मारना चाहते थे क्योंकि उसने परमेश्वर होने का दावा किया था। लोग यीशु के परमेश्वर होने के दावे को अस्वीकार कर सकते हैं, परन्तु इस बात से इनकार करना मूर्खतापूर्ण होगा कि उसी ने यह दावा किया था।

> ...लोग अक्सर कहते हैं: ''मैं एक महान नैतिक शिक्षक के रूप में यीशु को स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ परन्तु मैं परमेश्वर होने के उसके दावे को स्वीकार नहीं करता।'' यह एक ऐसी बात है जो हमें नहीं कहनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति ऐसी बातें कहे जैसी यीशु ने कही तो वह कोई महान नैतिक शिक्षक नहीं हो सकता। वह या तो कोई पागल होगा या फिर वह नर्क का शैतान होगा। आपको अपना चुनाव करना है.... आप मूर्खता के लिए उसे चुप करा सकते हैं। एक दुष्टआत्मा के रूप में उसे मार सकते हैं या आप उसके चरणों में गिरकर उसे प्रभु और परमेश्वर कह सकते हैं। परन्तु हमें कभी भी कृपा से भरी हुई मूर्खता के साथ यह निर्णय नहीं लेना चाहिए कि वह एक महान शिक्षक था। उसने यह विकल्प हमारे लिये खुला नहीं छोड़ा है।
>
> - C.S. Lewis
> *Mere Christianity*

[114] यूहन्ना 8:58।
[115] निर्गमन 3:14।
[116] यूहन्ना 8:59।

महिमा की पुस्तक (यूहन्ना 13-20)

यीशु में ''हमने उसकी ऐसी महिमा देखी, जैसी पिता के एकलौते की महिमा, अनुग्रह और सत्य से परिपूर्ण।''[117] यीशु की सांसारिक सेवकाई के अंतिम सप्ताह के दौरान उसकी महिमा चेलों की अपेक्षा से बहुत अलग तरीके से प्रकट हुई। चेलों ने सोचा उसकी महिमा सैन्य विजय, राजनीतिक शक्ति और लोकप्रिय सार्वजनिक सेवकाई के रूप में होगी। इसके बजाय, यीशु ने यह दिखाया कि उसकी महिमा में क्रूस और आत्म-बलिदान शामिल थे।

अंतिम भोज में, यीशु ने विनम्रता दिखाई, ऐसी विनम्रता जिसके साथ उसके पिछे चलनेवालों को एक दूसरे की सेवा करनी चाहिए।[118] अपने अंतिम प्रवचनों में, यीशु ने सहायक के विषय बात की जो ''हमेशा के लिए आपके साथ रहेगा।''[119] बेल और शाखाओं के रूपक के साथ, उसने लगातार उसमे बने रहने की आवश्यकता के विषय में सिखाया, ''यदि कोई मुझ में बना न रहे, तो वह डाली की नाई फेंक दिया जाता है और सूख जाता है।''[120] ये उदाहरण राजनीतिक और सैन्य शक्ति के विपरीत थे। इसके बजाय, यीशु का मार्ग आत्म-समर्पण और विनम्रता का था।

यीशु की ''सर्वोच्च प्रार्थना'' में उसने उन मुद्दों के लिए प्रार्थना की जो उसके दिल के सबसे करीब थे। क्रूस का सामना करते हुए, यीशु ने स्वयं के लिए प्रार्थना कीः

- कि पिता के माध्यम से उसकी महिमा होगी (17:1-8)
- चेलों के लिएः कि वे सुरक्षित रहें और पवित्र किए जाएं (17:9-19)
- सभी विश्वासियों के लिएः कि उनकी एकता दुनिया के लिए एक गवाही हो (17:20-26)

यूहन्ना यीशु की गिरफ्तारी, परीक्षा, क्रूस और पुनरुत्थान का वर्णन करता है। यूहन्ना के आरंभ में यीशु ने नीकुदेमुस को बताया कि, ''और जिस रीति से मूसा ने जंगल में सांप को ऊँचे पर चढ़ाया, उसी रीति से आवश्यक है कि मनुष्य का पुत्र भी ऊँचे पर चढ़ाया जाए ताकि जो कोई विश्वास करे उसमें अनन्त जीवन पाए।''[121] बाद में यीशु ने अपनी मृत्यु के तरीके की बात की,

---

[117] यूहन्ना 1:14।
[118] यूहन्ना 13।
[119] यूहन्ना 14:16।
[120] यूहन्ना 15:6।
[121] यूहन्ना 3:14-15।

''और मैं यदि पृथ्वी पर से ऊँचे पर चढ़ाया जाऊँगा, तो सब को अपने पास खीचूँगा।''[122] मनुष्य का पुत्र ''सब मनुष्यों'' को अपने पास खींचने के लिए क्रूस पर ''चढ़ाया'' गया ताकि वे ''नाश न हों, परन्तु उनके पास अनन्त जीवन हो।'' उसके क्रूस पर चढ़ाए जाने को ''उसकी महिमा का क्षण'' भी कहा जाता है।[123] यह वही महिमा थी जिसके लिए वह दुनिया में आया था।

पुनरुत्थान के बाद यूहन्ना ने थोमा की गवाही के साथ इस खंड का समापन किया, ''मेरा प्रभु और मेरा परमेश्वर।''[124] यीशु के पुनरुत्थान की परिवर्तित शक्ति को थोमा के बाद के जीवन में देखा जा सकता है, भारत में प्रचार करते समय वह शहीद हो गए।

उपसंहार (यूहन्ना 21)

यूहन्ना के अंतिम अध्याय में गलील सागर के पास यीशु द्वारा अपने चेलों को दर्शन देने का वर्णन है।[125] यूहन्ना ने अपने विवरणों के सत्य की पुष्टि करके अपने सुसमाचार को समाप्त किया, ''यह वही चेला है जो इन बातों की गवाही देता है और जिस ने इन बातों को लिखा है और हम जानते हैं कि उसकी गवाही सच्ची है।''[126]

आज की कलीसिया में यूहन्ना का सुसमाचार

यूहन्ना की पुस्तक नए विश्वासियों को यीशु का ईश्वरीय स्वरूप प्रगट करती है। यीशु की अपनी स्पष्ट और सरल प्रस्तुति के कारण, पासबान अक्सर नए विश्वासियों को यूहन्ना के सुसमाचार को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यूहन्ना में हम यीशु को ''जीवन की रोटी'' (6:35) के रूप में; ''दुनिया की ज्योति'' के रूप में (8:12); ''अच्छे चरवाहे'' के रूप में (10:11); ''पुनरुत्थान और जीवन'' के रूप में (11:25); और मार्ग, सत्य और जीवन के रूप में देखते हैं (14:6)।

---

[122] यूहन्ना 12:32।

[123] यूहन्ना 12:23।

[124] यूहन्ना 20:28।

[125] यूहन्ना 21:1। यूहन्ना गलील की झील को एक अलग नाम, तिबिरियासकी झील से पुकारता है। तिबिरियास गलील की राजधानी थी।

[126] यूहन्ना 21:24।

संदेहवादी संसार को यूहन्ना यीशु को परमेश्वर के पुत्र के रूप में प्रकट करता है। यूहन्ना में वर्णित चमत्कार उन लोगों से बात करते हैं जो यीशु के परमेश्वर होने के दावे के प्रमाण को ढूंढते हैं। चमत्कारों के माध्यम से यीशु ने प्रदर्शित किया उसकी ईश्वरीय सामर्थ्य उसके ''मैं जो हूं सो हूं'' होने के दावे का आधार थी।[127]

एक आधुनिक कलीसिया जो सच्चे चेलेपन की बुलाहट के बगैर ''बिना किसी कीमत के अनुग्रह'' का उपदेश देती है[128] उसे यूहन्ना का सुसमाचार विश्वास का सही अर्थ दिखाता है। सच्चा विश्वास एक मसीही के जीवन को बदल देता है। यीशु को ''जीवन की रोटी'' के विषय में बात करते सुनने के बाद ''उसके चेलों में से बहुतेरे उल्टे फिर गए और उसके बाद उसके साथ न चले।''[129] इन अनुयायियों ने यह दावा किया होगा कि वे यीशु में ''विश्वास'' करते थे। वे उसके पीछे-पीछे चले, उन्होंने रोटी और मछलियों का आनंद उठाया, परन्तु उन्होंने वास्तव में विश्वास नहीं किया। उन्होंने यीशु की मांगो का लगातार आज्ञापालन न करके अपने विश्वास को पूरा नहीं किया। यूहन्ना का सुसमाचार सच्चे विश्वास का अर्थ सिखाता है।

निष्कर्ष

यूहन्ना के सुसमाचार से पता चलता है कि सच्चा विश्वास एक विश्वासी के जीवन को बदल देता है, यह विश्वासी के जीवन को नुकसान भी पहुंचा सकता है। डिट्रिच बोनहॉफ़र ने ''बिना किसी कीमत के अनुग्रह'' और ''कीमत से भरे अनुग्रह'' में अंतर दिखाया। उन्होंने लिखा, ''जब मसीह किसी मनुष्य को बुलाता है तो वह उससे कहता है कि आओ और अपने प्राण को त्यागो।''[130] इस प्रकार का सच्चा विश्वास दूसरी शताब्दी के शहीद पॉलीकार्प के जीवन में देखा जाता है।

पॉलीकार्प प्रेरित यूहन्ना का चेला था। उसने यूहन्ना की शिक्षा को सुना था और यूहन्ना से यीशु के जीवन की घटनाओं के बारे में सुना था। 86 साल की उम्र में पॉलीकार्प को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी इस तरह के एक सम्मानित बूढ़े व्यक्ति को मृत्युदंड नहीं देना चाहते थे और उसे ''केसर प्रभु है'' बोलकर अपनी जान बचाने का मौका दिया। मजिस्ट्रेट ने कहा, ''यह कसम खाओ और

---

[127] यूहन्ना 8:58।

[128] शब्द ''बिना किसी कीमत के अनुग्रह'' Dietrich Bonhoeffer की पुस्तक *The Cost of Discipleship* से आता है।

[129] यूहन्ना 6:66.

[130] Dietrich Bonhoeffer *(The Cost of Discipleship)* Translated by R.H. Fuller. Touchstone, 1995, 89.

मैं तुम्हें छोड़ दूंगा।'' सच्ची धारणा के अर्थ के साक्षी के रूप में सदियों से पॉलीकार्प की प्रतिक्रिया गूँजती हैः ''सालों से मैं उसका सेवक रहा हूं और उसने मेरे साथ कोई बुराई नहीं की। फिर मैं अपने राजा की जिसने मुझे बचाया है कैसे निंदा कर सकता हूं?''[131] पॉलीकार्प ने अपने शिक्षक यूहन्ना से शिक्षाएं पायीं थीं। वह जानता था कि सच्चा विश्वास एक विश्वासी को बदल देता है यहाँ तक कि उसके लिए मरना भी पड़े।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायेंः

(1) जब आप यूहन्ना के सुसमाचार को पढ़ते हैं तब एक भक्ति की डायरी रखें और उसमें प्रत्येक अध्याय में यीशु द्वारा दी गई प्रस्तुति के जवाब में कुछ लिखें। उदाहरण के लिए, अध्याय 1 में आप यीशु की प्रस्तुति को शाश्वत ''वचन'' के रूप में लिख सकते हैं। एक मसीही होने के नाते उसका आपके लिए क्या अर्थ है? यीशु का शाश्वत स्वभाव उसकी संतान के रूप में आपके विश्वास और आत्मविश्वास को कैसे प्रभावित करता है?

(2) इस पाठ की विषय वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

यूहन्ना की पुस्तक का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें।

मुद्रित स्रोत

Bruce, F.F. *The Gospel of John (यूहन्ना का सुसमाचार).* Eerdmans, 1994.

Morris, Leon. *New International Commentary on the New Testament: John. (नए नियम पर नई अंतर्राष्ट्रीय समीक्षाः यूहन्ना)* Eerdmans, 1995.

Robertson, A.T. *A Harmony of the Gospels (सुसमाचारों का सौहार्द्र).* Harper, 1932.

http://www.gutenberg.org/files/36264/36264-h/36264-h.htm पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

[131] पॉलीकार्पकी शहादत की कहानी http://www.ccel.org/ccel/richardson/fathers.vii.i.iii.html. पर पायी जाती है।

ऑनलाइन स्रोत

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 3 के परीक्षा प्रश्न

(1) यूहन्ना की पुस्तक के लेखन के विषय पॉलीकार्प की गवाही क्यों विशेष रूप से महत्वपूर्ण है?

(2) यूहन्ना का अपने सुसमाचार के लिए क्या उद्देश्य था?

(3) यूहन्न के सुसमाचार की विषय वस्तु में यूहन्ना के उद्देश्य को कैसे देखा जाता है?

(4) यीशु की वंशावली के बारे में यूहन्ना का प्रस्ताव क्या दर्शाता है?

(5) यूहन्ना में दिये सात ''चिन्हों'' को सूचीबद्ध करें।

(6) अपने ईश्वरत्व के विषय यीशु द्वारा गवाहियों के तीन उदाहरण दें।

(7) यीशु के ईश्वर के दावों के बारे में यहूदी धर्म गुरूओं की प्रतिक्रिया क्या थी?

(8) यीशु की ''सर्वोच्च प्रार्थना'' में, उसने किन तीन चीज़ों के लिए प्रार्थना की?

पाठ 4

प्रेरितों के काम और प्रारंभिक कलीसिया

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) प्रारंभिक कलीसिया की भौगोलिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझें।

(2) प्ररितों के काम के लेखक और तारीख को जानें।

(3) प्रेरितों के काम के उद्देश्य और महत्वपूर्ण विषयों को पहचानें।

(4) यह पता लगाएं कि सुसमाचार यरूशलेम से रोमन साम्राज्य तक कैसे फैला।

(5) प्रेरितों के काम में निर्धारित और वर्णनात्मक शिक्षण के बीच के अंतर को समझें।

(6) पौलुस की सेवकाई का अवलोकन करें।

(7) प्रेरितों के काम के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

प्रेरितों के काम की पुस्तक पढ़ें।

प्रेरितों के काम 1:7-8 को याद करें।

पुराने नियम में, यहोशू की पुस्तक जंगल से कनान तक और मूसा के नेतृत्व से यहोशू के नेतृत्व तक इस्राएलियों के जीवन में आये परिवर्तन को दर्शाती है। यहोशू की पुस्तक, परमेश्वर के लोग इस्राएल के इतिहास में आये एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का चित्रण करती है।

नए नियम में, प्रेरितों के काम की पुस्तक यीशु की संसारिक सेवा से कलीसिया में पवित्र आत्मा की आत्मिक सेवकाई तक के परिवर्तन को दर्शाती है। यह यीशु के कार्यों से ध्यान हटाकर प्रेरितों के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करती है। प्रेरितों के काम की पुस्तक परमेश्वर के लोगों के इतिहास में आये एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का चित्रण करती है, जो कलीसिया है।

यहोशू की पुस्तक एक आंशिक रूप से सफल परिवर्तन को दर्शाती है। पुस्तक के अंत में, इस्राएल के लोग परमेश्वर के प्रति वफादारी की प्रतिज्ञा करते हैं।[132]

[132] यहोशू 24.31।

हालाँकि कनानी अभी तक पूरी तरह से पराजित नहीं हुए हैं। अगली पीढ़ी तक, इस्राएली कनानी देवताओं की उपासना कर रहे थे।[133]

प्रेरितों के काम की पुस्तक इससे कहीं अधिक सफल परिवर्तन को दर्शाती है। जिस महान आज्ञा के साथ पुस्तक की शुरुआत होती है, वह पुस्तक के अंत में पूरी होती है।[134] यरूशलेम में केंद्रित एक यहूदी कलीसिया से प्रेरितों के काम की पुस्तक की शुरुआत होती है और इसका अंताकिया में केंद्रित बहुसांस्कृतिक कलीसिया के साथ समापन होता है। यरूशलेम से प्रेरितों के काम की शुरुआत होती है और रोम में इसका समापन होता है। प्रेरितों के काम की पुस्तक की शुरुआत पतरस से होती है जो यीशु के बहुत करीब रहने वाला व्यक्ति होता है और इसका समापन पौलुस के साथ होता है जो पहले कलीसिया को बहुत सताया करता था।

प्रारंभिक कलीसिया का समय

पाठ 1 में हम नए नियम के समय का अवलोकन देखते हैं। उस पाठ की समीक्षा प्ररितों के काम के अध्ययन के लिए आपकी स्मृति को ताज़ा करेगी। रोमन साम्राज्य तक शुरुआती प्रारंभिक कलीसिया के प्रसार को समझने के लिए कुछ अतिरिक्त तथ्य महत्वपूर्ण हैं।

भूगोल। प्रेरितों के काम का ध्यान पलिश्तीन से हटकर रोमन साम्राज्य की व्यापक दुनिया में केंद्रित होता है कृपया अपनी बाइबल के नक्शे या बाइबल की मानचित्रावली को देखने के लिए कुछ समय लें।[135] निम्नलिखित स्थानों पर ध्यान दें जो प्रेरितों के काम में महत्वपूर्ण हैं:

- सीरिया के प्रांत में *अन्ताकिया*: यहूदिया से आगे एक मसीही सुसमाचार केंद्र।
- मकोदुनिया प्रांत में *फिलिप्पी*: युरोप में स्थापित की गई पहली कलीसिया।
- एशिया के प्रांत में *इफिसुस*: प्रांत की राजधानी। पौलुस की रणनीति रोमन साम्राज्य के मुख्य शहरों में कलीसियाएं स्थापित करने की थी। एक केंद्रीय स्थान पर स्थित प्रारंभिक कलीसिया से सुसमाचार पूरे प्रांत में फैला।

[133] न्यायियों 2:7-11।

[134] प्रेरितों के काम 1:7-8; 28:30-31।

[135] http://www.openbible.info/geo/ पर ऑनलाइन बाइबल नक्शे उपलब्ध हैं।

- अचैया प्रांत में *कुरिन्थुसः* भूमध्य सागर पर एक बंदरगाह के रूप में कुरिन्थुस सुसमाचार प्रचार के लिए एक महत्वपूर्ण शहर था क्योंकि कई देशों के लोग यहां घूमने आते थे।

- *रोमः* साम्राज्य में सुसमाचार प्रचार करने के लिए पौलुस का लक्ष्य रोम का दौरा करना था। अपनी सेवकाई के अंत में उसने रोम से स्पेन जाने की योजना बनाई।

इतिहास। दो रोमन सम्राट प्रेरितों के काम और पत्रियों में महत्वपूर्ण हैं।

- *नीरो* 54 ईसा पश्चात से 68 इस्वी तक सम्राट रहा। नीरो ने मसीहिओं को एक बड़ी आग के लिए दोषी ठहराया जिसने अधिकतर रोम का विनाश कर दिया था। इस झूठे दोष के कारण मसीहियों का व्यापक उत्पीड़न हुआ। पतरस और पौलुस नीरो द्वारा मारे गए कई मसीहियों में से थे।

- *डोमिशियन* 81 ईसा पश्चात 96 इस्वी तक सम्राट रहा। उसने ''प्रभु और परमेश्वर'' होने का शीर्षक हासिल किया और उन मसीहियों को सताया जिन्होंने उसके प्रति वफादारी की कसम नहीं खाई। यह संभावना है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक इसी समय की है।

प्रेरितों के काम की पुस्तक की पृष्ठभूमि

लेखक और तारीख

प्रेरितों के काम में, लूका अपने सुसमाचार में शुरू की गई कथा को जारी रखता है। ''हे थियुफिलुस, मैंने पहली पुस्तिका उन सब बातों के विषय में लिखी, जो. ..''[136]

प्रेरितों की पुस्तक के अंत में, पौलुस रोम में नज़रबंद है।[137] यह 50 ईसा पश्चात के अंत या 60 की शुरुआत की संभावित तारीख को दर्शाता है।

उद्देश्य

लूका का सुसमाचार यीशु को कलीसिया का नेतृत्व करने के लिए चेलों को प्रशिक्षित करते हुए दर्शाता है। प्रेरितों के काम की पुस्तक चेलों को दुनिया में सुसमाचार ले जाते हुए दर्शाती है। प्रेरितों के काम की पुस्तक सुसमाचार को यरूशलेम और यहूदिया से सामरिया और पृथ्वी के छोरों तक फैलते हुए दर्शाती है।

---

[136] प्रेरितों के काम 1:1।

[137] प्रेरितों के काम 28:30।

महत्वपूर्ण विषय

ऐतिहासिक विवरण

लूका के सुसमाचार की तरह, प्रेरितों के काम की पुस्तक ऐतिहासिक विवरणों पर सावधानीपूर्वक ध्यान देती है। प्रेरितों के काम में तीस से अधिक देशों, पचास से अधिक शहरों और लगभग एक सौ व्यक्तियों का उल्लेख है।[138]

सुसमाचार प्रचार और मिशन

प्रेरितों के काम की शुरुआत में, यीशु ने अपने चेलों को यरूशलेम, यहूदिया, सामरिया में और ''पृथ्वी के बिलकुल अंतिम छोर'' तक सुसमाचार ले जाने की आज्ञा दी। प्रेरितों के काम के अंत में, सुसमाचार का पूरे रोमन साम्राज्य में प्रचार किया जाता है।

पवित्र आत्मा का कार्य

लूका के सुसमाचार ने यीशु की सांसारिक सेवकाई में पवित्र आत्मा की भूमिका पर ध्यान दिया। प्रेरितों के काम में, लूका शुरुआती कलीसिया में पवित्र आत्मा की भूमिका को दर्शाता है। पवित्र आत्मा प्रेरितों के काम में केंद्रीय चरित्र है। आत्मा के माध्यम से ही चेलों को सेवकाई के लिए सामर्थ्य मिली।

सुमाचार का संदेश

लूका के सुसमाचार को उन बातों की सटीकता की पुष्टि करने के लिए लिखा गया है जो थियोफिलुस को एक नये विश्वासी के तौर पर सिखायी गयी थीं। नए विश्वासियों को सुसमाचार की शिक्षा देने के लिए प्रेरितों के काम की पुस्तक का भी यही लक्ष्य है। पुस्तक के लगभग एक-चौथाई भाग में उपदेश हैं। प्रेरितों के काम की पुस्तक में महत्वपूर्ण उपदेश इस प्रकार हैं:

- पिन्तेकुस्त में पतरस का उपदेश (प्रेरितों के काम 2)
- कचहरी में स्तिुफनुस द्वारा प्रतिरक्षा (प्रेरितों के काम 7)
- कुरनेलियुस के घर पर पतरस का उपदेश (प्रेरितों के काम 10)
- एथेंस के अरियुपगुस में पौलुस का उपदेश (प्रेरितों के काम 17)

---

[138] Walter A. Elwell and Robert W. Yarbrough. *Encountering the New Testament (नए नियम से मुलाकात)* । Mich: Baker Academic, 2005, 211.

ये उपदेश प्रेरितों द्वारा प्रचार किये जाने वाले मूल संदेश को दर्शाते हैं:

- यीशु मसीह की प्रभुता
- सुसमाचार का ऐतिहासिक सत्य
- विश्वास के माध्यम से अनुग्रह से उद्धार[139]

प्रेरितों के काम की पुस्तक की विषय वस्तु

प्रेरितों के काम की शुरुआत चेलों की उलझन की स्थिति से होती है। यरूशलेम में उसके प्रवेश के बाद, चेलों ने यीशु से यह अपेक्षा की कि वह अपना सांसारिक राज्य स्थापित करे। इसके बावजूद, उसे गिरफ्तार किया गया, मुकदमा चलाया गया और सूली पर चढ़ा दिया गया। उसके पुनरुत्थान से, वे फिर से एक मसीहाई राज्य की आशा से उत्साहित थे।

प्रेरितों के काम की शुरुआत में, यीशु ने चेलों से कहा कि वे यरूशलेम में रहें और ''पिता के वादे की प्रतीक्षा करें।'' उन्होंने उससे पूछा, ''हे प्रभु, क्या तू इसी समय इस्राएल को राज्य फेर देगा?'' इस जवाब को उन्होंने बाद में ही समझा।

> उन समयों या कालों को जानना, जिन को पिता ने अपने ही अधिकार में रखा है, तुम्हारा काम नहीं। परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे; और यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में, और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे।[140]

यह आज्ञा प्रेरितों के काम की संरचना को समझने का एक तरीका प्रदान करती है: यरूशलेम में सुसमाचार (1-7); यहूदिया और सामरिया में सुसमाचार (8-12); पृथ्वी के छोर तक सुसमाचार (13-28)।

यरूशलेम में सुसमाचार (प्रेरितों के काम 1-7)

प्रेरितों के काम 1-7 में यरूशलेम मुख्य स्थान है। इस लेख में पिन्तेकुस्त की कहानी, प्रारंभिक कलीसिया में जीवन का विवरण और स्तिफनुस की शहादत शामिल है।

---

[139] धर्मविज्ञानी इस मूल संदेश को *करिग्मा,* उपदेशात्मक सुसमाचार कहते हैं।

[140] प्रेरितों के काम 1:4-8।

पिन्तेकुस्तः कलीसिया का जन्म

यीशु के स्वर्गारोहण के बाद, चेले यरूशलेम लौट आए और ''एक चित्त होकर प्रार्थना में लगे रहे।''[141] वे पिन्तेकुस्त का पर्व मना रहे थे, जिसे ''सप्ताहों की दावत'' कहते हैं जिसे फसह के पर्व के सात हफ्तों बाद मनाया जाता है।[142] पिन्तेकुस्त में व्यवस्था के उपहार को मनाया गया। आज, पिन्तेकुस्त पवित्र आत्मा के उपहार को मनाता है। उस दिन के चमत्कारी संकेतों के बारे में बताते हुए, अपने पिन्तेकुस्त के उपदेश में, पतरस ने उपदेश के सुननेवालों को योएल की भविष्यद्वाणी के विषय में स्मरण कराया कि परमेश्वर एक दिन अपनी आत्मा को उंडेलेगा। पिन्तेकुस्त के समय यह प्रतिज्ञा पूरी हुई।[143]

प्रारंभिक कलीसिया में जीवन

► प्रारंभिक कलीसिया आज की कलीसिया के लिए कैसे एक आदर्श ठहरती है? आज हमें पिन्तेकुस्त के किन पहलुओं का अनुभव करना चाहिए?

प्रारंभिक कलीसिया में जीवन के विवरण से, प्रेरितों के काम की पुस्तक की व्याख्या करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है। प्रेरितों के काम की पुस्तक इतिहास की पुस्तक है। यह रोमियों की पुस्तक के प्रकार थियोलॉजी की पत्री नहीं है। एक ऐतिहासिक पुस्तक में **वर्णन** (''यह वह है जो उन्होंने किया'') और **आदेश** (''यह वह है जो आपको करना चाहिए'') दोनों शामिल होते हैं। प्रारंभिक कलीसिया में जीवन के विषय पढ़ते समय, पाठक को यह प्रश्न पूछना चाहिए, ''क्या प्रेरितों के काम की पुस्तक हमें यह बताती है कि यह विशेषता आज की कलीसिया के जीवन का हिस्सा होनी चाहिए?'' या ''क्या प्रेरितों के काम की पुस्तक केवल कलीसिया के इतिहास के एक समय का वर्णन करती है?'' जवाब को जानने के एक तरीका यह पूछना है, ''यह बाइबल की बाकी शिक्षाओं के साथ कैसे सही बैठता है? क्या इसकी आज्ञा पवित्रशास्त्र में किसी और स्थान पर दी गई है?''

दो उदाहरण प्रेरितों के काम के वर्णन और आदेश के बीच अंतर दिखाते हैं।

- प्रेरितों के काम 2:42 के अनुसार, पहली सदी के मसीहियों ने खुद को प्रेरितों के शिक्षण के प्रति, अन्य मसीहियों के साथ संगति के प्रति और प्रार्थना के प्रति समर्पित किया। बाइबल का अध्ययन, आराधना की सभा और प्रार्थना के विषय में पौलुस की पत्रियों में

[141] प्रेरितों के काम 1:14।

[142] व्यवस्थाविवरण 16:16।

[143] योएल 2:28; प्रेरितों के काम 2:16।

हर जगह आज्ञा दी गई है। इससे हम यह पता कर सकते हैं कि इन कार्यों की हमें आज आज्ञा दी गई है; वे केवल किसी ऐतिहासिक समय का वर्णन नहीं हैं।

- प्रेरितों के काम 2:45 के अनुसार, शुरुआती मसीही अपना सामान बेचते थे और ''जैसी जिस की आवश्यकता होती थी बांट दिया करते थे'' चूँकि इस प्रथा की पवित्रशास्त्र में किसी और स्थान पर आज्ञा नहीं दी गई है, इसलिए हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि यह आज के समय के लिए आदेश के बजाय उस समय के जीवन का वर्णन है।[144]

► इस पाठ में आगे बढ़ने से पहले, प्रारंभिक कलीसिया के कुछ कार्यकलापों पर विचार करने के लिए समय लें। प्रत्येक विषय के लिए यह विचार करें, ''क्या इस कार्यकलाप को हमें आज भी मानना है या क्या यह केवल प्रारंभिक कलीसिया के जीवन का विवरण है?'' आपको पूरे पवित्रशास्त्र को देखकर ही उत्तर तय करना चाहिए, न कि यह प्रश्न पूछकर कि ''मुझे क्या पसंद है?''

- प्रेरितों के शिक्षण का अध्ययन
- मंदिर में हरदिन आराधना
- अपनी संपत्ति बेचना
- लगातार सुसमाचार प्रचार
- अन्य विश्वासियों के साथ संगति
- आत्मा के काम को प्रमाणित करने के लिए चिन्ह और चमत्कार
- परमेश्वर की स्तुति करना
- अन्य भाषाओं में बोलना

स्तिफनुस: पहला शहीद मसीही

पिन्तेकुस्त के बाद, कलीसिया तेजी से बढ़ती रही। कई लोगों को ने प्रभु को ग्रहण किया जिसमें ''कई महान याजक'' भी शामिल थे।[145] पुनरुत्थान के सत्य को छिपाने के लिए यहूदी धर्मगुरुओं के प्रयासों के बावजूद भी, इन याजकों को तथ्यों का पता था: मंदिर का पर्दा फटना, कब्र में उसकी देह का न मिलना और सत्य को छिपाने की साजिश। कलीसिया के शुरुआती दिनों में चिन्ह और चमत्कार होते रहे जिससे यीशु की सेवकाई की निरंतरता के तौर पर प्रेरितों की सेवकाई प्रमाणित हुई।

---

[144] अधिकांश विद्वानों का मानना है कि यह प्रथा क) उन मसीहियों की सहायता करने की आवश्यकता से संबंधित थी जो अपने विश्वास के कारण अपनी नौकरी और घर खो चुके थे और ख) यीशु की आसन्न वापसी में प्रारंभिक कलीसिया के विश्वास से संबंधित थी।

[145] प्रेरितों के काम 6:7।

ऐसी स्थिति में विरोध अपरिहार्य था। जब झूठे गवाहों ने स्तिफनुस पर ईश निंदा का आरोप लगाया तब उस पर पथराव कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। शहादत का सामना करते हुए स्तिफनुस ने एक प्रभावशाली उपदेश का प्रचार किया, जिसमें उसने कहा कि कैसे परमेश्वर ने अब्राहम के समय से लेकर यीशु के समय तक कार्य किया। प्रेरितों के काम की पुस्तक इस वाक्य के साथ शाऊल का परिचय देती है, ''और शाऊल उसके वध में सहमत था''[146] पौलुस, जो बाद में कलीसिया का सबसे बड़ा सुसमाचार प्रचारक बनता है, उसे पहले शाऊल के रूप में देखा जाता है जो विश्वासियों को जेल पहुंचाकर ''कलीसिया को उजाड़ता'' है।[147]

यहूदिया और सामरिया में सुसमाचार (प्रेरितों के काम 8-12)

प्रेरितों के काम 8-12 में, सुसमाचार यरूशलेम से यहूदिया और सामरिया तक फैलता है। सताव एक ऐसी ठेस थी जिसने शुरुआती विश्वासियों यरूशलेम से यहूदिया और सामरिया में जाने के लिए मजबूर किया। जब वे यरूशलेम से भागे, वे सुसमाचार को अपने साथ लेकर गये। परमेश्वर ने सताव का इस्तेमाल प्रेरितों के काम 1:8 की आज्ञा को पूरा करने के लिए किया। प्रेरितों के काम 8-12 में,

- फिलेप्पुस, एक यूनानी भाषी यहूदी, सामरिया में प्रचार करता है जिससे बहुत अच्छे परिणाम उत्पन्न होते हैं (8:4-25)।
- फिलेप्पुस एक इथियोपियाई अधिकारी को उपदेश देता है जो आराधना करने के लिए यात्रा कर रहा होता है (8:26-40)।
- दमिश्क में विश्वासियों को गिरफ्तार करने के लिए यात्रा कर रहा शाऊल प्रभु को ग्रहण करता है (9:1-22)।
- पतरस एक रोमन सैन्य कमांडर कुरनेलियुस को उपदेश देता है (10:1-11:18)।
- बरनबास अंताकिया में सेवकाई करता है जो सीरिया के रोमन प्रांत की राजधानी है (11:22-30)। यह सेवकाई दो कारणों से महत्वपूर्ण है।

[146] प्रेरितों के काम 8:1।

[147] प्रेरितों के काम 8: 3।

- बरनबास अंताकिया कि कलीसिया में शाऊल का परिचय देता है। शाऊल की सेवकाई उसकी उन्नति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- अंताकिया पहली शताब्दी के मध्य का प्राथमिक मिशनरी-भेजने वाली कलीसिया बनती है। पौलुस की प्रत्येक मिशनरी यात्रा अंताकिया से शुरू होती है।

पृथ्वी के छोरों तक सुसमाचार (प्रेरितों के काम 13-28)

पहली मिशनरी यात्रा (प्रेरितों के काम 13-14)

प्रेरितों के काम की पुस्तक के अंतिम आधे हिस्से में प्रेरित पौलुस की सेवकाई का उल्लेख है। अपने रूपांतरण के बाद, पौलुस ने अरब, दमिश्क और सिलिसिया में समय बिताया। तब बरनबास ने उसे अंताकिया की कलीसिया में शिक्षा देने का कार्य सौंपा, यह वह कलीसिया थी जो शाऊल द्वारा यरूशलेम में सताए गये लोगों द्वारा शुरू की गई थी।

47 ईसा पश्चात से 49 तक, पौलुस और बरनबास ने, बरनबास के चचेरे भाई यूहन्ना मरकुस के साथ, साइप्रस (बरनबास के घर) और आसिया की यात्रा की। इन्होंने अपनी यात्रा का अधिकांश समय आसिया के एक रोमन प्रांत गलातिया में कलीसियाओं को स्थापित करने में लगाया। इस यात्रा के बाद में शाऊल को पौलुस नाम से जाना जाने लगा। शाऊल एक इब्रानी नाम था परन्तु पौलुस एक रोमन नाम था। उसके नाम के इस परिवर्तन से पता चलता है कि उसे खासकर अन्यजातियों की सेवा के लिए बुलाया गया था।

जब वे पंफूलिया के पिरगा आये, तब यूहन्ना मरकुस उनको छोड़कर घर लौट गया।[148] दिरबे तक यात्रा करने के बाद पौलुस और बरनबास उन कलीसियाओं का दौरा करते हुए जिनको उन्होंने स्थापित किया था अपने घर अंताकिया वापस लौट आये।

यरुशलेम में सभा (प्रेरितों के काम 15:1-35)

जब पौलुस की सेवकाई से अन्यजातियों ने भी प्रभु को अपनाया तो इससे कलीसिया में एक समस्या उत्पन्न हो गई जिसके कारण एक विभाजन उत्पन्न हुआ। एक तरफ यहूदी मसीही थे जो यह चाहते थे कि अन्यजाती मसीही मूसा

[148] प्रेरितों के काम 13:13।

की व्यवस्था के सब पहलुओं का पालन करें[149] और दूसरी तरफ वे लोग थे जो यह मानते थे कि मूसा की व्यवस्था अन्यजातियों पर लागू नहीं होती।

49 ईसा पश्चात में, इस विवाद को निपटाने के लिए कलीसिया के अगुएं यरूशलेम में एकत्रित हुए। जो लोग यह चाहते थे कि अन्यजातियों का खतना हो, वे पहले बोले। इसके बाद पतरस ने कुरनेलियुस के घर पर अपने अनुभव के बारे में बात की कि परमेश्वर ने ''विश्वास के द्वारा उन के मन शुद्ध कर के हम में (यहूदियों में) और उन में (अन्यजातियों में) कुछ भेद न रखा।''[150] पौलुस और बरनबास ने अन्यजातियों के बीच परमेश्वर के कार्य के साक्ष्य की ओर संकेत किया।

यरूशलेम की कलीसिया के अगुए याकूब ने सभा के निर्णय के साथ निष्कर्ष निकाला कि ऐसी चार प्रथाएं हैं जिनसे अन्यजातियों को दूर रहना है:

- मूर्तियों को चढ़ाया गया मांस
- गला घोटे हुए जानवर का मांस
- लहू वाला मांस
- व्यभिचार

यह नियमों की वह सूची नहीं थी जिसके द्वारा अन्यजातियों ने उद्धार प्राप्त किया। परन्तु यह अलग-अलग प्रकार की पृष्ठभूमि से आने वाले मसीहियों के बीच एकता पैदा करने का उदाहरण था। भोजन से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करके यहूदी और अन्यजाती लोग एक साथ भोजन कर सकते थे जो प्रारंभिक कलीसिया में एकता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। कई नई अन्यजाति विश्ववासियों कि सिद्धांतशून्य पृष्ठभूमि के कारण यौन नैतिकता पर ज़ोर देना आवश्यक था।

यरूशलेम की सभा ने दो सिद्धांतों को संतुलित करने का प्रयास किया। *स्वतंत्रता* के सिद्धांत ने यहूदी मसीहियों पर अनावश्यक शर्तों के साथ ''चेलों की गर्दन पर जूआ'' डालने से रोक लगाई।[151] *संगति* के सिद्धांत की अन्यजाती लोगों से यह मांग थी कि वे उन प्रथाओं से परहेज करें जो उनके यहूदी भाईयों के लिए अनावश्यक रूप से घृणास्पद थे।

---

[149] ये मसीही ''फरीसियों के संप्रदाय'' से थे (प्रेरितों के काम 15:5)। यह मुद्दा एक सार्वभौमिक ''यहूदी बनाम अन्यजियों'' की बहस के विषय में नहीं था। उदाहरण के लिए, याकूब ने इस समस्या का समाधान खोजने का नेतृत्व किया।

[150] प्रेरितों के काम 15:9।

[151] प्रेरितों के काम 15:10।

► हमें आज इन दो सिद्धांतों को कैसे लागू करना चाहिए? हम जीवन के उन क्षेत्रों में विवेक की स्वतंत्रता का कैसे उपयोग कर सकते हैं जिनके विषय में पवित्रशास्त्र स्पष्ट आज्ञा नहीं देता? हम उन लोगों को अप्रसन्न करने से कैसे बच सकते हैं जिनके विश्वास हमसे अलग हैं?

➡ *दूसरी मिशनरी यात्रा (प्रेरितों के काम 15:36-18:22)*

प्रारंभिक कलीसिया का प्रत्येक संघर्ष धार्मिक सिद्धांतों के कारण नहीं था। पौलुस और बरनबास यूहन्ना मरकुस के विषय में एक व्यक्तिगत असहमति के कारण अलग हो गये।[152] इस असहमति से पता चलता है कि परमेश्वर कठिन व्यक्तिगत परिस्थितियों के माध्यम से भी कार्य करता है, सिलास एक मूल्यवान कार्यकर्ता बन गया। पौलुस और बरनबास के प्रयास उनके अलग कार्य करने से दोगुने हो गये और पौलुस के बाद में यूहन्ना मरकुस के साथ मेल-मिलाप हो गया।[153]

पौलुस और सिलास ने पहली मिशनरी यात्रा में पौलुस और बरनबास द्वारा स्थापित कलीसियाओं का फिर से दौरा करके इस दूसरी मिशनरी यात्रा की शुरुआत की। पौलुस और सिलास ने फिलिप्पी, थिस्सलुनीके, बेरा, एथेंस और कुरिंथुस में भी कार्य किया। इस यात्रा के दौरान, पौलुस ने मकिदुनिया के एक व्यक्ति की सहायता मांगते हुए, यूरोपीय मिट्टी पर सुसमाचार का प्रचार किया गया।[154] युवा तीमुथियुस पौलुस के समूह में शामिल हो गया और लूका त्रोआस में पौलुस से जुड़ा।[155] पौलुस ने लगभग अठारह महीने कुरिन्थुस में एक कलीसिया में बिताए। तीन साल से अधिक की यात्रा के बाद यह समूह अंताकिया लौट आया (ईसा पश्चात 50-53)।

दूसरी मिशनरी यात्रा में हम देखते हैं कि पौलुस उपदेश देते समय विरोध का सामना करता है। उनको फिलिप्पी में जेल में डाल दिया गया; थिस्सलुनीके में जिस घर में वे रहते थे, उस पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया; थिस्सलुनीके के शत्रुओं ने बेरिया तक उनका पीछा किया और कुरिन्थुस में पौलुस पर मुकदमा चलाया गया।[156]

---

[152] प्रेरितों के काम 15:36-41।

[153] 2 तीमुथियुस 4:11।

[154] प्रेरितों के काम 16:6-10।

[155] प्रेरितों के काम 16:10 में, लूका ''वे'' के बजाय ''हम'' का प्रयोग करने लगता है।

[156] प्रेरितों के काम 16:23-39; 17:5-7; 17:13 और 18: 12-17।

एक बड़ी कीमत चुकाने के बाद कलीसिया की वृद्धि हुई। शैतान लड़ाई के बिना क्षेत्र हवाले नहीं करता। परन्तु प्रेरितों के काम की पुस्तक पवित्र आत्मा के सार्मथ और सुसमाचार की विजय को दर्शाता है जैसै जैसै पूरे एशिया माइनर, मकिदुनिया और अखया में कलीसियाओं की स्थापना हुई।

तीसरी मिशनरी यात्रा (प्रेरितों के काम 18:23-21:15)

गलातिया और फ्रीगिया के क्षेत्रों की कलीसियाओं में फिर से जाने से पहले पौलुस ने अंताकिया में केवल कुछ ही समय बिताया। इस यात्रा का पहला भाग पिछली यात्राओं के दौरान स्थापित कलीसियाओं के विश्वासियों को दृढ़ करने के लिए समर्पित था।[157] तीसरी मिशनरी यात्रा 53 ईसा पश्चात से 57 ईसा पश्चात तक चली। सबसे लंबा समय (तीन वर्ष) इफिसुस में व्यतीत हुआ। इफिसुस में होकर पौलुस ने दोनों कुरिन्थियों के पत्र लिखे, इस कठिन कलीसिया में समस्याओं को संबोधित करते हुए।

दुश्मनों के विरोध के कारण इफिसुस छोड़ने के बाद, पौलुस ने मकिदुनिया और अखया की यात्रा की। उन्होंने यरूशलेम में ज़रूरतमंद यहूदी मसीहियों की आर्थिक सहायता करने के लिए इस क्षेत्र में मुख्य रूप से अन्यजातियों की कलीसियाओं से दान इकट्ठा किया। कलीसिया की एकता के इस प्रदर्शन से पता चला कि यहूदी और अन्यजातियां मसीह की कलीसिया के साथी सदस्य थे।

गिरफ्तारी और कारावास (प्रेरितों के काम 21:15-28 :31)

तीसरी मिशनरी यात्रा से लौटकर, पौलुस कैसरिया में रुक गया जहाँ भविष्यद्वक्ता अगरबस ने पौलुस को चेतावनी दी कि उसे यरूशलेम में गिरफ्तार कर लिया जाएगा।[158] प्रेरितों के काम का अंतिम खंड पौलुस की गिरफ्तारी, कैसरिया में उसकी कैद, रोम से उसकी विनती (एक रोमन नागरिक का अधिकार), रोम की ओर उसकी भयानक यात्रा (जिसमें माल्टा के द्वीप पर उसका एक जहाज़ तबाह हो गया था) और रोम में नज़रबंदी में रहकर उसकी दो साल की सेवकाई के विषय में बताता है।

प्रेरितों के काम का अंतिम भाग यरुशलेम, यहूदिया, सामरिया और ''पृथ्वी के छोर'' तक यीशु की महान आज्ञा पूरी होते हुए दर्शाता है। गिरफ्तारी के समय भी पौलुस स्वतंत्र रूप से प्रचार करने में सक्षम था, ''और बिना रोक-टोक बहुत निडर होकर परमेश्वर के राज्य का प्रचार करता और प्रभु यीशु मसीह की बातें

---

[157] प्रेरितों के काम 18:23।

[158] प्रेरितों के काम 21:10-11।

सिखाता रहा।''[159] यहूदी अगुओं (प्रेरितों के काम के पहले भाग में) और रोमन सरकार (प्रेरितों के काम बाद के भाग में) के विरोध के बावजूद भी, पवित्र आत्मा मसीह की महान आज्ञा को पूरा करने के लिए कलीसिया को सशक्त बनाता रहा।

पौलुस की सेवकाई की समयावधि[160]

33 ईस्वी	रुपांतरण
35-46 ईस्वी	अरेबिया, दमसकूस और सिसलिया में
47-49 ईस्वी	पहली यात्रा बरनबास के साथ। गलतियों लिखता है
49 ईस्वी	यरुशलेम परीषद
50-53 ईस्वी	दूसरी यात्रा सिलास के साथ। 1 और 2 थिस्सलुनीकियों लिखता है
53-57 ईस्वी	तीसरी यात्रा सिलास के साथ। रोमियों और 1 और 2 कुरिन्थियों में लिखता है
57-59 ईस्वी	कैसरिया में कैदी। रोम की भेजा जाना
60-62 ईस्वी	रोम में नज़रबंद। जेल की पत्रियां लिखता है
64-65 ईस्वी	जेल से रिहा होना । चौथी यात्रा । 1 तीमुथियुस और तीतुस लिखता है
66-67 ईस्वी	अंतिम कैद । 2 तीमुथियुस लिखता है। नीरो द्वारा मारा गया

आज की कलीसिया में प्ररितों के काम की पुस्तक

लूका के सुसमाचार ने यीशु की सांसारिक सेवकाई में पवित्र आत्मा के महत्व को दर्शाया। प्रेरितों के काम की पुस्तक कलीसिया की सेवकाई में **पवित्र आत्मा के महत्व** को दर्शाती है। प्रारंभिक कलीसिया के अनुभव के कुछ पहलुओं को पवित्र आत्मा की उपस्थिति के बिना दोहराया जा सकता है। हम अपने सामर्थ के बल पर बाइबल का अध्ययन कर सकते हैं; हम अपने सामर्थ के बल पर कलीसिया की संगति को बनाए रख सकते हैं; हम अपने सामर्थ के बल पर कुछ चिन्हों और चमत्कारों को भी दोहरा सकते हैं। परन्तु हमारे बीच में पवित्र आत्मा की उपस्थिति की कमी से हम प्रेरितों के काम में चित्रित वास्तविकता का कभी अनुभव नहीं कर सकते।

प्रेरितों के काम की **कलीसिया में कई संस्कृतियों के मिलाप की वृद्धि** आज की कलीसिया के लिए एक उदाहरण प्रदान करती है। पिन्तेकुस्त का त्योहार युवा कलीसिया में यूरोप (रोम) से, एशिया (पारथिया और मेदिया) से, और

[159] प्रेरितों के काम 28:31।

[160] पौलुस की सेवकाई की समयावधि

अफ्रीका (मिस्र और लीबिया) से नए विश्वासियों को लाया। प्रेरितों के काम की पुस्तक ऐसी कलीसिया के विषय में बताती है जिसमें विभिन्न संस्कृतियों के लोग ''एक मन होकर'' कार्य करते थे। जब भी कोई विवाद होता था तो कलीसिया पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन के सहारे इसका समाधान करती थी। यीशु मसीह के सुसमाचार को अलग-अलग संस्कृतियों तक पहुंचाने के लिए आज भी हमारा सुसमाचार प्रचार का लक्ष्य ऐसा ही होना चाहिए। प्रेरितों के काम की पुस्तक कलीसिया के लिए एक उदाहरण प्रदान करती है जो सभी सच्चे विश्वासियों को मसीह की देह में एकीकृत करती है।

यरूशलेम की सभा में उल्लिखित **स्वतंत्रता और संगति के सिद्धांत** आज की कलीसिया में विवेक के मुद्दों से निपटने के लिए एक उदाहरण प्रदान करते हैं। जैसा पौलुस ने रोमियों 14 और 1 कुरिन्थियों 8 में दोहराया है, मसीहियों को दो त्रुटियों से बचना चाहिए।

- **स्वतंत्रता का सिद्धांत** यह मांग करता है कि हम अपने विश्वासों को अन्य विश्वासियों पर थोपने से बचें।
- **संगति का सिद्धांत** यह मांग करता है कि हम एक कमज़ोर भाई को जोखिम में डालकर अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग करने से बचें। इस तरह की आपसी विनम्रता मसीही भाइयों और बहनों के बीच बाधाओं को दूर करने में बहुत उपयोगी होगी।

सताव का सामना कर रही कलीसियाओं के लिए **सताव के समय पर प्रारंभिक कलीसिया की वृद्धी** विश्वासयोग्यता के लिए प्रेरणा है। कलीसिया को जीवित रखने में मदद करने से भी अधिक, परमेश्वर ने चेलों को यरूशलेम से बाहर निकालने और कलीसिया के लिए अपने मिशन को पूरा करने के लिए सताव का इस्तेमाल किया। जब हम परमेश्वर को हमारे माध्यम से कार्य करने की अनुमति देते हैं, वह संसार की ओर से विरोध होने के बावजूद भी अपनी कलीसिया का निर्माण होने देता है।

निष्कर्ष

प्रेरितों के काम में हम यरूशलेम में ही एक जगह एकत्र चेलों के एक हिचकिचाने वाले समूह को परिवर्तित होते हुए देखते हैं जो आत्म विश्वास से भर कर रोम और उससे आगे के शहरों में सुसमाचार का प्रचार करते हैं। प्रेरितों के काम की पुस्तक कलीसिया में और उसके माध्यम से काम करने वाली पवित्र आत्मा के सामर्थ को दर्शाती है।

पवित्र आत्मा के परिवर्तित करने वाले सामर्थ का एक महान साक्ष्य बारह प्रेरितों का जीवन है। वे पुरुष जो यीशु की गिरफ्तारी के दृश्य से भाग गए थे, वही चेले जी उठे प्रभु के लिए अपनी जान देने वाले पुरुष बन गए। प्रेरितों की मृत्यु के विषय में परंपरा का एक संक्षिप्त सारांश पिन्तेकुस्त में परिवर्तन की गवाही देता है। चेलों ने अपने खून से अपनी गवाही की मुहर लगाई।

पिन्तेकुस्त के 12 साल बाद ही **याकूब** को हेरोद अग्रिप्पा ने मार दिया।	**शमौन पतरस** को क्रूस पर चढ़ाया गया। क्योंकि उसने स्वयं को अपने स्वामी की मृत्यु के समान मरना योग्य नहीं समझा इसलिए वह चाहता था कि उसे उल्टा सूली पर चढ़ाया जाए।
अंद्रियास, पतरस के भाई को, कुरिन्थुस के पास, अचैया में क्रूस पर चढ़ाया गया।	**थोमा** ''संदेह करने वाले थोमा'' से एक ऐसे प्रतिबद्धता के व्यक्ति में बदल गया जो एक मिशनरी के रूप में भारत गया, जहां वह एक शहीद के रूप में मरा। शायद उसे भाले से मारा गया हो।
फिलिप्पुस को फ्रूगिया में प्रताड़ित करके क्रूस पर चढ़ा दिया गया।	इथियोपिया के नाद-डावर में **मत्ति** का सिर कलम कर दिया गया।
नतनएल (बरतुल्मै) को उसकी खाल उधेड़कर क्रूस पर चढ़ा दिया गया।	**याकूब युवा** को यीशु को अस्वीकार करने के लिए मंदिर के शीर्ष पर ले जाया गया। जब उसने ऐसा करने से इनकार किया तो उसे मंदिर पर से नीचे फेंक दिया गया।
मिस्र और फारस में प्रचार करने के बाद **शमौन जेलेतेस** को सीरिया में क्रूस पर चढ़ाया गया।	मेसोपोटामिया में बुतपरस्त पुजारियों को उपदेश देते समय **यहूदा तद्दै** की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।
मथियस को यहूदा इस्करियोती के स्थान पर चुना गया था। उसने इथियोपिया में प्रचार किया और बाद में उसे सूली पर चढ़ाकर उस पर पथराव किया गया।	**यूहन्ना** ही एकमात्र ऐसा प्रेरित है जिसकी प्राकृतिक मृत्यु हुई। हालांकि, उसने बहुत वर्ष पतमोस द्वीप पर निर्वासन में बिताए।

निष्कर्ष में, कृपया इस बात पर विचार करें, ''परमेश्वर आज कलीसिया के माध्यम से क्या करना चाहता है?'' पिन्तेकुस्त में 120 चेल थे। उस समय रोमन साम्राज्य में लगभग 4,50,00,000 लोग रहते थे। मानवीय दृष्टिकोण से, इस

दुनिया में सुसमाचार प्रचार का कार्य असंभव था। आश्चर्यजनक रूप से, पहली सदी के अंत तक, सुसमाचार 120 आत्मा से भरे विश्वासियों से रोमन साम्राज्य के हर कोने तक फैल गया था। परमेश्वर आज अपनी कलीसिया के माध्यम से क्या करना चाहता है?

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्नलिखित में से **एक** असाइनमेंट चुनें:

- इस पाठ के पृष्ठ 65 पर, आपको प्रारंभिक कलीसिया में कार्यकलापों की एक सूची पर विचार करने के लिए कहा गया था। आपको यह निर्णय करने के लिए कहा गया था कि क्या प्रत्येक कार्यकलाप में प्रारंभिक कलीसिया का वर्णन था या आज के लिए आदेश था। प्रत्येक विषय के लिए जिसे आप आदेश समझते हैं, उसके लिए कम से कम एक पवित्रशास्त्र संदर्भ खोजें जो उस कार्यकलाप की स्पष्ट रूप से आज्ञा देता है।
- प्रेरितों के काम 2 में पतरस के उपदेश या प्रेरितों के काम 17 में पौलुस के उपदेश का उपयोग करते हुए, एक पृष्ठ का निबंध लिखें जिसमें आपको प्रेरितों के उपदेश के प्राथमिक विषयों का सारांश देना है।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

प्रेरितों के काम की पुस्तक का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें:

मुद्रित स्रोत

Bence, Philip A. *Acts: A Commentary in the Wesleyan Tradition (प्रेरितों के काम: वेस्लेयन परंपरा के अनुसार समीक्षा)।* Wesleyan Publishing House, 1998.

Marshall, I. Howard. *Tyndale New Testament Commentaries: Acts (टिन्डेल की नए नियम की समीक्षाएं: प्रेरितों के काम)।* Eerdmans, 1980.

McCain, Danny. *Notes on Acts of the Apostles (प्रेरितों के काम पर टिप्पणियाँ).* Africa Christian Textbooks, 2001.

Rasmussen, Carl. *Zondervan Atlas of the Bible (ज़ोंडरेवन बाइबल के मानचित्र).* Zondervan, 2010.

Stott, John R.W. *The Message of Acts (प्रेरितों के काम का संदेश).* Intervarsity Press, 1990.

ऑनलाइन स्त्रोत

Wesley, John. *WesleyՇs Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).* http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

Bible Maps (बाइबल के मानचित्र). http://www.biblemap.org/

पाठ 4 के परीक्षा प्रश्न

(1) पौलुस की सुसमाचार प्रचार की रणनीति के लिए इफिसुस क्यों महत्वपूर्ण था?

(2) पौलुस के सुसमाचार प्रचार की रणनीति के लिए रोम क्यों महत्वपूर्ण था?

(3) प्रारंभिक कलीसिया के सताव के साथ कौन से रोमन सम्राट जुड़े हैं?

(4) प्रेरितों के काम की पुस्तक की सबसे अधिक संभावित तारीखें 50 के दशक के अंत या 60 के दशक की शुरुआत की क्यों हैं?

(5) *करिग्मा* के तीन पहलुओं को सूचीबद्ध करें, प्रेषितों द्वारा प्रचारित मूल संदेश।

(6) वह पहला कौन सा मसीही था जो कुरबान हो गया?

(7) प्रारंभिक कलीसिया द्वारा दूर इलाकों तक सुसमाचार सुनाते समय आये सताव की भूमिका क्या थी?

(8) पहली सदी की प्राथमिक बहु-सांस्कृतिक और मिशनरी-भेजने वाली कलीसिया कौनसी थी?

(9) यरुशलेम की सभा द्वारा अन्यजाती विश्वासियों से की गई चार मांगों को सूचीबद्ध करें।

(10) पौलुस और बरनबास के बीच विभाजन से क्या सकारात्मक परिणाम उत्पन्न हुए?

पाठ 5

रोमियों: परमेश्वर की धार्मिकता

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) रोमियों की तिथि और उद्देश्यों को जानें।

(2) रोमियों के प्राथमिक सिद्धान्तों का सारांश दें।

(3) दंड की आज्ञा और सुसमाचार के बीच के संबंध को समझें।

(4) मसीही की स्वतंत्रता के बारे में जानबूझकर करे जाने वाले पाप से पौलुस की शिक्षा को लागू करें।

(5) आज की दुनिया की जरूरतों से रोमियों के संदेश को जोड़ें।

पाठ

रोमियों की पुस्तक पढ़ें।

रोमियों 1:16-17 को याद करें।

बाइबल की किसी भी पुस्तक ने कलीसिया पर इतना प्रभाव नहीं डाला जितना पौलुस द्वारा लिखी गई रोमियों की इस पत्री ने। रोमियों के एक अध्ययन से तीन पुनर्जागरण शुरू हुए।

रोमन साम्राज्य के पतन के अंधकार भरे समय में, ऑगस्टीन ने मसीही कलीसिया में एक पुनर्जागरण का नेतृत्व किया। ऑगस्टीन ने पाप के बंधन से मिले छुटकारे का श्रेय रोमियों की पुस्तक को दिया। रोमियों की पुस्तक से ऑगस्टीन को पाप से मुक्ति दिलानेवाली परमेश्वर की सामर्थ के विषय में पता चला।

ऐसे समय में जब रोमन कैथोलिक धर्म ने कलीसिया को अनुष्ठानों और

> ''[रोमियों] शुद्धतम सुसमाचार है। यह एक मसीह के जीवन के लिए बहुत मूल्यवान ठहरेगा यदि वह न केवल इसके हर शब्द को स्मरण करे बल्कि इसे हर रोज आत्मा की रोटी के रूप में अपने जीवन में ग्रहण करें। इस पत्री को बहुत अधिक या बहुत अच्छी तरह से पढ़ना या इस पर ध्यान करना असंभव है। कोई भी इसको पढ़ने में जितना समय बिताता है, उतनी ही यह मूल्यवान लगती है और इसका स्वाद और उत्तम लगता है।''
>
> - मार्टिन लूथर
> रोमियों की प्रस्तावना

झूठे सिद्धांतों के बंधन में रखा, तब मार्टिन लूथर ने रोमियों 1:17 से यह सीखा कि ''परमेश्वर की धार्मिकता विश्वास से और विश्वास के लिये प्रगट होती है...'' पौलुस का यह संदेश मेरे लिए स्वर्ग का द्वार बन गया।''[161] रोमियों की पुस्तक से मार्टिन लूथर ने सीखा कि परमेश्वर की सामर्थ विश्वास से धर्मी ठहराती है।

18वीं शताब्दी में, इंग्लैंड के कुछ मसाही लोगों का मानना था कि मुक्ति का व्यक्तिगत आश्वासन देना संभव है। जॉन वेस्ले ने रोमियों का अध्ययन करने से विश्वास का आश्वासन प्राप्त किया और एक पुनर्जागरण की शुरुआत की जो दुनिया को हमारे आज के वर्तमान समय तक प्रभावित करता आया है। रोमियों से जॉन वेस्ले ने परमेश्वर की उद्धार दिलाने वाली सामर्थ के विषय में जाना।

रोमियों की पृष्ठभूमि

तारीख

रोमियों की पुस्तक को पौलुस की तीसरी मिशनरी यात्रा के दौरान, 57 ईसा पश्चात के आसपास लिखा गया था। पौलुस शायद कुरिन्थुस में था। हालाँकि, पौलुस ने अभी तक रोम का दौरा नहीं किया था, लेकिन पत्र के निष्कर्ष से पता चलता है कि पौलुस रोमन कलीसिया के कई सदस्यों को जानता था। उसे रोम की यात्रा की उम्मीद थी, परन्तु वह पहले एशिया माइनर की कलीसियाओं द्वारा दिये गये राहत दान को यरूशलेम पहुंचाने के लिए यरूशलेम की यात्रा करता है।[162] जब पौलुस यरुशलेम में था, उसे गिरफ्तार करके एक कैदी के रूप में रोम ले जाया गया।

उद्देश्य

रोमियों को यह पत्री लिखने के पौलुस के उद्देश्य में तीन प्रेरणाएं शामिल हैं: रोम की कलीसिया से संबंधित तात्कालिक चिंताएं, पौलुस की भविष्य की सेवकाई से संबंधित एक व्यक्तिगत चिंता और यह सिखाने का एक अंतिम उद्देश्य कि हम कैसे परमेश्वर के सामने धर्मी ठहरें।

(1) **तात्कालिक उद्देश्य** एक कलीसिया की प्रति अपनी चिंताओं को संबोधित करना था जिसमें यहूदी और अन्यजाती मसीही दोनों शामिल थे। रोम में कलीसिया की स्थापना यहूदियों द्वारा की गई थी, संभवतः पिन्तेकुस्त के बाद यरूशलेम से लौटे विश्वासियों के द्वारा। 49 ईसा पश्चात में, सम्राट

---

[161] Roland H. Bainton की पुस्तक *Here I Stand: A Life of Martin Luther* में उद्धृत। (Nashville, Abingdon Press, 1950), 49-50.

[162] रोमियों 15:25-27।

क्लॉडियस ने रोम से यहूदियों को बाहर निकाल दिया।[163] जब यहूदी कुछ साल बाद रोम लौट आए तब कलीसिया में दो समूह शामिल थेः यहूदी मसीही जो मूसा की व्यवस्था को मानते थे और अन्यजाती मसीही जो मूसा के प्रतिबंधों से मुक्त रहते थे। पौलुस ने उन सवालों को संबोधित किया जो यहूदियों और अन्यजातियों से बनी कलीसिया से संबंधित थे।

- क्या व्यवस्था का पालन करने से उद्धार मिलता है?
- परमेश्वर के लोगों के रूप में इस्राएल का भविष्य क्या है?
- मसीहियों को भोजन के नियमों जैसे मुद्दों के विषय अलग-अलग विश्वासों को कैसे संभालना चाहिए?

(2) रोमियों की पुस्तक का अंतिम भाग पौलुस के लेखन की **व्यक्तिगत प्रेरणा** को दर्शाता है। रोमन साम्राज्य के बढ़ते हुए महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में और रोमन साम्राज्य के रणनीतिक केंद्रों तक पहुंचने के लिए स्पेन पौलुस के लिए आवश्यक केंद्र था। रोमियों की पत्री यह प्रस्तुत करती है कि कैसे पौलुस स्पेन में सुसमाचार के अभियान के संचालन करने के लिए रोम को इसके आधार की तरह उपयोग करता है।[164]

(3) पौलुस का **अंतिम उद्देश्य** यह सिखाना था कि कैसे हम परमेश्वर के सामने धर्मी ठहरें। यहूदी मसीहियों ने सीखा कि लोग व्यवस्था का पालन करके धर्मी नहीं ठहरते; यह केवल विश्वास के माध्यम से अनुग्रह के द्वारा संभव है। अन्यजाती मसीहियों को याद दिलाया गया था कि परमेश्वर ने यहूदी जाति के माध्यम से काम करने का चुनाव किया; उन्हें अपने यहूदी भाई-बहनों को तुच्छ नहीं समझना चाहिए। सभी विश्वासी, यहूदी या अन्यजाति, केवल अनुग्रह के कारण ही परमेश्वर के साथ अपना संबंध सही कर सकते हैं।

रोमियों की विषय वस्तु

परिचयः उद्धार के सुसमाचार की सामर्थ (रोमियों 1:1-17)

पाठक कभी-कभी किसी पुस्तक के मुख्य भाग में जाने के लिए परिचय को छोड़ देते हैं। हालाँकि, बाइबल में परिचय भी बहुत महत्वपूर्ण है। हर एक पवित्रशास्त्र

---

[163] प्रेरितों के काम 18:2। इतिहासकार सुएटोनियस ने लिखा कि यहूदियों के बीच ''क्रिस्तुस'' को लेकर हुए दंगों के कारण यह आदेश जारी किया गया था। चूंकि मसीह लैटिन भाषा में ''क्रिस्तुस'' लिखा जाता है, इसलिए यह संभावना है कि यह उपद्रव यहूदियों और मसीहियों के बीच हुआ था।

[164] रोमियों 15:22-29।

परमेश्वर की प्रेरणा से रचा गया है और ''उपदेश, और समझाने, और सुधारने, और धर्म की शिक्षा के लिये लाभदायक है।''[165] पौलुस के परिचय अक्सर ऐसी जानकारी देते हैं जो उसके उद्देश्य के लिए प्रमुख है। रोमियों के परिचय में हम सीखते हैं किः

- पुराने नियम में सुसमाचार की भविष्यवाणी की गई थी।
- सुसमाचार यीशु को मसीहा के रूप में घोषित करता है। वहः
  - दाऊद का पुत्र था।
  - परमेश्वर का पुत्र था।
  - मुर्दों में से जिलाया गया।
- सुसमाचार उन सभी के लिए उद्धार की सामर्थ है जो विश्वास करते हैं, फिर वे चाहे यहूदी हो या अन्यजाती।
- सब विश्वास करने वालों को सुसमाचार परमेश्वर की धार्मिकता प्रगट करता है।

न्याय में परमेश्वर की धार्मिकता प्रकट हुई (रोमियों 1:17-3:20)

► सुसमाचार के ''शुभ समाचार'' के लिए दंड का तथ्य क्यों आवश्यक है?

पौलस दंड की आज्ञा की ''बुरी ख़बर'' के साथ शुरुआत करता है; पूरी मानव जाती धर्मी परमेश्वर के समक्ष निन्दित ठहरती है।

1:17-32 में, पौलुस **अन्यजातियों के पाप** के विषय में लिखता है, विशेष रूप से मूर्तीपूजकों के विषय में जिन्होंने ''अविनाशी परमेश्वर की महिमा को नाशमान मनुष्य में बदल डाला।''[166] इस खंड में, वह उन पापों को संबोधित करता है जो उसकी यहूदी पाठक ''अन्यजाति'' पापों के रूप में देखेंगेः मूर्ति पूजा, समलैंगिकता, हत्या, क्रूरता, आदि। पौलुस ने चेताया कि ये पाप मृत्यु के योग्य हैं।

2:1-16 में, पौलुस **नैतिकतावाद के विषय में बात करता है।** यही वह ''अच्छा व्यक्ति'' है जो अध्याय 1 के अन्यजाती मूर्तीपूजकों पर दंड की आज्ञा देता है, परन्तु पाप का दोषी भी है।

---

[165] 2 तिमुथियुस 3:16।

[166] रोमियों 1:23।

2:17-3:8 में, पौलुस अपने **यहूदी दर्शकों** से बात करता है। कई सवालों के ज़रिये, पौलुस उस यहूदी का न्याय करने में परमेश्वर की धार्मिकता का बचाव करता है जिसने ''व्यवस्था के तहत पाप किया।''

3:9-20 में, पौलुस यह निष्कर्ष निकलता है कि, ''कोई धर्मी नहीं है, एक भी नहीं।''[167] संपूर्ण मानव जाति पवित्र परमेश्वर के समक्ष दण्ड के योग्य ठहरती है।

न्याय का उपदेश करना

''सुसमाचार प्रचारक का पहला कर्तव्य परमेश्वर की व्यवस्था को घोषित करना है, क्योंकि यह एक शिक्षक के रूप में कार्य करेगा और उसे अनंत जीवन प्रदान करेगा जो यीशु मसीह में है।''

- मार्टिन लूथर

''इससे पहले कि मैं प्रेम, दया और अनुग्रह का प्रचार करूं, मुझे पाप, व्यवस्था और न्याय का प्रचार करना चाहिए।''

- जॉन वेस्ली

''वे तब तक कभी अनुग्रह को स्वीकार नहीं करेंगे जब तक कि वे न्यायपूर्ण और पवित्र कानून व्यवस्था के सामने कांप न जाएं।''

- चार्ल्स स्पुरजियन

''जब तक हम मूसा के द्वारा दंडित न हों, तब तक हम धर्मी ठहरने के लिए मसीह के पास नहीं आ सकते।''

- जॉन स्टोट

परमेश्वर की धार्मिकता उद्धार में प्रकट हुई (रोमियों 3:21-8:39)

दंड की बुरी ख़बर के बाद, पौलुस अच्छी ख़बर (''सुसमाचार'') की ओर बढ़ता है कि हम परमेश्वर के सामने सही कार्यों से धर्मी नहीं ठहरते अर्थात ''परमेश्वर की उस धार्मिकता से, जो यीशु मसीह पर विश्वास करने से सब विश्वास करने वालों के लिये है।''[168] पौलुस यह दर्शाता है एक विश्वासी के उद्धार और परिवर्तन में परमेश्वर की धार्मिकता कैसे प्रकट होती है।

धार्मिकता केवल विश्वास से प्रगट होती है (रोमियों 3:21-5:21)

जिस तरह अब्राहम केवल विश्वास के ज़रिए धर्मी ठहरा, उसी तरह हम भी विश्वास के ज़रिए ठहरते हैं, न कि कामों के द्वारा। हमारा यीशु मसीह की मृत्यु द्वारा प्रदान किए गए प्रायश्चित के माध्यम से परमेश्वर के साथ मेल मिलाप होता है। उसके माध्यम से, हम महिमा की आशा में आनन्दित होते हैं। उसके माध्यम से, हमारे पास जीवन है। पौलुस यह दर्शाता है कि यीशु मसीही के माध्यम से परमेश्वर द्वारा दिये जाने वाले मुफ्त अनुग्रह को छोड़कर न तो यहूदी और न ही

[167] रोमियों 3:10।

[168] रोमियों 3:22।

अन्य लोगों के पास घमंड करने का कोई कारण है। परमेश्वर की धार्मिकता मानव जाति को दिये गये उसके मुफ्त अनुग्रह में प्रकट होती है।

धार्मिकता और पाप (रोमियों 6:1-23)

अनुग्रह की सामर्थ के विषय में पौलुस की खुशी की गवाही को सुनकर, एक पाठक यह पूछ सकता है, ''क्या हम पाप करते रहें, क्योंकि अनुग्रह तो भरपूर है?'' कोई यह कहकर पौलुस के अनुग्रह के सिद्धांत पर हमला कर सकता है कि इससे तो एक व्यक्ति को जानबूझकर पाप करने की प्रेरणा मिल सकती है। पौलुस इस बात पर ज़ोर देकर जवाब देता है कि, ''कदापि नहीं! हम कैसे, जो पाप के लिए मर चुके हैं अब उसमें जी सकते हैं?'' जब हमने मसीह में बपतिस्मा लिया तो हम पाप के लिए मर गए। अनुग्रह के कारण अब हम पाप के अधीन नही हैं। हमारे शरीर अब अधर्म के साधन नहीं हैं, परन्तु उद्धार की सामर्थ से हमारे शरीर परमेश्वर को धार्मिकता के साधन के रूप में सौंप दिये गए है। ''फिर पाप से मुक्त होकर तुम धर्मिकता के सेवक बन गए।'' परमेश्वर की धार्मिकता उसकी सामर्थ से प्रकट होती है जो हमें पाप से मुक्त करती है।

पाप और व्यवस्था (रोमियों 7:1-25)

► रोमियों 7 पढ़ें। इस अध्याय में किसका वर्णन है?

क्योंकि हमें परमेश्वर के अनुग्रह से स्वतंत्र रूप से धर्मी ठहराया गया है, इसलिए अब हम ''आत्मा के नएपन में सेवा करते हैं, न कि लेख की पुरानी रीति पर।''[169] एक यहूदी पाठक पौलुस से यह पूछ सकता है, ''आप क्या कह रहे हैं? क्या व्यवस्था पाप है?'' पौलुस का जवाब, ''कदापि नहीं!'' व्यवस्था पाप को परिभाषित करती है। यह हमें पाप की वास्तविकता के प्रति जागृत करती है और हमारे विद्रोही मनों में पाप की इच्छा को जगाती है। वह व्यवस्था जिसे परमेश्वर ने हमारी भलाई के लिए दिया, बुराई का साधन बन गई।

पौलुस इस सिद्धांत की व्याख्या एक ऐसे अध्याय में करता है जो रोमियों के सबसे अधिक विवादित खंडों में से एक बन गया है। रोमियों 7:7-25 की व्याख्या करने के लिए तीन बुनियादी दृष्टिकोण हैं।

---

[169] रोमियों 7:6।

1. **सामान्य मसीही जीवन की एक तस्वीर।** रिफॉर्म परंपरा में से कई का तर्क है कि पौलुस एक विश्वासी के जीवन को चित्रित कर रहा है जो परमेश्वर की व्यवस्था को मानने की इच्छा रखता है परन्तु ऐसा करने में असमर्थ है। हालाँकि, रोमियों 4-6 (''हमारा परमेश्वर के साथ मेल है...'' ''फिर पाप से छुड़ाये जाकर...'') के बंधन के साथ रोमियों 7 में दिए गए धर्मी जीवन के गौरवशाली चित्र को मिलाना कठिन है। (''मैं कैसा अभागा मनुष्य हूँ! मुझे इस मृत्यु की देह से कौन छुड़ाएगा?'')।

2. **अपवित्र विश्वासी का विवरण।** वेस्लीयन परंपरा में कुछ लोगों ने सुझाव दिया है कि पौलुस एक विश्वासी के जीवन को चित्रित कर रहा है जिसे धर्मी ठहराया गया है परन्तु पूरी तरह से पवित्र नहीं है। एक बार फिर से, इसका पौलुस द्वारा चित्रित परमेश्वर के साथ मेल-मिलाप में रहने वाले विजयी विश्वासी के साथ सामंजस्य स्थापित करने में कठिनाइयाँ हैं।

3. **जागृत पापी का विवरण।** प्रारंभिक कलीसिया के जनकों ने इस अध्याय को पौलुस की पूर्व-रूपांतरण स्थिति के विवरण के रूप में देखा जब उसने व्यवस्था को अपने वश में रखने का प्रयास किया था। यह एक ऐसे पापी का विवरण है जो अपनी ज़रूरत के लिए जागृत हुआ है परन्तु वह विश्वास के माध्यम के अनुग्रह से अभी तक धर्मी नहीं ठहरा है। यह व्यक्ति किसी तरह से धार्मिकता चाहता है परन्तु इसने अभी तक रोमियों 8:1 के आनंद का अनुभव नहीं किया है, ''सो अब जो मसीह यीशु में हैं, उन पर दंड की आज्ञा नहीं: क्योंकि वे शरीर के अनुसार नहीं बल्कि आत्मा के अनुसार चलते हैं।''

पवित्रता: आत्मा में जीवन (रोमियों 8:1-17)

रोमियों 7 के संघर्षों का उत्तर आत्मा की सामर्थ है। ''क्योंकि यीशु मसीह में जीवन की आत्मा की व्यवस्था ने मुझे पाप और मृत्यु की व्यवस्था से मुक्त कर दिया।''[170] व्यवस्था को अपने वश में रखने की कुंठित कोशिशों के बजाय, हम आत्मा द्वारा ''देह की क्रियाओं को मारने के लिए'' सशक्त होते हैं।[171] रोमियों 8 का विजयी स्वर रोमियों 7 के संघर्षों के विपरीत है। क्यों? ''आत्मा आप ही

[170] रोमियों 8:2।

[171] रोमियों 8:13।

हमारी आत्मा के साथ गवाही देता है, कि हम परमेश्वर की सन्तान हैं।'' यह विजयी जीवन, रोमियों 7 के बजाय, मसीह अनुभव के लिए पौलुस का उदाहरण है।

हम विजयी जीवन हमारे सामर्थ में नहीं जीते, बल्कि पवित्र आत्मा के सामर्थ में जीते हैं। पवित्र आत्मा हमें पाप की गुलामी से मुक्त करता है[172]; पवित्र आत्मा उद्धार का आश्वासन देता है[173]; पवित्र आत्मा हमारी प्रार्थनाओं का मार्गदर्शन करता है[174]; एक विश्वासी अपना जीवन *पूरी तरह से* पवित्र आत्मा की सामर्थ में जीता है।

आशा का आश्वासन (रोमियों 8:18-39)

उद्धार के विषय में पौलुस के शिक्षण का चरम बिंदु उसकी महिमा का जश्न है जो सभी विश्वासियों का इंतज़ार करता है। पौलुस लिखता है ''कि इस समय के दुःख और क्लेश उस महिमा के सामने जो हम पर प्रगट होनेवाली है, कुछ भी नहीं हैं।'' वह अपने पाठकों को इस वादे के साथ प्रोत्साहित करता है कि जो लोग परमेश्वर से प्रेम रखते हैं, ''उन के लिये सब बातें मिलकर भलाई ही को उत्पन्न करती है; अर्थात उन्हीं के लिये जो उस की इच्छा के अनुसार बुलाए हुए हैं।'' और वह हमें याद दिलाता है कि हमारी आशा उस परमेश्वर से है जिसने हमारे उद्धार को संभव बनाया है। ''यदि परमेश्वर हमारी ओर है तो हमारा विरोधी कौन हो सकता है?''

परमेश्वर ही है जो हमें धर्मी ठहराता है और हमारी रक्षा करता है। पौलुस परमेश्वर की संतान के रूप में हमारे आत्मविश्वास का जश्न मनाता हैः ''क्योंकि मैं निश्चय जानता हूं कि न मृत्यु, न जीवन, न स्वर्गदूत, न प्रधानताएं, न वर्तमान, न भविष्य, न सामर्थ, न ऊंचाई, न गहराई, और न कोई और सृष्टि, हमें परमेश्वर के प्रेम से, जो हमारे प्रभु मसीह यीशु में है, अलग कर सकेगी''

चुनाव में परमेश्वर की धार्मिकता प्रकट हुई (रोमियों 9:1-11:36)

एक और सवाल जो पौलुस की शिक्षाओं को सुन रहा है यह सवाल उठा सकता है कि, ''इस्राएल का क्या? क्या परमेश्वर अपने चुने हुए लोगों के प्रति अपने वादों में विफल हो गया?'' रोमियों 9-11 में, पौलुस यह समझाता है कि अब्राहम का

---

[172] रोमियों 8:2।

[173] रोमियों 8:15-16।

[174] रोमियों 8:26।

वंश विश्वास पर आधारित है, न कि जातीय मूल पर।[175] परमेश्वर ने इस्राएल को नहीं छोड़ा है, बल्कि परमेश्वर सब देशों को आशीष देने के लिए इस्राएल *के माध्यम से* काम कर रहा है। सब देशों को आशीष देने का वादा अब्राहम[176] से किया गया था; इसकी घोषणा इस्राएल के भविष्यद्वक्ताओं द्वारा की गई थी[177]; अब यह वादा अन्यजातियों में पूरा हो रहा है।[178] अन्यजातियों को परमेश्वर द्वारा आशीष दिया जाना इस्राएल का अंतिम त्याग नहीं है। इस्राएल के लिए उसका उद्देश्य पूरा होगा।

रोमियों 9-11 तीन सत्यों के साथ इस्राएल के अविश्वास की समस्या को संबोधित करता है:[179]

- परमेश्वर के वादे *हमेशा* विश्वासियों को संबोधित होते थे। इस्राएल के वादे **अतीत में** उन सभी लोगों के लिए जो विश्वास करते थे - इस्राएल में शेष बचे वफादार और अन्यजाति दोनों के लिए (9:6-29)।
- इस्राएल को उसके अविश्वास के कारण त्याग दिया गया। **वर्तमान में**, अन्यजातियों ने धार्मिकता प्राप्त कर ली है, जो विश्वास की है, जबकि इस्राएल ने धार्मिकता प्राप्त नहीं की है, क्योंकि उन्होंने व्यवस्था के कार्यों द्वारा इसे खोजने का प्रयास किया (9:30-10:21)।
- इस्राएल का त्याग अस्थायी है, अंतिम नहीं है। परमेश्वर अपने वादों को नहीं भूला है। **भविष्य में**, संपूर्ण इस्राएल को बचाया जाएगा जब वे परमेश्वर में विश्वास करेंगे (11:1-36)।

---

[175] रोमियों 9:6-8।

[176] उत्पत्ति 12:3।

[177] यशायाह 56:1-8 कई उदाहरणों में से एक है।

[178] रोमियों 11:11।

[179] William M. Greathouse and George Lyons, *Romans: A Commentary in the Wesleyan Tradition लिया गया।* Beacon Hill Press, 2008.

पौलुस रोमियों के इस खंड को एक ऐसे स्तूतीगान के वचन के साथ समाप्त करता है जिसमें वह परमेश्वर की उसकी अचूक बुद्धि, ज्ञान, न्याय और कार्य के लिए प्रशंसा करता है।[180] हालांकि हम परमेश्वर के कार्यों को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, हम उसकी प्रशंसा इसलिए करते हैं क्योंकि हम उसकी अच्छाई और धार्मिकता पर भरोसा करते हैं। हम जानते हैं कि सब वस्तुएं ''उससे, उसके माध्यम से और उसके लिए हैं।''[181] उसके कार्य हमारी प्रशंसा के योग्य हैं।

विश्वासियों के जीवन में परमेश्वर की धार्मिकता (रोमियों 12:1-15:13)

पौलुस का धर्मविज्ञान हमेशा व्यावहारिक है। पौलुस के कई पत्र दो बड़े वर्गों में बांटे जाते हैं। पहले खंड में, पौलुस सिखाता है कि हम किस पर विश्वास करते हैं, दूसरे खंड में वह सिखाता है कि हमें कैसे जीना चाहिए। इस तरीके को रोमन में देखा जा सकता है।

- रोमियों 1-11: *सिद्धांत*। पौलुस यह सिखाता है कि कैसे एक व्यक्ति परमेश्वर के सामने धर्मी ठहरता है।
- रोमियों 12-16: *लागू करना*। पौलुस सिखाता है कि एक धर्मी व्यक्ति कैसे रहता है।

रोमियों 12-15 दर्शाता है कि रोमियों 1-11 के सिद्धांत के अनुसार कैसे जीवन जीना है। रोमियों 12 में, पौलुस अपने पाठकों से कहता है कि वे परमेश्वर के सामने खुद को जीवित, पवित्र बलिदान के रूप में चढ़ाएं। धर्मिकता और पवित्रता में देखी जाने वाली परमेश्वर की धार्मिकता जीवन के सभी क्षेत्रों को बदल देती है। जो शरीर के बजाय आत्मा में चलता है वह दैनिक जीवन में परमेश्वर की धार्मिकता को दिखाएगा। पौलुस जीने के इस नए तरीके के कुछ व्यावहारिक पहलुओं की पहचान करता है।

- हम अपने आत्मिक वरदानों का दूसरों की सेवा करने के लिए उपयोग करते हैं (12:3-8)।
- हम दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं जो सच्ची मसीहत को दर्शाता है (12:9-21)।
- हम शासकीय अधिकारियों के अधीन रहते हैं (13:1-7)।

---

[180] रोमियों 11:33-36।

[181] रोमियों 11:36।

- हम प्रेम के माध्यम से व्यवस्था को पूरा करते हैं (13:8-14)।
- हम अपने भाई पर दोष न लगाकर स्वतंत्रता के सिद्धांत का पालन करते हैं (14:1-12)।
- हम प्रेम के सिद्धांत का पालन करते हुए अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग इस तरह से नहीं करते जिससे एक कमज़ोर भाई ठोकर खाए (14:13-14:23)।
- हम मसीह के उदाहरण का अनुसरण करते हैं ताकि हम ''पवित्र आत्मा की सामर्थ के माध्यम से आशा में भरपूर हों'' (15:1-13)।

निष्कर्ष (रोमियों 15:14-16:27)

अपने निष्कर्ष में, पौलुस स्पेन के रास्ते पर रोम जाने की अपनी योजना साझा करता। वह उम्मीद करता है कि रोम स्पेन के लिए उसके अभियान का आधार बन जाएगा। वह सहकर्मियों को शुभकामनाएँ भेजता है और जैसा कि यह पौलुस के पत्रों में आम है वह एक स्तूतीगान के वचन के साथ पत्र का समापन करता है। यह स्तूतीगान का वचन ''रहस्य के प्रकाशन'' के लिए जो ''अब प्रकट हो गया है'' परमेश्वर की प्रशंसा करता है।[182] रहस्य जो सामने आया है वह खुशी की ख़बर है कि सुसमाचार सभी लोगों के लिए है। परमेश्वर की धार्मिकता ''विश्वास से विश्वास तक'' प्रकट हुई है; विश्वास करने वालों का उद्धार होता है।

आज की कलीसिया में रोमियों की पत्री

रोमियों की पत्री आज कलीसिया को **स्पष्ट सिद्धांत के महत्व** के बारे में सिखाती है। याद रखें कि पौलुस ने इस पत्री को सामान्य मसीहियों के लिए लिखा था। एक ऐसे समय में जिसमें मसीहियों को कभी-कभी आत्मिक शिशुओं जैसा समझा जाता है जो बाइबल के सत्य के ठोस आहार को पचाने में असमर्थ होते हैं, रोमियों की पत्री यह दर्शाती है कि विश्वासियों को गहन सिद्धांत सिखाया जा सकता है।

रोमियों की पत्री आज कलीसिया को **दैनिक जीवन में सिद्धांत लागू करने के महत्व** के बारे में सिखाती है। पौलुस अकेले बौद्धिक बहस के लिए सिद्धांत में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। वह विश्वासियों के जीवन को बदलने के लिए सिद्धांत की शिक्षा देता है।

[182] रोमियों 16:25-26।

1-11 रोमियों के महान सत्यों के बाद, पौलुस इस वाक्य को ''मैं आपसे बिनती करता करतर हूँ...'' जारी रखता है[183]। ''इसलिए'' शब्द जो बात वह कहने की तैयारी कर रहा है उसे उससे जोड़ता है, जो वह पहले ही कह चुका है। हम इसकी संक्षिप्त व्याख्या इस प्रकर कर सकते हैं, ''इन सत्यों (धार्मिकता, पवित्रता और चुनाव) के कारण, मैं आपको अपने आप को उस परमेश्वर के समक्ष जीविते बलिदान के रूप में चढ़ाने के लिए कहता हूं, जिसने आपको ये आशीषें दी हैं। इसी प्रकार आपका परिवर्तन आपके दैनिक जीवन में दिखेगा।'' पौलुस तब रोमियों 12-15 के इस परिवर्तन के व्यावहारिक अनुप्रयोग का और अधिक वर्णन करता है। सही सिद्धांत का होना पर्याप्त नहीं है, हमें हरदिन अपना जीवन उस सिद्धांत के अनुसार जीना है।

निष्कर्ष

बुधवार 24 मई, 1738 को, जॉन वेस्ली ने लंदन के एल्डर्सगेट स्ट्रीट पर एक मोरवियन सभा में भाग लिया। वेस्ली ने उद्धार के आश्वासन को खोजने के लिए वर्षों तक संघर्ष किया था। उनकी तरह कई समकालीन व्यक्तियों की तरह, उसका मानना था कि धार्मिकता व्यक्ति के धर्मी जीवन जीने की योग्यता पर आधारित है। जब उन्होंने विलियम हॉलैंड को मार्टिन लूथर की रोमियों की प्रस्तावना को पढ़ते हुए सुना, वेस्ली रूपांतरित हो गये। वेस्ली ने बाद में लिखाः

> ''मुझे एक आश्वासन दिया गया कि उसने **मेरे** पापों को **हटा दिया**, और **मुझे** पाप और मृत्यु की व्यवस्था से बचाया।''

शाम को मैं न चाहते हुए भी एल्डर्सगेट स्ट्रीट की एक सभा में गया, जहाँ एक व्यक्ति रोमियों की पत्री के लिए लूथर की प्रस्तावना पढ़ रहा था। लगभग पौने नौ बजे से थोड़ा पहले, जब वह अगुआ उस बदलाव का वर्णन कर रहा था जो प्रभु मसीह में विश्वास के माध्यम से हृदय में काम करता है, मैंने अपने हृदय में एक अजीब सी गर्माहट को महसूस किया। मुझे लगा कि मैंने उद्धार के लिए केवल मसीह पर ही भरोसा किया है और मुझे यह आश्वासन मिला कि उसने मेरे पापों को हटा दिया है और मुझे पाप और मृत्यु की व्यवस्था से बचाया है।[184]

उस रात जॉन वेस्ले ने रोमियों 1:17 के सत्य को समझा, ''केवल विश्वास से ही धर्मी जन जीवित रहेगा'' इस महान सत्य ने एक पुनर्जागरण को प्रेरित किया जो इंग्लैंड और अंततः दुनिया भर में फैल गया।

---

[183] रोमियों 12:1।

[184] *जॉन वेस्ली के डायरी*। 24 मई 1738।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्नलिखित में से **एक** असाइनमेंट चुनें:

- रोमियों की पत्री में विश्वास के द्वारा धार्मिकता पर एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। यह एक 5-6 हाथ से लिखे हुए प्रष्ठ या एक रिकॉर्ड किया हुआ उपदेश या पाठ हो सकता है।
- रोमियों की पुस्तक से एक पृष्ठ का संक्षेप लिखिए जो रोमियों 1-11 के सिद्धांत और रोमियों 12-16 के व्यावहारिक रूप से लागू करने के विषय में दर्शाता है। यह आपकी अपनी व्यक्तिगत संक्षेम होनी चाहिए, किसी टिप्पणी या बाइबल अध्ययन से नहीं।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु पर अधारित एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

रोमियों की पुस्तक का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें:

मुद्रित स्रोत

Bray, Gerald, ed. *Ancient Christian Commentary on Scripture: Romans (प्राचीन मसीही ग्रंथ पर समीक्षा: रोमियों)।* Intervarsity Press, 1998.

Clarke, Adam. *Commentary on the New Testament (नए नियम पर समीक्षा)।* Abingdon Press, n.d.

Greathouse, William M and George Lyons. *New Beacon Bible Commentary: Romans (बीकॉन की नई बाइबल समीक्षा: रोमियों) (2 vols)* Beacon Hill Press, 2008.

ऑनलाइन स्रोत

''Romans'' at http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/

''Does Romans 7 Teach that Christians Will Continue Sinning? (क्या रोमियों 7 सिखाता है कि मसीही पाप करते रखेंगे?)''

http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

''Does Romans 9-11 Teach Calvinist Predestination?'' (क्या रोमियों 9-11 कलविनिस्ट पूर्वनियति सिखाता है?)

http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 5 के परीक्षा प्रश्न

(1) रोमियों की पत्री के तीन उद्देश्यों को सूचीबद्ध कीजिए।

(2) रोमियों के परिचय में पाए जाने वाले सुसमाचार के विषय में चार सत्यों को सूचीबद्ध करें।

(3) उन तीन समूहों की सूचीबद्धा करें जिन पर रोमियों 1-3 में दंड की आज्ञा है।

(4) रोमियों 6 में, उस व्यक्ति के लिए पौलुस का जवाब क्या है, जो यह पूछता है कि क्या हम पाप करते रहें ताकि अनुग्रह भरपूर हो?

(5) रोमियों 7:7-25 की तीन व्याख्याएँ क्या हैं?

(6) पौलुस तीन सत्यों के साथ इस्राएल के अविश्वास की समस्या का जवाब देता है। उन सत्यों को सूचीबद्ध कीजिए।

(7) रोमियों 12-15 में से, परमेश्वर के धार्मिक जीवन जीने के तीन तरीकों को सूचीबद्ध करें।

पाठ 6

कुरिन्थियों और गलातियों: परेशानी में पड़ी कलीसियाओं को पत्र

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) 1 और 2 कुरिन्थियों और गलातियों की तारीख और उद्देश्य को जानें।

(2) 1 और 2 कुरिन्थियों और गलातियों के प्राथमिक विषयों की रूपरेखा तैयार करें।

(3) 1 कुरिन्थियों की व्याख्या के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को समझें।

(4) मसीहियों और व्यवस्था के बीच संबंधों पर चर्चा करें।

(5) वैधानिकता के विषय में बाइबल की परिभाषा को पहचानें।

(6) प्रारंभिक कलीसिया में विवाद और भ्रम के क्षेत्रों को पहचानें।

(7) इन पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

1 और 2 कुरिन्थियों और गलातियों को पढ़ें।

1 कुरिन्थियों 1:20-21 और गलातियों 5:22-23 को याद करें।

आधुनिक पाठक कभी-कभी यह मानते हैं कि प्रारंभिक कलीसिया बड़ी समस्याओं से मुक्त थी। हम सोचते हैं, ''प्रारंभिक कलीसिया में रहना कितना अच्छा होता जब सब कुछ एकता और पुनर्जागरण से संबंधित था!'' कुरिन्थुस और गलातिया को पौलुस के पत्र एक बहुत अलग विवरण को दिखाते हैं। पहली सदी के कलीसिया में झूठे सिद्धांत की समस्या थी, सदस्यों के बीच पाप था, बाइबल की महत्वपूर्ण शिक्षाओं के बारे में भ्रम था और अधिकार और कलीसिया के अनुशासन के प्रश्न को लेकर समस्या थी। दूसरे शब्दों में, यह पस्तकें एक ऐसे संसार को दिखाती हैं जो हमारे संसार से मिलता जुलता है। इस वजह से, पहली सदी की परेशान कलीसिया को लिखे गये इन पत्रों में इक्कीसवीं सदी की परेशान कलीसियों को सिखाने के लिए बहुत कुछ है।

1 कुरिन्थियों

लेखक और तारीख

कुरिन्थुस एक बंदरगाह था, जो एजियन और इयोनियन सागरों के बीच की संकीर्ण भूमि पर स्थित था। जहाज़ी माल को उस जगह के एक तरफ उतारा जाता था, जिसे भूमी की संकीर्ण पट्टी के पार ले जाकर दूसरी तरफ जहाज़ो पर लाद दिया जाता था। कुरिन्थुस के इस रणनीतिक स्थान ने सुसमाचार के लिए शानदार अवसर प्रदान किए। नाविक इस शहर में इंतज़ार करते थे, जब उनके जहाज में माल लादा और ढोया जाता था। इससे साम्राज्य के चारों ओर के लोगों को सुसमाचार सुनाने का अवसर मिला।

पौलुस ने 50 ईसा पश्चात के आसपास अपनी दूसरी मिशनरी यात्रा के दौरान कुरिन्थुस में कलीसिया की स्थापना की।[185] रोम से दो मसीहियों एक्किला और प्रिसिल्ला के साथ पौलुस ने कुरिन्थुस में प्रचार करते हुए अठारह महीने बिताए। उसने इसकी शुरुआत आराधनालय में शिक्षा देने से की। जब उसे आराधनालय से निकाला दिया गया तो वह आस पास के एक निजी घर में चला गया। आराधनालय के शासक सहित कुरिन्थुस के कई लोगों ने सुसमाचार के प्रचार पर कान लगाया।

पौलुस ने लगभग पांच साल बाद 1 कुरिन्थियों का पत्र लिखा। इस पत्र को उसने इफिसुस में अपनी तीसरी मिशनरी यात्रा के दौरान लिखा था।[186] पौलुस ने उन समस्याओं के जवाब में लिखा था जो कुरिन्थुस की कलीसिया में उत्पन्न हुई थीं। पौलुस तुरंत कुरिन्थुस की यात्रा नहीं कर सकता था, इसलिए उसने यह पत्र लिखा और इसे तीमुथियुस के हाथ भेजा। तीमुथियुस को इस पत्र को पहुंचाने और उस कलीसिया में ज़रूरी निर्देश देने के लिए नियुक्त किया गया था।[187]

---

[185] प्रेरितों के काम 18:1-18।

[186] 1 कुरिन्थियों 16:8।

[187] 1 कुरिन्थियों 4:17।

शैली

1 कुरिन्थियों की व्याख्या करना सरल और कठिन दोनों है! सरल इसलिए है क्योंकि 1 कुरिन्थियों एक ''सामयिक पत्र'' है - एक विशेष परिस्थिति (या अवसर) के जवाब में लिखा गया पत्र है। एक तरह से, यह पत्र को सरल बनाता है। किसी जटिल सिद्धांत के बजाय, पौलुस सीधे समस्याओं को संबोधित करता है।

परन्तु, इस प्रकार का पत्र मुश्किल हो सकता है क्योंकि हमारे पास पौलुस और कलीसिया के बीच पत्राचार का केवल एक ही पक्ष है। जिन समस्याओं का पौलुस जवाब दे रहा था, उनका परिणाम निकालने से 1 कुरिन्थियों की व्याख्या करना मुश्किल हो सकता है।

दो उदाहरणों से पता चलता है कि पौलुस कुरिन्थुस के सवालों के जवाब कैसे देता है। 1 कुरिन्थियों 7:1 इस प्रकार शुरू होता है, ''अब उन बातों के विषय में जिनके विषय में तुमने मुझे लिखा...।'' पौलुस इसके बाद एक वाक्यांश लिखता है जो संभवतः उनके पत्र का एक उद्धरण है, ''यह अच्छा है, कि पुरूष स्त्री को न छुए।'' इसके बाद पौलुस इस विचार का उत्तर देता है कि सब यौन संबंधों से दूर रहना पुरुषों और महिलाओं के लिए सबसे उत्तम हैः ''परन्तु व्यभिचार के डर से हर एक पुरूष की पत्नी, और हर एक स्त्री का पति हो।''

इसी तरह 1 कुरिन्थियों 8:1 इस प्रकार शुरू होता है, ''अब मूर्तियों को चढ़ाये जाने वाले भोजन के विषय में...'' अगला वाक्यांश संभवतः उनके पत्र का एक उद्धरण है, ''हम जानते हैं कि हम सब को ज्ञान हैः ज्ञान घमण्ड उत्पन्न करता है, परन्तु प्रेम से उन्नति होती है।''[188] जब हम कुरिन्थुस को लिखे गये पत्र पढ़ते हैं तो हम पत्राचार के एक ही पक्ष के विषय में पढ़ते हैं। कई बार हमें पौलुस की सलाह को कुरिन्थुस के मसीहियों के उद्धरण से अलग करना पड़ेगा।

उद्देश्य

कुरिन्थुस को लिखा गया पौलुस का पहला पत्र कलीसिया के तीन अगुओं की परेशानी की ख़बर से प्रेरित था।[189] स्तिफनास, फूरतूनातुस और अखइकुस ने बताया कि कलीसिया में विभाजन हो रहा था, खुलेआम किये जाने वाले पापों को नज़रांदाज़ किया जा रहा था और पौलुस की प्रेरिताई का अधिकार मुश्किल में था। पौलुस ने इन समस्याओं का समाधान करने और कुरिन्थियों के मसीहियों के सवालों का जवाब देने के लिए 1 कुरिन्थियों की पत्री को लिखा।

---

[188] 1 कुरिन्थियों 8:1,

[189] 1 कुरिन्थुस 16:17।

1 कुरिन्थियों की विषय वस्तु

परिचय में, पौलुस अपने अधिकार को ''यीशु मसीह के एक प्रेरित'' के रूप में बताता है और कुरिन्थियों के विश्वासियों को याद दिलाता है कि वे ''मसीह यीशु में पवित्र हैं, संत कहलाने के लिए बुलाये गये हैं।''[190] इसके बाद वह उन समस्याओं को संबोधित करता है जिनमें वे परमेश्वर की बुलाहट के अनुसार जीने में असफल रहे हैं।

विभाजन (1 कुरिन्थुयों 1-4)

पौलुस ने कुरिन्थुस में इस कलीसिया की स्थापना की थी। अक्विला और प्रिस्सिला द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद प्रतिभाशाली वक्ता अपुल्लोस ने वहां प्रचार किया था।[191] यह संभव है कि पतरस ने कुरिन्थुस का दौरा किया होगा।[192] कुरिन्थुस की कलीसिया गुटों में बंट गई थी, प्रत्येक समूह इन शिक्षकों में से एक को अपना अगुआ मानता था। कुछ लोगों ने इस विभाजन से भी बढ़कर यह माना, ''मैं तो मसीह के पीछे चलता हूं।'' परन्तु यह समूह भी गर्व की आत्मा से प्रेरित था न कि दीनता की आत्मा से।[193]

1 कुरिन्थियों के अगले खंडो में चर्चित मुद्दों से पता चलता है कि इस विभाजन ने कुरिन्थियों की कलीसिया में सप्ताहिक आराधना और प्रभु भोज के उत्सव को प्रभावित किया। इसके अलावा, यह विभाजन कलीसिया की अपने सदस्यों के बीच पाप को संबोधित करने की अनिच्छा का कारण हो सकता है।

पौलुस अपनी सेवकाई के बचाव के साथ शुरुआत करता है। जिन लोगों ने अपुल्लोस को अपने संरक्षक के रूप में माना, उन्होंने पौलुस के प्रेरिताई अधिकार को त्याग दिया और उसके अप्रतिष्ठित रूप और भाषण का मज़ाक उड़ाया। कलीसिया में समस्याओं का समाधान करने के लिए पौलुस अपने प्रेरिताई अधिकार का बचाव करता है। उनका आत्मिक पिता होने पर पौलुस अपने ''प्यारे बालकों[194]'' से इतना प्रेम करता है कि वह उनको उनके तरीकों पर नहीं छोड़ता। इसलिए, पौलुस अपनी सेवकाई का ज़ोरदार बचाव करके पत्र की शुरुआत करता है; ''पौलुस की ओर से जो परमेश्वर की इच्छा से यीशु मसीह का प्रेरित होने के लिये बुलाया गया...''[195]

---

[190] 1 कुरिन्थियों 1:1-2।

[191] प्रेरितों के काम 18:27।

[192] 1 कुरिन्थियों 9:5 ।

[193] 1 कुरिन्थियों 1:10-12।

[194] 1 कुरिन्थियों 4:14-15।

[195] 1 कुरिन्थियों 1:1।

चूँकि कुछ सदस्यों ने पौलुस के सरल भाषण की तुलना अपुल्लोस की बहुत अच्छा बोलने की कला से की, इसलिए पौलुस यह बताता है कि वह ''भाषण या ज्ञान की उत्कृष्टता के साथ नहीं आया।'' ''मेरे वचन, और मेरे प्रचार में ज्ञान की लुभाने वाली बातें नहीं, परन्तु आत्मा और सामर्थ का प्रमाण था...''[196] पौलुस अपुल्लोस की अलोचना नहीं करता,[197]परन्तु यह दिर्शाता है कि कुरिन्थुस में उसकी अपनी सेवकाई पवित्र आत्मा की सामर्थ पर आधारित थी जो उसके संदेश के माध्यम से काम कर रहा था। कुरिन्थुस के लोग मानव ज्ञान की महिमा कर रहे थे इसलिए पौलुस उन्हें सुसमाचार मे वापस लौटने के लिए कहता है।

व्यभिचार (1 कुरिन्थियों 5-6)

► कलीसिया के सदस्यों के बीच कलीसिया के अगुओं को खुले पाप से कैसे निपटना चाहिए?

एक ऐसा शहर होने के कारण जिसमें बंदरगाह थे और मूर्तिपूजा के मंदिर थे जिनमें मूर्तीपूजा के दौरान व्यभिचार भी होता था, कुरिन्थुस शहर अपनी यौन भ्रष्टता के लिए जाना जाता था। शब्द ''कुरिन्थुस का बनना'' का अर्थ था व्यक्ति की नैतिकता का भ्रष्ट होना।

कुरिन्थियों की कलीसिया ने अपने सदस्यों में से एक को अनुशासित करने से इनकार कर दिया, जो अपनी सौतेली माँ के साथ अनैतिक संबंध में रह रहा था। यह ऐसा व्यवहार था जो मूर्तीपूजकों का भी नहीं था।[198] परन्तु फिर भी कुरिन्थियों की कलीसिया अभिमान से इतनी भर गई थी कि उसने समस्या का समाधान करने से इनकार कर दिया।

कलीसिया के उचित अनुशासन को समझने के लिए पौलुस का निर्देश महत्वपूर्ण है। पौलुस यह मांग करता है कि वे अपराधी को इस उम्मीद में निष्कासित कर दें कि वह पश्चाताप करे।[199] कलीसिया को अपने सदस्यों के बीच दो कारणों से पाप का न्याय करना चाहिएः पापी को पश्चाताप में लाना और सुसमाचार की निन्दा करने से बचना। पौलुस न ही अविश्वासियों के कार्य और न ही पाप करने वाले पश्चातापी के कार्यों को संबोधित कर रहा है। वह कलीसिया के एक सक्रिय सदस्य द्वारा जानबूझकर किये जाने वाले पाप को संबोधित कर रहा है।

---

[196] 1 कुरिन्थियों 2:1-4।

[197] 1 कुरिन्थियों 16:12 से पता चलता है कि पौलुस और अपुल्लोस परमेश्वर के राज्य के लिए काम करने में एकजुट थे।

[198] 1 कुरिन्थियों 5:1।

[199] ''शैतान को सौंपा जाए'' वाक्य का अर्थ संभवता उसे कलीसिया से निकालना है। कलीसिया के बाहर, वह ऐसी दुनिया में है जो शैतान के दायरे में है।

इसी से संबंधित, पौलुस विश्वासियों के बीच मुकदमों को संबोधित करता है। जबकि कुरिन्थुस के लोग कलीसिया में खुले पाप का न्याय करने से बचते थे, फिर भी वे बहुत जल्दी सार्वजनिक अदालतों में व्यक्तिगत शिकायतों को ले जाते थे। इसलिए पौलुस यह पूछता है कि यदि वे मसीही भाइयों के बीच विवादों को निपटाने में पर्याप्त समझदार नहीं हैं तो वे ''संसार का न्याय'' कैसे कर सकते हैं।

कुरिन्थियों के प्रश्न (1 कुरिन्थियों 7:1-16:9)

पौलुस अब प्रश्नों की एक श्रृंखला को संबोधित करता है जो कुरिन्थियों ने पौलुस को भेजे एक पत्र में पूछे थे।[200] प्रत्येक विषय को ''अब इसके विषय में...'' वाक्यांश के साथ पेश किया जाता है। पौलुस उनके सवाल को इस्तेमाल करके उनके द्वारा उठाए गये मुद्दे पर प्रतिक्रिया देता है।

कुवांरापन और विवाह (1 कुरिन्थियों 7:1-23)

कुछ लोग यह शिक्षा दे रहे थे कि ''यह अच्छा है कि पुरूष स्त्री को न छुए।''[201] पौलुस का जवाब है कि विवाह यौन अभिव्यक्ति के लिए उचित संदर्भ है। इस खंड में, वह तलाक की समस्या को भी संबोधित करता है, एक ऐसा मुद्दा जो विशेष रूप से उन नए विश्वासियों के लिए मुश्किल था जो गैर-मसीहियों से शादी कर रहे थे।

अविवाहित और विधवा (1 कुरिन्थियों 7:25-40)

''वर्तमान संकट'' के कारण, पौलुस का मानना था कि अविवाहितों के लिए अविवाहित रहना ही सबसे उत्तम होगा। हालाँकि, उसने यह स्पष्ट किया कि यह उसका व्यक्तिगत निर्णय था न कि ''प्रभु की आज्ञा।'' ''वर्तमान संकट'' रोमन सरकार द्वारा विश्वासियों के उत्पीड़न को दर्शाता है। यह बढ़े हुए उत्पीड़न की संभावना को भी दर्शा सकता है क्योंकि प्रभु यीशु की वापसी का ''नियत समय'' निकट है।[202]

मूर्तियों को चढ़ाया गया भोजन (1 कुरिन्थियों 8:1-11:1)

► आपकी सेवकाई के संदर्भ में, मूर्तियों को चढ़ाए जाने वाले भोजन के कुरिन्थियों के इस मुद्दे के साथ कौन सी सांस्कृतिक प्रथाओं की समानता है?

---

200 1 कुरिन्थियों 7:1।

201 1 कुरिन्थियों 7:1।

202 1 कुरिन्थियों 7:29।

मूर्तियों को चढ़ाए जाने वाले भोजन के कठिन प्रश्न के उत्तर में पौलुस की सबसे लंबी चर्चा है। कुरिन्थियों ने अपने महान ज्ञान के आधार पर अपना निर्णय लिया, ''हम जानते हैं कि हम सभी को ज्ञान है।'' इसके विषय में पौलुस का जवाब यह है कि, केवल हमारे ज्ञान (जो ''घमंड उत्पन्न करता है'') के आधार पर निर्णय लेने के बजाय, हमें प्रेम से व्यवहार करना चाहिए (जो ''उन्नति लाता है'')।

पौलुस मूर्तीपूजकों के मंदिरों के भोजन क्षेत्रों में खाने और सार्वजनिक बाज़ार में खरीदारी करने के बीच अंतर करता है। मंदिर के भोज कक्ष में भोजन करने से, एक ''ज्ञानी'' विश्वासी एक कमज़ोर भाई को नष्ट कर सकता है, जो अपने विवेक को भ्रष्ट करने की परीक्षा में पड़ेगा। एक उदाहरण के रूप में कुरिन्थियों को जिस भावना का प्रदर्शन करना चाहिए पौलुस ने उन्हें याद दिलाया कि उसने उनके शहर में सुसमाचार सुनाने के लिए उनके पासबान के रूप में वित्तीय सहायता की अपेक्षा करने के अधिकार को त्याग दिया था।

इसके अलावा, मूर्तिपूजक मंदिर में भोजन करना मूर्ति पूजा में भाग लेने के समान था।[203] पौलुस ने यह निष्कर्ष निकाला, ''तुम प्रभु के कटोरे, और दुष्टात्माओं के कटोरे दोनों में से नहीं पी सकते!''

जबकि विश्वासियों को एक मूर्तिपूजक धार्मिक संदर्भ में नहीं खाना चाहिए, पौलुस एक सार्वजनिक बाज़ार में खरीदारी के मुद्दे के विषय अलग से बात करता है, यह वह बाज़ार था जहां मूर्तियों को चढ़ाया गया मांस बेचा जाता था। क्योंकि इसका मूर्तिपूजा से कोई सीधा संबंध नहीं है, इसलिए पौलुस का सुझाव यह है कि मसीही ''कोई सवाल न पूछे'' और जो उपलब्ध है उसे खरीद लें। स्वतंत्रता का यह अपवाद तब होता है जब कोई व्यक्ति जो ठोकर खा सकता है, मौजूद होता है। एक आत्मिक रूप से कमज़ोर भाई इस मांस की खरीद को मूर्ति पूजा से भी जोड़ सकता है। इस मामले में, पौलुस कुरिन्थियों को एक मसीही की जिम्मेदारी को स्मरण कराता है कि ''कोई अपनी ही भलाई को न ढूंढे, वरन औरों की।''

मुख्य सिद्धांत प्रेम है। परमेश्वर के प्रति प्रेम एक विश्वासी को मूर्तिपूजक मंदिर में चढ़ाए जाने वाले मूर्ति भोज में भाग लेने से रोकता है। हमारे साथी मसीही के प्रति प्रेम एक विश्वासी को मांस खाने से रोकता है जो एक कमज़ोर भाई के विश्वास को भ्रष्ट कर सकता है।

---

[203] 1 कुरिन्थियों 10:1-22 मूर्ति पूजा की प्रथा में भागीदारी के ख़िलाफ एक चेतावनी के रूप में इस्राएल की विश्वासहीनता की कहानी का उपयोग करता है।

आराधना और वरदान (1 कुरिन्थियों 11:2-14:40)

इसके बाद पौलुस अधिकार के मामलों, प्रभु भोज के पालन और आत्मिक वरदानों का वर्णन करता है। ये मुद्दे गर्व और विभाजन के कारण उत्पन्न हुए जो कुरिन्थुस की कलीसिया को तोड़ रहे थे। कुरिन्थुस के लोग स्वयं को एक ही देह के सदस्य समझने के बजाय, अपने आत्मिक वरदानों का उपयोग स्वयं की उन्नति के लिए कर रहे थे। इस दृष्टिकोण के प्रति उचित प्रतिक्रिया यह याद रखना है कि प्रेम आत्मिक वरदानों से बड़ा है।

मसीह और मृतकों का पुनरुत्थान (1 कुरिन्थियों 15)

मृत विश्वासियों के भविष्य के बारे में सवालों के जवाब में, पौलुस मसीह के पुनरुत्थान के ऐतिहासिक सत्य को स्थापित करके शुरुआत करता है। फिर वह यह तर्क करता है कि यीशु का पुनरुत्थान ''उन लोगों में से जो सो गये है पहला फल है।'' क्योंकि मसीह ने मृत्यु पर विजय पाई इसलिए विश्वासियों के पास पुनरुत्थान का वचन है।

यरूशलेम के विश्वासियों के लिए इकट्ठा किया गया दान (1 कुरिन्थियों 16:1-4)

अपनी तीसरी मिशनरी यात्रा के दौरान पौलुस ने यरूशलेम के उन विश्वासियों की आर्थिक सहायता के लिए अन्यजाती कलीसियाओं से भेंट एकत्र की, जो यहूदी धर्मगुरुओं के सताव के कारण दुख उठा रहे थे। यह भेंट कलीसिया की एकता के सिद्धांत की व्यावहारिक अभिव्यक्ति के रूप में पौलुस के लिए महत्वपूर्ण था। इस भेंट के द्वारा अन्यजाती मसीहियों ने दिखाया कि कलीसिया में उनकी सदस्यता में उनके साथी (यहूदी) मसीहियों की आर्थिक सहायता का दायित्व शामिल था।

अंतिम अभिवादन (1 कुरिन्थियों 16:5-24)

पौलुस अपने पत्र का अपनी कुरिन्थुस की भावी यात्रा की योजनाओं के साथ, अपने हाथ से लिखे हुए नमस्कार और अंतिम अभिवादन के साथ समापन करता है।

2 कुरिन्थियों

2 कुरिन्थियों की स्थापना और उद्देश्य

2 कुरिन्थियों को 1 कुरिन्थियों के एक साल बाद लिखा गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि तीमुथियुस की यात्रा से कुरिन्थुस की समस्याओं का कोई हल नहीं

निकला। इसके बाद पौलुस ने स्वयं उस कलीसिया का दौरा किया। यह एक ''दु:खद'' यात्रा थी जिसके दौरान कलीसिया ने उसके अधिकार का विरोध किया।[204] पौलुस इफिसुस लौट आया, जहाँ से उसने एक और पत्र लिखा (जो अब खो गया है) और इसे तितुस के हाथ भेज दिया।[205]

इफिसुस से पौलुस ने मकिदुनिया की यात्रा की, जहां उसने कुरिन्थुस की ओर से समाचार की प्रतीक्षा की। तितुस ने बताया कि अधिकांश कुरिन्थियों ने अपने विद्रोह के कारण पश्चाताप किया।[206] हालाँकि, एक छोटा समूह पौलुस के अधिकार को अस्वीकार करता रहा। 2 कुरिन्थियों का अंतिम भाग इस समूह को संबोधित करता है और पौलुस की तीसरी यात्रा के लिए रास्ता तैयार करता है।

2 कुरिन्थियों के उद्देश्य ये हैं:

- तितुस द्वारा बताए गए पश्चाताप के लिए कुरिन्थियों की प्रशंसा करना (1-7)
- यरूशलेम से एकत्र भेंट की पूर्ती (8-9)
- कुछ सदस्यों के निरंतर विद्रोह को संबोधित करना (10-13)

निम्नलिखित चार्ट 1 और 2 कुरिन्थियुों की समयरेखा को दिखाता है। हालांकि कुछ तिथियां अनिश्चित हैं, फिर भी यह कुरिन्थियों की कलीसिया में पौलुस की भागीदारी की सबसे संभावित समय सारिणी है।

[204] 2 कुरिन्थियों 2:1।

[205] 2 कुरिन्थियों 2:3-9।

[206] 2 कुरिन्थियों 7:5-16।

पौलुस और कुरिन्थुस की कलीसिया	
पौलुस के कुरिन्थुस के दौरे	***कुरिन्थुस को पौलुस के पत्र***
पौलुस की दूसरी मिशनरी यात्रा कै दौरान स्थापित की गई कलीसिया (50 ईसा पश्चात)	
	एक अज्ञात पत्र[207]
	1 कुरिन्थियों, जिसे इफिसुस से लिखा गया है और तीमुथियुस के हाथ भेजा गया (55 ईसा पश्चात)
एक ''दुःखद'' यात्रा जिसके दौरान पौलुस के अधिकार को अस्वीकार कर दिया गया था[208]	
	एक अज्ञात ''गंभीर'' पत्र, जिसे इफिसुस से तितुस के हाथ भेजा गया, जिससे लोगों ने पश्चाताप किया[209]
	2 कुरिन्थियों, मकिदुनिया में लिखा गया और तितुस के हाथ भेजा गया (56 ईसा पश्चात)
कुरिन्थुस को पौलुस की अंतिम यात्रा (57 ईसा पश्चात)[210]	

2 कुरिन्थियों की विषय वस्तु

2 कुरिन्थियों की शैली इसके विविध उद्देश्यों को दर्शाती है। यह विभिन्न लेखों के एक संग्रह के प्रकार है जो पौलुस की कई अलग-अलग मुद्दों के प्रति प्रतिक्रिया को दिखाता है। 1 कुरिन्थियों की तरह यह एक सामयिक पत्र है जो कुरिन्थुस की स्थिति से जुड़े खास मुद्दों से निपटता है। इस व्यापक पत्र के संक्षेप के बजाय, इसके कुछ विषयों की पहचान करना और अधिक उपयोगी होगा जिन्हें इस पत्र में संबोधित किया गया है।

---

[207] 1 कुरिन्थियों 5:9।

[208] 2 कुरिन्थियों 2:1।

[209] 2 कुरिन्थियों 7:8-16।

[210] 2 कुरिन्थियों 12:14।

पौलुस की प्रेरिताई का बचाव

कुछ स्पष्ट शर्मिंदगी के साथ, पौलुस एक व्यापक लेख में अपनी प्रेरिताई का बचाव करता है। पौलुस के दुश्मनों ने पौलुस के दुख उठाने और निर्बलता को साक्ष्य के रूप में उसके प्रेरित होने के अधिकार के खिलाफ इस्तेमाल किया। ये शत्रु सफलता और सामर्थ में घमंड करते हैं। पौलुस अपनी दुर्बलताओं में घमड करता है, ''कि मसीह की सामर्थ मुझ पर छाया करती है।''[211] उसका अधिकार परमेश्वर से आता है, जिसने पौलुस की निर्बलता के माध्यम से कार्य करने का चुनाव किया ताकि उससे परमेश्वर की महिमा प्रकट हो।

पौलुस की खराई का बचाव

पौलुस ने पहले ही कुरिंथुस का दौरा करने का इरादा किया था, परन्तु पिछली यात्रा के घावों की चंगाई के लिए समय की आवश्यकता के कारण इसमें देरी हुई। इस कारण से, उसने सीधे कुरिन्थुस की बजाय मकिदुनिया की यात्रा की। उसकी इस योजना में बदलाव के कारण उसके शत्रुओं को उसकी निंदा करने का अवसर मिला; उन्होंने उस पर यह दोष लगाया की वह भोरोसे के योग्य नहीं है। पौलुस ने अपनी योजना के बदलाव के विषय में यह कहा कि उसकी सेवकाई का नेतृत्व परमेश्वर करता है।[212]

पौलुस की तीसरी यात्रा की योजनाएं

कुछ ऐसे लोग हैं जो उसके अधिकार को निरंतर अस्वीकार करते हैं और कहते हैं कि पौलुस निर्बल है। पौलुस लिखता है कि वह कुरिन्थुस लौट रहा है और उनसे यह आग्रह करता है कि वे उसके आने से पहले पश्चाताप करें। इन विरोधियों के कारण कष्ट पहुंचाये जाने के बावजूद भी, पौलुस का लक्ष्य मेल मिलाप करना है। पत्र के आरंभ में, वह पश्चाताप करने वाले अपराधी को क्षमा का आश्वासन देता है।[213] पत्र के अंत में, वह बहाली के लिए एक बार और अनुरोध करता है। पौलुस का लक्ष्य मेल मिलाप करना है, बदला लेना नहीं।

---

[211] 2 कुरिन्थियों 12:9।

[212] 2 कुरिन्थियों 1:15-2:4; 2:12-17।

[213] 2 कुरिन्थियों 2:5-11।

गलातियों

तारीख़

गलातियों की सबसे संभावित तारीख़ 48 ईसा पश्चात के आसपास की है। पौलुस और बरनबास ने 47 ईसा पश्चात की शुरुआत में अपनी पहली मिशनरी यात्रा के दौरान गलातिया के दक्षिण भाग में सुसमाचार सुनाया। यह संभावना है कि पौलुस ने गलातियों की पत्री को उन समस्याओं के जवाब में लिखा था जो उनके जाने के तुरंत बाद इन नए विश्वासियों के बीच उत्पन्न हुई थीं।

इस तारीख़ के पक्ष में एक तर्क यह है कि पौलुस इस पत्र में यरूशलेम की सभा का उल्लेख नहीं करता। चूंकि पत्र अन्यजातियों के मुद्दे और कानून को संबोधित करता है (यह मुद्दा 49 ईसा पश्चात में यरूशलेम परिषद में तय किया गया था), यह संभावना है कि पौलुस ने इस परिषद का उल्लेख किया होगा यदि वह 49 पौलुस के बाद लिख रहे थे। 48 पौलुस की तारीख़ गलातियों को पौलुस की पहली पत्री बनाती है।

उद्देश्य

गलातियों का उद्देश्य शुरुआती अनुच्छेद से ही स्पष्ट है। पौलुस की सेवकाई के परिणामस्वरूप मसीह में आने के बाद, गलातियों के विश्वासियों ने सुसमाचार को त्याग दिया। पौलुस उन्हें यीशु मसीह के सुसमाचार को वापस अपनाने के लिए लिखता है, प्रेम की व्यवस्था का ''अच्छा सुसमाचार'' आत्मा की सामर्थ में वास करता है।

पौलुस और बरनबास के गलातिया छोड़ने के तुरंत बाद, झूठे शिक्षकों ने कलीसिया का दौरा किया। उन्होंने यह उपदेश दिया कि अन्यजातियों का खतना किया जाना चाहिए और उन्हें यहूदी व्यवस्था का पालन करना चाहिए। इन शिक्षकों ने यीशु के उद्धार के कार्य को पूरी तरह से नहीं त्यागा था। परन्तु उनका यह कहना था कि हम मसीह में विश्वास के साथ *और व्यवस्था का पालन करके धर्मी ठहरते हैं।* पौलुस अपने विश्वासियों को यह स्मरण दिलाने के लिए लिखता है कि हम केवल विश्वास के द्वारा अनुग्रह के माध्यम से ही धर्मी ठहरते हैं।

विषय वस्तु

गलातियों की पत्री पौलुस द्वारा बहुत प्रभावशाली ढंग से लिखा हुआ पत्र है। वह गलातियों को उनकी मूर्खता के लिए डांटता है कि उन्होने दूसरे सुसमाचार पर विश्वास किया और उन्हें मसीह के सच्चे सुसमाचार में वापस लौटने के लिए कहता

है। वह विषम विकल्पों की एक श्रृंखला के माध्यम से ऐसा करता है। गलातियों को लिखा गया पत्र एक बड़ा चुनाव करने की बुलाहट हैः मसीह में स्वतंत्रता या देह का बंधन।

झूठा सुसमाचार बनाम सच्चा सुसमाचार

बाद के पत्रों के विपरीत, जिसमें पौलुस अक्सर एक प्रेरित के रूप में और यीशु मसीह के एक सेवक के रूप में खुद को पेश करता है, गलातियों में वह स्वयं को केवल अधिकार के शब्दों के साथ पेश करता है। ''पौलुस की, जो न मनुष्यों की ओर से और न मनुष्य के द्वारा, वरन यीशु मसीह और परमेश्वर पिता के द्वारा, जिस ने उस को मरे हुओं में से जिलाया, प्रेरित है।''[214] यह प्रेरिताई अधिकार की भाषा है।

गलातिया में यहूदियों द्वारा पौलुस के संदेश को चुनौती मिली। इस चुनौती का एक हिस्सा यह भी हो सकता है कि, ''पौलुस यीशु का चेला नहीं था। यहां तक कि उसने कलीसिया को सताया था! तो कोई उसका संदेश क्यों सुनें? वह सच्चा प्रेरित नहीं है।'' पौलुस ने जवाब दिया, ''मुझे मनुष्यों द्वारा या मनुष्यों के प्रयासों के माध्यम से नहीं चुना गया। मैं स्वयं यीशु और परमेश्वर पिता द्वारा बुलाया गया प्रेरित हूं, जिसने उसे मृतकों में से जिलाया।''

पौलुस चाहता है कि गलातियों के विश्वासी यह जानें कि जिस सुसमाचार का उसने प्रचार किया है, वह यीशु मसीह का सच्चा सुसमाचार है। गलातिया में पौलुस के उपदेशों में से एक प्रेरितों के काम 13:16-41 में है।

► प्रेरितों के काम 13:16-41 में पौलुस के उपदेश को पढ़ें। इस उपदेश में कौन-कौन से विषय शामिल हैं?

सुसमाचार के इस सारांश की विषय-वस्तु पर ध्यान देंः

- परमेश्वर ने एक उद्धारकर्ता को उठाने के लिए इस्राएल के पूरे इतिहास में कार्य किया
- युहन्ना बपतिस्मा देनेवाला यह घोषणा करता है कि यीशु उद्धारकर्ता है।
- यीशु को ''यरूशलेम में रहने वालों और उनके शासकों द्वारा त्याग दिया गया।''[215]

---

[214] गलातियों 1:1।

[215] प्रेरितों के काम 13:27।

- उन्होंने यीशु को क्रूस पर चढ़ाया लेकिन ''परमेश्वर ने उसे मृतकों में से जिलाया।''[216]
- यीशु को उसके पुनरुत्थान के बाद कई गवाहों ने देखा था।
- ''विश्वास के द्वारा जिन बातों में हम निर्दोष ठहरते है, मूसा की व्यवस्था के द्वारा निर्दोष नहीं ठहर सकते थे।''[217] यह अन्यजाती विश्वासियों के लिए एक अति महत्वपूर्ण संदेश है। अपने पहले संदेश से, पौलुस ने यह उपदेश दिया कि हम विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरते हैं (''जो भी विश्वास कर''), मूसा की व्यवस्था द्वारा नहीं।

यह सच्चा सुसमाचार है, केवल विश्वास के द्वारा धार्मिकता का संदेश। जब तक पौलुस ने गलातियों को लिखा, तब तक इन नए विश्वासियों ने ''एक अलग सुसमाचार'' को अपना लिया था, एक ऐसा सुसमाचार जो कोई सुसमाचार था ही नहीं।[218] ''व्यवस्था के कामों के द्वारा धार्मिकता'' के बंधन से पौलुस का उपदेश ''विश्वास द्वारा धार्मिकता'' कहीं बढ़कर है।

व्यवस्थावादी वाला कौन है?

क्या जो व्यक्ति परमेश्वर की आज्ञा का पालन करता है वह व्यवस्थावादी है? नहीं! परमेश्वर यह अपेक्षा करता है कि उसके बच्चे आज्ञा मानेंगे। व्यवस्थावादी वह व्यक्ति होता है जो उद्धार अर्जित करने के लिए परमेश्वर की व्यवस्था का पालन करता है।

मसला हृदय का है। **बाहरी तौर पर, एक व्यवस्थावादी और विश्वास का व्यक्ति एक ही समान दिख सकते हैं।** विश्वास का व्यक्ति इसलिए परमेश्वर की आज्ञा मानता है क्योंकि वह परमेश्वर से प्रेम करता है और उसे खुश करना चाहता है। एक व्यवस्थावादी व्यक्ति कृपा अर्जित करने के लिए परमेश्वर की आज्ञा मानता है। आज्ञाकारिता के लिए प्रेरणा, न कि स्वयं आज्ञाकारित, एक व्यवस्थावादी को परिभाषित करता है।

अनुग्रह बनाम व्यवस्थावाद

व्यवस्थावादियों का ''झूठा सुसमाचार'' क्या था? *जुडाइज़र*[219] यह सिखाते थे कि अन्यजाती विश्वासी मूसा की व्यवस्था के सभी पहलुओं का पालन करके ही उद्धार अर्जित

[216] प्रेरितों के काम 13:30।

[217] प्रेरितों के काम 3:39।

[218] गलातियों 1:6-7।

[219] ''जुडाइज़र'' शब्द का उपयोग प्रारंभिक कलीसिया में शिक्षकों का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो मसीह सिद्धांत के साथ यहूदी प्रथाओं का मिश्रण करने का प्रयास करते थे। वे मसीही होने का दावा करते थे परन्तु वे चाहते थे कि अन्यजातियों के विश्वासियों को भी व्यवस्था कानून का पालन करना चाहिए।

कर सकते थे। इसके बजाय, पौलुस ने सिखाया कि हम अनुग्रह से धर्मी ठहरते हैं, न कि कामों से। उसने इसके लिए चार तर्कों को आधार बनायाः

- **पौलुस का अनुभव।** पौलुस दमिश्क की ओर जाते रास्ते पर प्रकट सुसमाचार की ओर इशारा करता है। कलीसिया को सताते हुए पौलुस पहले सुसमाचार का दुश्मन था। वह ''अपने बहुत से जाति वालों से जो मेरी अवस्था के थे यहूदी मत में बढ़ता जाता था और अपने बाप दादों के व्यवहारों में बहुत ही उत्तेजित था।''[220] यदि व्यवस्था की आज्ञाकारिता से उद्धार मिलता तो पौलुस को सुसमाचार की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि वह व्यवस्था का पालन करने के लिए वफादार था। परमेश्वर ''अपने बेटे को प्रकट करने के लिए प्रसन्न था'' और पौलुस को इस सत्य से अवगत कराने के लिए कि ''एक व्यक्ति व्यवस्था के कामों से नहीं बल्कि यीशु मसीह में विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरता है।''[221]

- **गलातियों का अनुभव।** गलातियों ने ''विश्वास के साथ सुनके'' आत्मा प्राप्त की, ''व्यवस्था के कामों से नहीं।'' वे ''शरीर द्वारा'' उस कार्य को परिपूर्ण नहीं कर सकते जो ''आत्मा द्वारा शुरू किया गया था।''[222]

- **अब्राहम का अनुभव।** ''अब्राहम परमेश्वर में विश्वास करता था और यह उसके लिए धार्मिकता गिना गया।'' अब, जो लोग विश्वास करते हैं, वे सभी ''अब्राहम की संतान'' हैं।[223] जैसे अब्राहम विश्वास से धर्मी ठहरा, उसी प्रकार सब मसीही विश्वास से धर्मी ठहरते हैं, न कि कार्यों से।

- **स्वयं व्यवस्था।** पौलुस यह दिखाता है कि वे सब, जो व्यवस्था के कामों पर भरोसा करते हैं, वे परमेश्वर की ओर से शापित ठहरते हैं, लेकिन ''धर्मी जन केवल विश्वास से जीवित रहेगा।''[224] पौलुस गलातियों को यह चुनौती देता है कि ''मसीह ने स्वतंत्रता के लिये हमें स्वतंत्र किया है; सो इसी में स्थिर रहो, और दासत्व के जूए में फिर से न जुतो''[225]

---

220 गलातियों 1:14।

221 गलातियों 1:16; 2:16।

222 गलातियों 3:3।

223 गलातियों 3:6-7।

224 गलातियों 3:11-12।

225 गलातियों 5:1।

आत्मा का फल बनाम देह का बंधन

► क्या ''व्यवस्था के कामों'' से आज़ादी मिलने पर हमें देह की इच्छाओं के अनुसार चलने की अनुमति मिल जाती है?

पौलुस ने इस खतरे को स्वीकार किया कि केवल विश्वास के द्वारा धार्मिकता के संदेश को गलत तरीके से लागू किया जा सकता है। पौलुस के पत्र को पढ़ने वाला यह निर्णय कर सकता है कि, ''यह तो अद्भुत सुसमाचार है! मैं विश्वास के माध्यम के अनुग्रह से धर्मी ठहरा हूं। व्यवस्था से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं जो कुछ भी चाहता हूं, वह कर सकता हूं! मैं देह की अभिलाषाओं के अनुसार जी सकता हूं।'' रोमियों और गलातियों दोनों में, पौलुस इस झूठी शिक्षा का जवाब देता है। रोमियों में, वह अपने पाठकों को यह स्मरण दिलाता है कि जो लोग पाप में मर गये हैं वे फिर पाप में नहीं जी सकते।[226] गलातियों में, पौलुस यह आज्ञा देता है कि, ''आत्मा में चलो, और देह की अभिलाषाओं को पूरा नहीं करोगे।''[227]

कार्यों के तीन विचार

व्यवस्थावाद: ''मेरा कामों से उद्धार हुआ है''

अनुमति: ''मेरा अनुग्रह से उद्धार हुआ, काम कोई मायने नहीं रखते।''

प्रेम: ''मेरा अनुग्रह से उद्धार हुआ, मैं प्रेम के कारण परमेश्वर की आज्ञा का उसके लिए पालन करता हूं, जिसने मेरा अपने अनुग्रह से उद्धार किया!''

पौलुस अपने पाठकों को चेताता है कि ''ऐसा न हो कि यह स्वतंत्रता शारीरिक कामों के लिये अवसर बने, वरन प्रेम से एक दूसरे के दास बनो।''[228] पौलुस ने यह कभी नहीं सिखाया कि व्सवस्था बेकार है, वह यह सिखाता है कि व्यवस्था प्रेम से *पूरी* होती है। पौलुस का व्यवस्थावाद के प्रति जवाब इच्छाधारी पाप की अनुमति नहीं है। व्यवस्थावाद के प्रति जवाब प्रेम है। व्यवस्था प्रेम में पूरी होती है। यदि हम परमेश्वर से प्रेम करते हैं तो हम परमेश्वर की व्यवस्था का पालन करने की *इच्छा रखेंगे*; व्वस्था के माध्यम से हम जानेंगे कि कैसे परमेश्वर को प्रसन्न किया जाए। हम बंधन के कारण नहीं, बल्कि प्रेम के कारण उसकी आज्ञा का पालन करेंगे। प्रेम व्यवस्था को पूरा करता है।

---

[226] रोमियों 6:2।

[227] गलातियों 5:16।

[228] गलातियों 5:13।

पौलुस आत्मा के फल की देह के कार्यों के साथ तुलना करता है।[229] वह सिखाता है कि यदि हम आत्मा में रहते हैं तो हम आत्मा में चलेंगे, हम अपने जीवन में उसके फल को दिखाएंगे। यदि हम देह में बोते हैं तो हम भ्रष्टता काटेंगे। यदि हम आत्मा में बोते हैं तो हम अनंत काल का जीवन काटेंगे।[230] प्रेम की व्यवस्था पाप की अनुमति नहीं है। इसके बजाय, प्रेम हमें परमेश्वर की आज्ञा में चलने के लिए सशक्त बनाता है।

प्रेम की व्यवस्था में एक विश्वासी के लिए बड़े व्यावहारिक परिणाम हैं। इस प्रकार जी कर हम उन लोगों को बहाल करेंगे जो परीक्षा में पड़ते हैं, हम एक दूसरे के बोझ को उठाएंगे, हम अपने विषय में ठीक से सोचेंगे और हम अनन्त जीवन काटेंगे।[231] यह सच्ची मसीही स्वतंत्रता है।

आज की कलीसिया में कुरिन्थियों और गलातियों की पत्रियां

जब हम कलीसिया में परेशानी का सामना करते हैं, तो हम कभी-कभी यह सोचने के लिए मजबूर होते हैं, ''अतीत में यह कभी इतना बुरा नहीं था!'' कुरिन्थियों और गलातियों हमें स्मरण कराती हैं कि, ''आज की समस्याएं नई नहीं हैं।'' ये पत्र सीधे 21वीं सदी की कलीसिया से बात करते हैं।

1 कुरिन्थियों हमें **कलीसिया की एकता** की याद दिलाता है। हालाँकि हम कई क्षेत्रों में भिन्न हैं फिर भी मसीह की देह एक ही देह है। सत्य हमारा कलीसिया के भीतर मतभेदों को संभालने में मार्गदर्शन करे; यह हमारा मसीहियों के बीच विवादों को सुलझाने में मार्गदर्शन करे और यह मसीह की देह का निर्माण करने के लिए हमारे वरदानों का उपयोग करने में हमारा मार्गदर्शन करे।

ये पत्र हमें याद दिलाते हैं कि हम **मेल मिलाप की सेवा** के लिए बुलाए गये हैं। कुरिन्थियों में, पौलुस यह दर्शाता है कि जब कलीसिया में विभाजन हो तो क्षमा स्वतंत्र रूप से दी जानी चाहिए। इसी तरह, गलातियों में पौलुस यह दर्शाता है कि हमें गिरने वालों को बहाल करने की कोशिश करनी चाहिए।

सुसमाचार: हमारा विश्वास से उद्धार होता है।

जुडाइज़र: हमारा विश्वास + व्यवस्था द्वारा उद्धार होता है।

आज के समय में सुसमाचार के लिए खतरे: हमारा विश्वास + _____ द्वारा उद्धार होता है।

[229] गलातियों 5:19-23।

[230] गलातियों 6:8 ।

[231] गलातियों 6:1-8।

गलातियों की पत्री हमें **विश्वास के माध्मस से अनुग्रह के द्वारा धार्मिकता** के विषय में स्मरण कराती है। पौलुस ''विश्वास + _____ के द्वारा धार्मिकता'' सिखाने के किसी भी प्रयास के खिलाफ चेतावनी देता है। मसीह के कार्य विश्वास में (मूसा की व्यवस्था, काम, या कुछ भी) ऐसा कुछ नहीं जोड़ा जा सकता जो हमें परमेश्वर के सामने धमी ठहरा सकता है।

गलातियों की पत्री हमें प्रेम की व्यवस्था के **जीवन के परिणाम की याद दिलाती है।** प्रेम की व्यवस्था हम विश्वासियों के जीवन को बदल देती है।

निष्कर्ष

मई 1738 की शुरुआत में, विलियम हॉलैंड ने चार्ल्स वेस्ले को गलातियों पर लूथर की *टिप्पणी को पढ़ते सुन विश्वास के आश्वासन के लिए गवाही दी।* चार्ल्स वेस्ले ने अपनी डायरी में लिखा, ''मैंने मार्टिन लूथर के साथ निजी तौर पर आज शाम का कुछ समय बिताया, जो मेरे लिए बहुत ही आशीषमय था..... मैंने उसे महसूस करने के लिए कठोर परिश्रम किया, इंतज़ार किया, प्रार्थना की, जो *मुझसे* प्रेम करता है और स्वयं को *मेरे* लिये दे दिया।

कुछ ही दिनों बाद, पिन्तेकुस्त के रविवार को, चार्ल्स ने स्वयं आश्वासन के लिए गवाही दी। चार दिन बाद, विलियम हॉलैंड को मार्टिन लूथर की *रोमियों की प्रस्तावना* को पढ़ते सुन, जॉन वेस्ली को विश्वास का आश्वासन मिल।

विश्वास द्वारा धर्मिकता के संदेश ने लूथर, वेस्ली और लाखों अन्य विश्वासियों को बदल दिया। यह संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना 17 वीं शताब्दी में था।[232]

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्नलिखित में से **एक** असाइनमेंट चुनें:

- 1 कुरिन्थियों के लिए एक अध्ययन मार्गदर्शिका के रूप में, इस पत्र में पौलुस द्वारा संबोधित किए गये प्रत्येक मुद्दे की पहचान करते हुए एक पृष्ठ का संक्षेम तैयार करें। आपके संक्षेप में तीन विषय शामिल होने चाहिए:

[232] J. I. Packer का Luther's Commentary on Galatians *के लिए ''Introduction''*. (Wheaton, IL: Crossway Classic Commentaries, 1998).

- प्रश्न या समस्या,
- पौलुस के उत्तर का संक्षिप्त सारांश,
- 1 कुरिन्थियों के वचन का संदर्भ जिसमें प्रश्न पर चर्चा की गई है।

- केवल विश्वास के माध्यम से अनुग्रह द्वारा धार्मिकता के सिद्धांत की आधुनिक चुनौतियों पर एक पृष्ठ का निबंध लिखें। हालाँकि, अब हम जुडाइज़र और खतना की आवश्यकता के उनके प्रयासों का सामना नहीं कर रहे हैं, कौन-कौन सी अन्य चीज़ें मसीहियों के द्वारा विश्वास से अनुग्रह में जोड़ी जाती है, धार्मिकता के आधार के रुप में?

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे, जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

कुरिन्थियों और गलातियों के बारे में अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें।

मुद्रित स्त्रोत

Clarke, Adam. *Commentary on the New Testament (नए नियम पर समीक्षा).* Abingdon Press, n.d.

Gill, David. ''1 Corinthians'' in *Zondervan Illustrated Bible Backgrounds Commentary (सचित्र बाइबल पृष्ठभूमियों पर समीक्षा)* . Zondervan, 2002.

Morris, Leon. *Galatians: PaulÕs Charter of Christian Freedom (गलातियोंः मसीही स्वतंत्रता का पौलुस का घोषणापत्र)।* Intervarsity Press, 2003.

Stott, John. *The Message of Galatians (गलातियों का संदेश)* . Intervarsity Press, 1984.

Wilson, Earle L. *Galatians, Philippians, Colossians: A Commentary for Bible Students (गलातियों, फिलिप्पियों, कुलुस्सियोंः बाइबल छात्रों के लिए एक समीक्षा)।* Wesleyan Publishing House, 2007.

ऑनलाइन स्रोत

''Paul's Leadership Challenges at Corinth'' (पौलुस के नेतृत्व को कुरिन्थुस में चुनौती)

http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ)।* http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 6 परीक्षा प्रश्न

(1) पौलुस के सुसमाचार सुनाने की रणनीति के रूप में कुरिन्थुस एक महत्वपूर्ण स्थान क्यों था?

(2) कुरिन्थुस में कलीसिया स्थापित करने में पौलुस के साथ किसने काम किया?

(3) कुरिन्थुस की वे कौनसी समस्याएँ थीं जिससे पौलुस को 1 कुरिन्थियों लिखने की प्रेरणा मिली?

(4) कौनसा वाक्यांश सवालों की शुरूआत करता है, जिसका जवाब पौलुस 1 कुरिन्थियों में देता है?

(5) उन तीन विषयों को सूचीबद्ध कीजिए, जिनको पौलुस 2 कुरिन्थियों में संबोधित करता है।

(6) गलातियों को लिखे पौलुस के पत्र का उद्देश्य क्या है?

(7) जुडाइज़र की झूठी शिक्षा क्या थी?

(8) वह कौन सा विकल्प है जिसे गलातियों में पेश किया गया है?

(9) व्यवस्थावादी को परिभाषित कीजिए।

(10) व्यवस्थावाद के खिलाफ अपने तर्क में, पौलुस ने चार बातों का उल्लेख किया। वे क्या हैं?

पाठ 7

इफिसियों, फिलिप्पियों, कुलुस्सियों और फिलेमोन: जेल से भेजे पत्र

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) जेल की पत्रियों की संभावित तिथि और ऐतिहासिक स्थान को जानें।

(2) जेल की पत्रियों के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों का संक्षेप दें।

(3) पूर्वनियति का बाइबल संबंधी अर्थ समझें।

(4) कलीसिया, मसीह के सिद्धांत और आत्मिक युद्ध जैसे क्षेत्रों में बाइबल के शिक्षण के महत्व की सराहना करें।

(5) जेल की पत्रियों से मसीही जीवन के लिए व्यावहारिक सिद्धांतों को सारांशित करें।

(6) इन पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

इफिसियों, फिलिप्पियों, कुलुस्सियों और फिलेमोन पढ़ें।

इफिसियों 4:11-16 और कुलुस्सियों 3:1-4 को याद करें।

60 ईसा पश्चात की शुरुआत में पौलुस को रोम में दो साल तक नज़रबंद रखा गया था। यद्यपि वह एक कैदी था फिर भी उसके पास स्वतंत्रता थी। वह अपने स्वयं के घर में रहता था और उसे आगंतुकों से मिलने की अनुमति थी।[233] इस कारावास के दौरान, पौलुस ने चार पत्र लिखे (जिन्हें पत्रियां भी कहा जाता है)। उनमें से तीन पत्र कलीसियाओं को संबोधित हैं, चौथे पत्र में पौलुस की सेवकाई के तहत परिवर्तित एक व्यक्ति को संबोधित किया गया है।

ये पत्र पौलुस के कुछ सबसे आनंद भरे पत्रों में से हैं। वे उसके जीवन की कठिन परिस्थितियों पर उसकी विजय को दिखाते हैं और वे हमें हमारे संघर्षों के दौरान खुशी की भावना बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

---

[233] प्रेरितों के काम 28:30-31।

ये पत्र बेहद व्यावहारिक हैं। वे पारिवारिक सम्बन्धों और आत्मिक युद्ध (इफिसियों), नम्रता और एकता (फिलिप्पियों), मसीह की प्रधानता (कुलुस्सियों) और क्षमा और आत्मिक बहाली (फिलेमोन) जैसे मुद्दों को संबोधित करते हैं।

इफिसियों

ऐतिहासिक स्थान

इफिसुस में कलीसिया को पौलुस की तीसरी मिशनरी यात्रा के दौरान स्थापित किया गया था। इफिसुस में अपुल्लोस ने प्रचार किया, प्रिसिला और एक्विला ने वहां काम किया, पौलुस ने इफिसुस में प्रचार करने और सिखाने में तीन साल बिताए। यह शहर आसपास के प्रांत में सुसमाचार सुनाने का केंद्र बन गया; इफिसुस से ''जो लोग आसिया में रहते थे, उन्होंने प्रभु यीशु का वचन सुना।''[234]

इफिसुस देवी डायना के लिए एक प्रसिद्ध मंदिर का घर था (जिसे अर्तेमिस भी कहा जाता है)। भोग प्रथाएं आम थीं और शहर की अर्थव्यवस्था मंदिर से संबंधित वस्तुओं की बिक्री से चलती थी। पौलुस की सेवकाई ने इन दोनों हितों को बाधित किया। नए विश्वासियों द्वारा लगभग $6,000,000 की कीमत की जादुई कला की पुस्तकों को जला दिया गया।[235] नतीजतन, डेमेट्रियस और अन्य शिल्पकारों जो डायना को चढ़ाई जाने वाली वस्तुओं को बेचकर अपना जीवन यापन करते थे, उन्होंने पौलुस की सेवकाई के विरोध में बलवा शुरू कर दिया। इफिसियों में आत्मिक युद्ध एक महत्वपूर्ण विषय है।

इफिसियों के संबंध में एक अतिरिक्त कारक का उल्लेख किया जाना चाहिए। कलीसिया के लोगों का व्यक्तिगत अभिवादन न करना पौलुस के पत्रों की एक असामान्य बात है। यहां तक कि रोम को लिखे गये पत्र, जहां पौलुस अभी तक नहीं गया था, उसमें भी कलीसिया के उन सदस्यों के लिए पौलुस का अभिवादन शामिल था, जिन्हें वह जानता था। तो जब पौलुस ने इफिसुस की कलीसिया को पत्र लिखा, जहां पौलुस ने तीन साल रह कर प्रचार किया था तो आप नामों की

[234] प्रेरितों के काम 18:24-19:10।

[235] हिंदी-बीएसआई ओ.वी. पुनः संपादित संस्करण।

लंबी सूची की अपेक्षा करेंगे। परन्तु इफिसियों में कोई निजी अभिवादन शामिल नहीं है। सबसे संभावित कारण यह है कि इफिसियों और कुलिस्सियों को भेजे जाने वाले पत्र ''सर्क्युलर पत्र'' थे, एशिया माइनर में कई कलीसियाओं के साथ साझा किए जाने वाले पत्र। तुखिकुस को इफिसियों और कुलुस्सियों को इन कलीसियाओं तक पहुंचाने और अभिवादन देने के लिए नियुक्त किया गया था।[236]

विषय वस्तु

इफिसियों का अवलोकन दो बड़े वर्गों को दर्शाता है:

- *सिद्धांत*: परमेश्वर ने कलीसिया के लिए क्या किया है (इफिसियों 1-3)
- *प्रयोग*: कलीसिया में परमेश्वर क्या कार्य कर रहा है (इफिसियों 4-6)[237]

पहले खंड में, पौलुस चुनाव और कलीसिया के सिद्धांतों को संबोधित करता है। दूसरे खंड में, पौलुस अपने पाठकों से यह आह्वान करता है कि वे परमेश्वर की चुनी हुई कलीसिया के रूप में इस तरीके से जियें, जो उनकी प्रतिष्ठा के योग्य है।

''यह वह अद्भुत आदान-प्रदान है जो उसने हमारे साथ किया है;

कि उसने हमारे साथ मनुष्य का पुत्र बनकर, हमें अपने साथ परमेश्वर के पुत्र बनाया;

पृथ्वी पर उतरने के द्वारा उसने हमारे लिए स्वर्ग में चढ़ने का मार्ग तैयार किया;

हमारी मृत्यु को ले कर उसने हमें अपनी अमरता प्रदान की;

हमारी कमज़ोरी को स्वीकार करके उसने अपनी सामर्थ से हमें मज़बूत बनाया;

हमारी गरीबी को अपने ऊपर ले कर उसने अपना धन हमें प्रदान किया।''

(जॉन केल्विन से संक्षिप्त, *Institutes of the Christian Religion, 4.17.2*

सिद्धांत: परमेश्वर ने कलीसिया के लिए क्या किया है (इफिसियों 1-3)

विश्वासियों का उद्धार (इफिसियों 1:3-2:10)

एक छोटे से अभिवादन के बाद, पौलुस एक प्रार्थना के साथ शुरू करता है जिसमें वह मसीह में हमें

[236] इफिसियों 6:21और कुलिस्सियों 4:7।

[237] Walter A. Elwell और Robert W. Yarbrough लिया गया, *Encountering the New Testament (Ada: Baker Academic, 2005).*

मिली आशीषों को सूचीबद्ध करता है। इफिसियों 1:3-14 एक सुंदर स्तुतिगान है जिसमें पौलुस अपने पाठकों को मसीह में हमारी प्रतिष्ठा के माध्यम से प्राप्त आत्मिक लाभों का स्मरण कराता है।

► इफिसियों 1:3-14 पढ़ें। मसीह में हमें मिलने वाली आत्मिक आशीषें क्या हैं?

हमारे उद्धार में त्रिएकता के तीनों व्यक्ति शामिल हैं। 1:3-6 में, पौलुस **हमारे चुनाव में पिता की भूमिका** को दर्शाता है। परमेश्वर ने ''हमें जगत की उत्पति से पहले उस में चुन लिया, कि हम उसके निकट प्रेम में पवित्र और निर्दोष हों।'' हम ''उस में'' (मसीह में) पवित्र और निर्दोष होने के लिए चुने गये हैं। उद्धार की योजना पिता की रचना थी।

1:7-12 में, पौलुस **हमारे छुटकारे में पुत्र की भूमिका** को दर्शाता है। यीशु की प्रायश्चित्त की मृत्यु के कारण, हमें ''उस में उसके लहू के द्वारा छुटकारा, अर्थात अपराधों की क्षमा, उसके उस अनुग्रह के धन के अनुसार मिला है। किसी व्यक्ति को छुड़ाने का अर्थ, उसे कैद से छुड़ाने के लिए फिरौती देना है। पुराने नियम का बड़ा उदाहरण इस्राएल को मिस्र की गुलामी से छुड़ाना था। नए नियम में, यीशु पर विश्वास करने वाले सभी लोगों को शैतान की गुलामी से छुटकारा मिलता है।

1:13-14 में, पौलुस हमारे संरक्षण में **आत्मा की भूमिका को दर्शाता है।** आत्मा के माध्यम से हम पर उसकी ''छाप'' लगी है। एक सुंदर छवि में, पौलुस कहता है कि आत्मा ''उसके मोल लिए हुओं के छुटकारे के लिये हमारी मीरास का बयाना है।'' वह परमेश्वर के शाश्वत राज्य में हमारी विरासत के लिए ''अग्रिम भुगतान'' प्रदान करता है। आत्मा के कारण, हम परमेश्वर की ''खरीदी हुई संपत्ति'' हैं और हमारे पास स्वर्ग का वादा है।

उद्धार का सिद्धांत इफिसियों 2 में जारी रहता है जिसमें पौलुस हमें स्मरण कराता है कि हम ''अपराधों और पापों के कारण मरे हुए हैं।'' हमारा उद्धार हमारी अपनी योग्यता के आधार पर नहीं है; बल्कि, ''परन्तु परमेश्वर ने जो दया का धनी है; अपने उस बड़े प्रेम के कारण, जिस से उस ने हम से प्रेम किया।जब हम अपराधों के कारण मरे हुए थे, तो हमें मसीह के साथ जिलाया (अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है)।'' ''क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है, और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन परमेश्वर का दान है।और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे।''[238] यह पूरी प्रक्रिया परमेश्वर का दान है। हमारे पास घमंड करने के लिए कुछ भी नहीं है।

[238] इफिसियों 2:4-5, 8-9।

चुनाव

पौलुस लिखता है कि हमारा मसीह द्वारा अपनाया जाना *पूर्वनिर्धारित* हैं। हमें ''दुनिया की उत्पत्ति'' से पहले ही चुन लिया गया।

कुछ लोग *चुनाव* शब्द का उपयोग इस बात के लिए करते हैं कि दुनिया की उत्पत्ति से पहले, परमेश्वर ने प्रत्येक उस व्यक्ति को चुना जिसे बचाया जाएगा। ''चुने हुओं'' को उद्धार के लिए पहले से ही चुना गया है। तार्किक रूप से, इसका तात्पर्य यह है कि अन्य सभी लोगों को दंड के लिए चुना गया है और उन्हें बचाया नहीं जा सकता। यह बाइबल के उस संदेश का खंडन करता हुआ प्रतीत होता है कि परमेश्वर ''संपूर्ण'' मानव जाति से प्रेम करता है।

कुछ लोग चुनाव शब्द का उपयोग यह बताने के लिए करते हैं कि *परमेश्वर* को उन लोगों का पहले से ही ज्ञान था, जो उद्धार को ग्रहण करने का चुनाव करेंगे। वे यह तर्क देते हैं कि पूर्वनिर्धारण परमेश्वर को पहले से उन वस्तुओं का ज्ञान है जिनका मनुष्य चुनाव करेगा। इस दृष्टि से, उद्धार हमारे चुनाव पर आधारित है। यह बात परमेश्वर की संप्रभुता पर बाइबल के ज़ोर के विपरीत है।

इन दो सिद्धांतों का (परमेश्वर की संप्रभुता और परमेश्वर का सार्वभौमिक प्रेम) पूर्वनियति के विषय पर दो मुख्य परिच्छेदों में समाधान किया गया हैः रोमियों 9-11 और इफिसियों 1। रोमियों 9-11 दर्शाता है कि परमेश्वर का न्याय उद्धार के मार्ग को निर्धारित करता है। परमेश्वर ही सब वस्तुओं पर प्रभु है। यीशु मसीह में विश्वास के माध्यम के सिवाय किसी का उद्धार नहीं हो सकता। यीशु वह मार्ग है जिसे परमेश्वर ने अनंतकाल के लिए उद्धार के मार्ग के रूप में ठहराया है।

इफिसियों 1 में, पौलुस दिखाता है कि लोगों के पास ''**मसीह में**'' **उनके स्थान के कारण ही उद्धार है।** दुनिया की उत्पत्ति से पहले, मसीह को ही उद्धार प्रदान करने के लिए चुना गया था। जो भी विश्वास करते हैं, वे ''उसमें'' चुने हुए हैं। परमेश्वर के सार्वभौमिक प्रेम के कारण, उद्धार का मार्ग उन सभी लोगों के लिए खुला है जो विश्वास करते हैं।

इसी संतुलन को पुराने नियम में देखा जाता है। इस्राएल चुना हुआ राष्ट्र था, इस्राएल के लोग परमेश्वर के चुने हुए लोग थे। परन्तु ''जो इस्राएल के वंश हैं, वे सब इस्राएली नहीं हैं।''[239] परमेश्वर द्वारा इस्राएल देश को चुने जाने का अर्थ यह नहीं है कि हर एक इस्राएली के पास उद्धार है। अनाज्ञाकारिता के कारण कुछ लोगों ने (जैसे आकान) वादों को तोड़ दिया। अन्य लोग जो इस्राएली नहीं थे (जैसे राहाब), उन्होंने परमेश्वर के वादों पर विश्वास किया और इस्राएल से किए गए वादों के वारिस हुए। उद्धार पाने के लिए यह मांग थी कि लोग विश्वास करें और चुने हुए इस्राएल से किये गये परमेश्वर के वादों के भागी हों।

---

[239] रोमियों 9:6।

उसी तरह, मसीह को दुनिया की उत्पत्ति से पहले चुना गया था, जिसके माध्यम से हमें उद्धार प्राप्त होता है। जब हम विश्वास के माध्यम से ''मसीह में'' होते हैं तो हम उद्धार की आशीषें प्राप्त करते हैं जो उसकी हैं। हम मसीह में चुने हुए हैं।

चुनाव परमेश्वर के विश्वास का एकमात्र विकल्प है जो मसीह में उद्धार का एकमात्र रास्ता है। ''क्योंकि स्वर्ग के नीचे मनुष्यों में और कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया, जिस के द्वारा हम उद्धार पा सकें।''[240] यही विचार 1 पतरस 1:18-20 में देखा जाता है। हमें नाश होने वाली वस्तुओं से नहीं, बल्कि ''मसीह के अनमोल लहू से'' छुटकारा मिलता है। पतरस कहता है कि मसीह को, ''दुनिया की उत्पत्ती से पहले ही ठहराया गया था।''[241] चुनाव केवल मसीह में और केवल मसीह के माध्यम से है।

कलीसिया की एकता (इफिसियों 2:11-3:21)

► इफिसियों में ''सुसमाचार का रहस्य'' क्या है?

इफिसियों 1 में, पौलुस विश्वासियों के उद्धार में आनन्दित होता है। इफिसियों 2-3 में, वह परमेश्वर की रचना में, जो कलीसिया है, आनन्दित होता है। इफिसियों का एक महत्वपूर्ण विषय कलीसिया की एकता है जो यहूदी और अन्यजातियों दोनों से बनी एक देह है। अन्यजातियां जो कभी ''वादे की वाचाओं'' से दूर थीं अब वे ''मसीह के लहू द्वारा निकट आ गई हैं।''[242] शुरुआत से ही, परमेश्वर की योजना अपने परिवार में अन्यजातियों को शामिल करने की थी। पौलुस के यहूदी भाइयों के लिए, यह सुसमाचार का चौंकाने वाला पहलू था, कलीसिया *मसीह में* यहूदियों और अन्यजातियों दोनों से बनी है।

बाइबल में, रहस्य कोई ऐसी वस्तु नहीं है जिसे जाना नहीं जा सकता, रहस्य एक ऐसी *वस्तु* है जो *अज्ञात* थी परन्तु अब *प्रकट हो गई है।* इफिसियों 3 में, पौलुस अब प्रकट हुए रहस्य की व्याख्या करता हैः ''अर्थात यह, कि मसीह यीशु में सुसमाचार के द्वारा अन्यजातीय लोग मीरास में साझी और एक ही देह के और प्रतिज्ञा के भागी हैं।''[243] परमेश्वर के अनुग्रह की सामर्थ के संकेत में, पौलुस - ''जो सब पवित्र लोगों में से छोटे से भी छोटा है'' और जिसने मसीह और उसकी कलीसिया को सताया था - उसे ''अन्यजातियों के बीच यीशु के अगम्य धन का सुसमाचार सुनाने'' के लिए चुना गया है।[244]

---

[240] प्रेरितों के काम 4:12।
[241] 1 पतरस 1:19-20।
[242] इफिसियों 2:12-13।
[243] इफिसियों 3:6।
[244] इफिसियों 3:8।

पौलुस सिद्धांतवादी खंड को एक प्रार्थना के साथ समाप्त करता है कि इफिसुस के विश्वासी जो पहले से ही ''संत'' और ''मसीह यीशु में विश्वासयोग्य'' ''परमेश्वर की सारी परिपूर्णता से भरे जाएंगे।''

प्रयोग: कलीसिया में परमेश्वर क्या कार्य कर रहा है (इफिसियों 4-6)

इस पत्र के दूसरे भाग में, पौलुस विश्वासियों से यह विनती करता है कि ''जिस बुलाहट से तुम बुलाए गए थे, उसके योग्य चाल चलो।''[245] हमारी बुलाहट के योग्य जीवनः

- कलीसिया में एकता लाता है (इफिसियों 4:1-16)।
- नैतिक आचरण उत्पन्न करता है (इफिसियों 4:17-5:21)।
- परिवार में और कार्य में संबंधों को प्रभावित करता है (5:21-6:9)।
- केवल परमेश्वर की सामर्थ में जिया जाता है (6:10-18)।

मसीही सिद्धांत को मसीही जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। कलीसिया का सिद्धांत कलीसिया के जीवन में दिखना चाहिए जिसमें ''प्रत्येक भाग ठीक से काम कर रहा हो,'' एक कलीसिया जो ''प्रेम में उन्नति कर रही हो।''[246] अनुग्रह से उद्धार का सिद्धांत ''नये मनुष्यत्व में दिखता है, जो परमेश्वर के अनुसार सत्य की धार्मिकता और पवित्रता में सृजा गया है।''[247]

पौलुस इस पत्र को इस प्रोत्साहन के साथ समाप्त करता है कि कलीसिया अपने सुसमाचार के कार्य को पूरा करने और अंधकार की शक्तियों को हराने में सक्षम हो। वह सुसमाचार के अपने निरंतर उद्घोषणा के लिए प्रार्थना के साथ एक निवेदन और निष्कर्ष के साथ समापन करता है।

फिलिप्पियों

ऐतिहासिक स्थान

फिलिप्पी में कलीसिया को पौलुस की दूसरी मिशनरी यात्रा के दौरान स्थापित किया गया। यह यूरोप में स्थापित पहली कलीसिया थी। पौलुस और सिलास ने फिलिप्पी की यात्रा तब की जब पौलुस ने दर्शन देखा कि मकिदुनिया से एक

[245] इफिसियों 4:1।

[246] इफिसियों 4:16।

[247] इफिसियों 4:24।

व्यक्ति मदद के लिए पुकार रहा है।[248] हालाँकि ''फिलिप्पी मकिदुनिया के उस हिस्से का मुख्य शहर था,'' फिर भी यहां यहूदियों की आबादी अधिक नहीं थी। प्रार्थना सभा नदी के किनारे होती थी क्योंकि वहाँ कोई आराधनालय नहीं था।[249]

फिलिप्पी में पहले विश्वासी लोगों में से एक धनवान स्त्री लुदिया थी। उसके बपतिस्मे के बाद, लुदिया का घर विश्वासियों के लिए एक सभा स्थल बन गया। बड़ी यहूदी आबादी वाले शहरों में, सुसमाचार का विरोध आमतौर पर धार्मिक धर्मगुरुओं द्वारा होता था। परन्तु फिलिप्पी में, पौलुस और सिलास ने तब विरोध का सामना किया जब उन्होंने उन लोगों की आय को बाधित कर दिया, जिन्होंने एक दुष्टात्मा-पीड़ित दास लड़की को अपने नियंत्रण में रखा था। पौलुस और सिलास को गिरफ्तार किया गया, पीटा गया और जेल में डाल दिया गया। उस रात, एक भूकंप ने जेल के दरवाज़े खोल दिए, और कैदियों की जंजीरें खुल गईं। भागने के बजाय, पौलुस और सिलास ने जेलर को सुसमाचार सुनाया।

प्रेरितों के काम में, लूका ने इस विवरण को शामिल किया है, कि फिलिप्पी ''एक कॉलोनी थी।''[250] यह सरल कथन प्रेरितों के काम के शुरुआती पाठकों के लिए बहुत मायने रखाता था। फिलिप्पी को 42 ईसा पूर्व में रोम की कॉलोनी के तौर पर स्थापित किया गया था, रोमन जनरल एंटनी द्वारा। कई सैनिक इस शहर में सेवानिवृत्त हुए और नागरिकों को कई रोम के करों से छूट मिलती थी। एक कॉलोनी के रूप में फिलिप्पी की प्रतिष्ठा इसके नागरिकों के लिए गर्व की बात थी। पौलुस इस मानसिकता की ओर संकेत करता है जब वह फिलिप्पी मसीहियों से स्वर्ग के नागरिकों के रूप में रहने की विनती करता है।[251]

उद्देश्य

फिलिप्पियों पौलुस के सबसे सकारात्मक पत्रों में से एक है जो कुछ ही समस्याओं को दर्शाता है, जिनको उसने कुरिन्थुस और गलातिया के अपने पत्रों में संबोधित किया। इस पत्र के लिखे जाने के दो कारण हैं।

---

[248] प्रेरितो के काम 16:8-40।

[249] कोई भी शहर जिसमें दस यहूदी रहते थे, उसमें एक आराधनालय होता था।

[250] प्रेरितों के काम 16:12।

[251] फिलिप्पियों 3:20, ''परन्तु हमारी नागरिकता स्वर्ग में है....'' इसी यूनानी शब्द का उपयोग फिलिप्पयों 1:27 में किया गया हैः ''केवल इतना करो कि तुम्हारा **चाल-चलन** मसीह के सुसमाचार के योग्य हो...''

इसका एक *निजी उद्देश्य* पौलुस के जेल में बंद होने की ख़बर देना है और कलीसिया के लिए उसकी सेवकाई के वित्तीय समर्थन के लिए प्रशंसा व्यक्त करना है।[252] पौलुस उनकी विश्वासयोग्यता से आनन्दित होता है और उन्हें आनंदमय जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है।

और इसका *शिक्षण संबंधी उद्देश्य* फिलिप्पियों की कलीसिया को दो खतरों के विषय में बताना है: बाहरी खतरा झूठे शिक्षकों से आता है जबकि आंतरिक खतरा कलीसिया के दो सदस्यों के बीच विभाजन से आता है।

विषय वस्तु

ख़राब परिस्थितियों के बावजूद आनंद (फिलिप्पियों 1)

हालाँकि पौलुस जेल में बंद है, फिर भी उसे पूरा आत्मविश्वास है कि परमेश्वर अपने उद्देश्यों को पूरा कर रहा है। पौलुस की गिरफ्तारी के कारण, उनके पास भवन के पहरेदार को सुसमाचार सुनाने का अवसर मिला। पौलुस को नहीं पता कि उसकी कैद रिहाई या मृत्यु में समाप्त होगी। लेकिन परिणाम की परवाह किए बिना, वह आनन्दित होता है क्योंकि ''मेरे लिए जीना मसीह है और मरना लाभ है।''[253]

एक और परिस्थिति जो पौलुस के आनंद को खतरे में डाल सकती थी, वह उसके साथी विश्वासियों की ईर्ष्या थी। रोम में एक समूह ''विरोध से'' मसीह का प्रचार कर रहा था, ताकि पौलुस की परेशानी और अधिक बढ़े। हालाँकि, उनके इस मकसद की परवाह किए बिना, पौलुस आनन्दित होता है क्योंकि सुसमाचार का प्रचार हो रहा था। पौलुस को भरोसा है कि इन लोगों के गलत इरादे होने पर भी सुसमाचार से भलाई उत्पन्न होगी। पौलुस की व्यक्तिगत स्थिति परमेश्वर के राज्य से कम महत्वपूर्ण है।[254]

---

[252] फिपिप्पियों 4:15-18।

[253] फिलिप्पियों 1:12-14, 19-25।

[254] फिपिप्पियों 1:15-18।

एकता की कुंजी विनम्रता (फिलिप्पियों 2)

इसका क्या अर्थ है कि यीशु ने ''स्वयं कोविनम्र किया''?

फिलिप्पियों 2:5-11 को यीशु के जीवन, मृत्यु, पुनरुत्थान, और स्वर्ग जाने के सारांश के कारण ''मसीह का भजन'' कहा जाता है। बहुत से लोगों ने 2:8 के अर्थ पर बहस की है जिसमें पौलुस यीशु के विषय में यह कहता है कि उसने ''स्वयं को विनम्र किया।'' यीशु ने अपने ईश्वरत्व को नहीं त्यागा। इसके बजाय, उसने उन विशेषाधिकारों को त्याग दिया जो पूरी सृष्टि के राजा होने के तौर पर उसके पास थे। मसीह ने मानव रूप लेकर खुद को दीन बनाया; परन्तु उसने अपने दिव्य स्वभाव को नहीं छोड़ा।

पत्र के बाद के भाग में, पौलुस फिलिप्पियों की कलीसिया में दो बहनों के बीच के विभाजन को संबोधित करता है।[255] वे अच्छे मसीही थे, जिन्होंने सुसमाचार के खातिर पौलुस के साथ परिश्रम किया था। दुर्भाग्य से, इन बहनों के बीच व्यक्तिगत विवाद के कारण कलीसिया की एकता खतरे में पड़ जाती है। इस विभाजन से निपटने के आधार के तौर पर पौलुस कलीसिया की एकता के लिए मसीह का उदाहरण देता है।

कई विवाद हमारे अधिकारों की रक्षा करने की इच्छा से प्रेरित हैं। पौलुस मसीह के उदाहरण की ओर संकेत करता है जिसने मानव जाति की सेवा करने के लिए अपने ईश्वरीय विशेषाधिकारों को छोड़ दिया। यीशु ईश्वरीय विशेषाधिकारों को रखे नहीं रहा, और ''यहां तक आज्ञाकारी रहा, कि मृत्यु, हां, क्रूस की मृत्यु भी सह ली।'' उसने हर अपमान को सहा - यहां तक कि उद्धार प्रदान करने के लिए ? क्रूस की शर्मनाक मृत्यु को भी। परिणामस्वरूप, परमेश्वर ने यीशु को पूरी सृष्टि का अधिकार दिया और उसे महिमान्वित किया।[256]

हर मसीहियों को नम्रता का यही स्वभाव रखना चाहिए और अपने साथी विश्वासियों की आवश्कताओं को पूरा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। ''हर एक अपने ही हित की नहीं, वरन दूसरों के हित की भी चिन्ता करे।''[257]

---

[255] फिलिप्पियों 4:2-3।

[256] फिलिपियों 2:5-11।

[257] फिलिप्पियों 2:4।

सुसमाचार के शत्रुओं के विरूद्ध चेतावनी (फिलिप्पियों 3)

हालाँकि, फिलिप्प्यों काफी हद तक सकारात्मक है, फिर भी पौलुस उन उपद्रवियों के एक समूह के खिलाफ कड़ी चेतावनी देता है जो कलीसिया को संकट में डालते हैं। ये लोग जुडाइज़र हैं जो गलातिया के पत्र में पहले भी देखे गए हैं। वे यह चाहते हैं की मसीही खतना और यहूदी व्यवस्था का पालन करें। पौलुस उन्हें ''कुत्ते,'' ''बुरे काम करने वाले'' और ''काट कूट करने वाले'' कहता है।

पौलुस एक उदाहरण के रूप में अपने स्वयं के जीवन की ओर संकेत करके व्यवस्था के अनुष्ठान को मानने के जुडाइज़रों के आग्रह का जवाब देता है। यदि व्यवस्था का पालन करने से उद्धार होता है तो पौलुस को ''देह पर भरोसा होगा। '' व्यवस्था के अनुसार उसका खतना किया गया था, वह बिन्यामीन के गोत्र का था, जो ''इब्रानियों का इब्रानी'' था; वह एक फरीसी था जिसने ध्यानपूर्वक व्यवस्था का पालन किया, वह यहूदियों के विश्वास के लिए बहुत उत्साही था, यहां तक कि मसीहियों को सताने के लिए भी पौलुस व्यवस्था के कारण निर्दोष था। फिर भी उसने यीशु मसीह में परमेश्वर की बुलाहट के पुरस्कार की तलाश में इन सब वस्तुओं को कूड़ा ही समझा। पौलुस का उद्धार, फिलिप्पियों का उद्धार और हमारा उद्धार, व्यवस्था के आज्ञापालन से नहीं हुआ, बल्कि ''मेरे प्रभु यीशु मसीही के ज्ञान'' के अनुभव से उद्धार हुआ।[258]

उपदेश का समापन (फिलिप्पियों 4)

अंतिम अध्याय में, पौलुस ने यूओदिया और सुन्तुखे को भी समझाया कि वे उस एकता को दर्शाएं जो उस ने अध्याय 2 में सिखायी है। यदि इन महिलाओं के पास मसीह का मन है तो वे अपने विवादों को हल करेंगी। वह सभी परिस्थितियों में आनंद मनाने और अपने दिल और दिमाग में परमेश्वर की शांति बनाए रखने के लिए कलीसिया को समझाता है। वह अपनी सेवकाई के लिए कलीसिया के समर्थन के लिए धन्यवाद के साथ पत्र का समापन करता है।

कुलुस्सियों

ऐतिहासिक स्थान

रोम में पौलुस के कारावास के दौरान कुलुस्सियों को लिखा गया था। तीमुथियुस को भी लेखक के रूप में नामित किया गया है[259], शायद वह पौलुस के सहायक के रूप में कार्य कर रहा था।

[258] फिलिप्पियों 3:4-8।

[259] कुलुस्सियों 1:1।

इस बात का कोई सबूत नहीं है कि पौलुस ने कुलुस्से की कलीसिया का दौरा किया था। पौलुस और कलीसिया के बीच सबसे अधिक संभावित संबंध इपफ्रास है। इपफ्रास ने, जो कि कुलुस्से का निवासी था, लगभग 160 किलोमीटर दूर इफिसुस में पौलुस की सेवकाई के दौरान प्रभु को अपनाया होगा। इपफ्रास, कुलुस्से में और साथ ही साथ लौदीकिया और हियरापुलिस के पास के शहरों में कलीसियाएं स्थापित करने आया था। पौलुस ने लौदीकिया और कुलुस्से दोनों को पत्र लिखे और दोनो समूहों को पत्रों का आदान-प्रदान करने का निर्देश दिया।[260]

उद्देश्य

पौलुस के कारावास के दौरान, इपफ्रास ने एक विरुद्ध मत के विषय में बताया जिससे कुलुस्से की कलीसिया में खतरा पैदा हो गया। पौलुस ने इस खतरनाक शिक्षा को संबोधित करने के लिए कुलुस्सियों की पत्री लिखी। इसके अलावा, पौलुस ने कुलुस्सियों के मसीहियों को मसीह में परिपक्वता के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लिखा। पुस्तक में झूठे सिद्धांत के खिलाफ चेतावनी और आत्मिक उन्नति के लिए उपदेश शामिल हैं।

विषय वस्तु

कुलुस्सियों के कई विषय इफिसियों की पत्री के साथ मिलते हैं: कलीसिया की एकता, आत्मिक युद्ध की वास्तविकता और मसीही कहलाने के योग्य हमारे जीवन जीने के तरीके की आवश्यकता। यह समानता आश्चर्यजनक नहीं है। पौलुस इन पत्रों को उसी समय के विषय में लिख रहा है और ये पत्र समान आवश्यकताओं को संबोधित करते हैं।

जबकि कुलुस्से में सिखायी गयीं विरुद्ध मत की बातें उन झूठी शिक्षाओं से भिन्न हो सकती हैं जो आज की कलीसिया को खतरे में डालती हैं, भीर भी पौलुस का संदेश आज की कलीसिया के लिए महत्वपूर्ण है:

- मसीह पूरी सृष्टि में सबसे श्रेष्ठ है।
- मसीह कलीसिया का सिर है।
- हमें उस चाल चलन में जीना है जो परमेश्वर के बच्चे होने के नाते हमारी बुलाहट के योग्य है।

[260] कुलुस्सियों 4:16।

मसीह की महानता (कुलुस्सियों 1)

कुलुस्सियों का केंद्रीय विषय जी उठे मसीह की महानता है। एक सुंदर कथन में, पौलुस प्रकृति पर मसीह की प्रधानता, कलीसिया पर उसके अधिकार और छुटकारे में उसकी भूमिका को दर्शाता है। मसीह ही पूरी सृष्टि की रचना का कारण था (''सभी वस्तुएं उसके द्वारा रची गई थीं'') और सृष्टि की रचना का उद्देश्य था (सभी वस्तुएं रची गई थीं... उसके लिए)। मसीह ''देह का सिर, (कलीसिया का) है।'' और मसीह और उसके क्रूस के लहू के माध्यम से हम ठ जो पहले निकाले हुए थे और बुरे कामों के कारण मन से बैरी थे, हमारा मेल मिलाप हुआ। मसीह सृष्टि का केंद्र, कलीसिया का प्रधान और छुटकारे का प्रभु है।[261]

''कुलुस्सियों का विरुद्ध मत'' (कुलुस्सियों 2)

मसीह के स्वभाव पर इस सकारात्मक बयान के बाद, पौलुस झूठी शिक्षा के खिलाफ एक नकारात्मक चेतावनी की ओर बढ़ता है जो कि कुलुस्से की कलीसिया को खतरे में डालती है। कुलुस्सियों के विरुद्ध मत का सटीक स्वरूप स्पष्ट नहीं है। हालाँकि, पौलुस की प्रतिक्रियाओं से विरुद्ध मत की कुछ विशेषताएं प्रकट होती हैं। कुलुस्से की कलीसिया ने रूढ़िवादी यहूदी धर्म, यहूदी रहस्यवाद और मूर्ती पूजकों की शिक्षाओं के संयोजन का सामना किया। कुलुस्से के विरुद्ध मत में इन झूठे विचारों का मिश्रण शामिल थाः

- रूढ़िवादी यहूदियों ने कुलुस्से के मसीहियों से यहूदी त्योहारों, खाद्य नियमों और खतना को मानने का आग्रह किया।[262]
- यहूदी रहस्यवादियों ने कुलुस्सियों के मसीहियों से कहा कि वे परमेश्वर के उच्च स्वर्गदूतों के समूह की उपासना में शामिल होने के लिए उपवास करें।[263]

---

[261] कुलुस्सियों 1:15-23।

[262] कुलुस्सियों 2:16 और 3:11।

[263] कुलुस्सियों 2:18। ''स्वर्गदूतों की उपासना'' का मतलब शायद यह नहीं है कि वे स्वर्गदूतों की उपासना कर रहे थे (जो सभी यहूदी शिक्षाओं के खिलाफ है।)। बल्कि, यह वाक्यांश संभवतः एक यहूदी रहस्यमय विचार को संदर्भित करता है कि तप साधना के माध्यम से, जैसे कि लंबे उपवास, उपासक रहस्यमय रूप से परमेश्वर के स्वर्गीय सिंहासन के चारों ओर स्वर्गदूतों के साथ शामिल हो सकते हैं। कुलुस्से के झूठे शिक्षक इन प्रथाओं का पालन करने के लिए इन मसीहियों को आमंत्रित कर रहे थे।

- मूर्ती पूजकों ने कुलिस्सियों की कलीसिया को बुरी आत्माओं से सुरक्षा के लिए अनुष्ठान करने के लिए प्रोत्साहित किया। पौलुस दुष्ट आत्माओं की शक्ति से इनकार नहीं करता, परन्तु वह यह स्पष्ट करता है कि इसका जवाब मूर्तिपूजक अनुष्ठानों में नहीं मिलता, बल्कि इस विजय में कि मसीह ने *पहले ही अंधकार की शक्तियों पर विजय* पा ली है।[264]

► कुलिस्सियों का विरुद्धमत आज हमसे कैसे संबंधित है

सिंक्रेटिज़म (समन्वयवाद) का अर्थ एक से अधिक धर्मों का सम्मिश्रण है। कुलुस्से में, इस समन्वयवाद ने यहूदी धर्म, रहस्यवाद, मूर्तिपूजा और मसीहत को एक साथ मिला दिया। आज, मूर्तिपूजा की संस्कृतियों में कलीसियाओं को कभी-कभी आस-पास की संस्कृति (पूर्वजों की पूजा, मूर्तिपूजा के पवित्र दिनों, भूतों और आत्माओं को दूर करने के लिए अनुष्ठान, आदि) के साथ मसीही सिद्धांत को मिश्रण करने के प्रलोभन का सामना करना पड़ता है। पहली सदी और इक्कीसवीं सदी दोनों में, इस तरह की सभी शिक्षाओं के लिए एक ही उत्तर हैः यीशु प्रभु है। उसने अंधकार की शक्तियों को हरा दिया है और हमने केवल मसीह के द्वारा ही विजय पायी है। किसी भी अन्य अनुष्ठान या प्रथा का मसीहत में कोई स्थान नहीं है।

जैसा कि पहले कहा गया है, पौलुस कुलिस्सियों के विरुद्ध मत का पूरा विवरण नहीं देता। वह मसीह के सच्चे सुसमाचार, सृष्टि के प्रभु और कलीसिया की तुलना में झूठे शिक्षण की सटीक प्रकृति में कम रुचि रखता है।

मसीह परिपक्वता में उन्नति करना (कुलुस्सियों 3-4)

इफिसियों के समान ही, पौलुस सिद्धांत से बढ़कर व्यवहार का वर्णन करता है। क्योंकि मसीह परमेश्वर के दाहिने हाथ बैठा है, इसलिए हमें जो मसीह के साथ जिलाये गये हैं स्वर्गीय बातों पर ध्यान लगाना चाहिए। झूठी शिक्षाओं पर ध्यान देने के बजाय, हमें यह याद रखना चाहिए कि हम ऐसी चीज़ों के लिए मर गये हैं और अब मसीह के साथ परमेश्वर में रहते हैं।[265]

''परमेश्वर में मसीह के साथ छिपा हुआ'' जीवन कैसा दिखता है? पौलुस इस नए जीवन का व्यावहारिक रूप से वर्णन करता है। इस जीवन में दो पहलू शामिल हैंः

---

[264] कुलुस्सियों 2:15।

[265] कुलुस्सियों 3:1-3 की व्याख्या।

1. **हमें पुराने कामों को ''छोड़ना'' है।** हमें इन सांसारिक कामों को मारना हैः व्यभिचार, अशुद्धता, लोभ, क्रोध, अश्लील बातें, बेईमानी, आदि। इन कामों के कारण परमेश्वर का क्रोध भड़कता है।[266]

2. **हमें उस नये मनुष्यत्व को ''पहनना'' है जो मसीह जैसा दिखता है।** इसमें दया, करुणा, नम्रता, धैर्य, क्षमा और ''सबसे बढ़कर'' प्रेम शामिल है। जब हम इन गुणों को विकसित करेंगे, तब परमेश्वर की शांति हमारे दिलों में राज करेगी और मसीह का वचन हमारे भीतर वास करेगा।[267] यह नया जीवन पारिवारिक संबंधों को बदल देता है (3:18-4:1) और सुसमाचार को अविश्वासियों के लिए आकर्षक बनाता है (4:5-6)।

फिलेमोन

ऐतिहासिक स्थान

पौलुस का सबसे छोटा पत्र फिलेमोन को संबोधित है जो कुलुस्से का एक धनी मसीही है। ऐसा प्रतीत होता है कि इफिसुस में पौलुस की सेवकाई के दौरान फिलेमोन ने प्रभु को अपनाया था। उसका घर कुलुस्सियों की कलीसिया के लिए आराधना स्थल बन गया।

जैसा कि पहली सदी में आम था फिलेमोन के पास कई दास थे। उनेसिमुस, फिलेमोन का एक दास जो रोम भाग गया था। रोम, साम्राज्य का सबसे अधिक आबादी वाला शहर था, जो भागे हुए लोगों के छिपने के लिए सबसे सुरक्षित स्थान था। (आज एक भागा हुआ व्यक्ति न्यूयॉर्क शहर, मेक्सिको सिटी, लागोस, या किसी अन्य प्रमुख शहर में छिप सकता है।)

परन्तु उनेसिमुस परमेश्वर से छिप नहीं सकता था! इस विशाल शहर में, परमेश्वर ने पौलुस और उस भागे हुए दास को एक साथ मिलाया। उनेसिमुस प्रभु को ग्रहण करके पौलुस का सहायक बन गया।

किसी समय, इस नये विश्ववासी को अपने अतीत का सामना करना पड़ा होगा। यह संभव है कि उसने भागने से पहले अपने मालिक के पैसे चुराये होंगे।[268] उनेसिमुस को कड़ी सज़ा की संभावना का सामना करना पड़ सकता था; एक भागे

[266] कुलुस्सियों 3:5-10।

[267] कुलुस्सियों 3:12-17।

[268] फिलेमोन 1:18।

हुए गुलाम के माथे को जला कर उस पर भगोड़ा लिखा जा सकता था या यहां तक कि उसे मार भी डाला जा सकता था। यह जानकर, पौलुस ने अपील का एक पत्र लिखा जिसे उनेसिमुस अपने साथ ले जा सकता था जब वह फिलेमोन का सामना करने के लिए वापस लौटता।

उद्देश्य

पौलुस के पत्र का उद्देश्य सरल हैः मेल मिलाप की अपील। उनेसिमुस का परमेश्वर के साथ मेल मिलाप हो गया था; पौलुस ने फिलेमोन को अपने भगोड़े दास के साथ मेल मिलाप स्थापित करने के लिए कहा।

विषय वस्तु

पौलुस इस बात के लिए फिलेमोन का धन्यवाद करते हुए पत्र की शुरुआत करता है कि वह मसीहियों के प्रति बहुत कृपालु था। साथी विश्वासियों के लिए फिलेमोन का प्रेम उनेसिमुस की ओर से पौलुस की अपील का आधार होगा, जो अब एक साथी विश्वासी है।

> हम सब परमेश्वर के *उनेसिमुस* हैं। जो लोग पहले कुछ काम के नहीं थे वे अब बड़े काम के हो गये। मसीह सब मनुष्यों को ऐसा ही बनाता है। पहले हम पाप के भागे हुए दास थे।
>
> - मार्टिन लूथर

पौलुस अपने प्रेरिताई अधिकार (जैसे गलातियों में) पर नहीं, बल्कि प्रेम के आधार पर अपनी विनती करता है। जब वह लगभग आधे पत्र को लिख चुका है, वह इस पत्र के लिखे जाने का कारण बताता है, ''मैं अपने बच्चे उनेसिमुस के लिये जो मुझ से मेरी कैद में जन्मा है तुझ से बिनती करता हूं।''[269] फिलेमोन विश्वास में पौलुस का बेटा है, अब उसके पास एक और बेटा है जो फिलेमोन का भागा हुआ दास है।

उनेसिमुस नाम का अर्थ है ''उपयोगी'' या ''लाभदायक'', यह दासों के लिए एक सामान्य नाम था। पौलुस लिखता है, ''वह तो पहले तेरे कुछ काम का न था, पर अब तेरे और मेरे दोनों के बड़े काम का है।''[270] उनेसिमुस अब अपने नाम पर जीएगा, मसीह की सामर्थ के माध्यम से वह अब उपयोगी है।

---

[269] फिलेमोन 1:10।

[270] फिलेमोन 1:11।

पौलुस यह संकेत देता है कि फिलेमोन उनेसिमुस को रिहा कर सकता है परन्तु इसकी आज्ञा नहीं देता।[271] वह फिलेमोन से यह कहता है कि वह उनेसिमुस को भी उसी भाव से ग्रहण करे जिस भाव से वह पौलुस को ग्रहण करेगा।[272]

पौलुस फिलेमोन से उसकी रिहाई के लिए प्रार्थना करने की विनती करके अपने पत्र का समापन करता है। वह लिखता है कि वह जेल से रिहा होने के बाद फिलेमोन से भेंट करने की उम्मीद करता है। क्या आपको लगता है कि इस वाक्य से पौलुस उसे यह याद दिलाना चाहता है कि पौलुस शीघ्र ही देखने आयेगा कि फिलेमोन उनेसिमुस के साथ कैसा व्यवहार करता है?

कई लोगों ने यह शिकायत की है कि पौलुस ने गुलामी की निंदा नहीं की। परन्तु, पौलुस के आदेश स्वामियों को ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करते हैं जिसमें गुलामी ठहर नहीं सकती।[273] आप उस व्यक्ति को दास नहीं बना सकते, जिसे आप वास्तव में मसीह में भाई या बहन के रूप में देखते हैं।

ऐतिहासिक उपसंहार

बाइबल यह नहीं बताती कि उनेसिमुस के साथ क्या हुआ जब वह फिलेमोन के पास वापस लौटा। इतिहास दो संकेत देता है जो बताते हैं कि फिलेमोन ने उनेसिमुस को रिहा कर दिया।

- लौदिकिया में एक प्राचीन शिलालेख (कुलुस्से के निकट स्थित) एक दास द्वारा अपने मालिक को समर्पित है, जिसने उसे रिहा कर दिया था। उस मालिक का नाम मार्कस सेस्टियस फिलोमन है।
- इस पत्र के कुछ साल बाद, उनेसिमुस नाम का एक पुरुष इफिसुस की कलीसिया का बिशप बन गया।

यह संभव है कि फिलेमोन ने उनेसिमुस को पौलुस के पास लौटने के लिए रिहा कर दिया होगा, जिसने तब उनेसिमुस को एक पासबान बनने के लिए प्रशिक्षित किया। यदि ऐसा है, तो इफिसुस में पौलुस की सेवकाई फिलेमोन के पूर्व दास उनेसिमुस के उपदेश के माध्यम से जारी रही होगी, जिसने पहले इफिसुस में पौलुस के उपदेश के तहत प्रभु को ग्रहण किया था। जो हम देखते हैं, परमेश्वर के उद्देश्य उससे कहीं बढ़कर हैं।

---

[271] फिलेमोन 1:13।

[272] फिलेमोन 1:17।

[273] गलातियों 3:28; इफिसियों 6:9; कुलुस्सियों 4:1; फिलेमोन 1:16।

आज की कलीसिया में जेल की पत्रियां

जेल की पत्रिया हमें याद दिलाती हैं कि हमें **दिये गये सिद्धांत को दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए।** इन पत्रियों में, पौलुस अपने पाठकों से विश्वासियों के रूप में अपनी बुलाहट के योग्य जीवन जीने के लिए विनती करता है। यह सही सिद्धान्त को स्वीकार करना ही पर्याप्त नहीं है, हमारा विश्वास दैनिक जीवन में कार्यों के द्वारा दिखना चाहिए।

इफिसियों और कुलुस्सियों की पत्रियां **आत्मिक युद्ध की वास्तविकता** के विषय में सिखाती हैं। ''क्योंकि हमारा यह मल्लयुद्ध, लहू और मांस से नहीं, परन्तु प्रधानों से और अधिकारियों से, और इस संसार के अन्धकार के हाकिमों से, और उस दुष्टता की आत्मिक सेनाओं से है जो आकाश में हैं।''[274] आत्मिक युद्ध असली है। परन्तु, इन पत्रों से यह भी पता चलता है कि यह युद्ध पहले ही मसीह में जीता जा चुका है। हम आत्मविश्वास से लड़ते हैं क्योंकि वह पहले ही लड़ाई जीत चुका है। हमारा प्राथमिक ध्यान मसीह पर होना चाहिए जिसने जीत हासिल की, हमारे दुश्मन पर नहीं जो हारने वाली लड़ाई लड़ रहा है।

फिलेमोन हमें याद दिलाता है कि हमें **वास्तविक दुनिया में मेल मिलाप के सुसमाचार के अनुसार जीवन जीना है।** पौलुस किसी भी एसे संदेश से संतुष्ट नहीं था जो वास्तविक जीवन में किसी काम नहीं है। उसने ज़ोर देकर कहा कि वही सुसमाचार जो परमेश्वर और एक ''भागे हुए पापी'' में मेल मिलाप स्थापित करता है, वह फिलेमोन और भागे हुए दास के बीच मेल मिलाप कराएगा। संघर्ष और टूटे हुए रिश्तों की दुनिया में मेल मिलाप लाने के लिए हमें सुसमाचार की सामर्थ दिखानी चाहिए।

निष्कर्ष

रोमन साम्राज्य में मसीहियों ने सीखा कि गिरी हुई दुनिया में सुसमाचार के अनुसार जीने का क्या मतलब है। पौलुस ने फिलिप्पियों को यह लिखा कि ''तुम निर्दोष होकर टेढ़े और हठीले लोगों के बीच परमेश्वर की निष्कलंक सन्तान बने रहें जिन के बीच में तुम जगत में जलते दीपकों की नाईं दिखाई देते हो।''[275] पौलुस को मालुम था कि जितना संसार अंधाकार में डूबता है, उतना ही कलीसिया की ज्योति बढ़ती हुई चमक के साथ चमकती है।

---

[274] इफिसियों 6:12।

[275] फिलिपियों 2:15।

रोम साम्राज्य के अंधेरे दिनों में, कुछ मसिही ''गैम्बलर्स फॉर क्राइस्ट'' नाम से जाने जाते थे क्योंकि वे दूसरों को बचाने के लिए अपने जीवन को ''जुआ'' खेलते थे। पौलुस इसी शब्द का उपयोग करता है जब वह कहता है कि प्रिस्किल्ला और अक्विला ने ''मेरे जीवन के लिए स्वयं का सिर दे रखा है।''[276] उन्होंने पौलुस के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी।

पहली शताब्दी में, रोमी मसीहियों ने शहर के कूड़े के ढेर पर छोड़ दिए गए अवांछित शिशुओं को बचाने के लिए समुदाय के क्रोध का जोखिम उठाया। तीसरी शताब्दी में, कार्थेज के बिशप ने एक महामारी के दौरान अपनी मण्डली को एक साथ इकट्ठा किया। और उन्हें मरने वालों की देखभाल करने और मृतकों को दफनाने के लिए कहा। उन्होंने शहर को बचाने के लिए अपने जीवन का जुआ खेला।

प्रारंभिक कलीसिया को मालूम था कि ''पुराने मनुष्यत्व को उतारना'' और ''नए मनुष्यत्व को पहनने'' का महत्व कलीसिया में जाने से अधिक था। इसका अर्थ है एक नया जीवन जीना है जो परमेश्वर और उसके उद्देश्यों से संबंधित है। इसका अर्थ हो सकता है अपने जीवन को जोखिम में डालना ताकि हमारा जीवन ''दुनिया में जलते हुए दीपकों के समान दिखाई दे।''

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्नलिखित में से **एक** असाइनमेंट चुनें:

- परिवार पर इफिसियों से एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। आप इसके लिए 5-6 प्रष्ठ लिख सकते हैं या एक उपदेश को रिकॉर्ड कर सकते हैं या पाठ तैयार कर सकते हैं।
- कलीसिया पर इफिसियों से एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। आप इसके लिए 5-6 प्रष्ठ लिख सकते हैं या एक उपदेश को रिकॉर्ड कर सकते हैं या पाठ तैयार कर सकते हैं।
- मसीही जीवन में आनंद पर फिलिप्पियों से एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। आप इसके लिए 5-6 प्रष्ठ लिख सकते हैं या एक उपदेश को रिकॉर्ड कर सकते हैं या पाठ तैयार कर सकते हैं।

[276] रोमियों 16:4।

- मसीह में हमारे नए जीवन पर कुलुस्सियों से एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। आप इसके लिए 5-6 प्रष्ठ लिख सकते हैं या एक उपदेश को रिकॉर्ड कर सकते हैं या पाठ तैयार कर सकते हैं।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

जेल की पत्रियों का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखें:

मुद्रित स्रोत

Beet, Joseph Agar. *A commentary on St. PaulⅭs Epistles to the Ephesians, Philippians, Colossians, and to Philemon (पौलुस की इफिसियों, फिलिप्पियों, कुलुस्सियों और फिलेमोन की पत्रियों पर समीक्षा)।* Schmul Publishing, 1982.

Earle, Ralph (ed.). *Beacon Bible Commentary, Vol. IX: Galatians through Philemon (बीकॉन बाइबल समीक्षा Vol. IX: गलातियों फिलेमोन से)।* Beacon Hill Press, 1965.

Holmes, Mark A. *Ephesians: A Bible Commentary in the Wesleyan Tradition (इफिसियों: बाइबल समीक्षा वेस्लेयन परंपरा में)।* Wesleyan Publishing House, 1997.

Stott, John R.W. *The Message of Ephesians (इफिसियों का संदेश).* InterVarsity Press, 1979.

Wilson, Earle L. *Galatians, Philippians, Colossians: A Commentary for Bible Students (गलातियों, फिलिप्पियों, कुलुस्सियों: बाइबल छात्रों के लिए समीक्षा).* Wesleyan Publishing House, 2007.

ऑनलाइन स्रोत

''Church and Mission in Ephesians'' (कलीसिया और मिशन इफिसियों में) http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ)।*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 7 के परीक्षा प्रश्न

(1) जेल की पत्रियों को कब और कहाँ से लिखा गया था?

(2) इफिसियों में कोई निजी अभिवादन क्यों नहीं है?

(3) इफिसियों के दो बड़े विभागों को सूचीबद्ध करें।

(4) इफिसियों 1 से, त्रिएकता के प्रत्येक सदस्य की हमारे उद्धार में भूमिका को सूचीबद्ध करें।

(5) इफिसियों 3 के अनुसार, ''सुसमाचार का रहस्य'' क्या है?

(6) फिलिप्पियों की कलीसिया के सामने आने वाले दो खतरों को सूचीबद्ध कीजिए।

(7) फिलिप्पियों 2 में, इसका क्या मतलब है कि मसीह ने ''खुद को दीन किया''?

(8) किन तीन प्रभावों से कुलुस्सियों की कलीसिया में विरुद्ध मत उत्पन्न हुआ?

(9) सिंक्रेटिज़म (समन्वयवाद) को परिभाषित कीजिए।

(10) उन तीन तरीकों को सूचीबद्ध करें, जिनके द्वारा जेल की पत्रियां आज की कलीसिया से बात करती हैं।

पाठ 8

1 और 2 थिस्सलुनीकियों: मसीह की वापसी

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) 1 और 2 थिस्सलुनीकियों की संभावित तिथि और ऐतिहासिक स्थान को जानें।

(2) 1 और 2 थिस्सलुनीकियों के प्राथमिक विषयों और उद्देश्य को संक्षेप दें।

(3) अविश्वासियों के विरोध के कारण विश्वासयोग्यता के लिए प्रोत्साहन मिलें।

(4) मसीह की वापसी के सिद्धांत की गहरी समझ को प्रदर्शित करें।

(5) आज मसीह की वापसी की ज्योति में जीएं।

(6) इन पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

1 और 2 थिस्सलुनीकियों को पढ़ें।

1 थिस्सलुनीकियों 4:23-24 याद करें।

थिस्सलुनीके की कलीसिया का जन्म सताव के बीच में हुआ। ये विश्वासी जानते थे कि मसीह के नाम के लिए दुख उठाने का क्या मतलब है। वे इसलिए मसीही बने क्योंकि उनहोंने पौलुस के उपदेश के सत्य को माना, ''कि यह यीशु, जिसका मैं तुम्हें प्रचार करता हूं, वह मसीह है।''[277] ये साहसी मसीही अपने विश्वास के लिए दुख उठाने के लिए तैयार थे।

विरोध के कारण, पौलुस थिस्सलुनीके में केवल थोड़ा ही समय बिताने में सक्षम था। इस वजह से, पौलुस उन्हें पूरी तरह से मसीही सिद्धांत की शिक्षा देने में असमर्थ था। थिस्सलुनीके से पौलुस के जाने के बाद मसीह की वापसी के बारे में सवाल उठे। सताव के प्रकाश में, इन नए विश्वासियों के पास उनकी भविष्य की आशा के बारे में प्रश्न थे।

पौलुस ने ये दो पत्र उन्हें विश्वासयोग्यता के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लिखे। वह उन्हें विश्वास दिलाता है कि यीशु वापस आयेगा और उन्हें आज उस वापसी के प्रकाश में जीना चाहिए।

[277] प्रेरितों के काम 17:3।

1 और 2 थिस्सलुनीकियों की पृष्ठभूमि

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

थिस्सलुनीके की कलीसिया को पौलुस की दूसरी मिशनरी यात्रा के दौरान स्थापित किया गया था। फिलिप्पी से जाने के बाद, पौलुस ने फिलिप्पी से लगभग 160 किलोमीटर की दूरी पर एम्फीपोलिस और अपोलोनिया से थिस्सलुनीके की यात्रा की।

पौलुस ने तीन सब्तों तक थिस्सलुनिका के आराधनालय में शिक्षा दी। कुछ यहूदी और कई ''धर्मनिष्ठ यूनानियों'' ने प्रभु को ग्रहण किया।[278] जवाब में, अविश्वासी यहूदियों के एक समूह ने यासोन के घर पर हमला करके विद्रोह शुरू कर दिया जहां पौलुस और सीलास रह रहे थे।

खतरे के कारण, पौलुस और सीलास ने रात में चुपके से उस शहर को छोड़ दिया और थिस्सलुनीका से लगभग 80 किलोमीटर दूर बिरीया चले गये। जब थिस्सलुनीका के यहूदियों ने सुना कि पौलुस बिरीया में है तो उन्होंने उसका पीछा किया और वहाँ उपद्रव मचाया। ज़ाहिर तौर पर यह

पौलुस और थिस्सलुनीकियों की कलीसिया
पौलुस, सीलास और तीमुथियुस थिस्सलुनीका में प्रचार करते हैं (प्रेरितों के काम 17:1-4) (लगभग 50 ईसा पश्चात के आसपास)
कुछ हफ्तों के बाद, वे बिरीया भाग जाते हैं (प्रेरितों के काम 17:5-10)
पौलुस सीलास और तीमुथियुस को बिरीया में छोड़ कर एथेंस की यात्रा करता है (प्रेरितों के काम 17:14-15)
सीलास और तीमुथियुस एथेंस में पौलुस से मिलते हैं (प्रेरितों के काम 18:16)
पौलुस तीमुथियुस को थिस्सलुनीका जाने के लिए भेजता है (1 थिस्सलुनिकियों 3:1)
पौलुस एथेंस से कुरिन्थुस की यात्रा करता है (प्रेरितों के काम 18:1)
सीलास और तीमुथियुस कुरिन्थुस में पौलुस से मिलते हैं और उसे थिस्सलुनीका की ख़बर देते हैं (प्रेरितों के काम 18:5; 1 थिस्सलुनीकियों 3:6)
पौलुस तीमुथियुस की ख़बर के जवाब में 1 थिस्सलुनीकियों लिखता है (लगभग 50-51 ईसा पश्चात में)
पौलुस आगे के सवालों के जवाब में 2 थिस्सलुनीकियों लिखता है (2 थिस्सलुनीकियों 2:15)

[278] प्रेरितों के काम में, ''धर्मनिष्ठ यूनानी'' वाक्यांश का तात्पर्य उन अन्यजाती लोगों से है जो आराधनालय में आकर यहोवा की उपासना करते हैं, हालांकि उन्होंने यहूदी धर्म को पूरी तरह से नहीं अपनाया था।

उपद्रव पौलुस पर केंद्रित था क्योंकि वह सीलास और तीमुथियुस को बिरीया में छोड़कर एथेंस गया था।

एथेंस से, पौलुस ने कुरिन्थुस की पश्चिम की ओर कूच किया जहाँ उसने अठारह महीने तक सेवकाई की। सीलास और तीमुथियुस कुरिन्थुस में पौलुस से मिले और उसे थिस्सलुनीका की नई कलीसिया की ख़बर दी।

पौलुस ने सीलास और तीमुथियुस की ख़बर के जवाब में 1 थिस्सलुनिकियों लिखा। उसने संभवतः इस पत्र को तीमुथियुस के हाथ थिस्सलुनीका भेजा होगा। कुछ महीने बाद, आगे की ख़बर के जवाब में, उसने 2 थिस्सलुनीकियों लिखा। ये दो पत्र तब के हैं, जब पौलुस 50-51 ईसा पश्चात में कुरिन्थुस में था। ये उसके शुरुआती पत्रों में से हैं जो गलातियों के पहले के हैं।

1 थिस्सलुनीकियों: मसीह वापस आयेगा।

उद्देश्य

जब तीमुथियुस कुरिन्थुस में आया तब थिस्सलुनीका की कलीसिया के विषय में उसकी ख़बर सकारात्मक थी। ये नए विश्वासी सुसमाचार के प्रति विश्वासयोग्य थे। पौलुस उन्हें उनके विश्वास में प्रोत्साहित करने के लिए लिखता हैं और कलीसिया के बीच उत्पन्न हुए एक प्रश्न को संबोधित करने के लिए भी लिखता है। कलीसिया के कुछ सदस्यों की मृत्यु हो गई थी, जिससे प्रभु की वापसी के बारे में सवाल उठे। कुछ मसीहियों को यह डर था कि जो लोग मर गए हैं, कहीं उन्होंने मसीह के वापस आने के वादे के अवसर को खो न दिया हो। सताव को सहन करने वाले मसीहियों के लिए, यह सोचना निराशाजनक था कि उनकी विश्वासयोग्यता व्यर्थ ठहर सकती है। पौलुस थिस्सलुनीकियों को सताव की स्थिति में विश्वासयोग्य बने रहने के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें यह विश्वास दिलाने के लिए लिखता है कि मसीह उन दोनों के लिए वापस आ जाएगा जो विश्वास में मरते हैं और उन लोगों के लिए जो उसके आने के समय जीवित होगें।

विषय वस्तु

► क्या दूसरी वापसी से डर उत्पन्न होता है या आशा उत्पन्न होती है? दूसरी वापसी का सिद्धांत आपके दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करता है?

थिस्सलुनीका में पौलुस की सेवकाई के तुरंत बाद लिखा गया, यह पत्र बहुत ही व्यक्तिगत है। जबकि पौलुस व्यक्तियों का नाम नहीं लेता, फिर भी वह इस

पत्र में थिस्सलुनीका में अपनी सेवकाई के विवरण को शामिल करता है। वह विश्वासियों को लिखता है जिन्होंने उसकी सेवकाई के दौरान प्रभु को ग्रहण किया था। उसका पत्र विश्वास करने वाले उसके बच्चों के लिए उसकी गहरी करुणा को दर्शाता है।

सताव के समय में उत्साह

थिस्सलुनीका में प्रचार करते समय, पौलुस ने कलीसिया को यह चेताया कि वे सताव के लिए तैयार रहें।[279] अब, पौलुस इस सताव के समय में उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लिखता है। उसके संदेश में ये बातें शामिल हैं:

- **पौलुस की प्रार्थनाओं का आश्वासन** (1:2; 3:17-4:5)। वह उनको यह बताना चाहता है कि वह उन्हें नहीं भूला है। इस सताव के समय वह उनके लिए प्रार्थना करना जारी रखता है।
- **पौलुस के दुख के उदाहरण का स्मरणपत्र** (1:4-2:12)। पौलुस अपने दृढ़ रहने की इच्छा से उत्पन्न हुए फल की ओर संकेत करता है: थिस्सलुनीकियों के द्वारा प्रभु को अपनाया जाना। थिस्सलुनीका में उसने सेवा अपनी स्वयं की लागत पर की: अपने दुश्मनों के सताव को सहा और स्वयं की आर्थिक सहायता के लिए शारीरिक श्रम किया।[280] परन्तु ये इनाम उस कीमत के योग्य हैं, जिसे उसने चुकाया। ये नए विश्वासी उसकी महिमा और आनंद का कारण हैं।[281] इससे थिस्सलुनीकियों के मसीहियों को यह प्रोत्साहन मिलना चाहिए कि उनके दुख उठाने से उन्हें परमेश्वर का इनाम मिलेगा।
- **उनकी विश्वासयोग्यता के लिए धन्यवाद** (1:6-10; 3:6-10)। पौलुस स्वयं को मिली ख़बर से बहुत प्रोत्साहित हुआ और इसके बदले वह थिस्सलुनिकियों को प्रोत्साहित करता है। उनका प्रभु को ग्रहण करना और संकट में विश्वासयोग्य रहना ''मकिदुनिया और अखया के सब विश्वासियों के लिए'' एक गवाही बन गया।[282]

---

[279] 1 थिस्सलुनिकियों 3:3-4।

[280] प्रेरितों के काम 17; 1 थिस्सलुनिकियों 2:2, 9, 16।

[281] 1 थिस्सलुनिकियों 2:20।

[282] 1 थिस्सलुनीकियों 1:7।

यीशु मसीह की वापसी

अपनी शिक्षा को खत्म करने से पहले ही पौलुस को थिस्सलुनीका छोड़कर जाना पड़ा। इस वजह से, मसीह में आये नये लोगों को विश्वासियों की मृत्यु के विषय में पूरी तरह शिक्षा नहीं दी गयी थी। पौलुस मसीह की वापसी और अंतिम दिनों के विषय में और अधिक शिक्षा देने के लिए लिखता है (4:13-5:11)।

मसीह की वापसी का वादा थिस्सलुनिकियों के लिए एक प्रोत्साहन है, परन्तु अब वे एक जटिल समस्या का सामना कर रहे हैं। इस वादे की पूर्ती से पहले इस कलीसिया के कुछ सदस्यों की मृत्यु हो गई। पौलुस ने उन्हें यह आश्वासन दिया कि हालांकि वे ''सो गये हैं'' फिर भी वे प्रभु की वापसी को देखेंगे।

आशा के बिना दुःखी होने के बजाय, मसीहियों को यह याद रखना चाहिए कि जब परमेश्वर स्वर्ग से ललकार के साथ उतरेगा तब ''जो मसीह में मरे हैं, वे पहले जी उठेंगे।'' वे ''जो जीवित और बचे हैं उनके साथ बादलों पर उठा लिये जाएंगे'' और हम ''सदा प्रभु के साथ रहेंगे।''[283]

हालाँकि थिस्सलुनीकियों को मसीह के लौटने के ''समयों और कालों'' का विवरण चाहिए, फिर भी पौलुस ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें इसके विषय में लिखने की ''मुझे कोई आवश्यकता नहीं है''। बल्कि, उन्हें मसीह में अपने विश्वास के कारण आत्मविश्वास के साथ भविष्य का सामना करना चाहिए।

जब प्रभु का दिन ''रात में चोर के समान आयेगा,'' तब रात और अंधकार की संतान पर विनाश आएगा। परन्तु ''ज्योति की संतान'' के लिए, प्रभु का दिन हमारे प्रभु यीशु मसीह द्वारा ''उद्धार का दिन'' होगा।[284] विश्वासियों के लिए, यीशु की वापसी भय का नहीं, बल्कि प्रोत्साहन का संदेश है।

मसीह की वापसी के प्रकाश में आज का जीवन

पौलुस की शिक्षा हमेशा व्यावहारिक प्रयोग के विषय में होती है। इससे एस्केथोलॉजी के विषय में पौलुस की शिक्षा को मार्गदर्शन मिलता है।[285] पौलुस को मसीह की वापसी की तारीख के विषय में व्यर्थ अनुमानों में कोई दिलचस्पी नहीं है।

---

[283] 1 थिस्सलुनीकियों 4:16-17.

[284] 1 थिस्सलुनीकियों 5:1-5,9।

[285] *एस्केथोलॉजी* शब्द अंतिम दिनों के सिद्धांत या अध्ययन को संदर्भित करता है।

यह बताने के बाद कि मसीह जीवित और मृत दोनों के लिए वापस आएगा, पौलुस आज मसीह की वापसी के लिए तैयार रहने के महत्व के विषय में बात करता है। (4:1-12 और 5:1-24)। पौलुस अपने पाठकों को ''ज्योति की संतान'' के रूप में जीने के लिए कहता है, अंधकार की संतान के रूप में नहीं। वह *आज* हमें मसीह के *कल* के आगमन के लिए तैयार करने के लिए विशिष्ट निर्देश देता हैः

- तुम्हारा चाल चलन ऐसा रहे जो परमेश्वर को भाये (4:1-2)।
- व्यभिचार से बचे रहकर पवित्र जीवन जीयें (4:3-8)।
- भाईचारे के प्रेम में बढ़ते रहें (4:9-10)।
- अपने काम से काम रखें (4:11)।
- अविश्वासियों की नज़र में शर्म से बचने के लिए स्वयं की सहायता के लिए काम काज करें (4:11-12)।
- सतर्क और शांत रहें (5:6-8)।
- प्रभु की वापसी के विषय में एक-दूसरे को प्रोत्साहित करें और समझाएं (5:9-11)।
- कलीसिया में नेतृत्व की ज़िम्मेदारियों का सम्मान करें (5:12-13)।
- विश्वासियों के बीच शांति बनाए रखें (5:13)।
- उन लोगों को समझाएँ जो ठीक से नहीं रहते जैसेः आलसी, डरपोक और कमज़ोर लोगों को (5:14)।
- अन्य विश्वासियों और आसपास के इलाके के लोगों के साथ भलाई करें (5:15)।
- सदा आनन्दित रहें (5:16)।
- नित्य प्रार्थना करते रहें (5:17)।
- धन्यवाद देते रहें (5:18)।
- पवित्र आत्मा के कार्य बुझने न दें (5:19)।
- ''जो प्रभु के नाम में बोला जाता है उसे अस्वीकार मत करो।'' [286] बल्कि, सब बातों को परखो और जो अच्छा है, उसे पकड़े रहो (5:20-21)।
- सभी प्रकार की बुराई से दूर रहें (5:22)।

[286] 1 थिस्सलुनीकियों 5:20, J.B. Phillips संक्षिप्त व्याख्या।

पौलुस निर्देश देने से भी अधिक करता है, वह इन नये विश्वासी लोगों के लिए प्रार्थना करता है, जिनके साथ वह बहुत ही घनिष्ठ संबंध महसूस करता है। 1 थिस्सलुनीकियों में दो प्रार्थनाएं उसकी चिंता से संबंधित हैं कि वे मसीह के आने तक सावधानी से जीयें। 3:11-13 में, पौलुस यह प्रार्थना करता है कि ये विश्वासी यीशु के आने की तैयारी में प्रेम और पवित्रता में बढ़ते रहें।

फिर 5:23-24 में, पौलुस प्रार्थना करता है कि जिस परमेश्वर ने खुद का इन विश्वासियों (''शांति का परमेश्वर'') के साथ मेल मिलाप किया है, वह ''तुम्हें पूरी रीति से पवित्र करेगा'' (या पूर्ण रूप से)। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनका पूरा अस्तित्व (''आत्मा, प्राण और शरीर'') ''हमारे प्रभु यीशु मसीह के आगमन के लिए'' तैयार होगा। एक अंतिम प्रोत्साहन में, पौलुस ने अपने पाठकों को आश्वासन दिया कि यह पवित्रता परमेश्वर के कार्य से आती है, न कि हमारी अपनी सामर्थ से। जो हमें पवित्रता में बुलाता है, वही हमें पवित्र बनाता है।

2 थिस्सलुनीकियों: मसीह की वापसी के बारे में गलतफहमी

विषय वस्तु और उद्देश्य

1 थिस्सलुनीकियों के पत्र को भेजने के कुछ ही समय बाद, पौलुस को प्रभु की दूसरी वापसी के विषय में अन्य सवालों का पता चला। 2 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस इन सवालों का जवाब देता है और फिर से थिस्सलुनीकियों को मसीह की वापसी के लिए तैयारी में विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 2 थिस्सलुनीकियों में पौलुस 1 थिस्सलुनीकियों की अपनी शिक्षा को और अधिक स्पष्ट करता है। पौलुस प्रभु की वापसी के विषय में भ्रम और विश्वासियों के बीच गलत व्यवहार को संबोधित करता है।

प्रभु के दिन को समझना (2 थिस्सलुनीकियों 1-2)

1 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस ने कहा कि हमें विश्वासियों की मृत्यु पर निराशा होने की आवश्यकता नहीं है; मसीह जीवित और मृत दोनों के लिए वापस आएगा। उनके बढ़ते विश्वास और प्रेम के लिए धन्यवाद के एक छोटे से अभिवादन और अभिव्यक्ति के बाद, 2 थिस्सलुनीकियों में पौलुस मसीह की वापसी के बारे में और निर्देश देता है। पौलुस लिखता है कि दूसरी वापसी से दंड और ''अनंत विनाश'' का समय आयेगा। परन्तु विश्वासियों को डरने की जरूरत नहीं है। न्याय का दिन वह दिन भी होगा जब मसीह ''अपने पवित्र लोगों में महिमा पायेगा।''[287]

[287] 2 थिस्सलुनीकियों 1:9-10।

1 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस ने उस गलत विचार का जवाब दिया कि जो विश्वासियों की मृत्यु हो गई है, वे प्रभु की वापसी को नहीं देखेंगे। 2 थिस्सलुनीकियों में, वह उस गलत विचार का जवाब देता है कि प्रभु पहले ही वापस आ गया है। 1 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस कहता है कि मसीह वापस आएगा। 2 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस कहता है कि मसीह अभी तक वापस नहीं आया है।

1 थिस्सलुनीकियों मसीह वापस आयेगा।
2 थिस्सलुनीकियों मसीह अभी तक वापस नहीं आया है।

किसी ने झूठा दावा करके कहा कि प्रभु का दिन पहले ही आ चुका है। पौलुस इस ख़बर के स्रोत को नहीं जानताः किसी व्यक्ति द्वारा भविष्यद्वाणी के वरदान (''एक आत्मा का''), या प्रचार किये गये किसी वचन या किसी जाली पत्र को पौलुस का बताकर दावा किया जाना।[288] कोई भी स्रोत होने के बावजूद, पौलुस अपने पाठकों को आश्वासन देता है कि वह दिन नहीं आया है। दो घटनाएँ प्रभु के दिन से पहले होनी अवश्यक हैः एक ''धर्म का त्याग होना'' और ''पाप के पुरुष'' का पगट होना।[289] ये घटनाएँ अभी तक नहीं घटी हैं। पौलुस उन्हें आश्वसन देता है कि मसीह की वापसी अभी भी भविष्य है, और वह अपना यह आश्चर्य व्यक्त करता है कि वे इस विषय पर अपनी पहली शिक्षा को कैसे भूल गए हैं।[290]

प्रभु के दिन की तैयारी में रहना (2 थिस्सलुनीकियों 3)

1 थिस्सलुनीकियों की तरह, 2 थिस्सलुनीकियों में पौलुस की प्राथमिक चिंता यह है कि आज विश्वासी भविष्य में होने वाले मसीह के आगमन के लिए कैसे अपना जीवन जीते हैं। 1 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस कहता है, 'चूंकि मसीह आ रहा है, इस तरह से जियो...' 2 थिस्सलुनीकियों में, पौलुस कहता है, 'क्योंकि मसीह अभी तक नहीं आया है, इस तरह से जीते रहो...'

जॉन वेस्ली से पूछा गया कि अगर वह जानते कि प्रभु अगले दिन आयेगा तो वे क्या करते। उन्होंने कहा, ''आज रात मैं बिस्तर में जाकर सो जाता। सुबह मैं उठता और अपने काम पर जाता, क्योंकि मैं चाहता हूं कि वह मुझे वह काम करते हुए पाये, जिसके लिए उसने मुझे नियुक्त किया है।''

जी कैम्पबेल मॉर्गन द्वारा उद्धृत।

---

[288] 2 थिस्सलुनीकियों 2:2।

[289] 2 थिस्सलुनीकियों 2:3-4।

[290] 2 थिस्सलुनीकियों 2:5।

जब हम मसीह की वापसी की प्रतीक्षा करते हैं, हमें इन बातों को मानना चाहिएः

- हमें जो सिखाया गया है, उसमें दृढ़ रहें (2:15)।
- आलस्य से बचें (3:6-12)।
- दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें (3:11-12)।[291]
- दूसरों के साथ भलाई करते रहें (3:13)।
- उन लोगों को चेतावनी दे जो हठपूर्वक पौलुस की शिक्षा के अधीन होने से इनकार करते हैं (3:14-15)।

आज की कलीसिया में 1 और 2 थिस्सलुनीकियों

लोगों को आज एस्केथोलॉजी और यीशु की वापसी के विषय मे बहुत रुचि है। ''भविष्यद्वाणी के शिक्षक'' प्रभु के लौटने के समय की भविष्यद्वाणी करने का प्रयास करते हैं। ''बाइबल कोड'' पर लिखी गयी किताबें पवित्रशास्त्र में गुप्त सत्य को उजागर करने का प्रयास करती हैं। मसीही लेखक यीशु के लौटने के बाद जो होने वाली घटनाओं की कल्पना के आधार पर लोकप्रिय उपन्यास प्रकाशित करते हैं।

1 और 2 थिस्सलुनिकियों बहुत ही अलग बात पर ज़ोर देते हैं। इन पत्रों से पता चलता है कि हमें मसीह के वापस लौटने तक विश्वासयोग्यता से जीने के विषय में अधिक सोचना चाहिए, बजाय इसके कि हम उसकी वापसी के छिपे हुए विवरणों को उजागर करें। पौलुस " समयों और कालों " के विषय में चर्चा करने में कोई समय खर्च नहीं करता। बल्कि वह कहता है, 'मसीह वापस आएगा। यह सुनिश्चित करें कि आप उस तरीके से जीयें जिस प्रकार आप चाहते हैं कि वह अपनी वापसी के दौरान आपको जीते हुए देखे।ट यह प्रभु के लौटने के विषय में हमारे उपदेश का उदाहरण होना चाहिए।

[291] 2 थिस्सलुनीकियों 3:6-12 एक दूसरे से संबंधित दो समस्याओं से निपटता है।। जो लोग काम में व्यस्त नहीं थे वे अन्य विश्वासियों के मामलों में दखल देने में व्यस्त थे। पौलुस उन्हें अपना काम करने और दूसरों के मामलों में दखल न देने के लिए कहता है। यदि वे पहले शिक्षा का पालन करते हैं तो उनके पास दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई समय नहीं होगा।

निष्कर्ष

1998 में, ताइवान में एक पंथ ने भविष्यद्वाणी की कि यीशु 31 मार्च को वापस आएगा। कुछ मसीहियों ने अपने घरों को बेच दिया और अपनी नौकरी छोड़ दी। मसीह की वापसी की प्रतीक्षा करने के लिए वे एक पर्वत पर एक साथ मिले। ताइवान के समाचार पत्रों ने इस समूह के बारे में ख़बर प्रकाशित की और उनकी शिक्षा को लोकप्रिय बनाया। जब यीशु अपेक्षित समय पर नहीं लौटा तो उनके अविश्वासी पड़ोसियों द्वारा कलीसियाओं का मज़ाक उड़ाया गया।

यह पहली बार नहीं था जब यीशु की वापसी की झूठी भविष्यवाणियों ने कलीसिया को शर्मसार किया हो। अमेरिका में, 1988 में यीशु की वापसी की भविष्यवाणी करने वाली एक पुस्तक की लगभग 50 लाख प्रतियां बिकीं। कुछ धार्मिक रेडियो और टेलीविजन स्टेशनों ने इस यीशु के आगमन की तैयारी के लिए विशेष निर्देश प्रसारित किए।

हाल ही में, हेरोल्ड कैम्पिंग ने 2011 में यीशु के आगमन की भविष्यवाणी की। यह भविष्यवाणी झूठी साबित हुई। फिर से, अविश्वासियों ने इस भविष्यवाणी पर विश्वास करने वाले मसीहियों का मज़ाक उड़ाया।

लोग बार-बार उसके आगमन की भविष्यवाणियां करते हैं और बार-बार भविष्यवाणियां झूठी साबित होती हैं। यीशु ने खुद अपनी वापसी की तारीख निर्धारित करने की कोशिश के ख़िलाफ चेतावनी दी थी।[292] यीशु की वापसी की तारीख की भविष्यवाणी करने की कोशिश करने के बजाय, हमें अपने प्रभु के काम को करने में व्यस्त होना चाहिए। थिस्सलुनीका के विश्वासियों की तरह, हमें अपने आप को एक ऐसे तरीके से जीने के लिए समर्पित करना चाहिए जो हमें किसी भी समय यीशु की वापसी के लिए तैयार करता है।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्नलिखित में से **एक** असाइनमेंट चुनें:

- 1 और 2 थिस्सलुनीकियों को पढ़ने के बाद, ''आज मसीह के आगमन के प्रकाश में जीने'' पर एक पृष्ठ का निबंध लिखें। यह एक व्यावहारिक निबंध होना चाहिए जो यह दर्शाये कि आज मसीह की वापसी हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करती है।

[292] मत्ती 24:36।

- 1 और 2 थिस्सलुनीकियों के आधार पर द्वितीय आगमन पर एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। यह एक 5-6 हाथ से लिखे हुए प्रष्ठ या एक रिकॉर्ड किया हुआ उपदेश या पाठ हो सकता है।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

1 और 2 थिस्सलुनीकियों का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखें:

मुद्रित स्रोत

Airhart. Arnold E. *Beacon Bible Commentary: I and II Thessalonians (बीकन की बाइबल समीक्षा: 1 और 2 थिस्सलुनीकियों)।* Beacon Hill Press, 1965.

Clarke, Adam. *Commentary on the New Testament (नए नियम पर समीक्षा)।* Abingdon Press, n.d.

Klopfenstein, W.O. *Wesleyan Bible Commentary: I and II Thessalonians (वेस्लेयन बाइबल समीक्षा: 1 और 2 थिस्सलुनीकियों)।* Eerdmans, 1965.

Morris, Leon. *Tyndale New Testament Commentaries: 1 and 2 Thessalonians (टाइन्डेल की नए नियम की समीक्षाएं: 1 और 2 थिस्सलुनीकियों)।*. Wm. Eerdmans, 2007.

ऑनलाइन स्रोत

Wesley, John. *WesleyCs Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 8 के परीक्षा प्रश्न

(1) उन परिस्थितियों का वर्णन करें जिनमें कलीसिया को थिस्सलुनीका में स्थापित किया गया था।

(2) उन तीन तरीकों को सूचीबद्ध करें जिनसे पौलुस सताव की स्थिति में थिस्सलुनीका की कलीसिया को प्रोत्साहित करता है।

(3) पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को मसीह की वापसी के समयों और कालों के विषय में क्या बताया?

(4) पौलुस इन मसीहियों को पवित्रता के बारे में विशिष्ट प्रोत्साहन देता है। वह उन्हें क्या कहता है?

(5) यदि 1 थिस्सलुनीकियों का एक प्राथमिक संदेश ''मसीह वापस आयेगा'' है तो 2 थिस्सलुनीकियों का प्राथमिक संदेश क्या है?

(6) यदि हम पौलुस के उदाहरण का अनुसरण करते हैं तो दूसरी वापसी के बारे में प्रचार करते समय हमें प्राथमिक रूप से किस बात पर ज़ोर देना चाहिए?

पाठ 9

तीमुथियुस और तीतुस: पासबानों को पत्र

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) पासबानी पत्रियों की संभावित तिथि और ऐतिहासिक स्थान को जानें।

(2) पासबानी पत्रियों के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों का संक्षेप दें।

(3) कलीसिया के अगुओं के लिए बाइबल की योग्यताएँ बताएं।

(4) सिद्धान्त की शिक्षा, कलीसिया संगठन और आत्मिक नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में एक पासबान की ज़िम्मेदारियों का और अधिक सम्मान करें।

(5) परमेश्वर की बुलाहट के प्रति हमेशा विश्वासयोग्य रहने की चुनौती को स्वीकार करें।

(6) पासबानों की पत्रियों से मसीह की सेवकाई के लिए व्यावहारिक सिद्धांतों का सारांश तैयार करें।

(7) इन पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

► *एक युवा पासबान द्वारा सामना किये जाने वाले कुछ चिंता के विषयों को सूचीबद्ध करें। उसके बाद, 1 तीमुथियुस और तीतुस में देखें कि आपकी कौन सी समस्याओं को संबोधित किया गया है।*

1 और 2 तीमुथियुस और तीतुस को पढ़ें।

2 तीमुथियुस 4:7-8 और तीतुस 2:11-14 को याद करें।

तीतुस और 1 और 2 तीमुथियुस को पासबानी पत्रियों या पासबानी पत्रों के रूप में जाना जाता है। 1 तीमुथियुस और तीतुस शायद 64 और 65 ईसा पश्चात के बीच में लिखे गए थे। 2 तीमुथियुस पौलुस का अंतिम पत्र है, जिसे उसने 66 या 67 ईसा पश्चात में अपनी शहादत से कुछ समय पहले लिखा था।

ये पत्र उन जवान पुरुषों को लिखे गए थे जिन्हें पौलुस ने प्रशिक्षित किया था। वे अब पासबान थे जो कलीसियाओं का नेतृत्व कर रहे थे। पौलुस उन समस्याओं के समाधान के लिए लिखता है जो उनकी कलीसियाओं में उत्पन्न हुई थीं।

कलीसियाओं को लिखे गये पत्रों के विपरीत, ये व्यक्तिगत पत्र हैं। वे एक सम्मानित शिक्षक की ओर से उन छात्रों को लिखे गये पत्र हैं जो अपनी पहली नियुक्ति में चुनौतियों का सामना करते हैं। इस पृष्ठभूमि के कारण, ये पुस्तकें नए पासबानों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन हैं जो कलीसिया की अगुवाई करने के लिए बाइबल की सलाह चाहते हैं।

1 तीमुथियुस

उद्देश्य

जेल से रिहाई के बाद अपनी यात्रा के दौरान, पौलुस ने तिमुथियुस को इफिसुस की कलीसिया में पासबानी करने के लिए छोड़ा और मकिदुनिया की ओर अपना सफर जारी रखा।[293] इस नई कलीसिया को पौलुस द्वारा पांच से आठ साल पहले शुरू किया गया था। पौलुस झूठे शिक्षकों को लेकर निर्देश देने के लिए, पासबान के रूप में युवा तीमुथियुस को प्रोत्साहित करने के लिए और कलीसिया नीति और कलीसिया में अधिकारियों की नियुक्ति के बारे में विशिष्ट निर्देश देने के लिए इस पत्र को लिखता है।

[293] 1 तीमुथियुस 1:3।

विषय वस्तु

कलीसिया में झूठे शिक्षक

इस पत्र में पौलुस की पहली चिंता तीमुथियुस की झूठे शिक्षकों से निपटने में मदद करना है जो इफिसुस की कलीसिया में समस्याएं उत्पन्न कर रहे हैं। उनकी शिक्षा के विवरणों का उल्लेख करने के बजाय, पौलुस उनकी शिक्षा के प्रभावों के प्रति चेतावनी देता है। झूठी शिक्षा के कारण तर्कपूर्ण प्रश्न और चर्चाएं उत्पन्न हो गईं।[294] ये शिक्षक चाहते हैं कि उनकों शिक्षकों के रूप में देखा जाए लेकिन वे उन चीज़ों को नहीं समझते जो वे सिखाते हैं।[295] ''व्यर्थ के झगड'' (व्यर्थ तर्कों और अटकलों) के बजाय, परमेश्वर यह चाहता है कि उसकी कलीसिया के लोग एक दूसरे की (''परमेश्वर के प्रबंध के अनुसार'') उन्नती करें और उनके बीच ऐसा प्रेम हो जो शुद्ध मन, अच्छे विवेक और कपट रहित विश्वास से उत्पन्न होता है।[296]

ऐसा प्रतीत होता है कि झूठे शिक्षकों के संदेश का एक हिस्सा व्यवस्था के दुरुपयोग से संबंधित है। पौलुस व्यवस्था के मूल्य की पुष्टि करता है ''अगर एक व्यक्ति इसे वैध तरीके से उपयोग करता है'' और उन पापों को दर्शाता है जो व्यवस्था में सिखाए गए सिद्धांतों की अवज्ञा के कारण आते हैं।[297] जबकि गलातियों में लिखा है कि मसीही अनुग्रह द्वारा धर्मी ठहरते हैं, व्यवस्था द्वारा नहीं परन्तु 1 तीमुथियुस में यह लिखा है कि व्यवस्था परमेश्वर को अप्रसन्न करने वाले आचरण के ख़िलाफ चेतावनी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पौलुस इन झूठे शिक्षकों को तीन जवाब देता हैः

- **तीमुथियुस को प्रोत्साहन।** पौलुस अपनी ही गवाही देता है कि कैसे वह मसीह का दुश्मन हुआ करता था परन्तु उस पर दया हुई। इस वजह से, तीमुथियुस जीवनों को बदलने के लिए मसीह की सामर्थ में विश्वास के साथ ''एक अच्छा युद्ध'' कर सकता है।[298]
- **सच्ची शिक्षा पर ज़ोर।** पौलुस सच्चे सिद्धांत के साथ झूठे सिद्धांत का जवाब देता है। 1 तीमुथियुस 4 में, पौलुस सच्चे सिद्धांत को झूठे सिद्धांत के ज़हर के तोड़ के रूप में बताता है।

---

[294] 1 तीमुथियुस 1:4,6।

[295] 1 तीमुथियुस 1:7।

[296] 1 तीमुथियुस 1:5।

[297] 1 तिमुथियुस 1:8-10।

[298] 1 तीमुथियुस 1:12-20।

- **गलत प्रेरणा के ख़िलाफ चेतावनी।** इस पत्र में आगे, पौलुस झूठे शिक्षकों की प्रेरणा को देखता है। 1 तीमुथियुस 6 में, पौलुस यह चेतावनी देता है कि उनकी शिक्षा गर्व, भ्रष्ट बुद्धि और लालच से आती है। इसका उत्तर यह है कि हम उससे संतुष्ट रहें, जो हमारे पास पहले से ही है। धन के प्रेम ने कुछ लोगों को विश्वास से दूर कर दिया है। इसके बजाय, सच्चे मसीहियों को ''धार्मिकता, भक्ति, विश्वास, प्रेम, धैर्य और नम्रता'' का पीछा करना चाहिए।[299]

कलीसिया के लिए निर्देश

► आपकी मंडली में अगुएं के लिए क्या योग्यताएँ हैं? एक सूची बनाएं और अपनी सूची की तुलना 1 तीमुथियुस 3 और तीतुस 1 से करें।

1 तीमुथियुस का अधिकतर भाग तीमुथियुस को पौलुस की सलाह है। पौलुस युवा तीमुथियुस का इस तरह की समस्याओं में मार्गदर्शन करता है:

सामूहिक प्रार्थना और सार्वजनिक उपासना (1 तीमुथियुस 2)

तीमुथियुस जैसे युवा पासबान के लिए सार्वजनिक उपासना में उपासना और व्यवहार के मुद्दे महत्वपूर्ण थे।

कलीसिया के अगुओं के लिए योग्यताएं (1 तीमुथियुस 3)

प्रारंभिक कलीसिया में दो कार्यालय थे। बिशप (या निरीक्षक) शिक्षा और उपदेश देते थे, वे समूह की देखभाल करने और सदस्यों को आत्मिक नुकसान से बचाने के लिए ज़िम्मेदार थे।[300] डीकनों के पास आत्मिक ज़िम्मेदारियां भी थीं, लेकिन वे शारीरिक सेवा के क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से ज़िम्मेदार थे।[301] दोनों कार्यालयों के लिए पौलुस की योग्यताएं कर्तव्यों की तुलना में चरित्र पर अधिक केंद्रित हैं। पौलुस की प्राथमिक चिंता यह थी कि कलीसिया के अगुओं का ऐसा चरित्र हो जो उन्हें परमेश्वर की कलीसिया का नेतृत्व करने के लिए योग्य बनाता है।

कलीसिया के भीतर विशेष समूहों की आवश्यकताएं (1 तीमुथियुस। 5:1-6:2)

---

[299] 1 तीमुथियुस 6:11-12।

[300] प्रेरितों के काम 20:28-31।

[301] डीकन के लिए यूनानी शब्द, डायकोनोस, का अर्थ ''सेवक'' है।

एक युवा पासबान के लिए एक और समस्या यह है कि कलीसिया में विभिन्न प्रकार के समूहों की ज़रूरतों से कैसे निपटा जाए। पौलुस विधवाओं, कलीसिया के बुजुर्गों और यहां तक कि दासों की मदद करने के निर्देश देता है।

पौलुस तीमुथियुस को ''विश्वास की अच्छी लड़ाई'' में विश्वासयोग्य रहने की आज्ञा देकर और उसे ''व्यर्थ के झगड़ों'' और झूठे ''ज्ञान'' से दूर रहने की चेतावनी देकर अपने पत्र को समाप्त करता है।[302] तीमुथियुस को सुसमाचार की ज़िम्मेदारी सौंपी गयी। यह उसकी प्राथमिक चिंता होनी चाहिए - और यह हर पासबान की प्राथमिक चिंता होनी चाहिए जो तीमुथियुस के नक्शेकदम पर चलता है।

तीतुस

ऐतिहासिक स्थान

तीतुस एक अन्यजाति मसीही था, संभवतः उसने पौलुस की सेवकाई के तहत प्रभु को अपनाया होगा।[303] वह यरूशलेम की सभा में पौलुस के साथ था और उसने संकट में पड़ी कलीसिया के साथ पौलुस के संघर्षों के दौरान कुरिन्थुस में पौलुस का प्रतिनिधित्व किया। इस पत्र के समय, तीतुस क्रेते के पहाड़ी द्वीप पर सेवा कर रहा था। क्रेते में पौलुस की यात्रा के बाद, तीतुस इस तट के पास बड़ी आबादी वाले शहरों की कलीसियाओं की निगरानी के लिए यहां रुक गया था।

पत्र के अंत में, पौलुस तीतुस को उसे नीकुपुलिस में मिलने के लिए कहता है।[304] 2 तीमुथियुस 4:10 से, ऐसा प्रतीत होता है कि तीतुस को बाद में नीकुपुलिस से नज़दीकी शहर दलमतिया भेजा गया था। इस समय तक, पौलुस को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे रोम भेज दिया गया, जहां उसे अपनी शहादत का सामना करना पड़ा।

उद्देश्य

1 तीमुथियुस की तरह, तीतुस के पत्र को स्थानीय कलीसिया के निर्माण में एक युवा पासबान का मार्गदर्शन करने के लिए लिखा गया था। पौलुस झूठे शिक्षकों, कलीसिया के नेतृत्व और मसीह व्यवहार को संबोधित करता है। इस पत्र का एक प्रमुख विषय मसीह जीवन शैली को मुक्ति के विश्वास के रूप में प्रदर्शित करना है।

---

[302] 1 तीमुथियुस 6:12-21।

[303] गलातियों 2:1-4 और तीतुस 1:4।

[304] तीतुस 3:12।

विषय वस्तु

झूठे शिक्षकों का खतरा

प्रारंभिक कलीसिया में गलत शिक्षा का निरंतर खतरा था। पौलुस इसका तीन तरीकों से जवाब देता है:

- वह कलीसिया में खरे नेतृत्व की मांग करता है (तीतुस 1:5-9)।
- उसका तर्क है कि इन झूठे शिक्षकों की जीवन शैली उनके संदेश की त्रुटि को साबित करती है (तीतुस 1:10-16 और 3:9-11)।
- वह सही जीवन जीने का विवरण प्रदान करता है (तीतुस 2:1-3:9)। हमेशा की तरह, पौलुस का दृष्टिकोण सच्चाई पर ज़ोर देना है, न कि केवल त्रुटि पर हमला करना।

अच्छे कामों का महत्व

झूठे शिक्षक अपनी शिक्षा से उत्पन्न होने वाली दुष्ट जीवनशैली से जाने जाते थे। जो लोग क्रेते में झूठे शिक्षकों को मानते थे वे घृणित, अवज्ञाकारी और पथभ्रष्ट थे।[305] उसी तरह, सच्ची शिक्षा को भी उस जीवनशैली के लिए जाना जाना चाहिए जिसे यह बढ़ावा देती है। झूठी शिक्षा के ख़िलाफ चेतावनी देने के बाद, पौलुस ने अपने पत्र के अधिकांश हिस्से को सच्चे मसीही जीवन का विवरण देने के लिए समर्पित किया है। पौलुस इस बात पर ज़ोर देता है कि सच्चा सिद्धांत सही व्यवहार को बढ़ावा देता है।

पौलुस तीतुस से यह विनती करता है कि ''तू ऐसी बातें कहा कर, जो खरे उपदेश के योग्य हैं।''[306] यदि क्रेते के सदस्य इस प्रकार रहते हैं, जिस प्रकार उन्हें रहना चाहिए तो उनका जीवन पौलुस और तीतुस द्वारा सिखाए गए सिद्धांत से मेल खाएगा। पौलुस वृद्ध पुरुषों, वृद्ध महिलाओं, युवा महिलाओं, युवा पुरुषों और सेवकों के लिए विशेष निर्देश देता है। पौलुस तीतुस को याद दिलाता है कि एक अगुए को अच्छे कार्यों और खरे सिद्धांत दोनों का उदाहरण प्रदान करना चाहिए।

एक सतर्क जीवनशैली, सुसमाचार के सत्य का मूल्यवान प्रमाण है। अच्छे कार्यों के लिए पौलुस दो प्रेरणाएँ देता है:

---

[305] तीतुस 1:16।

[306] तीतुस 2:1।

- एक नकारात्मक प्रेरणाः ''परमेश्वर के वचन की निन्दा न होने पाए।''[307]

- एक सकारात्मक प्रेरणाः ''सब बातों में हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर के उपदेश को शोभा मिले।''[308]

हमारी जीवनशैली से यीशु का उदाहरण प्रतिबिंबित होना चाहिए ''जिस ने अपने आप को हमारे लिये दे दिया, कि हमें हर प्रकार के अधर्म से छुड़ा ले, और शुद्ध करके अपने लिये एक ऐसी जाति बना ले जो भले भले कामों में सरगर्म हो।''[309] अविश्वासी लोग धर्मी लोगों के जीवन को देख कर सुसमाचार के प्रति आकर्षित होते हैं।

तीतुस में पौलुस की शिक्षा गलातियों में उसकी शिक्षा की एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। गलातियों में, पौलुस उन लोगों के ख़िलाफ चेतावनी देता है जो यह विश्वास करते हैं कि वे अच्छे कामों से धार्मिकता अर्जित करेंगे। तीतुस में, पौलुस उन लोगों के ख़िलाफ चेतावनी देता है जो यह सिखाते हैं कि धार्मिकता अच्छे कामों को बढ़ावा नहीं देती।

> *''परमेश्वर का अनुग्रह... सब मनुष्यों पर प्रगट हुआ।''* ''जिस प्रकार सूर्य सब मनुष्यों पर चमकता है, उसी प्रकार आत्मिक सूर्य सब को दिखता है। इन दोनों ही मामलों में, केवल वे वही लोग इस अनुग्रहपूर्ण लाभ से वंचित रहते हैं, जो जानबूझकर अपनी आंखो को बंद करते हैं।''
>
> *New Testament पर* Adam Clarke की समीक्षा *से अनुकूलित*

जब हम विश्वास के माध्यम से अनुग्रह द्वारा धर्मी ठहरते हैं, तो हमारा जीवन बदल जाता है। पौलुस ने जिस प्रकार गलातियों में यह स्पष्ट किया, था उसी प्रकार तीतुस में यह स्पष्ट करता है कि हमारा ''धार्मिकता के कामों से नहीं, बल्कि उसकी दया के द्वारा उद्धार होता है।''[310] हालाँकि हमारा अपने अच्छे कामों से उद्धार नहीं होता, फिर भी उद्धार हमारे जीवन के हर पहलू को बदल देता है। हमारे धर्मी ठहरने से पहले, हम ''निर्बुद्धि, आज्ञा न मानने वाले, और भ्रम में पड़े हुए और कई तरह की अभिलाषाओं और सुखविलास के दासत्व में थे।''[311] अब जब हमें नया बना दिया गया है तो हमें ''अच्छे कार्यों को बनाए रखने के लिए सतर्क रहना चाहिए।''[312]

---

[307] तीतुस 2:5।
[308] तीतुस 2:10।
[309] तीतुस 2:14।
[310] तीतुस 3:5।
[311] तीतुस 3:3।
[312] तीतुस 3:8।

पौलुस व्यक्तिगत निर्देशों के साथ पत्र का समापन करता है। वह तीतुस की जगह लेने के लिए अरतिमास या तुखिकुस को क्रेते भेजता है। जब वे क्रेते पहुंचेंगे, तब तीतुस को जेनास और अपुल्लोस को नीकुपुलिस पौलुस से मिलने के लिए अपने साथ लाना है।

2 तीमुथियुस

उद्देश्य

2 तीमुथियुस, पौलुस का अंतिम पत्र है, जिसे उसने 65-67 ईसा पश्चात में लिखा था, जब वह अपनी मौत की सज़ा का इंतज़ार कर रहा था। उसके कुछ साथियों ने उसे छोड़ दिया है और अन्य साथी उससे दूर, उन्हे सौंपे गये कार्यों को पूरा कर रहे हैं इसलिए वह अकेला है। वह तीमुथियुस को उसकी मदद करने के लिए लिखता है। पौलुस को ठंड लगती है तो वह तीमुथियुस को एक बागा लाने के लिए कहता है। उसे सहायकों की आवश्यकता है इसलिए वह तीमुथियुस से यूहन्ना मरकुस को साथ लाने के लिए कहता है। वह अंत तक अपना काम जारी रखना चाहता है इसलिए वह अपनी पुस्तकें मांगता है, ''विशेष रूप से चर्मपत्र।''[313]

पौलुस की दो कैदें	
पहली कैद	***दूसरी कैद***
यहूदियों द्वारा दोषी ठहराया जाना	रोमियों द्वारा गिरफ्तार किया जाना
आगंतुकों से मिलने के लिए पौलुस के पास पर्याप्त स्वतंत्रता है।	पौलुस काफी हद तक अकेला है
एक किराए के घर में	एक ठंडी जेल में
यह पत्र पौलुस की रिहाई के साथ समाप्त होता है	उसके मृत्यु दंड के साथ समाप्त होता है

विषय वस्तु

विश्वासयोग्यता

अपने जीवन के अंत में, पौलुस अपने उस पूरे जीवन को याद करता है जो उसने परमेश्वर की बुलाहट के प्रति विश्वासयोग्यता की आज्ञाकारिता में बिताया है। वह तीमुथियुस जैसे लोगों की बाट भी जोहता है जो भविष्य में सेवा को आगे

[313] 2 तीमुथियुस 4:9-13।

बढ़ाएंगे। अपने जीवन की इस घड़ी में विश्वास पौलुस के लिए चिंता का एक महत्वपूर्ण विषय है। वह तीमुथियुस को सेवा में विश्वासयोग्य बने रहने के लिए चुनौती देता है।

अविश्वासयोग्यता के उदाहरणों के रूप में, पौलुस आसिया के कुछ प्रांतों की ओर इशारा करता है जिन्होंने उसे छोड़ दिया है विशेष रूप से फूगिलुस और हिरमुगिनेस।[314] पौलुस को अपने सहकर्मियों के कारण बड़ी निराशा का सामना करना पड़ता है जो मार्ग से भटक गये हैं। बाद में, वह देमास का उल्लेख करता है, एक और पूर्व सहकर्मी जिसने उसे छोड़ दिया है।[315] परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहने से निराशा से मुक्त जीवन सुनिश्चित नहीं होता। शायद पौलुस जहाज टूटने, पिटने और जेल में बंद रहने की शारीरिक पीड़ाओं से और गलातिया और कुरिन्थुस की कलीसियाओं की समस्याओं से निपटने के मानसिक दबाव से अधिक, पौलुस उन लोगों की भावनात्मक चोट से पीड़ित था, जिन्होंने उसे इस महत्वपूर्ण समय पर छोड़ दिया था।

शुक्र है कि पौलुस विश्वासयोग्ता के उदाहरणों के कारण आनंद मना सकता है। वह इफिसुस और रोम में सेवा के एक उदाहरण उनेसिफुरूस को याद करता है।[316] वह क्रेसकेंस, तितुस और तुखिकुस जैसे सहकर्मियों की ओर संकेत करता है जो विश्वासयोग्यता से सेवा कर रहे हैं।[317] परमेश्वर की कृपा के एक अद्भुत प्रदर्शन में, पौलुस यह मांग करता है कि मरकुस, तीमुथियुस के साथ रोम जाए। यूहन्ना मरकुस वही था जो पौलुस की पहली मिशनरी यात्रा के आधे रास्ते से ही वापस लौट गया था और पौलुस और बरनबास के बीच विभाजन का कारण बना था।[318] पंद्रह साल बाद, मरकुस ने अपनी निर्भरता दिखाई है। पौलुस, मरकुस की मदद माँगता है ''क्योंकि वह मेरी सेवा के लिए बहुत काम का है।''[319]

ये व्यक्तिगत यादों से बढ़कर हैं, पौलुस, तीमुथियुस को विश्वास में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहता है। रूपकों की एक श्रृंखला के साथ, पौलुस यह दिखाता है कि विश्वासयोग्य रहने का क्या मतलब है।

---

[314] 2 तीमुथियुस 1:15।

[315] 2 तीमुथियुस 4:10।

[316] 2 तीमुथियुस 1:16-18।

[317] 2 तीमुथियुस 4:10-12।

[318] प्रेरितों के काम 15:36-39।

[319] 2 तीमुथियुस 4:11।

- एक सैनिक अपने भर्ती करने वाले के प्रति विश्वासयोग्य रहता है (2 तीमुथियुस 2:3-4)।
- एक खिलाड़ी नियमों के अनुसार मुकाबला करता है (2 तीमुथियुस 2:5)।
- एक किसान दिखाता है कि विश्वासयोग्य रहने का परिणाम भविष्य में इनाम मिलते हैं (2 तीमुथियुस 2:6)।

झूठे शिक्षक

झूठी शिक्षा का खतरा पौलुस के लिए एक वास्तविक चिंता बनी हुई है। वह तीमुथियुस से विनती करना है कि वह विश्वासयोग्य बना रहे और ''मूर्खतापूर्ण और अविद्या के विवादों'' से दूर रहे। ये ''दुष्ट और बहकानेवाले'' मनुष्यों की ओर से आते हैं जो ''धोखा देते हैं और धोखा खाते हैं।''[320] बल्कि, तीमुथियुस को ''इन बातों पर जो तूने सीखीं हैं और प्रतीति की थी, यह जानकर दृढ़ बना रह...''[321] उसे ''वचन का प्रचार'' करना चाहिए, उसे ''उलाहना देना, फटकारना और समझाना'' चाहिए, उसे ''सब बातों में सावधान रहना, दुख उठाना, सुसमाचार प्रचार का काम करना चाहिए'', संक्षेप में, उसे ''अपनी सेवा को पूरा करना चाहिए।''[322] यहाँ, 1 तीमुथियुस और तीतुस की तरह, झूठी शिक्षा का जवाब सत्य के प्रति विश्वासयोग्यता है।

अंतिम अभिवादन

2 तीमुथियुस सांसारिक जीवन और सेवकाई के लिए पौलुस का अंतिम अभिवादन है। परन्तु पौलुस भविष्य का सामना आत्मविश्वास के साथ करता है, वह विश्वासयोग्य रहने के इनाम की बाट जोहता है।

वर्षों पहले, पौलुस ने यह गवाही दी, ''परन्तु मैं अपने प्राण को कुछ नहीं समझताः कि उसे प्रिय जानूं, वरन यह कि मैं अपनी दौड़ को, और उस सेवाकाई को पूरी करूं, जो मैंने परमेश्वर के अनुग्रह के सुसमाचार पर गवाही देने के लिये प्रभु यीशु से पाई है।''[323] अब मृत्यु का सामना करते हुए वह यह गवाही देता है, ''मैं अच्छी कुश्ती लड़ चुका हूं, मैंने अपनी दौड़ पूरी कर ली है, मैंने विश्वास की

---

[320] 2 तीमुथियुस 2:23, 3:13-14।

[321] 2 तिमुथियुस 3:14।

[322] 2 तीमुथियुस 4:2,5।

[323] प्रेरितों के काम 20: 24।

रखवाली की है। भविष्य में मेरे लिये धर्म का वह मुकुट रखा हुआ है, जिसे प्रभु, जो धर्मी, और न्यायी है, मुझे उस दिन देगा और मुझे ही नहीं, वरन उन सब को भी, जो उसके प्रगट होने को प्रिय जानते हैं।''[324]

आज की कलीसियाओं में पासबानी पत्रियों

पासबानी की पत्रियां **सच्चे सिद्धांत के महत्व** को सिखाती हैं। झूठी शिक्षा के लिए सबसे प्रभावी उत्तर सत्य है। इन पत्रों में, पौलुस झूठी शिक्षा की तुलना में सच्चे सिद्धांत पर अधिक ध्यान देता है। उसी तरह, आज झूठे सिद्धांत के लिए हमारा सबसे प्रभावी जवाब सुसमाचार है ''जो पवित्र लोगों को एक ही बार सौंपा गया था।''[325]

एक ऐसे समय में, जिसमें नैतिक विफलता और झूठी शिक्षा ने कुछ कलीसियाओं के अगुओं को भ्रष्ट कर दिया है, इसलिए **कलीसिया के अगुओं को योग्यताओं** के विषय में बताने के लिए पासबानी पत्रियां बहुत मूल्य रखती हैं। कोई भी कलीसिया इन मानकों/योग्यताओं की अनदेखी नहीं कर सकती। बुद्धिमान कलीसियाएं ऐसे अगुओं का चयन करेंगी जो 1 तीमुथियुस और तीतुस में पौलुस द्वारा बताए गये गुणों के प्रति विश्वासयोग्य रहते हैं।

तीतुस **सुसमाचार के प्रदर्शन के तौर पर अच्छे कार्यों के महत्व** के विषय में बताता है। कभी-कभी मसीहियों की जीवनशैली के वजह से कलीसिया की गवाही को नुकसान पहुंचा है। विश्वासियों को सुसमाचार को अविश्वासियों के लिए आकर्षक बनाना चाहिए। सच्चे सिद्धांत से सही व्यवहार उत्पन्न होना चाहिए।

पौलुस के समापन शब्द **सदा के लिए विश्वासयोग्य बने रहने के लिए कहते हैं।** छात्रों, जब आप सेवकाई में बने रहते हैं तब आप चुनौतियों का सामना करते हैं। पौलुस की ही तरह, आपको आपके सहकर्मी छोड़ सकते हैं। तीमुथियुस और तीतुस की तरह, आपको झूठे शिक्षकों का सामना करना पड़ सकता है। और, सब समयों के विश्वासियों की तरह, आपको परीक्षा और विरोध का सामना करना पड़ेगा। पौलुस के समापन के शब्द आपको यह याद दिलाते हैं कि इनाम आपके द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत के योग्य है। हार न मानना, आपका मुकुट आपका इंतज़ार कर रहा है।

---

324 2 तीमुथियुस 4:7-8।

325 यहूदा 1:3।

निष्कर्ष

विलियम बॉर्डन का जन्म 1887 में एक धनी परिवार में हुआ था। बॉर्डन एक व्यवसायी बने के लिए येल विश्वविद्यालय गया था, परन्तु परमेश्वर ने उसे उत्तरी चीन के मुसलमानों को सुसमाचार सुनाने के लिए बुलाया। चीन की यात्रा के दौरान, मिस्र में अरबी का अध्ययन करते समय, बॉर्डन को मस्तिष्क ज्वर हो गया और 25 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। वे कभी चीन को नहीं देख पाये।

उनकी मृत्यु के बाद, विलियम की बाइबल उनके माता-पिता को दे दी गई। बाइबल में उनको उस तारीख की एक पर्ची मिली, जिस दिन वह परमेश्वर की चीन जाने की बुलाहट के लिए सहमत हुआ था। बॉर्डन ने ये शब्द लिखे थे, ''मैं कुछ भी रख नहीं छोडूंगा।'' उसने स्वयं को परमेश्वर की बुलाहट के लिए पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया। जब उसके परिवार ने उसकी इस बुलाहट का विरोध किया और विलियम पर पारिवारिक व्यवसाय में शामिल होने के लिए दबाव डाला तो उसने लिखा ''मैं हार नहीं मानूंगा।'' बॉर्डन बिना पीछे मुड़े दौड़ जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध था। अपनी मृत्यु के कुछ दिन पहले, बॉर्डन ने एक अंतिम पर्ची लिखी, ''मुझे कोई पछतावा नहीं है।'' बॉर्डन भविष्य का उस आत्मविश्वास से सामना कर सकता था कि वह परमेश्वर की बुलाहट की आज्ञाकारिता में चला था।

विलियम बॉर्डन ने पौलुस की अंतिम गवाही को समझा। जो व्यक्ति खुद को बिना कुछ रखे छोड़ देता है और बिना हार माने परमेश्वर के पीछे चलता है, उसके लिए धार्मिकता का ताज होगा। उस दिन, हम पौलुस के साथ और विलियम बॉर्डन के साथ कहेंगे कि, ''मुझे कोई पछतावा नहीं है।'' यह प्रत्येक विश्वासी के लिए एक योग्य लक्ष्य है।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) नीचे दिये गये **दोनों** असाइनमेंट को पूरा करें:

- अपने स्थान की कलीसिया के अगुओं के लिए योग्यताओं की एक सूची तैयार करें। आपको अपने सांस्कृतिक स्थान में 1 तीमुथियुस और तीतुस की बाइबल के मानकोम को लागू करना होगा जिसमें आप सेवा करते है।

- 2 तीमुथियुस पढ़ने के बाद, एक पृष्ठ ''अभिवादन का पत्र'' लिखिए। यदि आप मौत का सामना कर रहे होते तो आप किस

गवाही को पीछे छोड़ते? यह असाइनमेंट आपको अपने वर्तमान जीवन और सेवकाई का मूल्यांकन करने और अपने भविष्य की सेवकाई को आकार देने में मदद कर सकता है क्योंकि आप अपने अनुसरण करने वालों के लिए अपनी विरासत के बारे में अधिक जागरूक बनेंगे।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

पासबानी की पत्रियों का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखें:

मुद्रित स्रोत

Gould, J. Glenn. *Beacon Bible Commentary: I and II Timothy, Titus (बीकन की बाइबल समीक्षा: 1 और 2 तीमुथियुस, तीतुस)।* Beacon Hill Press, 1965.

Nicholson, Roy S. *Wesleyan Bible Commentary: The Pastoral Epistles (वेस्लेयन बाइबल समीक्षा: पासबानी पत्रियां)* Eerdmans, 1965.

Oden, Thomas C. *Ministry through Word and Sacrament (वचन और अनुष्ठानों द्वारा सेवकाई)।* Crossroad, 1989.

Stott, John R.W. *The Message of 2 Timothy (2 तीमुथियुस का संदेश)* । Intervarsity Press, 1990.

ऑनलाइन स्रोत

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 9 के परीक्षा प्रश्न

(1) पासबानी के पत्रों की सबसे संभावित तारीख क्या है?

(2) एक तरीके की पहचान करें जो पौलुस को 2 तीमुथियुस और तीतुस की विषय वस्तु के लेखक के रूप में दर्शाता है।

(3) 1 तीमुथियुस लिखने के लिए पौलुस का क्या उद्देश्य था?

(4) झूठे शिक्षकों का सामना करने पर पौलुस की गवाही तीमुथियुस को किस प्रकार प्रोत्साहित करती है?

(5) प्रारंभिक कलीसिया के दो कार्यालयों को सूचीबद्ध और परिभाषित करें।

(6) तितुस का पौलुस के साथ क्या संबंध था?

(7) तीतुस को पत्री लिखने का पौलुस का उद्देश्य क्या था?

(8) अच्छे कामों की वे दो प्रेरणाएं क्या हैं जो पौलुस तीतुस को देता है?

(9) युहन्ना मरकुस का अनुभव 2 तीमुथियुस में पौलुस के सत्य के संदेश के साथ कैसे सही बैठता है?

(10) उन चार तरीकों को सूचीबद्ध करें जिनके द्वारा पासबानी पत्र आज कलीसिया से बात करते हैं।

पाठ 10

इब्रानियों और याकूबः

सामान्य प्रत्रियां, भाग 1

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) इब्रानियों और याकूब की संभावित तारीख और ऐतिहासिक स्थान को जानें।

(2) इब्रानियों और याकूब के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों का संक्षेप दें।

(3) विश्वास को त्यागने के खिलाफ बाइबल की चेतावनी पर ध्यान दें।

(4) नई वाचा के तहत हमारे विशेषाधिकारों और ज़िम्मेदारियों की सराहना करें।

(5) मसीही जीवन में विश्वास और कार्यों के बीच संबंध को समझें।

(6) इब्रानियों और याकूब के व्यावहारिक सिद्धांतों को मसीह जीवन में लागू करें।

(7) इन पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

इब्रानियों और याकूब पढ़ें।

इब्रानियों 4:14-16 और याकूब 2:17-18 को याद करें।

नये नीयम की पुस्तकों को, इब्रानियों से लेकर यहूदा तक, सामान्य पत्रियां कहते हैं।[326] पौलुस के अधिकांश पत्रों के विपरीत, ये पत्र या तो उन लोगों को संबोधित करते हैं जो किसी खास समूह के नहीं हैं और या तो उन लोगों को जिनके बारे में हम बहुत कम जानते हैं।

इन पत्रों में लंबे और छोटे दोनों पत्र शामिल हैं जैसे, इब्रानियों को लिखा गया पत्र, जो एक लंबी पत्री है और प्रेरित यूहन्ना द्वारा गयूस को लिखा गया एक छोटा पत्र। सामान्य पत्र विभिन्न समस्याओं को संबोधित करते हैं, परन्तु सभी पुस्तकों

[326] इन पत्रों को कभी-कभी ''कैथोलिक पत्रियां'' भी कहा जाता है। इस संदर्भ में, ''कैथोलिक'' शब्द ''सामान्य'' शब्द का समानार्थक शब्द है। यह रोमन कैथोलिक कलीसिया को संदर्भित नहीं करता। इसका उपयोग प्रेरितों के विश्वास में उपयोग शब्दों जैसा हैः ''हम पवित्र कैथोलिक कलीसिया में, पवित्र लोगों की समन्वय में विश्वास करते हैं...''

में आम व्यवहारिक मसीही जीवन पर ज़ोर दिया गया है। ये किताबें हमें सिखाती हैं कि एक गैर-मसीही दुनिया में मसीहियों के समान कैसे रहना है। पहली सदी के मसीहियों ने आज हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के समान चुनौतियों का सामना किया जैसेः झूठी शिक्षा, परीक्षा, और अविश्वासियों का विरोध। इन मुद्दों में से प्रत्येक को इन पत्रों में संबोधित किया गया है। यद्यपि ये पत्र आकार में छोटे हैं, परन्तु ये पत्र विश्वासियों के लिए महत्वपूर्ण हैं जो अपने विश्वास के कारण चुनौतियों का सामना करते हैं।

इब्रानियों को लिखा गया पत्रः एक बेहतर मार्ग

लेखक

इब्रानियों की पुस्तक इसके लेखक के विषय में कोई वर्णन नहीं है। पौलुस को अक्सर इसका लेखक माना जाता है।

पौलुस को इसका लेखक मानने के पक्ष में ये तर्क शामिल हैंः

1. पौलुस की पत्रियों में मसीह के व्यक्तित्व और कार्यों के विषय में इब्रानियों की पत्री का विवरण आम है।
2. लेखक तीमुथियुस से संबंधित है।[327]
3. अंतिम अध्याय में आशीष की प्रार्थना पौलुस से मिलती जुलती है।[328]

पौलुस के लेखक होने के खिलाफ तर्क में इब्रानियों और अन्य पत्रों के बीच लेखनों में कई अंतर शामिल हैंः

1. इब्रानियों की पत्री कभी भी ''यीशु मसीह'' वाक्यांश का उपयोग नहीं करती। यह एक ऐसा वाक्यांश जो पौलुस के पत्रों में पचास से अधिक बार उपयोग किया गया।
2. इब्रानियों 2:3 में, लेखक कहता है कि उसने प्रेरितों से सुसमाचार सुना। गलातियों 1:12 में, पौलुस इस बात पर ज़ोर देता है कि उसने यीशु मसीह के सीधे प्रकट होने से सुसमाचार सुना।
3. पौलुस के अन्य पत्रों के विपरीत, इब्रानियों की पत्री किसी अभिवादन से शुरू नहीं होती और व्यक्तिगत अभिवादनों की सूची के साथ समाप्त नहीं होती।

---

[327] इब्रानियों 13:23।

[328] इब्रानियों 13:18-25.

कलीसिया के पूरे इतिहास में, कई अन्य लेखकों को प्रस्तावित किया गया है। अधिकांश प्रस्तावित लेखक पौलुस के सहयोगी हैं, जैसे कि बरनबास, लूका या अपुल्लोस। इसके कारण, यह संभव है कि उनके लेखन का तरीका पौलुस के समान हो। अंततः, इस पत्री का लेखक अज्ञात है।

उद्देश्य

इब्रानियों की पुस्तक एक धर्मोपदेश (पुराने नियम के लेखों का विस्तार) की विशेषताओं के साथ एक पत्र के तत्वों (अंत में व्यक्तिगत अभिवादन) को जोड़ती है। लेखक अपने पत्र को ''उपदेश के वचन'' के रूप में संदर्भित करता है, [329]जो उपदेश (प्रचार) का वर्णन करने के लिए प्रेरितों के काम 13:15 में इस्तेमाल किया गया एक वाक्यांश है। इब्रानियों का सबसे अच्छा वर्णन एक ''उपदेशात्मक पत्र'' होगा जो एक पत्र के रूप में एक उपदेश है।

इस पत्री के पहले प्राप्तकर्ता यहूदी मसीही हैं जो मसीह में अपने विश्वास को त्यागकर अपनी पूर्व प्रथाओं में वापस जाना चाहते हैं। उनकी यहूदी पृष्ठभूमि को पुराने नियम के बलिदानों और अनुष्ठानों के विषय में उनके ज्ञान में देखा जाता है।

इन मसीहियों ने अपनी विश्ववासयोग्यता कारण बड़े सताव को सहा है परन्तु अब वे ''निराश होकर हियाव छोड़ने'' के खतरे में हैं।[330] इब्रानियों का लेखक इन विश्वासियों को विश्वास को त्यागने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए और उन्हें विश्वासयोग्यता के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इस पत्री को लिखता है। बार-बार वह उन्हें याद दिलाता है कि यीशु का व्यक्तित्व और पुराने नियम के याजकों और बलिदानों की व्यवस्था से बेहतर है।

तारीख

इब्रानियों को लिखे पत्र को संभवता 70 ईसा पश्चात से पहले लिखा गया होगा। यह पत्र एक वर्तमान वास्तविकता के तौर पर यहूदी बलिदान प्रणाली का वर्णन करता है।[331] इसका यह अर्थ है कि इस पत्र को 70 ईसा पश्चात में रोमियों द्वारा मंदिर के विनाश से पहले लिखा गया होगा।

---

[329] इब्रानियों 13:22।

[330] इब्रानियों 10:32-34; 12:3।

[331] इब्रानियों 8:3-5; 9:7-8; 10:1-3।

इब्रानियों में पुराना नियम

► पुरानी वाचा और नई वाचा के बीच क्या संबंध है?

इब्रानियों की विषय वस्तु को देखने से पहले, इस पुस्तक के बारे में एक सामान्य गलतफहमी का जवाब देना महत्वपूर्ण है। कई पाठक इस पुस्तक की इस प्रकार व्याख्या करते हैं कि यह पुस्तक पुराने नियम की निंदा करती है। क्योंकि इब्रानियों यह बताती है कि नई वाचा ''बेहतर'' वाचा है, इसलिए कुछ लोग मानते हैं कि पुरानी वाचा अपने उद्देश्य में विफल रही है।

परन्तु, इब्रानियों की पुस्तक पुराने नियम के लिए बहुत सम्मान व्यक्त करती है।

- इब्रानियों 11 में ''महान पुरुष'' पुराने नियम के चरित्र हैं।
- इब्रानियों की शिक्षाएं पुराने नियम के वचनों पर आधारित हैं।[332] उदाहरण के लिए, इब्रानियों 1 में चौदह पद हैं। उन में से, नौ पद पुराने नियम से प्रत्यक्ष उद्धरण हैं, जिनमें ये वचन शामिल हैं: भजन 2; 2 शमूएल 7:14; व्यवस्थाविवरण 32:43; भजन संहिता 104:4; भजन संहिता 45:6,7; यशायाह 61:1,3; भजन संहिता 102:25-27 और भजन संहिता 110:1।

इब्रानियों की पत्री यह नहीं सिखाती कि पुरानी वाचा की विफलता के कारण परमेश्वर को अपनी योजना बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा। बल्कि, मसीह में विश्वास के माध्यम से उद्धार ''दुनिया की उत्पत्ति से पहले ही पूर्व निर्धारित था।''[333] यहां तक कि पुराने नियम में भी, उद्धार विश्वास करने से परमेश्वर के अनुग्रह द्वारा मिलता था, बाहरी अनुष्ठानों द्वारा नहीं। इब्रानियों 11 में भी हम देखते हैं कि, ''विश्वास के माध्यम से ही'' पुराने नियम के महापुरुषों ने परमेश्वर को प्रसन्न किया।

पुराने नियम और नए नियम के बीच एक स्पष्ट निरंतरता है। मसीह में पुराने नियम के वादे और नियम पूरे हुए। पुराने नियम में समस्या इस्राएलियों की विफलता थी, परमेश्वर के उद्देश्य की विफलता नहीं। इस्राएली हृदय से वाचा का पालन करने में विफल रहे।[334] उन्होंने विश्वास पर अधारित बलिदान की प्रणाली को व्यर्थ अनुष्ठानों में परिवर्तित कर दिया। पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं और यीशु दोनों ने इस्राएल के द्वारा परमेश्वर के उद्देश्य के दुरुपयोग किये जाने को गलत ठहराया।

---

[332] इब्रानियों की पुस्तक को एक अध्ययन बाइबल में पढ़ने से आपको बहुत लाभ होगा, जो इब्रानियों में उद्धृत पुराने नियम के वचनों को दर्शाती है।

[333] 1 पतरस 1:20।

[334] इब्रानियों 8:8।

दुनिया की उत्पत्ति से ही, पुरानी वाचा ने मसीह के आने की ओर इशारा किया। पुरानी वाचा कभी भी अपने आप में पूर्ण नहीं थी; इसने भविष्य में होने वाली पूर्ति की ओर इशारा किया। यह पूर्ति यीशु मसीह के व्यक्तित्व और कार्य में देखी जाती है। नई वाचा ''बेहतर'' है क्योंकि यह अधूरी पुरानी वाचा का वादा पूरा करती है।

विषय वस्तु

इब्रानियों की पुस्तक दो समानांतर विषयों के विषय में बताती है। पहला विषय *(एक बेहतर मार्ग)* मसीह में जीवन के विशेषाधिकारों की तुलना पुरानी वाचा के तहत उपलब्ध कम विशेषाधिकारों से करता है।

दूसरा विषय *(सावधान रहो)* उन लोगों को पाँच ''चेतावनियों'' की एक श्रृंखला में देखा जाता है जो अपने विश्वास को त्यागकर पुराने जीवन में लौटना चाहते हैं। प्रत्येक चेतावनी के अनुभाग में, इब्रानियों की पत्री चेतावनी देती है और फिर पाठक को प्रोत्साहन देती है।

एक बेहतर मार्ग

तुलना की एक श्रृंखला में, इब्रानियों की पुस्तक यह दर्शाती है किः

- मसीह पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं से श्रेष्ठ है (1:1-3)।
- मसीह स्वर्गदूतों से श्रेष्ठ है क्योंकि वह परमेश्वर का पुत्र है (1:4-14)।
- मसीह स्वर्गदूतों से श्रेष्ठ है क्योंकि वह मनुष्य का पुत्र है जिसके अधिकार में पूरी दुनिया को किया गया है (2:4-18)।
- मसीह मूसा से श्रेष्ठ है, जो परमेश्वर का विश्वासयोग्य सेवक और इस्राएल का अगुआ थ (3:1-6)।
- मसीह हारून और उच्च याजकपद से श्रेष्ठ है (4:14-7:28)।
- मसीह ने एक श्रेष्ठ वाचा प्रदान की है (8:1-13)।
- मसीह ने एक श्रेष्ठ बलिदान दिया है (9:1-18)।

इब्रानियों की पत्री पुराने नियम के *अच्छे* वादों और मसीह के माध्यम से हमारी *बेहतर* पूर्ति के बीच अंतरों की एक श्रृंखला को दिखाती है। यहूदी मसीहियों के लिए पुरानी वाचा में लौटना मूर्खतापूर्ण होगा! यदि यहूदी मसीही पूर्णता का स्वाद

चखने और ''पवित्र आत्मा के'' भागी होकर पुराने जीवन में वापस लौटते हैं, ''तो वे परमेश्वर के पुत्र को फिर से क्रूस पर चढ़ाते हैं।''[335]

सावधान रहो

► विश्वासत्याग क्या है? क्या एक सच्चे विश्वासी के लिए अपना विश्वास त्यागना संभव है?

मसीह द्वारा प्रदान किये गये बेहतर मार्ग की गवाहियों के साथ-साथ, इब्रानियों की पत्री उन लोगों को चेतावनी देती है जो अपना विश्वास त्यागना चाहते हैं। अधिक विशेषाधिकार से, अधिक ज़िम्मेदारी आती है। इस ज़िम्मेदारी के प्रकाश में, इब्रानियों की पत्री उन विश्वासियों को पाँच गंभीर चेतावनियां देती है जिन्होंने नई वाचा की अच्छी वस्तुओं का स्वाद चखा है और पुरानी वाचा में लौटना चाहते हैं।

प्रत्येक चेतावनी विश्वासयोग्यता के प्रोत्साहन के साथ है। जबकि इब्रानियों की पत्री यह बताती है कि विश्वासत्याग संभव है, फिर भी यह कभी नहीं बताती कि विश्वासत्याग टाला जा सकता है। प्रत्येक विश्वासी के लिए परमेश्वर की योजना विश्वासयोग्य जीवन है। इब्रानियों की पत्री बताती है कि विजयी जीवन हर मसीही के लिए उपलब्ध है।

चेतावनी 1 - इब्रानियों 2:1-18[336]

- हमने जो संदेश सुना है, उससे भटकने के खिलाफ हमें चेताया जाता है। (2:1)
- यह चेतावनी उस महान विशेषाधिकार के कारण बहुत गंभीर है, जिसे हमने प्राप्त किया है। (2:2-3)
- हमें यीशु के उदाहरण के द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है, जो परीक्षा में पड़ा और उन सब को सामर्थ देता है, जो परीक्षा में पड़ते हैं। (2:18)

चेतावनी 2 - इब्रानियों 3:12-4:16

- हमें चेताया जाता है कि हम ''पाप के छल में आकर कठोर न बने।'' (3:12-13)

---

[335] इब्रानियों 6:4-6।

[336] यह रूपरेखा Walter Elwell and Robert Yarbrough, *Encountering the New Testament (नए नियम से मुलाकात),* Baker Academic, 2005 से ली गयी है।

- यह चेतावनी इसलिए गंभीर है क्योंकि ''जीवित परमेश्वर से अलग हो जाना'' संभव है। क्योंकि हम मसीह के भागी हुए हैं, *यदि हम अपने प्रथम भरोसे पर अन्त तक दृढ़ता से स्थिर रहें।''* (3:12-14)

- हमें इस वचन से प्रोत्साहन मिलता है कि यीशु हमारा महायाजक है जसके माध्यम से हम ''आवश्यकता के समय उद्धार पा सकते हैं।'' (4:14-16)

चेतावनी 3 - इब्रानियों 5:11-6:12

- हमें ''मरे हुए कामों'' में वापस जाने के खिलाफ चेतावनी दी जाती है। (5:11-6:6)

- यह चेतावनी गंभीर है विश्वासत्याग के पलटे जाने की असंभावना के कारण। (6:4-6)

- हमें यह जानने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि सभी विश्वासयोग्य जन ''प्रतिज्ञाओं के वारिस'' होंगे। (6:9-12)

चेतावनी 4 - इब्रानियों 10:26-39

- हमें चेताया जाता है कि ''यदि सच्चाई की पहचान प्राप्त करने के बाद हम जानबूझकर पाप करते रहें'' तो केवल दंड होगा। (10:26-27)

- यह चेतावनी नई वाचा के विशेषाधिकारों के कारण गंभीर है। यदि मूसा की व्यवस्था को नज़रअंदाज़ करनेवालों को बुरी तरह से दंड दिया जाता था, तो ''हमें कितनी बुरी'' सज़ा मिलेगी, यदि हम ''परमेश्वर के पुत्र को अपने पैरों तले रोंदेंगे''। इस चेतावनी को नज़रअंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ''जीविते परमेश्वर के हाथों में पड़ना भयानक बात है।'' (10:28-31)

- हमें इसलिए प्रोत्साहित किया जाता है क्योंकि हम ''प्राण बचाने में विश्वास रखते है।'' पीछे मुड़ना संभव है *परन्तु दृढ़ रहना भी संभव है।* हमें विश्वासी को दृढ़ बनाये रखने वाली परमेश्वर की सामर्थ में पूर्ण विश्वास है। हम विश्वास की संभावना को इब्रानियों 11 के वचन ''विश्वास के वचनों'' में देखते हैं (10:32-39)।

- हमें चेताया जाता है कि हमें जो संदेश मिला है, उसे मानने से इनकार न करें (12:25)।
- नई वाचा के विशेषाधिकारों के कारण यह चेतावनी गंभीर है। (12:25-27)
- हमें प्रोत्साहित किया जाता है क्योंकि हम ''परमेश्वर की स्वीकार्य रुप से सेवा करते है'' उसके अनुग्रह के कारण। (12:28-29)

विश्वासत्याग

विश्वासत्याग क्या है?

विश्वासत्याग शब्द को ''उस विश्वास को जानबूझकर त्याग या छोड़ देना जिसे किसी ने स्वीकार किया हो'' के रूप में परिभाषित किया गया है।[337] यह परिभाषा विश्वासत्याग के तीन तत्वों पर ज़ोर देती है:

1. *यह जानबूझकर किया जाता है।* शिक्षा को लेकर संदेह, स्वयं के उद्धार के बारे में अनिश्चितता या पाप में पड़ने से विश्वासत्याग नहीं होता। विश्वासत्याग मसीही विश्वास को स्वेच्छा से त्याग देना है।
2. *यह ''विश्वास को त्याग या छोड़ देना है।''* यह पाप से भी बढ़कर है, यह मसीहत के सत्य का त्याग है। इब्रानियों के लिए, यह यीशु के प्रायश्चित के कार्य को त्यागकर पूर्व-मसीह रीति-रिवाज़ों में वापस लौटना था।[338] जुडाइज़रों ने मसीह के प्रायश्चित कार्य में आवश्यकताओं को जोड़ा; विश्वासत्यागियों ने पूरी तरह से मसीह के प्रायश्चित कार्य को त्याग दिया।
3. *यह उस विश्वास का त्याग है कि जिसे ''किसी ने स्वीकार किया हो।''* विश्वसत्याग उस व्यक्ति के अविश्वास से अलग है जिसने कभी मसीह के विषय में नहीं जाना। यह उस व्यक्ति द्वारा विश्वास का त्याग है, जो ''परमेश्वर के उत्तम वचन का और आने वाले युग की सामर्थों का स्वाद चख चुका है।''[339]

विश्वसत्याग और पीछे हटने में क्या अंतर है?

इब्रानियों में विश्वासत्याग पीछे हटने की तुलना में विश्वास का अधिक स्थायी और जागरूक त्याग है। पतरस ने यीशु का इनकार किया लेकिन फिर अपने पाप का पश्चाताप किया। पतरस का साहस विफल हुआ परन्तु उसने मसीही विश्वास को नहीं त्यागा। उसका पीछे हटना डर का परिणाम था, न कि मसीह का त्याग।

---

[337] L.G. Whitlock, ''Apostasy'' (विश्वासत्याग) *Evangelical Dictionary of Theology* में है।

[338] इब्रानियों 6:6।

[339] इब्रानियों 6:5।

ऐसा हो सकता है कि पीछे हटनेवाला व्यक्ति पाप में पड़कर भी मसीही विश्वास के सत्य को न त्यागे। हालांकि इसके विपरीत, एक विश्वासत्यागी व्यक्ति मसीही विश्वास के सत्य को त्याग देता है।

इब्रानियों में कुछ चेतावनियाँ पीछे हटने और लापरवाही से संबंधित हैं। परन्तु मसीही विश्वास का पूर्ण रूप से त्याग इब्रानियों 6:4-6 के पीछे का विचार है। जब कोई विश्वासत्यागी व्यक्ति यीशु की बचाने वाली मृत्यु को त्याग देता है, वह अपने छुटकारे के मार्ग को नष्ट कर देता है। हालाँकि, पश्चाताप करने वाला पीछे हटनेवाला व्यक्ति यीशु की प्रायश्चित मृत्यु के माध्यम से फिर बहाल हो सकता है।

क्या एक सच्चे मसीही के लिए विश्वासत्याग करना संभव है?

कुछ मसीहियों का तर्क है कि एक सच्चे मसीही के लिए विश्वासत्याग करना असंभव है। हालांकि, इब्रानियों की चेतावनियों का केवल तभी अर्थ निकलता है जब लेखक एक वास्तविक खतरे को संबोधित कर रहा हो। इब्रानियों 6:4-6 का यह अर्थ है कि स्थायी और पूर्ण विश्वासत्याग संभव है।

आज की कलीसिया में इब्रानियों की पत्री

इब्रानियों की पत्री **विश्वासत्याग के वास्तविक खतरे** के खिलाफ चेतावनी देती है। आम पत्रियों का एक सामान्य विषय कलीसिया के खतरे के विषय में है। अक्सर यह चेतावनी विरुध मतों के खिलाफ होती है जो मसीही शिक्षा को विकृत करते हैं। इब्रानियों में, चेतावनी मसीही विश्वास के पूर्ण परित्याग के खिलाफ है। यह खतरा आज भी उतना ही वास्तविक है जितना पहली सदी में था।

हां, इब्रानियों की पत्री बताती है, ऐसा संभव है कि हम अपने विश्वास को त्याग सकते

''हम संकरे मार्ग पर
यात्रा करने वाले तीर्थयात्री हैं
और जो लोग इस मार्ग में हमसे पहले गए हैं वे पहले होंगे
विश्वास करने वालों का मनोबल बढ़ाते हुए और थके हुओं को प्रोत्साहित करते हुए
उनका जीवन परमेश्वर की निरंतर कृपा का सरगर्मी प्रमाण है
जो गवाहों के एक बड़े बादल से घिरा हुआ है
हम न केवल पुरस्कार के लिए दौड़ें
बल्कि उनके समान दौड़ें जो हमसे पहले गये हैं
हम अपने पीछे आनेवाले लोगों के लिए
विश्वास की उस विरासत को छोड़ें, जो हमें धर्मी लोगों के जीवन से मिली है
हे, हमारे पीछे आने वाले सभी लोग हमें विश्वासयोग्य पायें
हमारी भक्ति की आग उनके रास्ते को रोशन करे
जो पदचिह्न छोड़ दें
वे उन्हें विश्वास करने के लिए प्रेरित करें
और हम जो जीवन जीते हैं, वह उन्हें आज्ञा मानने के लिए प्रेरित करे।
हे, हमारे पीछे आने वाले सभी लोग हमें विश्वासयोग्य पायें।''
- जॉन मोहर द्वारा गीत

हैं। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात, इब्रानियों की पत्री **विश्वासयोग्यता की संभावना** के विषय में बताती है। हमारे पास यह बड़ा लाभ है कि मसीह हमारे लिए विनती करता है। अपनी आशा के अंगीकार को दृढ़ता से थामें रहें, एक दूसरे को प्रेम और अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित करके और एक साथ अराधना की संगति करने से एक दूसरे को प्रोत्साहित करके, हम विश्वासयोग्य हो सकते हैं।[340] इब्रानियों की पुस्तक का चरमोत्कर्ष अध्याय 11 उन लोगों की गवाही के साथ है जो विश्वास के माध्यम से विश्वासयोग्य थे और जो अब उन सब लोगों के लिए गवाहों के बादल का घेरा प्रदान करते हैं, जो ''धीरज से अपनी दौड़ को दौड़ते हैं''[341]

याकूब: विश्वास जो कार्य करता है

लेखक और तारीख

इस पत्र का लेखक ''याकूब, परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह का सेवक था।''[342] याकूब, यीशु का सौतेला भाई, यीशु के जीवनकाल के समय संदेह में था, परन्तु अब उसे पुनरुत्थान में पूर्ण विश्वास था।[343] वह 62 ईसा पश्चात में विश्वास के कारण शहीद हो गया।

यह पत्र संभवतः 40 ईसा पश्चात की शुरुआत में या इसके मध्य में लिखा गया होगा। चूंकि याकूब यरूशलेम की महासभा में एक अधिकारी था जिसने विश्वास और कार्यों के मुद्दे पर बहस की थी, इसलिए यह संभावना है कि याकूब ने इस महासभा का उल्लेख किया होगा यदि यह पत्र 49 ईसा पश्चात के बाद लिखा हो।[344]

लोग और उद्देश्य

याकूब ने यह पत्र उन ''बारह गोत्रों को लिखा, जो दूर देशों मे तित्तर बित्तर होकर रहते थे।''[345] इस शब्द (*प्रवासी*) का उपयोग पहले उन यहूदियों के लिए किया गया, जो 586 ईसा पूर्व में यरूशलेम के पतन के बाद तितर बितर हो गये थे। याकूब ने इस शब्द का उपयोग उन यहूदी मसीहियों के लिए किया, जो

---

[340] इब्रानियों 10:23-25।

[341] इब्रानियों 12:1।

[342] याकूब 1:1।

[343] मत्ती 13:55; यूहन्ना 7:3-5; 1 कुरिन्थियों 15:7।

[344] प्रेरितों के काम 15।

[345] याकूब 1:1।

यरूशलेम के बाहर रहते थे। याकूब द्वारा पुराने नियम के बार-बार संदर्भों के उपयोग से पता चलता है कि जिन लोगों को उसने यह पत्र लिखा, वे सताये जाने वाले यहूदी मसीही थे। उन्हें एक दूसरे के साथ और एक सांसारिक जीवन शैली जीने के परीक्षा का सामना करना पड़ा। याकूब ने विश्वासियों को यह याद दिलाने के लिए लिखा कि उनके कामों में उनका विश्वास दिखना चाहिए। विश्वासियों का विश्वास उनके कार्यों में दिखना चाहिए।

विषय वस्तु

याकूब और पुराना नियम

भविष्यवक्ता *आमोस* की तरह, याकूब यह दर्शाता है कि हमारे विश्वास से हमारा दैनिक जीवन प्रभावित होना चाहिए। आमोस और याकूब दोनों इसी बात पर ज़ोर देते हैं कि हमारा सच्चा विश्वास उस बात में दिखेगा कि हम दूसरों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। 108 पदों में, याकूब पचास से अधिक आज्ञाएं देता है। यह एक व्यावहारिक पत्र है।

► याकूब 5:1-5 को आमोस 4:1-2 और 5:21-24 के साथ पढ़ें। इन संदेशों की आप कैसे तुलना कर सकते हैं?

नीतिवचन की तरह, याकूब उन छोटे-छोटे कथनों का इस्तेमाल करता है जो महत्वपूर्ण सच्चाइयों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं। याकूब के कई विषय नीतिवचन की पुस्तक के विषयों के समानांतर हैं जैसेः जीभ, धन, क्रोध और बुद्धी।

पुराने नियम की व्यवस्था की तरह, याकूब यह बताता है कि पवित्र व्यक्ति पवित्र परमेश्वर के चरित्र को कैसे दर्शाता है। लैव्यवस्था 19 की ठ पवित्रता का नियमसंग्रह ठ बताता है कि पवित्र लोगों को पवित्र परमेश्वर की आज्ञाकारिता में कैसे चलना है। इसी तरह, याकूब बताता है कि नए नियम के विश्वासियों को परमेश्वर की आज्ञाकारिता में कैसे चलना है। दोनों यह बताते हैं कि हम जिस विश्वास के साथ जीते हैं, वह विश्वास हमारे जीवन में अवश्य दिखना चाहिए।

पवित्रता का नियमसंग्रह और याकूब	
लैव्यवस्था 19	**याकूब**
19:13 ''और मज़दूर की मज़दूरी तेरे पास सारी रात बिहान तक न रहने पाए''	**5:4** ''जिन मज़दूरों ने तुम्हारे खेत काटे, उन की वह मज़दूरी जो तुम ने धोखा देकर रख ली है चिल्ला रही है''

19:15 ''न तो कंगाल का पक्ष करना और न बड़े मनुष्यों का मुंह देखा विचार करना''	**2:9** ''पर यदि तुम पक्षपात करते हो, तो पाप करते हा''
19:18 ''पलटा न लेना और न अपने जाति भाइयों से बैर रखना''	**5:9** ''हे भाइयों, एक दूसरे पर दोष न लगाओ''
19:18 ''तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रख''	**2:8** ''तू अपने पड़ोसी से अपने समान प्रेम रख''

विश्वास और कार्य

मार्टिन लूथर ने कार्यों पर ज़ोर देने के कारण याकूब की पत्री को ''भूसे की पत्री'' कहा। उसका मानना था कि यह पत्री पौलुस की शिक्षा विश्वास के द्वारा धार्मिकता का खंडन करती है। देखने में, याकूब 2:24 (''कामों के द्वारा मनुष्य धर्मी ठहरता है, केवल विश्वास करने से नहीं'') और रोमियों 3:28 (''इसलिये हम इस परिणाम पर पहुंचते हैं, कि मनुष्य व्यवस्था के कामों के बिना विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरता है'') के बीच विरोधाभास प्रतीत होता है। परन्तु इन कथनों को लोगों के दो अलग-अलग समूहों के लिए लिखा गया है जो अलग-अलग परिक्षाओं का सामना कर रहे हैं। इस संदर्भ को देखते हुए, इन पदों के बीच का विरोधाभास हल हो जाता है।

पौलुस उन लोगों को लिखता है जो कामों से उद्धार पाने का प्रयास करते हैं (व्यवस्था का पालन करके)। पौलुस यह कहता है कि उद्धार विश्वास द्वारा प्राप्त परमेश्वर के अनुग्रह के माध्यम से आता है।

याकूब उन लोगों को लिखता है जो यह मानते हैं कि विश्वास सुसमाचार के सत्य को मानिसक रूप से ग्रहण कर लेना ही काफी है। उनका जीवन नहीं बदला है क्योंकि उनका विश्वास सच्चा विश्वास नहीं है। याकूब इस बात पर ज़ोर देता है कि सच्चा विश्वास जीवन बदलने वाला होता है। याकूब विश्वास की केंद्रीयता पर सवाल नहीं उठाता, परन्तु वह यह कहता है कि सच्चा विश्वास कार्यों में दिखता है। याकूब कहता है कि अब्राहम और राहाब का विश्वास उनके कार्यों में देखा जाता है।[346]

[346] याकूब 2:14-26।

याकूब का संदेश पौलुस के संदेश का खंडन नहीं करता, यह विश्वास के माध्यम से अनुग्रह की धार्मिकता के पौलुस के संदेश का एक मूल्यवान सहयोगी है। पौलुस कहता है कि हम परमेश्वर के सामने केवल विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरते हैं। याकूब कहता हैं कि यह धार्मिकता (अन्य लोगों के सामने धर्मी ठहरना) हमारे कार्यों द्वारा देखी जाती है। याकूब यह नहीं सिखाता कि हमारा उद्धार कैसे होता है, वह सिखाता है कि उद्धार प्राप्त करने के बाद हमारा जीवन कैसे परिवर्तित होता है।

कार्यों मे विश्वास

चूंकि हमारा विश्वास हमारे कार्यों द्वारा दिखता है, इसलिए याकूब मसीही कार्यो के प्रश्नों को संबोधित करता है। यह कार्यों में विश्वास हैः

- दुखों और परीक्षा में स्थिर रहना (1:2-18)
- वचन सुनना और उसके अनुसार *कार्य करना* (1:19-27)
- पक्षपात (2:1-13)
- जीभ (3:1-13)
- संसारिक जीवन (3:14-4:4)
- घमंड (4:5-11)
- धनवानों की परीक्षा (4:13-5:6)
- दुख में धैर्य (5:7-11)
- पाप करने वालों के साथ व्यवहार (5:19-20)

कार्यों मे विश्वास

''सबसे बड़ी समस्या मसीहत को व्यवहार में लाना है।''

- जॉन वेस्ली द्वारा प्रदत्त

इन उपदेशों द्वारा, याकूब यह बताता है कि सच्चा विश्वास हमारे जीवन जीने के ढंग को बदल देता है। विश्वास सच्चाई के साथ सहमत होने से भी अधिक है, विश्वास हमारे पूरे अस्तित्व को बदल देता है।

आज की कलीसिया में याकूब की पत्री

हालाँकि, याकूब के पत्र को पहली शताब्दी में सताव का सामना कर रहे यहूदी मसीहियों को लिखा गया था, परन्तु व्यावहारिक मसीहत पर इसका ज़ोर देने के द्वारा यह पत्र आज की दुनिया से गहाराई से बात करता है। कलीसिया में जीभ,

धन, क्रोध, और रिश्तों पर व्यावहारिक शिक्षा कभी पुरानी नहीं होती। याकूब हर पीढ़ी के लिए एक उपयोगी पुस्तक है।

ऐंटिमोनियज़म शब्द का झूठी शिक्षा के लिए उपयोग किया जाता है, जिसका अर्थ है कि मसीहियों को नैतिक व्यवस्था के प्रति आज्ञाकारी रहने की आवश्यकता नहीं है। यह सिद्धांत बताता है कि विश्वास के माध्यम से अनुग्रह के द्वारा धर्मी ठहर चुके विश्वासी सब प्रकार के अवरोधों से मुक्त हैं। हर पीढ़ी की कलीसिया ऐंटिमोनियज़म को मानने की परीक्षा में पड़ती है। याकूब शक्तिशाली अनुस्मारक ठहरता है कि एक मसीही का जीवन एक अविश्वासी के जीवन से अविश्वसनीय स्पष्ट रूप से अलग होगा। हमारे कार्यों के माध्यम से, दुनिया उस परिवर्तन को देखती है जो मसीह के बचानेवाले उद्धार से आता है।

निष्कर्ष

इब्रानियों और याकूब की पत्रियां दोनों अब्राहम द्वारा विश्वास को व्यवहार में लाये जाने की ओर संकेत करती हैं। इब्रानियों 11 अब्राहम को विश्वास के महापुरुष के रूप में सूचीबद्ध किया करती है, याकूब 2 की पत्री बताती है कि हम अब्राहम के कार्यों के माध्यम से उसके विश्वास को देखते हैं।

अब्राहम का विश्वास परमेश्वर की बुलाहट के प्रति उसकी आज्ञाकारिता में दिखाई देता है, ''विश्वास के द्वारा, अब्राहम ने आज्ञा का पालन किया, जब उसे एक ऐसी जगह पर जाने के लिए कहा गया जिसे वह विरासत के रूप में प्राप्त करने वाला था। और वह यह न जानते हुए कि वह कहां जाता है, उस जगह गया।''[347] विश्वास यह कहने से कहीं अधिक है, ''मुझे परमेश्वर के वादों में विश्वास है'', बल्कि विश्वास यह कहता है, ''मैं वहां जाऊंगा जहां तु मेरी अगुवाई करेगा।''

अब्राहम के विश्वास को तब भी देखा जाता है जब वह परमेश्वर के कहने पर अपने पुत्र इसहाक को बलि करने के लिए तैयार हो जाता है।[348] एक बार फिर से, विश्वास यह कहने से बढ़कर था कि ''मैं परमेश्वर में विश्वास करता हूं।'' विश्वास ने कहा, ''यदि मैं न भी समझूं, तब भी मैं तेरी आज्ञा का पालन करूंगा।'' यही सच्चा विश्वास है।

याकूब ने पाठकों को विश्वास का दावा न करने के लिए चेताया यदि इस विश्वास ने उनके जीवन को नहीं बदला है। याकूब ने अब्राहम की ओर यह दर्शाने के लिए संकेत किया कि सच्चे विश्वास से क्या हो सकता है। अब्राहम के विश्वास को तब

[347] इब्रानियों 11:8।

[348] इब्रानियों 11:17-19; उत्पत्ति 22।

देखा गया जब उसने अपने बेटे इसाहक को वेदी पर चढ़ाने की परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया। याकूब इस निष्कर्ष पर पहुंचा, ''सो तू ने देख लिया कि विश्वास ने उस के कामों के साथ मिल कर प्रभाव डाला है और कर्मों से विश्वास सिद्ध हुआ।''[349]

> अब्राहम का उदाहरण विश्वास और कार्यों के बीच उचित संबंध को दर्शाता है। यदि हम वास्तव में विश्वास करते हैं (प्रभु पर भरोसा), तो यह हमारे जीने के तरीके को बदल देगा (कार्य)। यदि विश्वास से हमारे जीने के तरीके में बदलाव नहीं आता, तो विश्वास का अंगीकार मरा हुआ है। सच्चे विश्वास के बिना अपने जीवन को बदलने का प्रयास व्यर्थ है। रोमियों, गलातियों, इब्रानियों और याकूब इस बात पर सहमत हैं किः सच्चा विश्वास जीवन को बदल देता है।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंटों से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायेंः

(1) निम्न विषयों में से **एक** पर एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। आप इसके लिए 5-6 प्रष्ठ लिख सकते हैं या एक उपदेश को रिकॉर्ड कर सकते हैं या छोटे समूह या कलीसिया के लिए बाइबल पाठ तैयार कर सकते हैं।

- ''विश्वास के उदाहरण'' इब्रानियों 11 *और कलीसिया के इतिहास से विश्वास के उदाहरणों का उपयोग करें।* अपने देश या सांस्कृतिक स्थान में ऐसे ही उदाहरण खोजें जिनसे आपकी मण्डली को विश्वासयोग्यता के लिए प्रेरणा मिले।
- ''विश्वासत्याग।'' इब्रानियों के समान, आपके उपदेश में विश्वासत्याग के खिलाफ चेतावनी और विश्वासयोग्यता के लिए प्रोत्साहन दोनों होने चाहिए।
- मसीह जीवन के एक मुद्दे पर याकूब की पत्री से एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें जैसेः जीभ, विवाद, धन, प्रार्थना, आदि।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे, जिनको आपको याद करना है।

---

[349] याकूब 2:22।

गहराई से खोदना

इब्रानियों और याकूब के बारे में अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधनों को देखें।

मुद्रित स्रोत

Cockerill, Gareth L. *Hebrews: A Bible Commentary in the Wesleyan Tradition (इब्रानियोंः बाइबल समीक्षा वेस्लेयन परंपरा में).* Wesleyan Publishing House, 1999.

Osborne, Grant. *James: Cornerstone Biblical Commentary (याकूबः कॉर्नरस्टोन की बाइबल समीक्षा)।* Tyndale House Publishers, 2011.

Turner, George Allen. *The New and Living Way (नया और जीवन का मार्ग).* Bethany Fellowship, 1975.

Walters, John. *Hebrews: Asbury Bible Commentary (इब्रानियोंः असबरी की बाइबल समीक्षा).* Zondervan Publishing House, 1992.

Earle, Ralph (ed.). *Beacon Bible Commentary, Vol. X: Hebrews through Revelation (बीकन की बाइबल समीक्षा Vol. X: इब्रानियों प्रकाशितवाक्य द्वारा) ,* Beacon Hill Press, 1965.

ऑनलाइन स्रोत

Cockerill, Gareth. ''Hebrews and Contemporary Preaching (इब्रानियों और समकालीन उपदेश)''

http://client.stretchinternet.com/client/tiuadmin.portal# पर

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ)।*

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 10 के परीक्षा प्रश्न

(1) इब्रानियों से यहूदा तक की पुस्तकों को ठ सामान्य पत्रियां ठ क्यों कहा जाता है?

(2) इब्रानियों के लेखक के रूप में पौलुस के पक्ष में दो तर्कों को सूचीबद्ध करें।

(3) इब्रानियों के लेखक के रूप में पौलुस के खिलाफ दो तर्कों को सूचीबद्ध करें।

(4) दो तरीकों को सूचीबद्ध करें जिनके द्वारा इब्रानियों की पुस्तक पुराने नियम के लिए बड़ा सम्मान व्यक्त करती है।

(5) नयी वाचा पुरानी वाचा से कैसे बेहतर है?

(6) पीछे हटने और विश्वासत्याग में क्या अंतर है?

(7) यीशु का भाई यीशु मसीह को मसीहा के रूप में कब मानने लगा?

(8) अभिवादन के आधार पर, वे कौन लोग हो सकते हैं, जिनको याकूब यह पत्र लिखता है?

(9) एक अनुच्छेद में, याकूब 2:24 के बीच (मनुष्य कामों से धर्मी ठहरता है, केवल विश्वास के द्वारा नहीं) और रोमियों 3:28 (मनुष्य व्यवस्था के कामों के बिना विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरता है) के बीच के संबंध को दर्शायें।

(10) ऐंटिमोनियज़म को परिभाषित करें।

पाठ 11

पतरस, यूहन्ना और यहूदा

सामान्य पत्रियां, भाग 2

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) सामान्य पत्रियों की संभावित तिथि और ऐतिहासिक स्थान को जानें।

(2) सामान्य पत्रियों के प्राथमिक विषयों और उद्देश्यों का संक्षेप दें।

(3) बाइबल के आश्वासन के सिद्धांत को समझें।

(4) झूठी शिक्षा के खतरे से अवगत हों।

(6) इन पुस्तकों के संदेश को आज की दुनिया की जरूरतों से जोड़ें।

पाठ

1 और 2 पतरस, 1,2,3 यूहन्ना और यहूदा पढ़ें।

1 पतरस 1:6-7, 1 यूहन्ना 1:6-7 और यहूदा 1:24-25 को स्मरण करें।

हर पीढ़ी में, कलीसिया को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पहली शताब्दी के अंतिम भाग तक, कलीसिया के बाहर का सताव और इसके अंदर के झूठे शिक्षक कलीसिया के लिए गंभीर खतरे थे। ये खतरे पूरे कलीसिया के इतिहास में जारी रहे हैं। पतरस, यूहन्ना और यहूदा के पत्र इन खतरों के खिलाफ चेतावनी देते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हमें इन खतरों का सामना करते समय विश्वासयोग्य रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन छोटे पत्रों में एक बड़ा संदेश हैः जिस परमेश्वर ने हमें बुलाया है, वह हमें हर उस चीज़ पर विजय देने में सक्षम है जो हमें उससे अलग कर सकती है।

पतरस के पत्रः मुश्किल समय में विश्वासयोग्यता

लेखक

शमौन पतरस शुरुआती कलीसिया में सबसे प्रसिद्ध अगुओं में से एक था। अपने भाई अंद्रियास द्वारा यीशु को जानकर, पतरस यीशु के ''आंतरिक घेरे'' का हिस्सा बन गया। उसका मूल नाम शमौन (''उसने सुना है '') था, परन्तु यीशु ने उसका नाम बदलकर पतरस (''चट्टान'') रख दिया।

पतरस की हमेशा बोलने कि जल्दी और अति-विश्वास ने उसे यीशु की सांसारिक सेवा के दौरान बार-बार परेशानियों में डाला, जिसके कारण उसके जीवन में एक इतना खराब समय आया कि उसने यीशु का उसकी सज़ा के समय इनकार कर दिया। पुनरुत्थान के बाद, पतरस बहाल हो गया और प्रारंभिक कलीसिया में प्राथमिक अगुआ बन गया। पिन्तेकुस्त में पतरस की सेवकाई के तहत तीन हज़ार लोगों ने यीशु मसीह को ग्रहण किया। उसने एक मिशनरी के रूप में यात्रा की और नीरो के सताव के दौरान रोम में उसे क्रूस पर चढ़ा दिया गया। कलीसिया की परंपरा के अनुसार, पतरस ने यह अनुरोध किया कि उसे उल्टा क्रूस पर चढ़ाया जाए क्योंकि उसे लगा कि वह अपने उस उद्धारकर्ता की मौत मरने के योग्य नहीं था, जिसका उसने इनकार किया था।[350]

► यीशु की सांसारिक सेवकाई के दौरान पतरस की असफलताएँ इन पत्रों को लिखने में मसीहियों को कठिन समय में विश्वासयोग्यता के लिए प्रोत्साहित करने में कैसे मदद कर सकती हैं? उसने अपने अनुभवों से क्या सीखा जो इन पत्रों में उसकी शिक्षा को प्रभावित करता है?

लोग और लेखन का स्थान

पतरस ''बाबुल'' से अपना अभिवादन भेजता है जो रोम को दर्शाता है।[351] बाबुल परमेश्वर के लोगों का विरोध करने वाली ताकतों को दर्शाता है, कलीसिया का दुश्मन अब रोमन साम्राज्य था।

बाबुल की कल्पना के समानांतर, पतरस एशिया माइनर में ''निर्वासन में बिखरे लोगा'' के लिए अपना पहला पत्र लिखता है।[352] जैसे निर्वासन के दौरान इस्राएल बिखरा हुआ था, वैसे ही कलीसिया रोम के सताव के कारण बिखर गयी थी। इस्राएल के विपरीत, मसीही अवज्ञा के बजाय अपनी विश्वासयोग्यता के लिए दुख उठा रहे थे, वे मसीह के कष्टों में सहभागी थे।[353]

जिन लोगों को ये पत्र लिखे गये, वे मुख्य रूप से अन्यजाति थे। ये ऐसे विश्वासी हैं जो अब ''अज्ञानता के कारण अपनी पुरानी वासनाआ'' में नहीं जीते हैं।[354] 2 पतरस में स्पष्ट नहीं है कि यह किन लोगों को लिखा गया, लेकिन यह उन्हीं पाठकों के समूह के लिए पतरस का दूसरा पत्र है।[355]

---

[350] यूसेबियस, कलीसिया का इतिहास, 2:25.5-8.

[351] 1 पतरस 5:13।

[352] 1 पतरस 1:1।

[353] 1 पतरस 4:12-13।

[354] 1 पतरस 1:14।

[355] 2 पतरस 3:1।

तारीख

यह संभावना है कि पतरस ने 60 ईसा पश्चात के मध्य में अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले ये पत्र लिखे थे। ये पत्र संभवता 62 और 67 ईसा पश्चात के बीच के होंगे।

उद्देश्य

1 और 2 पतरस दुख उठा रहे मसीहियों को विश्वासयोग्यता के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जिस तरह मसीह ने दुख उठाया और फिर महिमान्वित हुआ, उस तरह मसीही पहले इस दुनिया में दुख उठाते हैं और फिर अनन्त महिमा का आनंद उठाते हैं। उन्हें दुख उठाते समय (1 पतरस) और झूठी शिक्षा (2 पतरस) दोनों के समय विश्वासयोग्य रहना है। पतरस अपने पाठकों को विश्वास दिलाता है कि परमेश्वर उन लोगों को पुरस्कृत करेगा जो धीरज धरते हैं।

1 पतरस के विषय

मसीहियों की आशा

> ''... हमें मार डालो, हमें प्रताड़ित करो, हमारी निंदा करो, हमें धूल में पीस दो। तुम्हारा अन्याय इस बात का प्रमाण है कि हम निर्दोष हैं। इसलिए परमेश्वर हमें दुख उठाने देता है।
>
> ... जितना अधिक तुम हमें काटोगे, उतनी अधिक संख्या में हम बढ़ेंगे, मसीहियों का लहू कलीसिया का बीज है।''
>
> - 197 ईसा पश्चात में टरटुलियन

''परमेश्वर पिता के ज्ञान के अनुसार चुने हुआ'' के तौर पर विश्वासियों से ''एक अविनाशी और निर्मल, और अजर मीरास के लियेजो तुम्हारे लिये स्वर्ग में रखी है'' का वादा किया गया है।[356] हालांकि इस दुनिया में दुख है, हमारी ''रक्षा परमेश्वर की सामर्थ से, विश्वास के द्वारा उस उद्धार के लिये, जो आने वाले समय में प्रगट होने वाली है, की जाती है।''[357] हमारे विश्वास के दुख के बावजूद, हमारे पास अनन्त महिमा की आशा है। यह आशा दुख उठाने वाले विश्वासियों के लिए ''भरपूर आनंद'' लाती है।[358]

---

[356] 1 पतरस 1:2,4।

[357] 1 पतरस 1:5।

[358] 1 पतरस 1:8।

पवित्रता के लिए बुलाहट

क्योंकि हमारे पास अनन्त महिमा की आशा है, इसलिए हमें परमेश्वर की पवित्रता की बुलाहट का जवाब देने के लिए प्रेरित होना चाहिए। लैव्यव्यवस्था 19:2 का हवाला देते हुए, पतरस अपने पाठकों से पवित्र रहने की विनती करता है जैसे परमेश्वर पवित्र है। यह हमारे भाइयों के लिए हमारा प्रेम में दिखेगा, [359]आत्मिक सच्चाई के लिए एक प्यास,[360] और एक शुद्ध जीवन शैली।[361]

सताये जाने वाले मसीहियों को लिखे एक पत्र में, पतरस आश्चर्यजनक रूप से अधिकारियों के अधीन रहने की शिक्षा देता है। यह जानकर कि दुख उठाने के कारण मसीही सब प्रकार के सांसारिक प्राधिकरण को त्याग सकते हैं, पतरस पवित्र लोगों को यह लिखता है कि ''*प्रभु के लिये* मनुष्यों के ठहराए हुए हर एक प्रबन्ध के अधीन में रहो।'' उनके प्रति यह अधीनता मसीह के लिए है, जिसने स्वयं को सांसारिक शासकों के अधीन कर दिया। विश्वासियों को राजनीतिक अधिकारियों के साथ-साथ उचित पारिवारिक प्राधिकरण के अधीन भी रहना है।[362] यदि हम दुख उठाएं तो मसीह होने के कारण दुख उठाएं, न कि गलत कामों के कारण।[363]

पीड़ा महिमा के मार्ग पर

पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं ने यह भविष्यद्वाणी की थी कि मसीह ''बाद में होने वाली महिमा'' से पहले दुख उठाएगा[364] ''मसीह ने हमारे लिए देह में होकर दुख उठाया,''[365] और हमें भी दुख उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। जिस तरह मसीह ने महिमा को प्राप्त किया, उसी तरह हम भी उस महिमा को प्राप्त करेंगे जिसका वादा परमेश्वर की संतानों से किया गया है। पतरस ने स्वयं मसीह के कष्टों को देखा था और उसे ''महिमा के प्रगट होने'' की प्रतिज्ञा मिली।[366] यह वादा हर दुख उठाने वाले विश्वासी को प्रोत्साहित करता है।

---

[359] 1 पतरस 1:22।

[360] 1 पतरस 2:2।

[361] 1 पतरस 2:11।

[362] 1 पतरस 2:13-3:7।

[363] 1 पतरस 3:17, 4:12-19।

[364] 1 पतरस 1:11।

[365] 1 पतरस 4:1।

[366] 1 पतरस 5:1।

2 पतरस के विषय

भक्ति में उन्नति

अपने दूसरे पत्र में, पतरस मसीहियों को भक्ति में लगातार उन्नति करने की विनती करता है। ''ईश्वरीय स्वभाव के सहभागी'' होकर, ''तुम सब प्रकार का यत्न करके, अपने विश्वास पर सद्गुण, और सद्गुण पर समझ, और समझ पर संयम, और संयम पर धीरज, और धीरज पर भक्ति, और भक्ति पर भाईचारे की प्रीति, और भाईचारे की प्रीति पर प्रेम बढ़ाते जाओ।''[367]

झूठी शिक्षा के खिलाफ चेतावनी

सताव (1 पतरस की प्राथमिक चेतावनी) कलीसिया के बाहर से आता है; झूठी शिक्षा (2 पतरस की प्राथमिक चेतावनी) अक्सर कलीसिया के अंदर से ही उठती है। पतरस ''झूठे भविष्यद्वक्ताओं'' की शिक्षाओं को उजागर करता है जो कलीसिया में घुसपैठ करते हैं। उनकी शिक्षा का खतरा उनके भ्रष्ट चरित्र में देखा जा सकता है, जिसे 2 पतरस 2:10-16 में संक्षेप में बताया गया है। यह विवरण एक कहावत के साथ समाप्त होता है, ''कुत्ता अपनी छांट की ओर और धोई हुई सुअरनी कीचड़ में लोटने के लिये फिर चली जाती है।''[368]

प्रभु के लौटने के प्रकाश में विश्वासयोग्यता

संदेहवादी प्रभु की वापसी पर सवाल उठाकर मसीहियों को हतोत्साहित करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''सब कुछ वैसा ही है जैसा सृष्टि के आरम्भ से था।''[369] पतरस इसका यह जवाब देता है कि परमेश्वर के धीरज की दया के कारण मसीह की वापसी में इसलिए देर हो रही है। परमेश्वर नहीं चाहता कि कोई भी नाश हो, परन्तु ''सभी को पश्चाताप करने का अवसर मिले।''[370] उसकी देरी से पश्चाताप के लिए अवसर मिलता है। परन्तु, इस देरी से हमें मसीह की वापसी की निश्चितता पर संदेह नहीं करना चाहिए। ''प्रभु का दिन रात में चोर की तरह आएगा।''[371] उसकी निश्चित वापसी के प्रकाश में, हमें पवित्र लोगों की तरह रहना चाहिए, हम ''उसके सामने निष्कलंक और निर्दोष'' पाये जायें और ''हमारे प्रभु, और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अनुग्रह और पहचान में बढ़ते'' जाएं।[372]

---

[367] 2 पतरस 1:4-7।

[368] 2 पतरस 2:22।

[369] 2 पतरस 3:4।

[370] 2 पतरस 3:9।

[371] 2 पतरस 3:10।

[372] 2 पतरस 3:11, 14, 18।

1 और 2 पतरस की तुलना[373]	
बाहरी खतराः सताव	आंतरिक खतराः झूठे शिक्षक
मसीह की पीड़ा	प्रभु की महिमा
शांति और प्रोत्साहन	चेतावनी
परीक्षाओं के समय भी हमारे पास आशा है	गलती के समय भी हमारे पास ज्ञान है

यूहन्ना के पत्रः परमेश्वर के साथ संगति

लेखक और तारीख

शुरुआती कलीसिया के जनक जैसे सिकंदरिया के इरेनेस और क्लेमेंट सब ने प्रेरित यूहन्ना को इन पुस्तकों के लेखक के रूप में संदर्भित किया। पतरस की तरह, यूहन्ना भी एक मछुआरा था और यीशु के ''आंतरिक घेरे'' का हिस्सा बन गया था। वह यीशु के मुकदमे में उपस्थित था और यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने के समय मरियम के साथ था। पतरस के साथ, यूहन्ना खाली कब्र के पहले गवाहों में से एक था। अपने सुसमाचार में, यूहन्ना स्वयं को ''अन्य शिष्य'' और वह शिष्य जिससे ''यीशु प्रेम करता था'' के रूप में संदर्भित करता है।

इयुसबीयुस के अनुसार, यूहन्ना और अन्य मसीही 70 ईसा पश्चात में रोम द्वारा शहर को नष्ट करने से कुछ समय पहले यरुशलेम से भाग गए थे। मसीही पेरिया के पेला शहर में भाग गए थे (जो यरदन नदी के पूर्व में स्थित है)। यूहन्ना ने बाद में इफिसुस में सेवा की। यूहन्ना के तीन पत्र संभवतः पहली शताब्दी के अंतिम भाग के दौरान इफिसुस से लिखे गए होंगे।

लोग

1 यूहन्ना में इसका वर्णन नहीं है कि ये पत्र किन लोगों को लिखे गये थे। यूहन्ना अपने पाठकों को ''मेरे बालकों'' और ''भाइयों'' के रूप में संदर्भित करता है। इससे पता चलता है कि वह उन साथी विश्वासियों को संबोधित कर रहा है जिनके साथ उसका घनिष्ठ संबंध था।

2 यूहन्ना एक ''चुनी हुई महिला और उसके बच्चों के नाम, जिन से मैं सत्य में प्रेम रखता हूं'' को लिखा गया है।[374] इस वाक्यांश की दो संभावित व्याख्याएं हैंः

---

[373] Merrill F. Unger, *Unger's Bible Handbook (Chicago, IL: Moody Press, 1966)* से लिया गया।

[374] 2 यूहन्ना 1:1।

- यह एक अनाम महिला हो सकती है जिसने एक कलीसिया को अपने घर में मिलने की अनुमति दी।
- ''चुनी हुई महिला'' एक कलीसिया हो सकती है जिसे यूहन्ना जानता है, ''उसके बच्चे'' उस कलीसिया के सदस्य हो सकते हैं।

3 यूहन्ना गयुस को लिखा गया है, जो यूहन्ना द्वारा प्रभु में आया विश्वासी था।

1 यूहन्ना का उद्देश्य और विषय वस्तु

तीन पत्रों में से पहला पत्र सबसे लंबा है। एक पारंपरिक अभिवादन के बजाय, यूहन्ना अपने पत्र के अधिकार का समर्थन करने वाले एक कथन से शुरुआत करता है। वह किसी अफवाह या झूठी बातोंके विषय में नहीं लिखता, बल्कि उन बातों के विषय में लिखता है, ''जिसे हम ने सुना, और जिसे अपनी आंखों से देखा, वरन जिसे हम ने ध्यान से देखा और हाथों से छुआ।''[375] 1 यूहन्ना मसीह के जीवन के तथ्यात्मक सत्य पर ज़ोर देने के कारण यूहन्ना के सुसमाचार से काफी मिलता जुलता है।

परमेश्वर के साथ संगति की शर्तें

यूहन्ना इस पत्र के लिखने के अपने उद्देश्य को पत्र के शुरुआत में ही बताता है, ''ये बातें हम इसलिये लिखते हैं, कि हमारा आनन्द पूरा हो जाए।''[376] यह आनन्द पिता और उसके पुत्र यीशु मसीह के साथ संगति के माध्यम से आता है।[377] परमेश्वर के साथ हमारी संगति के विषय में लिखते हुए, यूहन्ना ''जानना'' शब्द का उपयोग करता है। परमेश्वर को ''जानना'' मानसिक ज्ञान से अधिक है, यह एक अनुभवात्मक संबंध है। यूहन्ना परमेश्वर के साथ संगति बनाए रखने के लिए शर्तें बताता हैं:

- हमें ज्योति में चलना है (1:6-7)।
- हमें पाप में नहीं चलना है (2:1-2)।

पाप और परमेश्वर के साथ संगति

यूहन्ना की पाप के विषय की शिक्षा में दो महत्वपूर्ण सत्य शामिल हैं:[378]

---

[375] 1 यूहन्ना 1:1।

[376] 1 यूहन्ना 1:4।

[377] 1 यूहन्ना 1:3।

[378] 1 यूहन्ना 2:1।

- **परमेश्वर विजयी जीवन के लिए सामर्थ प्रदान करता है**, ''ये बातें मैं तुम्हें इसलिए लिखता हूं ताकि तुम पाप न करो।'' यदि हम परमेश्वर के साथ संगति बनाए रखते हैं, तो हम पाप के साथ संगति नहीं बनाए रखेंगे (1:6-2:5; 3:6-9)। परमेश्वर की संतान होने के कारण, हम जानबूझकर पाप नहीं करते रहेंगे। हम एक ही समय पर पाप और परमेश्वर के साथ नहीं चल सकते।

- **परमेश्वर पाप में पड़ने वालों के लिए अनुग्रह प्रदान करता है**, ''यदि कोई पाप करे, तो पिता के पास हमारा एक सहायक है, अर्थात धर्मी यीशु मसीह।'' हालाँकि, परमेश्वर लगातार विजय का जीवन चाहता है, फिर भी वह उस व्यक्ति के लिए अनुग्रह का वादा करता है जो पाप में पड़कर पश्चाताप करता है (1:9; 2:1-2)।

परमेश्वर के साथ प्रेम और संगति

परमेश्वर के लिए प्रेम

पाप पर निरंतर विजय केवल व्यक्तिगत अनुशासन या आत्म-नियंत्रण पर आधारित नहीं है, यह परमेश्वर के लिए आपके प्रेम पर आधारित है। मसीही जीवन को नियंत्रित करने वाला सिद्धांत परमेश्वर के प्रति प्रेम है।[379] परमेश्वर के लिए प्रेम होने के कारण ही हम उसकी आज्ञाओं का पालन करते हैं। यदि हम परमेश्वर से प्रेम करते हैं, तो हम ''न तो संसार से और न संसार में की वस्तुओं से प्रेम रखेंगे।''[380]

अन्य मसीहियों के लिए प्रेम

जो व्यक्ति अपने भाई से प्रेम नहीं रखता, वह ''परमेश्वर की ओर से नहीं है।'' यदि हम परमेश्वर से प्रेम रखेंगे, तो हम परमेश्वर के बच्चों से भी प्रेम रखेंगे।[381] इस बात का साक्ष्य कि हमने मृत्यु को पार करके जीवन में प्रवेश किया है, वह हमारे मसीही भाइयों के लिए हमारा प्रेम है। यह प्रेम व्यर्थ के शब्दों से कहीं अधिक है, यह हमारे कार्यों में देखा जाता है।[382]

---

[379] और अधिक जानने के लिए A. Philip Brown, II की पुस्तक, Loving God: The Primary Principle of the Christian Life (परमेश्वर से प्रेमः मसीही जीवन का प्राथमिक सिद्धांत) देखें। Revivalist Press, 2005।

[380] 1 यूहन्ना 2:5, 15।

[381] 1 यूहन्ना 3:10-11, 4:20-21।

[382] 1 यूहन्ना 3:14-18।

परमेश्वर के बच्चों को आश्वासन

यूहन्ना ने इसलिए लिखा है ताकि उसके पाठक ''यह जान सकें कि अनन्त जीवन तुम्हारा है, तुम परमेश्वर के पुत्र के नाम पर विश्वास रखों।''[383] निरंतर आश्वासन के लिए निरंतर आज्ञाकारिता की आवश्यकता है। यदि हम में ये विशेषताएं हैं, तो हम जानेंगे कि हम परमेश्वर के बच्चे हैं:

सत्य के प्रति आज्ञाकारिता (1:6-7)

आश्वासन का यह पहलू यूहन्ना 8:31 में उद्धृत यीशु के शब्दों के समानांतर है, ''यदि तुम मेरे वचन में बने रहोगे, तुम सच में मेरे चेले ठहरोगे।'' यीशु के वचन पर निरंतर ध्यान और इसके प्रति आज्ञाकारिता के आधार पर ही हमें उसके चेले होने का आश्वासन प्राप्त होता है।

जानबूझकर पाप न करना (3:8-10)

चूँकि हम परमेश्वर के प्रति जानबूझकर विद्रोह करते रहने से उसके साथ संगति नहीं रख सकते, इसलिए हमारे पास स्पष्ट रूप से इस तरह का विद्रोह करते रहने से कोई आश्वासन नहीं होगा।

अन्य मसीहियों के लिए प्रेम (3:14-19)

यीशु ने अपने चेलों से कहा, ''यदि आपस में प्रेम रखोगे तो इसी से सब जानेंगे, कि तुम मेरे चेले हो।''[384] यूहन्ना ने ऐसे ही कथन को अपनी पत्री में दोहराया, ''हम जानते हैं, कि हम मृत्यु से पार होकर जीवन में पहुंचे हैं, क्योंकि हम भाइयों से प्रेम रखते हैं।''[385]

2 यूहन्ना का उद्देश्य और विषय वस्तु

2 यूहन्ना का संदेश 1 यूहन्ना के समानांतर है। परमेश्वर के साथ संगति में रहने का अर्थ परमेश्वर के प्रेम में रहना और परमेश्वर के सत्य में चलना है। 2 यूहन्ना में प्रेम की आज्ञा कोई नई आज्ञा नहीं है, यह शुरुआत से ही सिखायी गयी थी।[386]

---

[383] 1 यूहन्ना 5:13।

[384] यूहन्ना 13:35।

[385] 1 यूहन्ना 3:14।

[386] 2 यहन्ना 1:5-6।

2 यूहन्ना में जिस प्रेम की आज्ञा है, वह समझ भरा प्रेम है जो सत्य को थामे रहता है। समझ इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसे कई धोखा देनेवाले हैं जिन्होंने मसीह को स्वीकार नहीं किया है। यूहन्ना ''चुनी हुई महिला'' को उस सत्य को थामे रहने के लिए चेताता है कि ''यीशु मसीह शरीर में होकर आया है।''[387] परमेश्वर के साथ संगति करने के लिए हमें झूठी शिक्षा को त्यागना होगा।[388]

3 यूहन्ना का उद्देश्य और विषय वस्तु

3 यूहन्ना मसीही आतिथ्य के बारे में एक निजी पत्र है। ''मसीही आतिथ्य'' उस मित्रता से भी बढ़कर है जिसे आप किसी के लिए व्यक्त कर सकते हैं, यह कलीसिया की एकता की अभिव्यक्ति है। 2 यूहन्ना ने झूठी शिक्षा देने वालों का स्वागत करने के खिलाफ चेताया। 3 यूहन्ना उन लोगों को त्यागने के खिलाफ चेताता है जो सच्ची शिक्षा देते हैं।

गयुस मसीही आतिथ्य से प्रचारकों का स्वागत करता है और उनके साथ ''सत्य के सहकमी'' के रूप में व्यवहार करता है।[389] इसके विपरीत, दियुत्रिफेस ने इन भाइयों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। दियुत्रिफेस अपने लिए ऊंचा पद चाहता है, यूहन्ना के प्रेरिताई अधिकार को अस्वीकार करता है और उन सच्चे मसीहियों को निष्कासित करता है जो उसे चुनौती देते हैं।[390]

3 यूहन्ना देमेत्रियुस द्वारा दिखाए गए मसीही प्रेम की तुलना दियुत्रिफेस के व्यवहार से करता है। यह छोटा पत्र मसीही प्रेम के व्यावहारिक अनुप्रयोग को दर्शाता है जिसकी 1 यूहन्ना में आज्ञा दी गई है और सत्य की खोज में कलीसिया की एकता को दर्शाता है, जिसकी आज्ञा 2 यूहन्ना में दी गयी है।

यहूदा: गलत शिक्षकों के खिलाफ चेतावनी

लेखक और तारीख

यहूदा यीशु का सौतेला भाई था। अपने भाई याकूब की तरह, यहूदा ने यीशु के पुनरुत्थान तक यीशु पर विश्वास नहीं किया।[391] अपने पत्र में, यहूदा ने खुद को ''यीशु मसीह के सेवक और याकूब के भाई'' के रूप वर्णित किया।[392]

---

[387] 2 यूहन्ना 1:7-8।

[388] 2 यूहन्ना 1:10-11।

[389] 3 यूहन्ना 1:5-8।

[390] 3 यूहन्ना 1:9-10।

[391] मत्ती 13:55; मरकुस 6:3, यूहन्ना 7:3-5; 1 कुरिन्थियों 15:7।

[392] यहूदा 1:1।

यहूदा की पत्री की तारीख के विषय में एकमात्र प्रमाण इसकी 2 पतरस से समानता है। चूंकि ये पत्र एक जैसी समस्याओं को संबोधित करते हैं, इससे यह पता चलता है कि यहूदा कि पत्री को लगभग 60 ईसा पश्चात के मध्य में लिखा गया होगा, जब 2 पतरस को लिखा गया था।

लोग

यहूदा की पत्री ''उन बुलाए हुओं के नाम जो परमेश्वर पिता में प्रिय और यीशु मसीह के लिये सुरक्षित हैं'' लिखी गयी।[393] यहूदी विषयों के संदर्भ से पता चलता है कि पुस्तक यहूदी मसीहियों को संबोधित थी।

उद्देश्य और विषय वस्तु

यहूदा यह इंगित करता है कि उसने हमारे उद्धार के विषय पर एक सैद्धांतिक पत्र लिखना चाहा।[394] परन्तु, क्योंकि झूठे शिक्षक कलीसिया में घुसपैठ कर रहे थे, इसलिए पवित्र आत्मा ने यहूदा को इस बात के लिए प्रेरित किया कि वह झूठी शिक्षा के खिलाफ अपने साथी विश्वासियों को चेताये।

यहूदा के संदेश में ये बातें शामिल हैं:

- झूठे शिक्षकों और उनके संदेश के खिलाफ चेतावनी।
- इन शिक्षकों पर आने वाले दंड का विवरण।
- धीरज का आह्वान।
- उसके लिए समापन का स्तूतिगान, जो ''तुम्हें ठोकर खाने से बचा सकता है, और अपनी महिमा की भरपूरी के सामने मगन और निर्दोष करके खड़ा कर सकता है।''[395]

आज की कलीसिया में सामान्य पत्रियां

सामान्य पत्रियां, विशेष रूप से 1 पतरस, हमें **संकट में भी विश्वासयोग्य** रहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। पतरस ने अपने पाठकों से यह विनती की वे आज ''खुद को विनम्र'' करें, ताकि ''वह तुम्हें उचित समय पर बढ़ाए।''[396] मसीही जीवन में दुख उठाना सामान्य बात है, परन्तु हमें अंत में इस दुख से महिमा प्राप्त

---

[393] यहूदा 1:1।

[394] यहूदा 1:3।

[395] यहूदा 1:24।

[396] 1 पतरस 5:6।

होगी। इस वादे ने पहली सदी के मसीहियों को प्रोत्साहित किया और इक्कीसवीं सदी के मसीहियों को भी इससे प्रोत्साहित होना चाहिए।

इन पुस्तकों में से प्रत्येक पुस्तक **व्यावहारिक मसीही जीवन** को प्रोत्साहित करती है। भले ही यह पतरस की अधिकारियों के अधीन रहने कि विनती हो, 1 यूहन्ना का हमारे भाइयों से प्रेम करने का संदेश हो, 2 यूहन्ना का सत्य के प्रति उपदेश हो, 3 यूहन्ना का मसीही आतिथ्य का आह्वान हो, या यहूदा की झूठे शिक्षक के खिलाफ चेतावनी हो, ये सामान्य पत्रियां यह शिक्षा देती हैं कि सत्य मानसिक ज्ञान से कहीं बढ़कर है। हमें अपना दैनिक जीवन बाइबल के सत्य के अनुसार जीने के लिए बुलाया गया है।

निष्कर्ष

पहली शताब्दी में, कई मसीहियों ने (जिनमें अधिकांश प्रेरित शामिल) अपने विश्वास के लिए अपनी जान दे दी। दूसरी शताब्दी में, पॉलीकार्प को सम्राट के लिए धूप जलाने से मना करने के लिए मार दिया गया। चौथी शताब्दी में, सिकंदरिया के कैथरीन के सम्राट के सामने गवाही देने के बाद सर कलम कर दिया गया।

चौदवीं शताब्दी में, जॉन विक्लिफ की देह को जला दिया गया क्योंकि उन्होंने बाइबल का अंग्रेजी में अनुवाद किया था। पंद्रहवी शताब्दी में, रोमन कैथोलिक धर्म के सिद्धांतों को न मानने पर जॉन हस को जला कर मार दिया गया। सौलहवी शताब्दी में, जापान के नागासाकी में उस समय छब्बीस मसीहियों को क्रूस पर चढ़ा दिया गया, जब सताव से कलीसिया को दबाने का प्रयास किया गया।

बीसवीं शताब्दी में, चीन, सोवियत संघ और अन्य अधिनायकवादी देशों में हजारों मसीही शहीद हो गए। इक्किसवीं शताब्दी में, इस्लामी देशों में मसीही लोग हरदिन सताव और मौत के खतरों का सामना करते हैं।

हर पीढ़ी में, मसीहियों ने अपने विश्वास के लिए अपनी जान को खोया है। परन्तु कलीसिया के लिए, यह हतोत्साह का कारण नहीं है। पतरस प्रताड़ित विश्वासियों को यह याद दिलाता है कि ''परमेश्वर जो सारे अनुग्रह का दाता है, जिस ने तुम्हें मसीह में अपनी अनन्त महिमा के लिये बुलाया, तुम्हारे थोड़ी देर तक दुख उठाने के बाद आप ही तुम्हें सिद्ध और स्थिर और बलवन्त करेगा।''[397] कलीसिया विजयी है! यह सामान्य पत्रों का वादा है।

---

[397] 1 पतरस 5:10।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायें:

(1) निम्न विषयों में से **एक** पर एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। आप इसके लिए 5-6 प्रष्ठ लिख सकते हैं या एक उपदेश को रिकॉर्ड कर सकते हैं या पाठ तैयार कर सकते हैं।

- ''मसीह जीवन में पीड़ा।'' 1 पतरस में सिखाए गए सिद्धांतों का उपयोग करें और फिर उन्हें कलीसिया के इतिहास के उदाहरणों के साथ चित्रित करें, विशेष रूप से अपने देश की कलीसिया के इतिहास से।
- ''परमेश्वर के साथ संगति।'' 1 यूहन्ना की पत्री से परमेश्वर के साथ संगति के लिए मानदंड शामिल करें।

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

सामान्य पत्रों का अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखें:

मुद्रित स्रोत

Bray, Gerald. *Ancient Christian Commentary on Scripture: James-Jude (प्राचीन मसीही समीक्षा बाइबल पर: याकूब-यहूदा)*। Intervarsity Press, 2000.

Brown, A. Philip, II. *Loving God: The Primary Principle of the Christian Life (परमेश्वर से प्रेम: मसीही जीवन का प्राथमिक सिद्धांत).* Revivalist Press, 2005।

Maier, Paul L. (Translator). *Eusebius: The Church History (यूसेबियस: कलीसिया का इतिहास)*। Kregel Publishing, 2007. (इस प्राचीन स्रोत का पढ़ने में आसान अनुवाद)

Marshall, I. Howard. *1 Peter (1 पतरस).* Intervarsity Press, 1991.

Marshall, I. Howard. *The Epistles of John (New*

International Commentary on the New Testament) (यूहन्ना के पत्रियां (नई अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा नए नियम पर))। Eerdmans, 1978.

Wiersbe, Warren. *Be Alert: 2 Peter, 2 & 3 John, Jude (सावधान रहोः 2 पतरस, 2 और 3 यूहन्ना, यहूदा)* । David C. Cook, 2010.

ऑनलाइन स्रोत

''John Wesley and Christian Orthodoxy'' (जॉन वेस्ले और मसीही रूढ़िवाद)
http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

Wesley, John. *Wesley's Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ)*।

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 11 के परीक्षा प्रश्न

(1) पतरस के अभिवादन में ''बाबुल'' का संभावित अर्थ क्या हो सकता है?

(2) वह प्राथमिक खतरा क्या है जिसका सामना कलीसिया 1 पतरस में करती है?

(3) वह प्राथमिक खतरा क्या है जिसका सामना कलीसिया 2 पतरस में करती है?

(4) 2 यूहन्ना में ''चुनी हुई महिला और उसके बच्चों'' वाक्यांश की दो संभावित व्याख्याएं क्या हैं?

(5) पाप के विषय में 1 यूहन्ना की शिक्षा में कौन से दो सत्य महत्वपूर्ण हैं?

(6) 1 यूहन्ना के अनुसार, परमेश्वर के किसी भी बच्चे में कौन सी तीन विशेषताएं देखी जाएंगी?

(7) 3 यूहन्ना का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?

(8) यहूदा और यीशु के बीच क्या संबंध था?

पाठ 12

प्रकाशितवाक्य: यीशु प्रभु है

पाठ के उद्देश्य

इस पाठ के अंत में छात्रः

(1) प्रकाशितवाक्य के लेखक, तारीख और ऐतिहासिक स्थान को जाने।

(2) प्रकाशितवाक्य में महत्वपूर्ण विषयों को पहचानें।

(3) प्रकाशितवाक्य की व्याख्या करने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमुख सिद्धांतों की तुलना करें।

(4) प्रकाशितवाक्य के संदेश को आज की दुनिया की ज़रूरतों से जोड़ें।

पाठ

प्रकाशितवाक्य को पढ़ें।

प्रकाशितवाक्य 3:20-21 को याद करें।

पहली शताब्दी के मसीहियों को दो प्रतिस्पर्धी सत्य के दावों का सामना करना पड़ा था। एक ओर, वे जानते थे कि ''यीशु मसीह प्रभु है।''[398] एक मसीही व्यक्ति यीशु मसीह के अधिकार और प्रभुत्व के प्रति प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, रोम की यह मांग थी कि साम्राज्य के अधिकार के तहत सब लोगों को यह गवाही देनी होगी कि *सीज़र डोमिनस एट डेस नॉस्टर* (हमारा प्रभु और परमेश्वर) है।

रोम ने तब तक कई धर्मों को सहन किया, जब तक उन्होंने सम्राट को सबका प्रभु माना। कई इतिहासकारों का तर्क है कि रोम ने मसीहियों को *मसीही होने के लिए* नहीं सताया था। मसीही तब तक यीशु की उपासना कर सकते थे जब तक वे सम्राट के प्रति परम निष्ठा की कसम खाते थे। परन्तु एक सच्चा मसीही, सम्राट को सब के प्रभु के रूप में कभी नहीं मान सकता था।

पॉलीकार्प की शहादत के एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, न्यायाधीश ने वृद्ध पवित्र जन को रिहा करने की पेशकश की यदि वह सीज़र को ईश्वर के रूप में मानेगा। उसने पॉलीकार्प से पूछा, ''ऐसा कहने में 'सीज़र प्रभु है', और धूप जलाने में क्या

[398] फिलिपियों 2:11।

नुकसान है?''[399] पॉलीकार्प जानता था कि मसीहियों के लिए केवल एक ही प्रभु है। मसीही किसी भी मनुष्य को परम निष्ठा नहीं दे सकते।

यह रोम और प्रारंभिक कलीसिया के बीच विवाद का मुद्दा था। इस विवाद के कारण प्रकाशितवाक्य की पुस्तक ने शुरुआती मसीहियों से यह कहा कि, ''यीशु प्रभु है।'' यहां तक कि एक ऐसी दुनिया के लिए भी जो उसके अधिकार को नहीं मानती, यीशु प्रभु है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक पौलुस के शब्दों का एक नाटकीय विवरण प्रदान करती है:

> इस कारण परमेश्वर ने उस को अति महान भी किया, और उस को वह नाम दिया जो सब नामों में श्रेष्ठ है।कि जो स्वर्ग में और पृथ्वी पर और जो पृथ्वी के नीचे है, वे सब यीशु के नाम पर घुटने टेकें।और परमेश्वर पिता की महिमा के लिये हर एक जीभ अंगीकार कर ले कि यीशु मसीह ही प्रभु है।[400]

यीशु प्रभु है।

प्रकाशितवाक्य की पृष्ठभूमि

लेखक, तारीख और स्थान

प्रकाशितवाक्य का लेखक स्वयं को यूहन्ना कहता है, ''जो तुम्हारा भाई, और यीशु के क्लेश, और राज्य, और धीरज में तुम्हारा सहभागी हूं।''[401] प्रारंभिक कलीसिया की परंपरा ने यूहन्ना, ''प्रिय शिष्य'' को, यूहन्ना के सुसमाचार, तीन पत्रियों और प्रकाशितवाक्य का लेखक माना।

इस पत्र की तारीख बताना कठिन है। दो संभावनाएं हैं, जो यूहन्ना के जीवनकाल और शुरुआती कलीसिया के सताव के साथ सही बैठती हैं। एक संभावित तारीख नीरो के शासन के समय की हो सकती है, जो बड़े सताव का समय था। इससे भी अधिक संभावित तारीख सम्राट डोमिशियन (81-96 ईसा पश्चात) द्वारा सताव के समय की हो सकती है। दूसरी शताब्दी में, इरेनाईस ने प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को डोमिशियन के शासन के समय की तारीख दी।[402] अधिकांश प्रचारक इस समय को प्रकाशितवाक्य की तारीख के रूप में स्वीकार करते हैं।

---

[399] *The Martyrdom of Polycarp* जिसका अनुवाद J.B. Lightfoot द्वारा किया गया।

[400] फिलिपियों 2:9-11।

[401] प्रकाशितवाक्य 1:9।

[402] इरेनियस, विरुध मतों के ख़िलाफ5.30.3।

प्रकाशितवाक्य को पतमुस से लिखा गया था, जो एजियन सागर में एक छोटा सा द्वीप है, [403]जहां यूहन्ना को उसके विश्वास के कारण निर्वासित कर दिया गया था। हालाँकि, ऐसा हो सकता है कि सम्राट ने ही उसके निर्वासन की आज्ञा दी हो, फिर भी यूहन्ना यह स्पष्ट करता है कि इस परिस्थिति में भी, ''यीशु ही प्रभु है।'' वह ''परमेश्वर के वचन के लिए और यीशु मसीह की गवाही के लिए'' पतमुस द्वीप में है।[404] पतमुस द्वीप पर भी, सब कुछ परमेश्वर के नियंत्रण में है।

उद्देश्य

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक इस सवाल का जवाब देती है कि, ''प्रभु कौन है?'' इसका उत्तर इसके परिचय में ही दिया गया है, ''यीशु मसीह की ओर से, जो विश्वासयोग्य साक्षी और मरे हुओं में से जी उठने वालों में पहिलौठा, और पृथ्वी के राजाओं का हाकिम है।''[405] दुख उठाने वाले मसीहियों को यूहन्ना यह लिखता है, ''यीशु मसीह पृथ्वी के राजाओं का हाकिम है।'' बाहरी परिस्थितियों के बावजूद भी सब कुछ परमेश्वर के नियंत्रण में है।

यूहन्ना इस सत्य को तीन तरह से प्रस्तुत करता हैः

1. सात कलीसियाओं को संदेश (प्रकाशितवाक्य 2-3)। **यीशु अपनी कलीसिया का प्रभु है।**
2. सिहांसन पर बैठे परमेश्वर और विजयी मेमने का दर्शन (प्रकाशितवाक्य 4-5)। **यीशु स्वर्ग का प्रभु है।**
3. स्वर्ग के दृष्टिकोण से इतिहास का एक दृश्य (प्रकाशितवाक्य 6-22) **यीशु पृथ्वी के सभी राज्यों का प्रभु है।**

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को पढ़ना

अंत के समय का साहित्य

अंत के समय की पुस्तक के रूप में, प्रकाशितवाक्य नए नियम की पुस्तकों में अद्वितीय है। इसी पुस्तक का एक उदाहरण पुराने नियम की दानिय्येल की पुस्तक है। अंत के समय का यह लेखन छिपे हुए सत्य को ''प्रकट'' या ''उजागर'' करता है। अंत के समय का यह लेखन मानव इतिहास में परमेश्वर के उद्देश्यों को प्रकट करता है।

---

[403] www.openbible.info वेबसाइट से अनुमति द्वारा लिया गया नक्शा।

[404] प्रकाशितवाक्य 1:9।

[405] प्रकाशितवाक्य 1:5।

अंत के समय का साहित्य संवाद करने के लिए नाटकीय प्रतीकों का उपयोग करता है। प्रकाशितवाक्य ड्रैगन, जानवरों और भूकंप और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से भरी है। अंत के समय के साहित्य को पढ़ने में एक कठिनाई यह है कि ये प्रतीक समय के साथ और विभिन्न सांस्कृतिक स्थानों में अपना अर्थ बदलते हैं। उदाहरण के लिए, ड्रैगन का उपयोग पश्चिम में बुराई और खतरे के प्रतीक के रूप में किया जाता है पर कई पूर्वी संस्कृतियों में, ड्रैगन शक्ति और सफलता का प्रतीक है। इन प्रतीकों की व्याख्या करने से उत्पन्न होने वाले अंतर से पाठकों को प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को समझने में कठनाई हो सकती है।

प्रकाशितवाक्य के प्रतीकों की सही ढंग से व्याख्या करने की एक कुंजी यह है कि इसके अधिकांश चिन्ह पुराने नियम, विशेष रूप से निर्गमन, भजन संहिता, दानिय्येल, यहेजकेल, यशायाह और जकर्याह से आते हैं। प्रकाशितवाक्य के आधे से अधिक पद पुराने नियम के किसी विषय या छवि की ओर संकेत करते हैं। जब भी प्रकाशितवाक्य को ध्यान से पढ़ने वाला कोई व्यक्ति इसके किसी प्रतीक का अध्ययन करना चाहेगा तो वह सबसे पहले पुराने नियम को देखेगा।

अंत के समय का साहित्य दर्शनों के माध्यम से ऐतिहासिक या भविष्यद्वाणी की वास्तविकता को चित्रित करता है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में साठ से अधिक दर्शन शामिल हैं। ये अक्सर आपस में उलझे हुए हैं, इसलिए इनका सटीक तिथिक्रमानुसार क्रम बनाना मुश्किल है। विवरणों को विस्तृत करने या किसी घटना पर वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए एक से अधिक दर्शन एक ही घटना के अतिव्यापी दृश्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

अंत के समय के साहित्य का अध्ययन करते वक्त एक पाठक के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण बात होगी कि वह इसके विवरणों से व्याकुल हुए बिना केवल इसके प्रमुख विषयों पर अपना ध्यान केंद्रित करे। प्रकाशितवाक्य के बड़े विषयों में यीशु का प्रभुत्व, परमेश्वर की संप्रभुता और कलीसिया की अंतिम विजय शामिल हैं। ये विषय पुस्तक के कई विपरीत किस्सों को एकजुट करते हैं।

इसकी व्याख्या के सिद्धांत

क्योंकि प्रकाशितवाक्य बाइबल साहित्य की ऐसी असामान्य शैली है, इसलिए इसने अपनी व्याख्या करने के लिए कई अलग-अलग तरीकों को जन्म दिया है। इस पुस्तक के चार प्राथमिक दृष्टिकोण हैं। इनमें से प्रत्येक के भीतर, अलग-अलग बातों पर ज़ोर दिया गया है। प्रकाशितवाक्य के परिचय के लिए, इन चार दृष्टिकोणों का अवलोकन पर्याप्त होगा। इस अध्याय के अंत में ग्रंथ सूची आगे के अध्ययन के लिए संसाधन प्रदान करती है।

प्रिटरिस्ट दृष्टिकोण

प्रिटरिस्ट यह मानते हैं कि प्रकाशितवाक्य पहली शताब्दी के अंत की घटनाओं के विषय में है। इस दृष्टिकोण के अनुसार प्रकाशितवाक्य की घटनाएं यूहन्ना के जीवनकाल में या उसके तुरंत बाद हुईं। यह प्रकाशितवाक्य को कलीसिया और रोमन साम्राज्य के बीच विवाद के एक विवरण के रूप में देखता है। यह विवाद मसीह के साम्राज्य की विजय के साथ समाप्त हुआ क्योंकि कलीसिया पूरे विश्व में फैल गयी थी। इस दृष्टिकोण के अनुसार, प्रकाशितवाक्य की भविष्यद्वाणियां पहली सदी में ही पूरी हो गयी थीं।

ऐतिहासिक दृष्टिकोण

इतिहासकार प्रकाशितवाक्य को कलीसिया के इतिहास के प्रतीकात्मक चित्र के रूप में आरंभिक कलीसिया के समय से मसीह की वापसी के समय नए स्वर्ग और नई पृथ्वी की स्थापना के रूप में पढ़ते हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक का 1-3 भाग यूहन्ना के समय की कलीसियाओं से बात करता है। प्रकाशितवाक्य 4-19 का भाग पूरे इतिहास में कलीसिया का एक तिथिक्रमानुसार विवरण देता है। प्रकाशितवाक्य 20-22 का भाग मसीह की भविष्य की वापसी को चित्रित करता है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, केवल प्रकाशितवाक्य 20-22 की भविष्यद्वाणियां पूरी होना बाकी हैं।

आदर्शवादी दृष्टिकोण

आदर्शवादी इतिहासकार इस बात पर सहमत होते हैं कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक अच्छाई (मसीह और कलीसिया) और बुराई (शैतान और उसके अनुयायियों) के बीच संघर्ष का एक विवरण प्रदान करती है। हालांकि, आदर्शवादियों का तर्क है कि यह किसी विशेष ऐतिहासिक क्रम के बगैर एक प्रतीकात्मक विवरण ही है। इस दृष्टिकोण से, प्रकाशितवाक्य 4-19 का भाग किसी भी विशिष्ट ऐतिहासिक काल से संबंधित नहीं है। यह मसीह और बुराई के बीच चल रहे संघर्ष का प्रतीक है, एक ऐसा संघर्ष जो मसीह के आने के साथ खत्म हो जाएगा और जिससे प्रकाशितवाक्य 20-22 में वर्णित नए स्वर्ग और नई पृथ्वी की स्थापना होगी। इस दृष्टिकोण के अनुसार, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक भविष्य में होने वाली किसी विशिष्ट घटना की भविष्यद्वाणी नहीं करती, सिवाय मसीह की वापसी के।

भविष्यवादी दृष्टिकोण

इतिहासकारों की तरह, भविष्यवादी प्रकाशितवाक्य को विशेष ऐतिहासिक घटनाओं के एक विवरण के रूप में पढ़ते हैं। इस व्याख्या से प्रकाशितवाक्य

1-3 को यूहन्ना के समय की कलीसिया के रूप में देखा जाता है। इतिहासकारों के विपरीत, भविष्यवादी प्रकाशितवाक्य 4-22 के अधिकांश भाग को भविष्य के रूप में देखते हैं। भविष्यवादी ढांचे के भीतर, प्रकाशितवाक्य में चित्रित भविष्य की चार प्रमुख व्याख्याएं हैं।

क्लासिकल प्रीमिनिलियनिज़्म (कम से कम दूसरी शताब्दी से शुरू हुए समय) के अनुसार कलीसिया अंत के समय तक सताव का सामना करती रहेगी। यह सताव मसीह के लौटने से ठीक पहले ''बड़े क्लेश'' के समय चर्म पर होगा। जब मसीह वापस आयेगा तो विश्वासियों का पुनरुत्थान होगा, उसके बाद सहस्र वर्ष का समय होगा, जिसके दौरान मसीह पृथ्वी पर राज्य करेगा।[406] सहस्र वर्ष के बाद बड़े श्वेत सिंहासन के पास अविश्वासियों का न्याय होगा।[407] फिर परमेश्वर एक नए स्वर्ग और एक नई पृथ्वी की स्थापना करेगा जो उन सभी के लिए शाश्वत घर होगा, जिनके नाम मेमने की पुस्तक में लिखे गए हैं।

डिस्पेंसेशनल प्रीमेलेनियलिज़्मक्लासिकल प्रीमिनिलियनिज़्म शिक्षण का एक छोटा संस्करण है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, कलीसिया को ''बड़े क्लेश'' की अवधि से पहले पृथ्वी से स्वर्ग पर उठा लिया जाएगा। प्रकाशितवाक्य 4-19 की उथल-पुथल को सात साल की अवधि के दौरान पृथ्वी पर इस्राएल के क्लेश के चित्रण के रूप में देखा जाता है, जिस समय में कलीसिया यीशु के साथ स्वर्ग में होगी। मसीह फिर पृथ्वी पर अपना हजार वर्ष का शासन स्थापित करता है। क्लासिकल प्रीमिनिलियनिज़्म की तरह, इस अवधि के बाद न्याय होगा और नए स्वर्ग और नई पृथ्वी का निर्माण होगा।

पोस्टमिलेनियलिज़्म (जो 18$^{वीं}$ और 19$^{वीं}$ शताब्दी में लोकप्रिय था) यह सिखाता है कि सुसमाचार पूरी दुनिया में फैल जाएगा और समाज को न्याय और शांति के युग में बदल देगा। इस दृष्टिकोण के अनुसार, हजार वर्ष का समय कलीसिया के द्वारा सुसमाचार के प्रसार के कारण, दुनिया पर विजय है। हजार वर्षों के बाद मसीह लौटेगा, शैतान को स्थायी रूप से हरायेगा और नए स्वर्ग और नई पृथ्वी की स्थापना करेगा।

---

[406] ''सहस्र वर्ष'' 1,000 वर्षों की अवधि को संदर्भित करता है।

[407] प्रकाशितवाक्य 20:11-15।

एमिलेनियलिज़्म (जो लगभग दूसरी शताब्दी में शुरू हुआ) पोस्टमिल्लेनिज़्म के साथ इस बात पर सहमत होता है कि मसीह प्रकाशितवाक्य 20:1-6 के हज़ार वर्षों के बाद वापस आएगा। एमिलेनियलिज़्म को मानने वालों का दृष्टिकोण पोस्टमिल्लेनिज़्म के माननेवालों के दृष्टिकोण से अलग है क्योंकि वे सहस्राब्दी को किसी ऐतिहासिक समय के रूप में नहीं, बल्कि कलीसिया के पूरे युग के प्रतीक के रूप में देखते हैं। कलीसिया की सेवा के माध्यम से सहस्त्राब्दी का वादा आत्मिक तरीके से पूरा होता है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक कलीसिया की आशीषों और संघर्षों को आलंकारिक तरीकों से चित्रित करती है। ये संघर्ष मसीह की वापसी के साथ समाप्त हो जाएंगे, उसके बाद न्याय होगा और विश्वासियों के लिए नए स्वर्ग और नई पृथ्वी की शुरूआत होगी।

> ''ज़रुरी चीज़ों में, एकता।
> गैर-ज़रुरी चीज़ों में, आज़ादी।
> सब चीज़ों में, दान।''
> - रूपर्टस मेलडेनियस, 1627

प्रकाशितवाक्य के पाठक इस पुस्तक की अपनी व्याख्या में बहुत सिद्धांतवादी बन सकते हैं। हम प्रकाशितवाक्य अपनी स्वयं की व्याख्या की तुलना पवित्रशास्त्र के अधिकार के साथ करके भ्रमित न हों। पवित्रशास्त्र के पूर्ण सत्य को मानने वाले दो लोगों की इस पुस्तक की व्याख्या में बहुत फर्क हो सकता है। जब आप प्रकाशितवाक्य का अध्ययन करते हैं, आप अपनी व्याख्या को निर्देशित करने वाले निष्कर्षों पर पहुंचेंगे (और चाहिए)। परन्तु, इस बात में सावधान रहें कि आप अपने साथी विश्वासियों को अस्वीकार न करें जो भिन्न निष्कर्षों पर पहुचते हैं। ये बाइबल की व्याख्या के अंतर हैं, न कि बाइबल के अधिकार के विषय में मतभेद।

प्रकाशितवाक्य के विषय

यीशु प्रभु है

अंत के समय का साहित्य उन बातों को उजागर करता है जो की छिपी हुई हैं। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक यीशु को उसकी पूरी महिमा में प्रकट करती है। सांसारिक सेवकाई के दौरान, उसकी महिमा पूरी तरह से नहीं देखी गई थी। पौलुस ने वादा किया कि वह दिन आएगा जब ''जो स्वर्ग में और पृथ्वी पर और जो पृथ्वी के नीचे है, वे सब यीशु के नाम पर घुटना टेकें।''[408] प्रकाशितवाक्य की पुस्तक उस दिन के महिमा की एक झलक को उजागर करती है।

प्रकाशितवाक्य के कई प्रतीक पुराने नियम से लिये गये हैं। परन्तु, ये प्रतीक एक विशिष्ट मसीही धर्मविज्ञान की शिक्षा देते हैं। यह पुस्तक एक सुसंगत मसीही धर्मविज्ञान द्वारा एकीकृत है जो मानव इतिहास में परमेश्वर के कार्य के प्रत्येक पहलू को एक साथ जोड़ती है। यूहन्ना मनुष्य के पुत्र के दर्शन से लेकर विजयी मेमने के विवरण तक, प्रकाशितवाक्य का केंद्रीय विषय यीशु मसीह का प्रभुत्व है।[409] यीशु राजाओं का राजा और प्रभुओं का प्रभु है।[410]

सब कुछ परमेश्वर के हाथ में है

एक दुख उठा रही कलीसिया के लिए, परमेश्वर की संप्रभुता का संदेश आशा का एक महान संदेश था। यूहन्ना ने परमेश्वर का परिचय इस प्रकार दिया ''जो है, और जो था, और जो आने वाला है।''[411] प्रकाशितवाक्य 4-5 में अपने सिंहासन पर बैठे परमेश्वर का दर्शन यशायाह 6 का स्मरण कराता है। यशायाह की तरह यूहन्ना, परमेश्वर को पवित्र, राजसी और संप्रभु के रूप में देखता है। रोम के विरोध का सामना करने वाली कलीसिया के लिए, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में यह पढ़ना प्रेरणादायक था कि एक दिन आयेगा जब ''स्वर्ग में, और पृथ्वी पर, और पृथ्वी के नीचे, और समुद्र की सब सृजी हुई वस्तुओं को, और सब कुछ जो उन में हैं'', वे परमेश्वर और मेमने की स्तूती करने के लिए एकत्र होंगे।[412]

परमेश्वर के लोगों के लिए विजय

अधिकांश अंत के समय के साहित्य की तरह, प्रकाशितवाक्य की पुस्तक मानव इतिहास में परमेश्वर के उद्देश्यों को प्रकट करती है। हालांकि ऐसे कई प्रतीक हैं जिन्हें समझने के लिए एक आधुनिक पाठक संघर्ष कर सकता है, फिर भी प्रकाशितवाक्य का समग्र संदेश स्पष्ट हैः परमेश्वर के लोगों को विजय का आश्वासन है क्योंकि यीशु प्रभु है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक बार-बार पृथ्वी के बजाय स्वर्ग के विषय में अपना दृष्टिकोण प्रदान करके हमें यह स्मरण कराती है कि हम इतिहास के केवल एक ही पहलू को देखते हैं।[413] गुप्त में, परमेश्वर दुनिया में अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कार्य कर रहा है। परमेश्वर के लोगों के

---

[408] फिलिपियों 2:10।

[409] प्रकाशितवाक्य 1:9-20 और 5:6-14।

[410] प्रकाशितवाक्य 19:16।

[411] प्रकाशितवाक्य 1:4।

[412] प्रकाशितवाक्य 5:13।

रूप में, हमें अंतिम विजय का आश्वासन दिया गया है। लौदीकिया की कलीसिया को संदेश इस प्रोत्साहन के साथ समाप्त होता है, ''जो जय पाए, मैं उसे अपने साथ अपने सिंहासन पर बैठाऊंगा।''[414]

आज की कलीसिया में प्रकाशितवाक्य

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को पढ़ते समय हमें दो खतरों से बचना है। कुछ पाठकों को प्रकाशितवाक्य की पुस्तक इतनी असमंजस भरी लगती है कि वे इस पुस्तक को पढ़ने से बचते हैं। चूंकि वे इसकी सही व्याख्या नहीं कर पाते, इसलिए इसका अध्ययन नहीं करते।

इसका विपरीत खतरा यह है कि कुछ पाठकों को अपनी व्याख्या इतनी सही लगती है कि वे अपने से अलग किसी भी व्यक्ति की व्याख्या को नहीं मानते। वे छोटे-छोटे विवरणों पर अधिक ध्यान देते हैं और पुस्तक के समग्र विषय को नहीं समझते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग प्रकाशितवाक्य के बड़े संदेश को कभी-कभी इसकी व्याख्या के विवरणों के विवादों के कारण नहीं समझते। आज कलीसिया के लिए प्रकाशितवाक्य का संदेश महत्वपूर्ण है।

ऐसे समय में जब हर साल हजारों मसीही शहीद होते हैं, यह संदेश **यीशु प्रभु है,** दुख उठाने वाले मसीहियों को दृढ़ बने रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। किसी व्यक्ति द्वारा इस पुस्तक की व्याख्या करने की पद्धतिके बावजूद भी, यह पुस्तक अंतिम विजय के वादे के साथ कलीसिया को प्रोत्साहित करती है।

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक हमें स्मरण कराती है कि **विश्वासियों को अंत के समय में कैसे जीना चाहिए।** अंतिम दिनों का अध्ययन (एस्केटालॉजी) मुख्य रूप से भविष्य की घटनाओं की भविष्यद्वाणी करने के विषय में नहीं है; एस्केटालॉजी का प्राथमिक मुद्दा आज परमेश्वर के परम उद्देश्यों के प्रकाश में जीवन है। विश्वासि होने के नाते, प्रकाशितवाक्य हमें परमेश्वर के उद्देश्यों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सेवकों के रूप में, हम अपनी मण्डली विश्वासयोग्यता में बढ़ाने के लिए प्रकाशितवाक्य का प्रचार करते हैं। प्रकाशितवाक्य को भविष्य में होने वाली घटनाओं के छिपे हुए संदेशो की पुस्तक समझकर पढ़ने के बजाय, हम इसे आज परमेश्वर के लोगों के लिए परमेश्वर के वचन के रूप में पढ़ते हैं।

---

[413] उदाहरण के लिएः 6:1-7:8 पृथ्वी पर के हैं; 7:9-8:6 स्वर्ग में के हैं। 8:7-11:14 पृथ्वी पर के हैं; 11:15-19 स्वर्ग में के हैं।

[414] प्रकाशितवाक्य 3:21।

निष्कर्ष

जॉन और बेट्टी स्टैम चीन में मिशनरी थे जब 1934 में कम्युनिस्ट बलों ने उनके शहर पर हमला किया था। इस युवा जोड़े को फिरौती के लिए पकड़ लिया गया, और सुरक्षा के तहत जूलूस निकलाते हुए मियाओशेओ के शहर में ले जाया गया। एक राहगीर ने पूछा, ''तुम कहाँ जा रहे हो?'' जॉन स्टैम ने उत्तर दिया, ''हम नहीं जानते कि वे कहाँ जा रहे हैं, परन्तु *हम* स्वर्ग जा रहे हैं।''

अगले दिन, जॉन और बेट्टी स्टैम का एक कम्युनिस्ट जल्लाद द्वारा सर कलम कर दिया गया। जॉन ने अपना अंतिम पत्र अपने मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा और इस पत्र को उन तक अपनी छोटी बेटी के कपड़ों में छिपाकर पहुंचाया। इस पत्र का इन शब्दों के साथ अंत होता है, ''...हमारे द्वारा केवल परमेश्वर की महिमा हो, भले ही जीवन या मृत्यु द्वारा।'' जॉन और बेट्टी स्टैम को पहले ही प्रकाशितवाक्य की सच्चाई पता थीः यीशु ही प्रभु है और अंतिम विजय हासिल करेगा। चाहे जीवन द्वारा या मृत्यु द्वारा, सब कुछ परमेश्वर के नियंत्रण में है और उसके विचार सबसे उत्तम हैं।

पाठ के असाइनमेंट

निम्नलिखित असाइनमेंट से इस अध्याय की अपनी समझ को दर्शायेंः

(1) निम्नलिखित में से **एक** असाइनमेंट चुनेंः

- अपनी कलीसिया की ज़रूरतों के लिए सा

  त कलीसिया में से एक को लिखे गये संदेश का उपयोग करके एक उपदेश या बाइबल पाठ तैयार करें। यह एक 5-6 हाथ से लिखे हुए प्रष्ठ या एक रिकॉर्ड किया हुआ उपदेश या पाठ हो सकता है।

- जब आप प्रकाशितवाक्य पढ़ते हैं, ध्यान दें कि कौन सा अध्याय पृथ्वी पर हो रही घटानाओं के विषय में है और कौन सा अध्याय स्वर्ग में हो रही घटनाओं के विषय में दृष्टिकोण प्रदान करता है। एक छोटा निबंध लिखें। इस निबंध में आप संक्षेप में बताएं कि प्रकाशितवाक्य हमें सांसारिक घटनाओं के विषय में स्वर्ग के दृष्टिकोण में क्या बताता है। स्वर्ग का दृष्टिकोण पृथ्वी पर हमारे सीमित दृष्टिकोण से कैसे भिन्न है?

(2) इस पाठ की विषय-वस्तु के आधार पर एक परीक्षा लें। इस परीक्षा में कुछ वचन शामिल होंगे जिनको आपको याद करना है।

गहराई से खोदना

प्रकाशितवाक्य का अधिक अध्ययन करने के लिए, कृपया निम्नलिखित संसाधन देखें:

मुद्रित स्त्रोत

Gundry, Stanley N., Kenneth L. Gentry, Sam Hamstra, Jr., C. Marvin Pate, and Robert L. Thomas. *Four Views on the Book of Revelation (प्रकाशितवाक्य की पुस्तक पर चार दृष्टिकोण)*। Zondervan, 1998.

Gundrey, Stanley N., Darrell L. Bock, Kenneth L. Gentry, Robert B. Strimple, and Craig A Blaising. *Three Views on the Millennium and Beyond (सहस्त्र वर्ष और उसके पार के तीन दृष्टिकोण)*। Zondervan, 1999.

Gundrey, Stanley N., Alan Hultberg, Craig A. Blaising, and Douglas J. Moo. *Three Views on the Rapture: Pretribulation, Prewrath, or Posttribulation (तीन दृष्टिकोण स्वर्ग पर उठा लिये जाने परः बड़े क्लेश से पहले, कोप से पहले या बड़े क्लेश के बाद).* Zondervan, 2010.

Osborne, Grant. *Revelation (प्रकाशितवाक्य).* Baker, 2002.

Rotz, Carol. *New Beacon Bible Commentary: Revelation (नई बीकन बाइबल समीक्षाः प्रकाशितवाक्य)*। Beacon Hill Press, 2012.

ऑनलाइन स्त्रोत

‘‘Revelation and Apocalypticism’’ (प्रकाशितवाक्य और सर्वनाश)http://www.seedbed.com/seven-minute-seminary/ पर

Wesley, John. WesleyՇs Explanatory Notes on the New Testament (नए नियम पर वेस्ले की व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ).

http://www.biblestudytools.com/commentaries/wesleys-explanatory-notes/

पाठ 12 के परीक्षा प्रश्न

(1) पहली सदी में ''सीज़र *डोमिनस एट देस नॉस्टर''* वाक्यांश का क्या अर्थ था?

(2) पतमुस द्वीप कहाँ है?

(3) प्रकाशितवाक्य की सबसे संभावित तारीख क्या है?

(4) उन तीन तरीकों को सूचीबद्ध करें, जिनके द्वारा यूहन्ना ने यह संदेश दिया कि यीशु प्रभु है।

(5) अंत के समय के साहित्य की दो विशेषताओं को सूचीबद्ध करें।

(6) प्रकाशितवाक्य के चार दृष्टिकोणों में से प्रत्येक को संक्षेप में परिभाषित करें।

(7) भविष्यवादियों के भविष्य के विषय में चार दृष्टिकोणों को सूचीबद्ध करें।

(8) प्रकाशितवाक्य में तीन प्रमुख विषयों को सूचीबद्ध करें।

शेपर्डस ग्लोबल क्लासरूम पाठ्यक्रम के विवरण

पुराने नियम की खोज

यह पाठ्यक्रम पुराने नियम की 39 पुस्तकों की आवश्यक विषय सूची और शिक्षाओं को सिखाता है।

नए नियम की खोज

यह पाठ्यक्रम नये नियम की 27 पुस्तकों की आवश्यक विषय सूची और शिक्षाओं को सिखाता है।

यीशु का जीवन और सेवकाई

यह पाठ्यक्रम 21 वीं सदी में सेवकाई और नेतृत्व के लिए एक आदर्श के रूप में यीशु के जीवन का अध्ययन करता है।

रोमियों

यह पाठ्यक्रम कलीसियाओं में विवादास्पद रहे कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए, रोमियों की पुस्तक में बताए गए उद्धार और मिशनों की धार्मिक शिक्षाओं को सिखाता है।

बाइबल व्याख्याओं के सिद्धांत

यह पाठ्यक्रम हमारे जीवन और परमेश्वर के साथ संबंध स्थापित करने हेतु बाइबल व्याख्याओं के सिद्धांतों और तरीकों को ठीक से सिखाता है।

मसीही विश्वास

यह वचन की शिक्षाओं पर आधारित एक व्यवस्थित पाठ्यक्रम है जो बाइबल, परमेश्वर, मनुष्य, पाप, मसीह, उद्धार, पवित्रआत्मा, कलीसिया और अंतिम दिनों की बातों के बारे में मसीही सिद्धांतों का वर्णन करता है।

अंतिम युग के सिद्धांत

यह पाठ्यक्रम अन्य भविष्यसूचक वचनों के साथ-साथ बाइबल की किताबें दानिय्येल और प्रकाशितवाक्य को भी सिखाता है और साथ आवश्यक सिद्धांतों जैसे कि मसीह की वापसी, अंतिम न्याय और परमेश्वर के अनन्तकाल के राज्य पर ज़ोर देता है।

पवित्र जीवन के सिद्धांत और व्यवहार

यह पाठ्यक्रम बाइबल आधारित पवित्र जीवन पर विवरण देता है जो परमेश्वर एक मसीही से अपेक्षा करता है और जिसके लिए उसे सशक्त बनाता है।

कलीसिया के सिद्धांत और व्यवहार

यह पाठ्यक्रम कलीसिया और बाइबल विषयों जैसे कलीसिया की सदस्यता, बपतिस्मा, प्रभु भोज, दशमांश और आत्मिक नेतृत्व के लिए परमेश्वर के अभिप्राय और योजना का व्यख्यान करता है।

कलीसिया का इतिहास I

यह कोर्स वर्णन करता है कि कैसे कलीसिया ने प्रारंभिक कलीसिया से लेकर धार्मिक सुधार तक की अवधि में अपने मिशन को पूरा किया और मौलिक शिक्षाओं का बचाव किया।

कलीसिया का इतिहास II

यह पाठ्यक्रम बताता है कि कैसे सुधार से लेकर आधुनिक समय तक कलीसिया का विस्तार हुआ और चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

आत्मिक निर्माण

इस पाठ्यक्रम में छात्र यीशु की योग्यताओं को अपनाना, परमेश्वर के साथ उनका नाता, जैसा यीशु का उनके पिता के साथ था, उनकी विनम्रता और सहनशीलता, यीशु के आध्यात्मिक और व्यक्तिगत अनुशासनों का अमल करना, यीशु की तरह दुःख सहना, और यीशु द्वारा विकसित (कलीसिया) के प्रति प्रतिबद्ध होना सीखते हैं।

सेवकाई का नेतृत्व

यह पाठ्यक्रम अगुओं को सीखाने में सहायता करने और संस्थाओं की मान्यताएं को परखने, उद्देश्यों को साकार करने, दर्शन को साझा करने, लक्ष्य निर्धारित करने, रणनीति बनाने, उचित कदम उठाने और उपलब्धि का अनुभव करने के दौरान मसीही चरित्र पर ज़ोर देता है।

बोलचाल के सिद्धांत

यह पाठ्यक्रम बोलचाल की धार्मिक शिक्षाएं, प्रभावशाली तरीके से बोलने और बाइबल के उपदेशों को तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करने की विधि सिखाता है।

बाइबल आधारित सुसमाचार प्रचार और शिष्यत्व

यह पाठ्यक्रम बाइबल के सिद्धांतों को प्रस्तुत करता है जो सुसमाचार प्रचार के तरीकों का मार्गदर्शन करते हैं। यह सुसमाचार प्रचार के रूपों का वर्णन करता है और नए विश्वासियों को अनुशासित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है।

मसीही प्रतिरक्षा विद्या का परिचय

यह पाठ्यक्रम मसीही विष्वलोकन के लिए वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक मूलतत्वों सिखाता है, और दिखाता है कि कैसे मसीही विश्वास तर्क और वास्तविकता के अनुरूप है।

विश्व धर्म और पंथ

यह पाठ्यक्रम विश्वासी प्रचारक को शिक्षाओं की समझ और अठारह धार्मिक समूहों की उचित प्रतिक्रिया देता है।

मसीही आराधना का परिचय

यह पाठ्यक्रम बताता है कि कैसे आराधना विश्वासी के जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करती है और ऐसे सिद्धांत प्रदान करती है जो आराधना के व्यक्तिगत और सामूहिक प्रथाओं का मार्गदर्शन करें।

व्यावहारिक मसीही जीवन

यह पाठ्यक्रम धन, संबंधों, पर्यावरण, सरकार के साथ संबंधों, मानव अधिकारों और व्यावहारिक जीवन के अन्य क्षेत्रों के उपयोग के लिए शास्त्र संबंधी सिद्धांतों को लागू करता है।

मसीही विवाह और परिवार

यह पाठ्यक्रम जीवन की भिन्न स्थितियों के माध्यम से मानव विकास पर मसीही दृष्टिकोण प्रदान करता है और पारिवारिक भूमिकाओं और रिश्तों के लिए वचन सम्बंधित सिद्धांतों को लागू करता है।